203

कृष्णदास संस्कृत सीरीज ५०

॥ श्रीः ॥


परमलघुमञ्जूषा

'भावप्रकाशिका' 'बालबोधिनी' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेता

व्याख्याकारः सम्पादकश्च

डॉ० जयशङ्कर लाल त्रिपाठी

कृष्णदास अकादमी, वाराणसी



कृष्णदास संस्कृत सीरीज

५०

श्रीनागेशभट्ट-विरचिता

परमलघुमञ्जूषा

'भावप्रकाशिका' 'बालबोधिनी' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेता

व्याख्याकारः सम्पादकश्च

डॉ० जयशङ्कर लाल त्रिपाठी

व्याकरणाचार्यः (लब्धस्वर्णपदकः),

एम. ए., पी-एच. डी., डी. लिट्.

प्राध्यापकः संस्कृत-विभागः, कलासङ्कायः,

काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी

प्रस्तावकः

डॉ० विश्वनाथ भट्टाचार्यः

मयूरभञ्ज प्रोफेसर, विभागाध्यक्षश्च संस्कृत-विभागः कला-संकायः

काशी-हिन्दू-विश्वविद्यालयः



कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

१९८५

प्रकाशक : कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : प्रथम, वि० सं० २०४१
मूल्य : रू० : २६-००

४२५
महानाप

© कृष्णदास अकादमी

पो० बा० नं० १११८
चौक, (चित्रा सिनेमा बिल्डिंग), वाराणसी-२२१००१
(भारत)

अपरं च प्राप्तिस्थानम्
चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
पो० बा० १००८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन : ६३१४५

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES

50

PARAMA-LAGHU-MAÑJŪṢĀ

OF

SRĪ NĀGEŚA BHAṬṬA

Edited with

BHĀVAPRAKĀŚIKĀ, AND 'BĀLABODHINĪ' SANSKRIT-HINDI COMMENTARIES

By

Dr. Jaya Shankar Lal Tripathi

Vyākaraṇācārya (Goldmedalist) M. A., Ph. D., D. Litt.

Lecturer, Department of Sanskrit, Art's Faculty,

Banaras Hindu University, Varanasi

Foreword by

Dr. Bishwanath Bhattacharya

Mayūrabhañja Professor & Head, Department of Sanskrit

Banaras Hindu University

KRISHNADAS Academy

VARANASI-221001

1985

©KRISHNADAS ACADEMY

Oriental Publishers & Distributors

Post Box No. 1118

Chowk, (Chitra Cinema Building), Varanasi–221001

(INDIA)

First Edition

1985

Price Rs. 26–00

Also can be had from

Chowkhamba Sanskrit Series Office

k. 37/99, Gopal Mandir Lane

Post Box 1008, VARANASI-221001 (India)

Phone : 63145

प्रस्तावना

डॉ. विश्वनाथ भट्टाचार्य

प्रोफेसर तथा अध्यक्ष,

संस्कृत विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

शास्त्रीय साहित्य-परम्परा में व्याकरण-शास्त्र महत्त्वपूर्ण स्थान का अधिकारी है। भारतीय मनीषा की यह विलक्षणता विश्वविदित है कि किसी भी विषय का विवेचन यहाँ सतही स्तर पर नहीं होता है अपितु उस विषय के आमूलचूल विवेचन प्रस्तुत करने में विद्वानों की गहरी रुचि दिखाई पड़ती है। यही कारण है कि दैनन्दिन जीवन में प्रयुक्त होने वाली मौखिक भाषा के भी गूढ़ातिगूढ़ रहस्य का उद्घाटन संस्कृत में उपलब्ध होता है। विश्व के प्राचीनतम माने जाने वाले वैदेशिक साहित्यों में भी, चाहे ग्रीस का हो, मिश्र का हो या चीन का, कहीं भी मौखिक भाषा का इतना व्यापक और गम्भीर मूल्यांकन करने का प्रयास नहीं किया गया है जितना कि भारत में हुआ है।

व्याकरण को शब्दानुशासन की संज्ञा देते हुए भारतीय वैयाकरणों ने भाषा-विवेचन की जो शृंखला चलायी उसे वस्तुतः अनादि कहा जा सकता है। इतिहास तो तब हमारे सामने उपस्थित होता है जब महामुनि पाणिनि की अष्टाध्यायी, कम से कम ई० पू० ५०० से, विचारों की केन्द्र-बिन्दु बन गयी। पाणिनि की असाधारण प्रतिभा और विद्वत्ता का यही सबसे बड़ा प्रमाण है कि उन्होंने जल-प्रवाह के समान निरन्तर गतिशील भाषा का एक ऐसा रूप व्यवस्थित कर दिया जो आज भी भावों के अनन्त वैचित्र्यों को उसी रूप में प्रकाशित करने में पूर्णतया समर्थ है।

अपने आप में यह विलक्षणता तो अनुपम है ही, पर इसी के साथ भाषा के विद्वानों ने उसका जो दार्शनिक पक्ष प्रस्तुत किया है उसका भी महत्त्व अनस्वीकार्य है। वर्ण, पद और वाक्य से यात्रा आरम्भ कर व्याकरण शब्दब्रह्म तक पहुँच गया है। वस्तुतः ब्रह्म की प्रारम्भिक अवधारणा सम्भवतः व्याकरण शास्त्र की ही देन है और इस प्रसंग में भर्तृहरि का नाम श्रद्धा से स्मरणीय है।

भाषा के व्यावहारिक स्वरूप के साथ ही इसके दार्शनिक स्वरूप के आकलन और निरूपण में परवर्ती काल में जिन वैयाकरणों ने विशेष योगदान किया है इनमें वाराणसी के महाराष्ट्रिय-विद्वान् नागेशभट्ट की देन विलक्षण रही है।

दर्शन, अलंकार, धर्मशास्त्र आदि अनेक शास्त्रों में अद्वितीय अधिकार रखने वाले नागेश भट्ट ने व्याकरण-शास्त्र के भाषा तथा दर्शन इन उभय पक्षों पर ध्यान दिया और प्रक्रिया के साथ-साथ दार्शनिक तत्त्वों का भी विवेचन प्रस्तुत किया। उनके द्वारा लिखे गये सभी ग्रन्थ पठन-पाठन की परम्परा में निरन्तर व्यवहृत होते आ रहे हैं। उत्कट कोटि के विद्वान् होने पर भी उनकी यह विलक्षणता रही है कि शास्त्र में प्रवेशार्थी विद्यार्थियों को भी ध्यान में रखकर उन्होंने अपने ग्रन्थों की रचना की है। यही कारण है कि केवल 'मञ्जूषा' लिखकर ही उन्होंने सन्तोष नहीं किया अपितु अधिकारि-भेद को ध्यान में रखकर 'लघुमञ्जूषा' और 'परमलघुमञ्जूषा' जैसे ग्रन्थों की रचना की। व्याकरण-शास्त्र के दार्शनिक सिद्धान्तों के सरलतम प्रतिपादन के लिए 'परमलघुमञ्जूषा' अपनी कोटि का अद्वितीय ग्रन्थ है। मौलिकता नहीं अपितु गम्भीर से गम्भीर तात्त्विक सिद्धान्तों का सरलतम प्रतिपादन इस ग्रन्थ का अनुपम वैशिष्ट्य है।

विस्तृत भूमिका, तात्त्विक विवेचन, प्राञ्जल अनुवाद और सयत्न सम्पादन करते हुए हमारे सहयोगी डा० जयशंकरलाल त्रिपाठी ने 'परम-लघु-मञ्जूषा' का यह नवीन संस्करण प्रकाशित करते हुए एक महान् अभाव को दूर कर दिया है। हम उनको हार्दिक साधुवाद देते हैं। हमें आशा है कि सुसम्पादित यह ग्रन्थ विद्याक्षेत्र में पूर्णतया समादृत होगा।

मकर संक्रान्ति
वि. सं. २०४१

—विश्वनाथ भट्टाचार्य

सम्पादकीय

वाक्-तत्त्व के विषय में भारतीय मनीषियों का चिन्तन अत्यन्त प्राचीन और गम्भीर है। इसी के फलस्वरूप शब्द-शास्त्र ने भी दर्शन का गरिमामय पद प्राप्त किया। समय-समय पर विभिन्न आचार्यों की कल्पना ने व्याकरण को दर्शन की कोटि में प्रतिष्ठापित करने का जो स्तुत्य प्रयास किया वह विद्वानों से छिपा नहीं है। पाणिनि के पूर्वकाल से लेकर अद्यावधि इस दिशा में चिन्तन-मनन की अजस्र धारा प्रवाहित हो रही है।

व्याकरण-दर्शन के प्रमुख ग्रन्थों में—व्याडि का 'संग्रह' ग्रन्थ आज उपलब्ध नहीं है, पतञ्जलि का महाभाष्य अतिगूढ है, वाक्यपदीय मतमतान्तरों से युक्त है। इस दिशा में भट्टोजिदीक्षित, कौण्डभट्ट और नागेश भट्ट का योगदान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। वैयाकरणभूषणद्वय और वैयाकरणसिद्धान्तमञ्जूषात्रयी में विपक्षियों के मतों का सयुक्तिक खण्डन करके वैयाकरणों के सिद्धान्तों की स्थापना की गयी है। गुरु, लघु एवं परम-लघु-यह मञ्जूषात्रयी क्रमबद्ध और सुव्यस्थितरूप में व्याकरण के दार्शनिक पदार्थों का प्रतिपादन करती है।

बिगत अनेकवर्षों से इस दिशा में चिन्तन, मनन एवं शोधकार्य करते समय यह विचार बना कि इन ग्रन्थों की एक सरल, व्यापक और प्रामाणिक व्याख्या लिखी जाय। संस्कृत-शास्त्रों की अपनी एक शैली है। उनके गम्भीर विषयों का स्पष्टीकरण अल्प आयास से जानने के लिये संस्कृत-व्याख्या अधिक सहायक होती है, 'यह सभी विद्वान् जानते हैं। अतः मैंने यह निश्चय किया कि सर्व प्रथम परम-लघुमञ्जूषा पर विस्तृत एवं सरल संस्कृत-व्याख्या लिखूँ। परन्तु इससे केवल संस्कृतज्ञ ही लाभान्वित हो सकेंगे, अतः सर्वजनोपयोगी बनाने के लिये राष्ट्रभाषा हिन्दी में भी विस्तृत व्याख्या लिखने का निश्चय किया।

इस उपयोगी ग्रन्थ पर पं० नित्यानन्द पर्वतीय, पं० वंशीधर मिश्र एवं पं. कालिकाप्रसाद शुक्ल आदि की टीकायें प्रकाशित हो चुकी हैं। परन्तु अभी भी शोधपूर्ण प्रामाणिक संस्करण और विस्तृत संस्कृत-हिन्दी-व्याख्या की महती आवश्यकता थी। इसी उद्देश्य से प्रस्तुत व्याख्याद्वयी का सम्पादन किया गया है। भूमिका अंश में नागेश भट्ट के जीवनवृत्त आदि पर विचार किया गया है। ग्रन्थस्थ समस्त विषयों का झटिति ज्ञान हो सके इसके लिये परमलघुमञ्जूषा के समस्त विषयों का संक्षेप में हिन्दी में उल्लेख किया गया है, जो अति उपयोगी होगा। मूलग्रन्थ के प्रत्येक पद का आशय

संस्कृत-व्याख्या में लिखा गया है। हिन्दी में अनुवाद से स्पष्ट न हो सकने वाले गम्भीर स्थलों को 'विमर्श' के अन्तर्गत समझाया गया है। परिशिष्ट भाग में समस्त उद्धरणों के मूलस्थान का निर्देश किया गया है। इस प्रकार इसे प्रत्येक दृष्टि से उपयोगी बनाने की पूर्ण चेष्टा की गयी है। इस संस्करण से यदि निर्मत्सर विद्वानों और जिज्ञासु अध्येताओं को यत्किञ्चिदपि लाभ हुआ तो अपने प्रयास की सार्थकता समझूँगा।

प्रस्तुत संस्करण के प्रेरक एवं प्रस्तावना-लेखक माननीय विद्वद्वर डाक्टर विश्वनाथ भट्टाचार्य, प्रोफेसर एवम् अध्यक्ष संस्कृतविभाग, कलासंकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी, के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ।

प्रस्तुत व्याख्याद्वयी के लेखन में जिन विद्वानों एवं जिनकी कृतियों से सहायता प्राप्त हुई है उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

विपुल व्याख्याद्वयी के साथ परमलघुमञ्जूषा को प्रकाशित करने की समस्या उपस्थित हुई। इसका समाधान करने का श्रेय कृष्णदास अकादमी, वाराणसी के संचालकों को ही है जिन्होंने इसके प्रकाशन का उत्तरदायित्व लेकर इसे विद्वज्जनों के समक्ष प्रस्तुत किया है। अतः मैं हृदय से इनका आभारी हूँ।

प्रस्तुत संस्करण के सम्पादन से लेकर प्रकाशनपर्यन्त सदैव अपेक्षित सहायता प्रदान करने वाले प्रिय मित्र डॉक्टर सुधाकर मालवीय को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ॥ इति शम्॥

मकर संक्रान्ति
वि. सं. २०४१

—जयशङ्कर लाल त्रिपाठी

विषयानुक्रमणी

विषयाः—		पृष्ठम्
(१) प्रस्तावना		१
(२) सम्पादकीय		३
(३) विषय-सूची		५
(४) संकेत-सूची		११
भूमिका—		
(१) पाणिनीय व्याकरण	...	१
(२) पाणिनीय व्याकरण का विकास	...	३
(३) वैयाकरण-सिद्धान्त-मञ्जूषा	...	५
(४) वैयाकरण-सिद्धान्त-लघु-मञ्जूषा	...	६
(५) परम-लघु-मञ्जूषा	...	६
(६) व्याकरण-दर्शन के अन्य प्रमुख ग्रन्थ	...	७
(७) मञ्जूषाकार नागेश भट्ट	....	८
(क) जीवनवृत्त	...	७
(ख) नागेश की गुरु-शिष्य-परम्परा	...	८
(ग) नागेश का जन्मकाल	...	९
(घ) नागेश के आश्रयदाता	...	१२
(ङ) नागेश की कृतियाँ	...	१२
(८) नागेश की कृतियों में मञ्जूषात्रयी का स्थान	...	१३
परम-लघु-मञ्जूषा के विवेच्य विषय—		
(१) शक्ति	...	१४
(२) लक्षणा	...	१५
(३) व्यञ्जना	...	१६
(४) वृत्त्याश्रय	...	१६
(५) शाब्दबोध के सहकारी कारण	...	१७
(६) धात्वर्थ	...	१८
(७) आख्यातार्थ	...	१९

(८) निपातार्थं	...	२०
(९) लकारार्थं	...	२१
(१०) कारकार्थं	...	२३
(११) नामार्थं	...	२४
(१२) समासादिवृत्त्यर्थं	...	२५
मङ्गलाचरणम्—		१
स्फोट-भेद-निरूपणम्	...	५
वाक्यस्फोटस्य मुख्यत्वम्	...	६
वर्णादीनां काल्पनिकत्वम्	...	७
आप्तलक्षणम्	...	११
शाब्दबोधे कार्यकारणभाव-विचारः	...	१२
कल्पितकार्यकारणभावस्य फलम्	...	१४
वृत्तेस्त्रैविध्यम्—	...	१६
शक्ति निरूपणम्—		
शक्ति-विषयकं नैयायिकमतम्	...	१६
नैयायिकमतखण्डनम्	...	१९
शक्ति-विषयकं मञ्जूषाकारमतम्	...	१९
तादात्म्यस्य सम्बन्धत्वम्	...	२२
ईश्वरीयसंकेतस्य शक्तित्वनिरासः	...	२५
तादात्म्यस्वरूपप्रतिपादनम्	...	२५
बौद्धपदार्थं-निरूपणम्	...	२५
अपभ्रंशेषु शक्तिसाधनम्	...	३२
अपभ्रंशेषु शक्तिविषयकतार्किकमतनिरासः	...	३३
शक्तेस्त्रैविध्यम्	...	३७
संयोगादीनां शक्तिनियामकत्वम्	...	४०
लक्षणानिरूपणम्—		
नैयायिकाभिमतं लक्षणास्वरूपम्	...	४५
लक्षणानिमित्तानि	...	४८
लक्षणाप्रवृत्तिविषयकं मञ्जूषाकारमतम्	...	५०
जहदजहल्लक्षणा	...	५१
मीमांसकाभिमतं लक्षणास्वरूपम्	...	५३

लक्षितलक्षणास्वरूपम् ... ५३
लक्षणायाः द्वैविध्यम् ... ५४
लक्षणायाः खण्डनम् ... ५७
शक्त्यैव निर्वाहः ... ५९

व्यञ्जनानिरूपणम्

व्यञ्जनास्वरूपनिरूपणम् ... ६०
तार्किकमतखण्डनम् ... ६२

स्फोट-निरूपणम्

वर्णादीनां वाचकत्वनिरासः ... ६५
तार्किकमतम् ... ६८
तार्किकमतनिराकरणम् ... ६९
स्फोटस्य वृत्त्याश्रयत्वम् ... ७१
वाचश्चतुर्विधत्वम् ... ७१
स्फोटाभिव्यक्तिप्रकारः ... ७४
प्राकृतध्वनेः स्फोटव्यञ्जकत्वम् ... ७७
स्फोटाभिव्यक्तिनिरूपणम् ... ८०

शाब्दबोध-सहकारिकारणनिरूपणम्

आकाङ्क्षास्वरूपम् ... ८३
आकाङ्क्षायाः पुरुषनिष्ठत्वम् ... ८४
आकाङ्क्षायाः स्वरूपान्तरनिरूपणम् ... ८६
योग्यतानिरूपणम् ... ८८
अत्र नैयायिकमतखण्डनम् ... ८८
आसत्तिनिरूपणम् ... ९२
तात्पर्यनिरूपणम् ... ९४

धात्वर्थ-निरूपणम्

धात्वर्थफलस्य निरूपणम् ... ९६
धात्वर्थव्यापारस्य निरूपणम् ... ९६
धात्वर्थविषयकं मञ्जूषाकारमतम् ... १०१
धात्वर्थविषयकं मीमांसकमतं तत्खण्डनञ्च ... १०३
क्रियास्वरूपविचारः ... १११

साध्यत्वसिद्धत्व-विषयकं भूषणकारादिमतम् ... ११४
साध्यत्वविषयकं मञ्जूषाकारमतम् ... ११४
अस्त्यादिधात्वर्थविचारः ... ११६
सकर्मकत्वविवेचनम् ... ११७
ज्ञाधात्वर्थविचारः ... १२०
इष्-पत्-कृञ्-धात्वर्थ-विचारः ... १२३
धात्वर्थ-विषयकं नैयायिकमतं तत्खण्डनञ्च ... १२६
धात्वर्थव्यापारस्य प्राधान्य-निरूपणम् ... १३४
प्रथमान्तार्थ-मुख्यविशेष्यक-बोधस्य खण्डनम् ... १३६

निपातार्थ-निरूपणम्

निपातानां द्योतकत्वसमर्थनम् ... १४२
निपातोपसर्गार्थविषयकं नैयायिकमतम् ... १४५
नैयायिकमतखण्डनम् ... १४५
निपातार्थविषयकं भूषणकारादिमतम् ... १४७
भूषणकारादिमतखण्डनम् ... १४७
द्योत्यार्थनैव निपातानामर्थवत्त्वम् ... १५०

निपातविशेषाणामर्थविचारः

इवार्थविचारः ... १५४
मञ्जूषाकारमतम् ... १५६
नञर्थविचारः ... १५८
नञर्थविषयकं नैयायिकमतं तत्खण्डनञ्च ... १७२
एवार्थविचारः ... १७४
एवार्थविचारणस्य त्रैविध्यम् ... १७४
आलङ्कारिकमतोपन्यासः ... १७७
नियमपदेन परिसंख्याया अपि ग्रहणम् ... १७८

लकारार्थ निरूपणम्

लादेशतिङामर्थबोधकत्वसमर्थनम् ... १८४
लादेशतिङां सामान्यार्थविचारः ... १८४
वर्तमानकालत्वविवेचनम् ... १८६
परोक्षत्वविवेचनम् ... १८८
लुट्-लृटतिङर्थविचारः ... १८९

लेट्-लोट्-लङामर्थविचारः ... १९७
लिङर्थ-विचारः ... १९१
प्रवर्तनात्वपरिष्कारः ... १९१
लुङ्लृङोरर्थनिर्णयः ... १९४
नैयायिकमतेन लकारार्थविचारः ... १९४
मीमांसकमतेन तिङर्थविचारः ... २०९
विध्यर्थविषयकमतभेदः ... २१२

कारकार्थ-निरूपणम्

षट्कारक-परिगणनम् ... २२३
कारकत्वनिर्वचनम् ... २२३
कर्तृत्वपरिष्कारः ... २२३
सम्बोधनविभक्तेरपि कारकत्वसमर्थनम् ... २३०
क्रियानिमित्तत्वरूपकारकत्वस्य निराकरणम् ... २३३
नैयायिकाद्यभिमतकर्तृत्वस्य निराकरणम् ... २३३
कर्मत्वलक्षणपरिष्कारः ... २३५
अनीप्सितस्थलेऽपि कर्मत्वोपपादनम् ... २४०
तार्किकाभिमतकर्मत्वस्य निराकरणम् ... २४३
सकर्मकत्वाकर्मकत्वविवेचनम् ... २४७
करणत्वविचारः ... २४९
सम्प्रदानत्वविचारः ... २५१
अपादानत्वविचारः ... २५७
शब्दालिङ्गितशाब्दबोधस्योपपादनम् ... २५८
भूषणकारादिखण्डनम् ... २६२
अधिकरणत्वविचारः ... २६४
सप्तम्यर्थविचारः ... २६९
षष्ठ्यर्थविचारः ... २७०

नामार्थ-निरूपणम्

जातिशक्तिवादि-मीमांसकमतोपन्यासः ... २७५
मीमांसकमतखण्डनम् ... २७५
व्यक्तावपि शक्तिसमर्थनम् ... २८०
लिङ्गस्य नामार्थत्वम् ... २८४

संख्याया नामार्थत्वम् ... २८५
कारकस्य नामार्थत्वम् ... २८६
शाब्दबोधे शब्दभानस्य समर्थनम् ... २८७
अनुकार्यानुकरणत्वयोर्विवेचनम् ... २८८

समासादिवृत्त्यर्थनिरूपणम्

वृत्तेर्द्वैविध्यम् ... २९४
व्यपेक्षावादिनां नैयायिकमीमांसकादीनां मतम् ... २९७
व्यपेक्षावादस्य खण्डनं विशिष्टशक्तिवादस्य समर्थनम् ... ३०१
व्यपेक्षावादे दूषणान्तराणि ... ३१२

उद्धरणसूची ३१५
अशुद्धिपत्रम् ३१९

संकेत-सूची

आप० श्रौ० सू०	=	आपस्तम्बश्रौतसूत्रम्
का० प्र०	=	काव्यप्रकाशः
का० वा०	=	कात्यायनवार्त्तिकम्
कै० प्र०	=	कैयटीयप्रदीपः
छा० उप०	=	छान्दोग्य–उपनिषत्
जै० सू०	=	जैमिनीय-सूत्रम्
तं० वा०	=	तन्त्रवार्त्तिकम्
तै० ब्रा०	=	तैत्तिरीयब्राह्मणम्
तै० सं०	=	तैत्तिरीय-संहिता
न्या० भा०	=	न्यायभाष्यम्
न्या० सू०	=	न्यायसूत्रम्
प० ल० म०	=	परमलघुमञ्जूषा
पा० शि०	=	पणिनीयशिक्षा
पा० सू०	=	पाणिनीयसूत्रम्
पुण्यराज	=	वाक्यपदीयटीकाकारः
म० भा०	=	महाभाष्यम्
महा० भा०	=	महाभारतम्
मै० सं०	=	मैत्रायणीसंहिता
यो० द०	=	योगदर्शनम्
यो० भा०	=	योगदर्शनभाष्यम्
यो० सू०	=	योगसूत्रम्
वा० प०	=	वाक्यपदीयम्
वै० भू० का०	=	वैयाकरणभूषण-कारिका
वै० भू० सा०	=	वैयाकरणभूषणसारः
सं० व्या० इति०	=	संस्कृत-व्याकरण का इतिहास
सं० व्या० द०	=	संस्कृत व्याकरणदर्शनम्
सं० शा० इ०	=	संस्कृत-शास्त्रों का इतिहास
सि० कौ०	=	सिद्धान्त-कौमुदी

(१)

अर्थप्रवृत्तितत्त्वानां शब्दा एव निबन्धनम् ।
तत्त्वावबोधः शब्दानां नास्ति व्याकरणाद् ऋते ॥

(वाक्यपदीयम् १।१३)

(२)

तद्द्वारमपवर्गस्य वाङ्मलानां चिकीर्षितम् ।
पवित्रं सर्वविद्यानामधिविद्यं प्रकाशते ॥

(वाक्यपदीयम् १।१४)

(३)

शब्दार्थ-सम्बन्धनिमित्ततत्त्वं
वाच्याविशेषेऽपि च साध्वसाधून् ।
साधुप्रयोगानुमितांश्च शिष्टान्
न वेद यो व्याकरणं न वेद ॥

(वाक्यपदीयटीकायां हरिवृषभः)

भूमिका

भारतीय मनीषियों ने अत्यन्त प्राचीन काल से ही वाक् तत्त्व का सूक्ष्म चिन्तन प्रारम्भ कर दिया था। उनके गम्भीर मनन एवम् अनुशीलन के फलस्वरूप ही प्रातिशाख्य ग्रन्थों एवं व्याकरण ग्रन्थों का प्रणयन हुआ। व्याकरण जिसका प्राचीन नाम शब्दानुशासन था, उसका व्यवस्थित एवं विशाल रूप सुदीर्घ प्राचीन काल से ही प्राप्त होता है। गोपथब्राह्मण में पाणिनीय व्याकरण में प्रयुक्त अनेक पारिभाषिक शब्दों की उपलब्धि भी उक्त तथ्य का समर्थन करती है।[1] निरुक्त[2], वाल्मीकीय-रामायण[3], महाभारत[4] एवं महाभाष्य[5] आदि ग्रन्थों के अनुशीलन से यह अत्यन्त स्पष्ट हो जाता है कि संस्कृत भाषा का व्याकरण अतीव प्राचीन काल में ही अस्तित्व में आ चुका था।

[१] पाणिनीय व्याकरण :

आज आचार्य पाणिनि का व्याकरण ही सर्वमान्य एवं सर्वोपरि है। किन्तु इनके पूर्व भी अनेक वैयाकरण हो चुके थे। इसका संकेत अष्टाध्यायी के परिशीलन से मिलता है। स्वयं पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी में दश आचार्यों के नामों का उल्लेख किया है।[6] ऐतिहासिक अनुसन्धानों से यह ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में दो वैयाकरण-सम्प्रदाय प्रमुख थे—(१) ऐन्द्र और (२) शैव।

---

1. ओङ्कारं पृच्छामः, को धातुः, किं प्रातिपदिकम्, किं नामाख्यातम्, किं लिङ्गम्, किं वचनम्, का विभक्तिः, कः प्रत्ययः, कः स्वर उपसर्गो निपातः, किं वै व्याकरणम्, को विकारः, को विकारी, कतिमात्रः, कतिवर्णः, कत्यक्षरः, कति-पदः, कः संयोगः, किं स्थाननादानुप्रदानानुकरणम्.... । गोपथब्राह्मण पू० १।२४
2. नामाख्याते चोपसर्गनिपाताश्चेति वैयाकरणाः। निरुक्त १३।२
3. नूनं व्याकरणं कृत्स्नमनेन बहुधा श्रुतम्। बहु व्याहरतानेन न किञ्चिदपभाषितम्॥
वाल्मीकि. किकां. ३।२९
4. सर्वार्थानां व्याकरणाद्वैयाकरण उच्यते।
तन्मूलतो व्याकरणं व्याकरोतीति तत्तथा॥ महाभा. उ.प. ४३।६१
5. पुराकल्पे एतदासीत्—संस्कारोत्तरकालं ब्राह्मणा व्याकरणं स्माधीयते।
म. भा. पस्पशा।
6. आपिशलि [पा. सू. ६।१।९२], काश्यप [पा. सू. १।२।२५], गार्ग्य [पा. सू. ८।३।२०], गालव [पा. सू. ८।४।६७], चाक्रवर्मण [पा. सू. ६।१।१३०], भारद्वाज [पा. सू. ७।२।६३], शाकटायन [पा. सू. ८।४।५०], शांकल्य [पा. सू. ८।३।१९], सेनक [पा.सू. ५।४।११२], स्फोटायन [पा. सू. ६।१।१२३]।

ऐन्द्र व्याकरण अत्यन्त विस्तृत था। आज इसका प्रचलन नहीं है। शैव-(माहेश्वर) सम्प्रदाय का प्रतिनिधित्व पाणिनीय व्याकरण करता है। अन्य भी अनेक सम्प्रदायों के संकेत मिलते हैं।[1]

आचार्य पाणिनि संस्कृत भाषा के संक्रमण काल में अवतीर्ण हुए थे। एक ओर वैदिक भाषा का प्रचलन कम हो रहा था, उसका ह्रास काल था, दूसरी ओर लौकिक संस्कृत का प्रयोग होने लगा था, उसका विकास काल था। इसीलिए इन्होंने दोनों का समावेश करने की दृष्टि से अपने सूत्रों का प्रणयन किया। अलौकिक प्रतिभा-सम्पन्न पाणिनि ने अपने समय में विद्यमान संस्कृत भाषा के लिये व्यवस्थित व्याकरण शास्त्र बनाने में पूर्ण सफलता प्राप्त की, इसमें किसी का सन्देह नहीं है। इनकी शैली की विशेषता है—अल्पता।[2] वैज्ञानिक रीति से प्रणीत अष्टाध्यायी के छोटे-छोटे सूत्र ही अपेक्षित अर्थ का ज्ञान कराते हैं। इसका कारण है अनुवृत्ति का आश्रयण। सूत्र-शैली के प्रणेताओं में आचार्य पाणिनि का स्थान प्रमुख है।

पाणिनि ने अपने समय में विद्यमान संस्कृत भाषा के शब्दों के लिये नियमों का निर्माण किया था। किन्तु उनकी दृष्टि में न आ सकने वाले तथा आगे प्रयुक्त होने वाले शब्दों के लिये भी नियमों की आवश्यकता पड़ी। क्योंकि पाणिनि के काल की अन्तिम अवधि ई. पू. ५०० है[3] अतः इसके बाद के शब्दों के विषय में नियम बनाने वाले द्वितीय आचार्य कात्यायन हुए। इन्होंने वार्त्तिकों का प्रणयन किया। इनकी भी शैली संक्षिप्त ही थी[4]। इनका काल ई. पू. ३०० के लगभग माना जाता है। सूत्र एवं वार्त्तिकों के संक्षिप्तरूप में होने के कारण समय-समय पर अनेक व्याख्यायें भी लिखी गईं होगीं। उनमें आचार्य पतञ्जलि का महाभाष्य अनुपम कृति है। इसकी भाषा एवं प्रतिपादनशैली संस्कृत-साहित्य में बेजोड़ है। यह सूत्रों का केवल व्याख्यान ग्रन्थ ही नहीं है अपितु विभिन्न दर्शनों, विशेषरूप से व्याकरण-दर्शन, का उत्स माना जाता[5] है। इस ग्रन्थसिन्धु की महिमा का वर्णन करना कठिन है। इसके महत्त्व का अनुमान इस वचन से सुस्पष्ट है—'यथोत्तरं मुनीनां

---

1. द्र० संस्कृत व्याकरण का इतिहास पृ. ५८–७२।
2. अर्धमात्रालाघवेन पुत्रोत्सवं मन्यन्ते वैयाकरणः। परिभाषेन्दुशेखर १३३
3. द्र० पाणिनिकालीन भारतवर्ष अध्याय ८।
4. उक्तानुक्तदुरुक्तानां चिन्ता यत्र प्रवर्तते।
   तं ग्रन्थं वार्तिकं प्राहुः वार्तिकज्ञाः विचक्षणाः॥
5. कृत्स्नेऽथ पतञ्जलिना गुरुणा तीर्थदर्शिना।
   सर्वेषां न्यायबीजानां महाभाष्ये निबन्धने॥ वाक्यपदीय २।४७९

प्रामाण्यम्[1]।' पतञ्जलि का समय ई०पू० १५० माना जाता है।[2]

[२] पाणिनीय व्याकरण का त्रिविध विकास :

उत्तरवर्त्ती विद्वानों ने पाणिनीय व्याकरण का विकास तीन रूपों में किया—

(क) अष्टाध्यायीक्रम

(ख) प्रक्रियाक्रम

(ग) दार्शनिकक्रम

अष्टाध्यायी-क्रम के अन्तर्गत वे रचनायें आती हैं जिनमें अष्टाध्यायी में विद्यमान सूत्रक्रम के अनुसार ही व्याख्या की गयी है। इसमें वृत्ति एवं भाष्य आदि आते हैं। सम्प्रति पतञ्जलि का महाभाष्य, वामन-जयादित्य की काशिकावृत्ति एवं भट्टोजिदीक्षित का शब्दकौस्तुभ आदि प्रधान ग्रन्थ हैं।

प्रक्रिया-क्रम का विकास ग्यारहवीं शताब्दी में हुआ। अष्टाध्यायीस्थ सूत्रों को प्रक्रिया = शब्द-रूपसाधन की दृष्टि से अलग-अलग प्रकरणों में लिखा गया है। आज यही लोकप्रिय पद्धति है। इसमें सर्वप्रथम धर्मकीर्ति नामक [११४० सम्वत्][3] किसी विद्वान की 'रूपावतार' नामक रचना आती है। इसके पश्चात् विमल सरस्वती [१४०० सम्वत्] की 'रूपमाला' है। इस पद्धति में रामचन्द्राचार्य [१४८० सं०] की 'प्रक्रियाकौमुदी' एक विशिष्ट रचना है। इसकी कई व्याख्यायें भी बनीं। इसके पश्चात् भट्टोजि दीक्षित की अमर कृति 'वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी' है। दीक्षित का काल पण्डितराज जगन्नाथ से पूर्व लगभग १५६० ई० है। इन्हीं के शिष्य वरदराजाचार्य ने मध्यसिद्धान्तकौमुदी एवं लघुकौमुदी की रचना की।

व्याकरण-अध्ययन की तीसरी पद्धति है—**दार्शनिक अध्ययन**। यद्यपि व्याकरण शास्त्र का प्रमुख उद्देश्य शब्दों की शुद्धता एवं अशुद्धता का ही निर्णय करना है[4] तथापि अर्थविहीन केवल शब्द के साधुत्व का निर्णय करना सम्भव नहीं है, अतः अर्थ पर भी विचार नितान्त अपेक्षित हो जाता है। इसी दिशा में यह तुलनात्मक गम्भीर चिन्तन की ओर अग्रसर होता हुआ दर्शन का रूप धारण कर लेता है। इसीलिए भर्तृहरि ने कहा है—

अर्थप्रवृत्तितत्त्वानां शब्दा एव निबन्धनम्।
तत्त्वावबोधः शब्दानां नास्ति व्याकरणादृते॥[5]

---

1. सिद्धान्त कौमुदी में 'न बहुव्रीहौ [पा०सू० १।१।२६] पर उल्लिखित।
2. पुष्यमित्रो यजते, याजकाः याजयन्ति। [म. भा. ३।१।२६] तथा 'इह पुष्यमित्रं याजयामः। [म.भा. ३।२।१२३]
3. ये प्रसिद्ध बौद्ध पण्डित धर्मकीर्ति से भिन्न १२वीं शती के हैं।
4. साधुत्वज्ञानविषया सैषा व्याकरणस्मृतिः। वाक्यपदीय १।१४२
5. वाक्यपदीय १।१३

दार्शनिक अध्ययन की ओर अधिक विद्वानों के प्रवृत्त न होने पर भी जितना साहित्य उपलब्ध होता है, उतना कम नहीं है। जिस युग में शब्दतत्त्व का सूक्ष्म चिन्तन प्रारम्भ हुआ वही इसके दार्शनिक रूप के उद्भव का क्षण था। इस दिशा में सबसे प्राचीन आचार्य 'स्फोटायन' माने जाते हैं। ये ही सम्भवतः 'स्फोटवाद' के जन्मदाता रहे हैं। पाणिनि ने इनका उल्लेख "अवङ् स्फोटायनस्य" [पा० सू० ६।१।१२३] में किया है। शब्दतत्त्व के अति प्राचीन चिन्तकों में औदुम्बरायणाचार्य का भी स्थान है।[1]

इस परम्परा में आचार्य व्याडि की रचना 'संग्रह' का उल्लेख भाष्यकार पतञ्जलि ने किया है।[2] व्याख्याकारों के अनुसार इस महाग्रन्थ में एक लाख श्लोक थे।[3] यह अत्यन्त दुःख का विषय है कि आज इस ग्रन्थ का कोई रूप हमारे सामने नहीं है। यत्र तत्र कुछ उद्धरण ही प्राप्त होते हैं। इसके बाद पतञ्जलि का महाभाष्य ही है। इस ग्रन्थ-सिन्धु में व्याकरण-दर्शन के समस्त पदार्थों का विवेचन भिन्न-भिन्न स्थलों पर किया गया है। इस विकीर्ण सामग्री को क्रमबद्ध व्यवस्थित रूप देने के लिए आचार्य भर्तृहरि [चतुर्थ शती] ने 'वाक्यपदीय' नामक ग्रन्थ की रचना की। इसमें तीन काण्ड हैं। प्रथम ब्रह्मकाण्ड, द्वितीय वाक्यकाण्ड एवं तृतीय पदकाण्ड है। कुछ लोग द्वितीय को ही वाक्य एवं पदकाण्ड मानते हैं। और तृतीय को प्रकीर्ण काण्ड मानते हैं। इस विषय में भर्तृहरि ने स्वयं कोई उल्लेख नहीं किया है। इसमें व्याकरण के दार्शनिक पदार्थों का प्रतिपादन करते समय अन्य मत मतान्तरों का भी उल्लेख करना आवश्यक समझा गया है।[4] यह कारिकामय है। इसके अतिरिक्त मण्डन मिश्र कृत स्वोपज्ञ व्याख्यासहित स्फोटसिद्धि तथा भरत मिश्र द्वारा भी इसी नाम से लिखी गयी स्फोटसिद्धि, केशव कविकृत स्फोटप्रतिष्ठा, शेष-श्रीकृष्णकविकृत स्फोटतत्त्व, श्रीकृष्ण भट्ट कृत स्फोटचन्द्रिका तथा कुन्द भट्ट कृतस्फोट-वाद तथा नागेशभट्ट कृत स्फोटवाद आदि ग्रन्थ व्याकरणदर्शन के प्रमुख तत्त्व का सयुक्तिक प्रतिपादन करते हैं।

किन्तु उपर्युक्त लघुकाय ग्रन्थों में केवल स्फोट की ही स्थापना एवं समर्थन किया गया है। और वाक्यपदीय कारिकाओं में उपनिबद्ध ग्रन्थ है। अतः महावैयाकरण

---

1. इन्द्रियनित्यं वचनमौदुम्बरायणः। निरुक्त १।१
   तथा द्र० संस्कृत व्याकरण का इतिहास भाग दो पृ० ३४४
2. सङ्ग्रहे एतत् प्राधान्येन परीक्षितम्—'नित्यो वा स्यात् कार्यो वेति। म.भा. पस्पशा
3. एकलक्षश्लोकात्मको ग्रन्थ इति प्रसिद्धिः। उद्द्योत। म० भा० पस्पशा०
4. प्रज्ञा विवेकं लभते भिन्नैरागमदर्शनैः।
   कियद् वा शक्यमुन्नेतुं स्वतर्कमनुधावता। वाक्यदीय २।४८६

भट्टोजिदीक्षित ने शब्दकौस्तुभ नामक विशाल व्याख्याग्रन्थ के प्रणयन के उपरान्त निष्कर्ष रूप में एक कारिकाग्रन्थ लिखा, जिसके नाम से बहुत कम लोग परिचित हैं।[1] इसका नाम 'वैयाकरणमतोन्मज्जन'[2] है। इसकी विस्तृत एवं संक्षिप्त दो व्याख्यायें दीक्षित के भतीजे कौण्ड भट्ट ने लिखीं। विस्तृत का नाम बृहद् वैयाकरणभूषण तथा संक्षिप्त का नाम वैयाकरण-भूषण-सार है। इसका एक उत्तम संस्करण के० पी० त्रिवेदी ने बम्बई से प्रकाशित करवाया था और दूसरा संस्करण चौखम्बा संस्कृत सीरीज से प्रकाशित हुआ था। दुर्भाग्यवश इनमें से कोई भी संस्करण अनेक वर्षों से प्राप्त नहीं होता है। इस व्याख्या ग्रन्थ में मीमांसकों और नैयायिकों की कटु आलोचना करते हुए वैयाकरणों के सिद्धान्तों की स्थापना की गई है।[3]

[३] वैयाकरणसिद्धान्तमञ्जूषा :

बहुमुखी प्रतिभा के धनी नागेश भट्ट ने व्याकरण की समस्त धाराओं में सफल उन्मज्जन किया। इन्होंने महाभाष्य पर प्रदीपोद्द्योत, सिद्धान्तकौमुदी पर शब्देन्दु-शेखरद्वय एवं दार्शनिक क्षेत्र में मञ्जूषात्रयी की रचना करके महान् उपकार किया। आज का प्रत्येक व्याकरणजिज्ञासु इनकी कृतियों का अधमर्ण है। कौण्ड भट्ट के वैयाकरणभूषण की अनुकृति पर इन्होंने 'वैयाकरण-सिद्धान्त-मञ्जूषा' की सर्वप्रथम रचना की। इसे ही गुरुमञ्जूषा, बृहन्मञ्जूषा तथा स्फोटवाद कहा जाता है।[4] भूषण को रखने के लिए जैसे मञ्जूषा [पेटिका] की उपयोगिता है, उसमें उन्हें छिपा दिया जाता है, उसी प्रकार दीक्षितादि के ग्रन्थों में वर्णित विषय इसमें छिप जाते हैं।

---

1. फणिभाषितभाष्याब्धेः शब्दकौस्तुभ उद्धृतः।
   तत्र निर्णीत एवार्थः सङ्क्षेपेणेह कथ्यते ॥ वैयाकरणभूषणकारिका १
2. गुरुमञ्जूषासमासशक्तिनिरूपण में यह लिखा है—
   पर्यवस्यच्छाब्दबोधाविदूरप्राक्क्षणस्थितेः।
   शक्तिग्रहेऽन्तरङ्गत्वबहिरङ्गत्वचिन्तनम् ॥ (वै. भू. का. ३५) इति वैयाकरण-मतोन्मज्जने दीक्षिताः।
   शाङ्करीव्याख्यायुत वैयाकरणभूषणसार और उसकी भूमिका में इसे 'वैयाकरण-सिद्धान्तकारिका' लिखा गया है।
3. ढुण्ढि गौतमजैमिनीयवचनव्याख्यातृभिर्दूषितान्।
   सिद्धान्तानुपपत्तिभिः प्रकटये तेषां वचो दूषये। वैयाकरण-भूषण मंगलश्लोक ४
4. लघुमञ्जूषा से भेद करने के लिए वैद्यनाथ ने कला टीका में अनेकत्र गुरुमञ्जूषा शब्द का प्रयोग किया है। मञ्जूषा के अन्त में नागेश ने "वैयाकरणसिद्धान्त-मञ्जूषाख्यः स्फोटवादः समाप्तः" लिखा है।

मंजूषा पर भूषण के अतिरिक्त गदाधर भट्टाचार्य के व्युत्पत्तिवाद आदि ग्रन्थों का भी पर्याप्त प्रभाव दिखाई देता है। यह उस समय की रचना है जब नागेश प्रतिपक्षियों के खण्डन में अपना पाण्डित्य प्रदर्शित कर रहे थे। अतः इसमें मौलिक नवीन सिद्धान्तों की स्थापना की अपेक्षा परमतसमालोचन अधिक है।

[४] वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जूषा :

निरन्तर चिन्तनशील नागेश अपनी प्रथम कृति से संतुष्ट नहीं हुए, उसमें कुछ वक्तव्य शेष दिखाई दिये। इसके लिए इन्होंने वैयाकरणसिद्धान्तलघु-मञ्जूषा की रचना की। यह उनकी प्रौढ़ अवस्था की कृति है। इसकी भाषा प्रौढ़ एवं सन्तुलित है। प्रतिपादनशैली गम्भीर एवं स्पष्ट है। परमतखण्डन के साथ-साथ स्वमत-स्थापन इसकी प्रमुख विशेषता है। यह गुरुमञ्जूषा का सारमात्र न होकर अनेक दृष्टियों से नवीन ग्रन्थ है। नागेश के बहुमुखी वैदुष्य, व्यापक शास्त्रज्ञान एवं स्वतन्त्र चिन्तन का पदे पदे दर्शन इसके महत्त्व को स्थापित करता है। नागेश के प्रमुख शिष्य वैद्यनाथ पायगुण्डे ने इस पर कला नामक व्याख्या लिखी। इसके बिना नागेश के गूढ़ रहस्यों को समझना अत्यन्त कठिन है।[1] यह टीका सम्पूर्ण ग्रन्थ पर है। दुर्बलाचार्य ने इस पर कुञ्जिका नामक व्याख्या लिखी जो कृदर्थनिरूपण तक ही है। इन दोनों टीकाओं के साथ यह सम्पूर्ण ग्रन्थ दो भागों में (१५७४ पृष्ठों में) चौखम्बा संस्कृत सीरीज से प्रकाशित हुआ था। किन्तु इस समय प्राप्त नहीं होता है। पं० सभापति शर्मोपाध्याय की रत्नप्रभा टीका के साथ इसका कुछ अंशमात्र [तात्पर्यनिरूपणान्त] ही उपलब्ध होता है। पं० सूर्यनारायण शुक्ल ने भी कुछ अंश पर व्याख्या लिखी जो प्रकाशित हुई थी। इस विपुलकाय प्रौढ़ ग्रन्थ का 'एक समीक्षात्मक अध्ययन' मेरा शोधप्रबन्ध राष्ट्रभाषा में लिखा हुआ है। इसके शीघ्र ही प्रकाशित होने की सम्भावना है।

[५] परमलघुमञ्जूषा :

उपर्युक्त मञ्जूषाद्वयी की रचना करके भी नागेश को शान्ति नहीं मिली। वे साधारण जिज्ञासुओं के लिए भी रचना करना चाहते थे। इसी उद्देश्य से इन्होंने प्रस्तुत कृति **परमलघुमञ्जूषा** की रचना की। भट्टोजिदीक्षित की कौमुदी के जैसे तीन रूप हैं उसी प्रकार इसके भी तीन रूप बनाने की इच्छा भी इसमें कारण हो सकती है। इसके अतिरिक्त, मीमांसा में जैसे मीमांसान्यायप्रकाश और अर्थसंग्रह हैं, न्याय-वैशेषिक में न्यायसिद्धान्तमुक्तावली एवं तर्कभाषा हैं उसी प्रकार व्याकरणदर्शन के प्रत्येक श्रेणी के जिज्ञासुओं के लिए इन्होंने मञ्जूषात्रयी की रचना की। यह

---

1. मञ्जूषास्थस्य रत्नादेर्न लाभः कलया विना।
वैयाकरणसिद्धान्तज्ञानस्यापि यथा तथा॥ कला मंगलश्लोक ३

उपर्युक्त ग्रन्थद्वय का सारांशमात्र ही नहीं है। इसमें भी कुछ नवीन तथ्य प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। इसमें निष्कर्षभूत परमत एवं वैयाकरणमत प्रस्तुत किये गये हैं। इसकी भाषा स्पष्ट और अपेक्षाकृत सरल है। प्रतिपादनशैली सन्तुलित है।

इसमें नागेश के अपने समस्त निष्कर्षों का दर्शन न हो सकने के कारण कुछ लोग उनके किसी शिष्य आदि द्वारा इसकी रचना मानते हैं। परन्तु ठोस प्रमाण के अभाव में इसे नागेश की कृति न मानना अनुचित है। लेखनव्यसनी नागेश के लिए यह कार्य सुकर था।

[६] व्याकरणदर्शन के अन्य ग्रन्थ :

नैयायिकों में जगदीश तर्कालङ्कार की शब्दशक्तिप्रकाशिका एवं गदाधर भट्टाचार्य के शक्तिवाद तथा व्युत्पत्तिवाद अत्यन्त प्रौढ़ ग्रन्थ है। गिरिधर भट्टाचार्य का विभक्त्यर्थनिर्णय, गोकुलनाथ उपाध्याय का पदवाक्यरत्नाकर, और रामाज्ञा पाण्डेय की व्याकरणदर्शनभूमिका आदि [अर्वाचीन] रचनायें भी महत्त्वपूर्ण हैं। डॉ० कपिलदेव का 'भाषाविज्ञान एवं व्याकरण दर्शन', डॉ० सत्यकाम वर्मा का 'भाषातत्त्व एवं वाक्यपदीय' तथा डॉ० रामसुरेश त्रिपाठी का 'संस्कृत-व्याकरण-दर्शन' प्रसिद्ध रचनायें हैं। अंग्रेजी भाषा में लिखे गये ग्रन्थों में डॉ० गौरीनाथ शास्त्री का 'दि फिलासफी आफ वर्ड एण्ड मीनिंग', प्रभात चन्द्र चक्रवर्ती का 'फिलासफी आफ संस्कृत ग्रामर', डॉ० रामचन्द्र पाण्डेय का 'प्रोब्लेम ऑफ मीनिंग इन इण्डियन फिलासफी' तथा डॉ. के. एन. चटर्जी का [शब्दशक्तिप्रकाशिका पर आधृत] 'वर्ड एण्ड इट्स मीनिंग : ए न्यू पर्स्पेक्टिव' महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी ग्रन्थ हैं। मेरा शोधप्रबन्ध 'वैयाकरण-सिद्धान्त-लघु मञ्जूषा : एक समीक्षात्मक अध्ययन' भी [शीघ्र प्रकाशित होने वाला] है।

[७] मञ्जूषाकार नागेश भट्ट :

(क) जीवनवृत्त

मञ्जूषात्रयी के प्रणेता नागेश भट्ट का एक नाम नागोजिभट्ट[1] भी था। इनका उपनाम 'काल' था[2]। ये महाराष्ट्रिय ब्राह्मण थे। इनके पिता का नाम शिव भट्ट एवं माता का नाम सती देवी था।[3] ये अपने माता पिता के परम भक्त थे। इन्होंने अपने महत्त्वपूर्ण प्रत्येक ग्रन्थ के आदि अथवा अन्त में कहीं न कहीं अपने माता-पिता

---

1. परिभाषेन्दुशेखर की समाप्ति में तथा महाभाष्यप्रदीपोद्द्योत में प्रत्येक आह्निक की समाप्ति में इसी नाम का उल्लेख है।
2. इति श्रीकालोपनामकशिवभट्टसुत-सतीगर्भज-नागेशभट्टविरचिते सिद्धान्तकौमुदी-व्याख्याने शब्देन्दुशेखराख्ये पूर्वार्धं समाप्तम्।
3. इसका उल्लेख इनकी प्रत्येक महत्त्वपूर्ण कृति के प्रारम्भ अथवा अन्त में है।

का उल्लेख अवश्य किया है। निरन्तर शास्त्राभ्यास में लगे रहने के कारण इन्हें सन्तानोत्पत्ति की चिन्ता ही नहीं हुई। बाद में पितृऋण से मुक्त होने की समस्या आने पर इन्होंने अपने शब्देन्दुशेखर को पुत्ररूप में एवं वैयाकरण-सिद्धान्त-मञ्जूषा को कन्यारूप में मानकर अपने माता-पिता को और श्लेषवचन द्वारा सती एवं शिव भगवान को समर्पित कर दिया—

शब्देन्दुशेखरं पुत्रं मञ्जूषां चैव कन्यकाम्।
स्वमतौ सम्यगुत्पाद्य शिवयोरर्पितौ मया॥[1]

इनके जन्मस्थान का निर्णय करना कठिन है। यद्यपि ये महाराष्ट्रिय थे तथापि इनकी शिक्षादीक्षा काशी में हुई थी। इन्हें दीर्घ आयु प्राप्त हुई थी। इसका सदुपयोग इन्होंने निरन्तर सारस्वत साधना में किया और लगभग एक सौ ग्रन्थ लिखने में सफल हुए। अपने पाण्डित्य एवं लेखकत्व की स्वयं प्रशंसा करते हुए लिखा है—

सर्वतन्त्रार्थतत्त्वज्ञः सर्वत्र च निबन्धकृत्।[2]

(ख) नागेश की गुरुशिष्य परम्परा

भट्टोजिदीक्षित के पौत्र, वीरेश्वर दीक्षित के पुत्र हरि दीक्षित नागेश के प्रधान गुरु थे। ये महाभाष्य के परम मर्मज्ञ थे।[3] ऐसी अनुश्रुति है कि नागेश ने इनसे अठारह बार महाभाष्य का अध्ययन किया था। इनके प्रति अगाध श्रद्धा व्यक्त करते हुए नागेश ने कृतज्ञता ज्ञापित की है। प्रौढ़मनोरमा की टीका रूप में बृहत् एवं लघु शब्दरत्न इन्हीं हरि दीक्षित की कृतियाँ मानी जाती हैं। कुछ लोग इन्हें गुरु के नाम से नागेश द्वारा ही लिखित मानते हैं।

अपने समय के प्रसिद्ध शास्त्रार्थमहारथी पण्डित रामराम भट्टाचार्य से न्यायशास्त्र का अध्ययन करने वाले नागेश ने इनके वैदुष्य की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है। नागेश को पाण्डित्यप्रदर्शनार्थ शास्त्रार्थ में रुचि नहीं थी।

न्यायतन्त्रं रामरामाद् वादिरक्षोघ्नरामतः॥[4]
दृढस्तर्कोऽस्य नाभ्यास इति चिन्त्यं न पण्डितैः।
दृषदोऽपि हि सन्तीर्णाः पयोधौ रामयोगतः॥[5]

---

1. लघुमञ्जूषा की समाप्ति पर अन्तिम श्लोक।
2. लघुमञ्जूषा की समाप्ति में अन्तिम श्लोक संख्या ३
3. नागेशभट्टो नागेशभाषितार्थविचक्षणः।
   हरिदीक्षितपादाब्जसेवनावाप्तसन्मतिः। प्रदीपोद्द्योत मंगलश्लोक २
4. लघुमञ्जूषा की समाप्ति में श्लोक सं० १
5. लघुमञ्जूषा की समाप्ति में श्लोक सं० ४-५

इन दो गुरुओं के अतिरिक्त अन्य किसी का उल्लेख नहीं प्राप्त होता है।

वैद्यनाथ पायगुण्डे नागेश के प्रधान शिष्य थे।[1] ये भी नागेश के ही समान बहुशास्त्रज्ञ थे। नागेश की समस्त प्रौढ़ कृतियों पर इन्होंने कुछ न कुछ व्याख्या अवश्य लिखी है। नागेश के वास्तविक रहस्यों का परिज्ञान इन्हीं की टीकाओं की सहायता से सम्भव है। इनके पुत्र बाल शर्मा ने भी नागेश से शिक्षा ग्रहण की थी।[2] यह नागेश की दीर्घावस्था का स्पष्ट प्रमाण है।

(ग) नागेश का जन्मकाल

नागेश के जन्मकाल की तिथि का निर्णय करना एक कठिन कार्य है। इन्हें दीर्घ आयु प्राप्त थी। उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर इनका जीवनकाल १६६०–१७६० तक माना जा सकता है—

(१) भट्टोजिदीक्षित के पौत्र हरिदीक्षित से नागेश ने व्याकरण-शास्त्र का अध्ययन किया था।[3] भट्टोजिदीक्षित ने शेषकृष्ण से विद्याध्ययन किया था।[4] शेषकृष्ण के पुत्र वीरेश्वर से पण्डितराज ने पढ़ा था। इस प्रकार पण्डितराज का काल भट्टोजिदीक्षित से एक पीढ़ी बाद एवं नागेश से एक पीढ़ी पहले है। शाहजहाँ एवं दाराशिकोह के दरबार में इन्हें 'पण्डितराज उपाधि' मिली थी और इनका यौवनकाल वहीं बीता था।[5] दरबार के आसफ अली की मृत्यु से दुखी होकर इन्होंने 'आसफ विलास' की रचना की थी। इनकी मृत्यु १६४१ में हुई थी[6] और शाहजहाँ १६२७ में गद्दी पर बैठा था। अतः सत्रहवीं शती का प्रारम्भ पण्डितराज का काल होना चाहिए।

(२) भट्टोजिदीक्षित ने 'वैयाकरणमतोन्मज्जन'[7] नामक कारिका ग्रन्थ लिखा था जिस पर इनके भतीजे[8] कौण्डभट्ट ने वृहद् एवं सार दो रूपों में वैयाकरण-भूषण नामक व्याख्या ग्रन्थ लिखे। इसके हस्तलेख का रचना काल सम्वत् १७०७ [सन् १६५०] है। इस व्याख्या के लेखक कौण्डभट्ट राजा वीरभद्र के राज्यकाल १६२९–

---

1. नमामि दुरितापहरं गुरुवरं सनागेशवरम्। कला मंगलश्लोक २
2. वैद्यनाथ पायगुण्डे का पुत्र बाल शर्मा नागेश भट्ट का शिष्य था। संस्कृत व्याकरण का इतिहास पृ० ३९२
3. अधीत्य फणिभाष्याधिं सुधीन्द्रहरिदीक्षितात्। लघुमञ्जूषा की समाप्ति में।
4. तदेतत् सकलमभिधाय प्रक्रियाप्रकाशे गुरुचरणैरुक्तम्। शब्दकौस्तुभ पृ० १४५
5. दिल्लीवल्लभपाणिपल्लवतले नीतं नवीनं वयः। पण्डितराज का प्रसिद्ध श्लोक
6. द्र. काव्यप्रकाश भूमिका डॉ. नागेन्द्र सम्पादित।
7. यह नाम नागेश ने गुरुमञ्जूषा में लिखा है। काशीनाथ अभ्यङ्कर शास्त्री ने 'वैयाकरणसिद्धान्तकारिका' यह नाम लिखा है।
8. भट्टोजिदीक्षितमहं पितृव्यं नौमि सिद्धये। वैयाकरणभूषण मंगल श्लोक ३

४५ में प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुके थे। अतः कौण्डभट्ट का काल सत्तरहवीं शती का प्रारम्भ सिद्ध होता है। इनके चाचा भट्टोजिदीक्षित का काल सोलहवीं शती का मध्य भाग सिद्ध होता है

(३) भट्टोजिदीक्षित के पुत्र थे वीरेश्वर दीक्षित। इनके पुत्र हरिदीक्षित थे जिनसे नागेश ने व्याकरणादि शास्त्र पढ़े थे। पं० बलदेव उपाध्याय के अनुसार वीरेश्वर ने संन्यास-ग्रहण किया था और उस समय इनका नाम रामाश्रम पड़ा।[1] इन्होंने अमरकोश पर रामाश्रमी नामक एक टीका लिखी। यह टीका बघेलवंशी राजा कीर्ति-सिंह की आज्ञा से लिखी गयी थी। कीर्ति सिंह १६३०–७० तक मइहर (मध्यप्रदेश) के राजा थे। हस्तलेख के आधार पर सन् १६४१ से पूर्व भानुजि अपर नाम वीरेश्वर दीक्षित का संन्यास लेना सिद्ध होता है। इन्हीं के एक शिष्य वत्सराज ने सम्वत् १६९८ [सन् १६४१] में 'काशीदर्पणदीपिका' ग्रन्थ में भट्टोजिदीक्षित एवं इनके पुत्र रामाश्रम इन दोनों को प्रणाम किया है[2]। इससे यही ज्ञात होता है कि सन् १६४१ तक अवश्य संन्यास लेने वाले का जन्म १६०० के आस पास ही होना चाहिये और इनके पुत्र हरिदीक्षित का जन्म १६२० ई० के आस पास होना उचित है। पुत्र के युवा होने पर ही संन्यासग्रहण तर्कसंगत है। पितामह भट्टोजिदीक्षित तथा पौत्र हरि दीक्षित के मध्य में लगभग ५०–६० वर्ष का व्यवधान होना अनुभवसिद्ध है।

(४) जयपुर के महाराजा जयसिंह ने अठारहवीं शती के उत्तरार्द्ध में अश्वमेध यज्ञ किया था। उसमें नागेश भट्ट भी आमन्त्रित किये गये थे किन्तु क्षेत्र-संन्यास ले लेने के कारण ये काशी से बाहर नहीं जा सके। युधिष्ठिर[3] मीमांसक के अनुसार यह यज्ञ १७१४ ई० में और पं० बलदेव उपाध्याय के अनुसार १७४२ में हुआ था।[4] यह काल नागेश की वृद्धावस्था का होना चाहिये। इससे भी नागेश का जन्मकाल ई० १६५०–७० के मध्य सिद्ध होता है।

(५) नागेश के न्यायशास्त्र के गुरु रामराम भट्टाचार्य[5] का एक हस्ताक्षर सं. १७१४

---

1. भानुजिदीक्षित भट्टोजिदीक्षित के पुत्र थे। इनका अपर नाम वीरेश्वर दीक्षित था। संन्यास लेने पर इनका नाम 'रामाश्रम' पड़ा।
   संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ० ५०८

2. भट्टोजिदीक्षितं नत्वा रामाश्रमगुरुं पुनः।
   वत्सराजः करोत्येतां काशीदर्पणदीपिकाम्॥
   संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ० ३४५ में उद्धृत

3. संस्कृत व्याकरण का इतिहास पृ० ३९३
4. संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ० ५२३
5. बृहच्छब्देन्दुशेखर की भूमिका पृ० ५७।

[सन् १६५७] का प्राप्त होता है। यह इनके गुरु की प्रौढ़ावस्था का काल है। अतः नागेश का जन्म उसके आस पास या कुछ बाद में मानना चाहिये।

(६) पण्डितराज ने भट्टोजिदीक्षित की प्रौढ़मनोरमा के खण्डन में 'कुचमर्दिनी' नामक व्याख्या लिखी। पण्डितराज की मृत्यु के बाद हरिदीक्षित ने इसका खण्डन शब्दरत्न में किया। पण्डितराज का काल १७वीं शती का प्रारम्भ है तो हरिदक्षित का काल १६२५ के आसपास होना चाहिये। इनके प्रधान शिष्य नागेश का काल १६५०–७० के मध्य ही होना उचित है।

(७) नागेश के प्रधान शिष्य वैद्यनाथपायगुण्डे का पुत्र बालशर्मा भी नागेश का शिष्य बना था। इसने हेनरी टामस कोलब्रुक [१७८३–१८१५ ई०] की आज्ञा से 'धर्मशास्त्र-सङ्ग्रह' नामक ग्रन्थ लिखा था। बाल शर्मा की मृत्यु १८३० ई० में हुई और उस समय में ये ९० वर्ष के थे। इससे इनका जन्म काल १७४० ई० ज्ञात होता है।[1] इससे नागेश का दीर्घजीवी होना और सत्तरहवीं शती के मध्यकाल में होना सिद्ध होता है।

(८) सम्वत् १७६१ [सन् १७०४] में लिखित बृहत्शब्देन्दुशेखर का एक हस्तलेख वाराणसी के सरस्वती भवन पुस्तकालय में है[2]। इस प्रौढ़ एवं विशाल ग्रन्थ की रचना करने समय नागेश की अवस्था ३०-४० वर्षों से कम नहीं रही होगी। इससे भी नागेश का जन्मकाल १६६० ई० के समीप ही सिद्ध होता है। इसी प्रकार भानुदत्त की रसमञ्जरी पर नागेशकृत टीका का एक हस्तलेख सम्वत् १७६९ [सन् १७१२] का इण्डिया आफिस लाईब्रेरी, लन्दन में है।[3] यह भी उपर्युक्त तिथि में प्रमाण है।

(९) सिद्धान्त-कौमुदी की अतिप्रसिद्ध टीका बाल-मनोरमा के लेखक वासुदेव दीक्षित तञ्जौर के महाराजा शाहजी, शरभजी, तुक्कोजी के समय हुए थे।[4] इनका काल १६८७–१७३८ ई० है। इस टीका में नागेश की मञ्जूषा एवं शेखर आदि का अनेकत्र उल्लेख है। इससे यही सिद्ध होता है कि १८वीं शती के प्रारम्भ तक नागेश के मतों को मान्यता प्राप्त हो चुकी थी। अतः इनका जन्म १७वीं का मध्य भाग अर्थात् १६५०–७० ई० सिद्ध होता है।

---

1. द्र. संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ. ५५९ तथा संस्कृत-व्याकरण का इतिहास पृ. ३९३
2. बृहच्छब्देन्दुशेखर भूमिका पृ. २६–२७
3. द्र० संस्कृतशास्त्रों का इतिहास पृ० ५२५ तथा संस्कृत-व्याकरण का इतिहास पृ० ३९३
4. इतिश्रीमत् .... श्रीशाहजी शरभजी तुक्कोजीभोसलचोल ....। बाल-मनोरमा की समाप्ति में।

(१०) नागेश के 'सापिण्ड्य-प्रदीप' नामक एक ग्रन्थ का एक हस्तलेख १८०३ ई. का प्राप्त होता है।[1] इसमें शंकर भट्ट [१५४०–१६०० ई०], नन्द पण्डित [ई० १५९५–१६००] तथा अनन्तदेव [१६४५–१६७५ ई०] इन तीन नामों का संकेत प्राप्त होता है। अतः नागेश की पूर्व सीमा १६५०–७० तक है।

(११) गदाधर भट्टाचार्य के व्युत्पत्तिवाद का प्रचुर प्रभाव नागेश की कृतियों में दिखाई देता है। और गदाधर का काल १६५० ई० के लगभग है।[2] अतः नागेश का काल इनके कुछ बाद या समकाल माना जा सकता है।

(१२) महामहोपाध्याय हरप्रसाद के अनुसार नागेश का देहावसान १७७५ ई० में हुआ था, ये दीर्घजीवी थे।[3] इससे भी यही ज्ञात होता है कि नागेश १७वीं शती के मध्य में हुए थे।

उपर्युक्त प्रमाणों एवं तर्कों के आधार पर नागेश के जन्म की पूर्व सीमा १६६०–७० एवं पर सीमा १७७०–७५ ई० माननी चाहिये।

(घ) नागेश के आश्रयदाता

शृङ्गवेरपुर [वर्तमान सिंगरौर] के महाराजा रामसिंह वर्मन् नागेश के आश्रयदाता थे। नागेश ने इनकी उदारता का वर्णन अनेक स्थलों पर किया है—

याचकानां कल्पतरोररिकच्छहुताशनात्।
शृङ्गवेरपुराधीशाद् रामतो लब्धजीविकः॥[4]

(ङ) नागेश की कृतियाँ

नागेश ने अपने को 'सर्वतन्त्रस्वतन्त्र' तथा 'सर्वत्र निबन्धकृत्'[5] घोषित किया है। अतः अनेक ग्रन्थों का प्रणेता होना सिद्ध है। इन्होंने अपने दीर्घ जीवन का साफल्य स्वाध्याय एवं लेखन दोनों में ही माना। ऐसा प्रतीत होता है कि शताधिक ग्रन्थ लिखने की इनकी प्रतिज्ञा रही होगी। इनके प्रकाशित एवं हस्तलिखित ९३ ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं इनका विषयानुसार संक्षिप्त विवरण निम्न है—

विषय	ग्रन्थसंख्या
१. व्याकरण	२६
२. दर्शन	७
३. अलङ्कार	९

---

1. द्र. संस्कृतशास्त्रों का इतिहास पृ० ५२५
2. आचार्य विश्वेश्वर सम्पादित तर्कभाषा की भूमिका पृ. ५७
3. बृहच्छब्देन्दुशेखर भूमिका पृ. ५८
4. महाभाष्यप्रदीपोद्द्योतमंगल एवं शेखरमंगल
5. सर्वतन्त्रार्थतत्त्वज्ञः सर्वत्र च निबन्धकृत्। लघुमञ्जूषा की समाप्ति में

विषय	ग्रन्थसंख्या
४. रामायण-व्याख्यायें	२
५. सप्तशती-व्याख्या	१
६. स्तोत्र	६
७. धर्मशास्त्र	६
८. स्मृति	१४
९. ज्योतिष	८
१०. तन्त्र	५
११. गीता	१
१२. कोश	१
१३ प्रकीर्ण	४
	कुल योग ९३

व्याकरण की कृतियों में वैयाकरण-सिद्धान्त-मञ्जूषात्रयी, शब्देन्दुशेखर-द्वय, परिभाषेन्दु-शेखर एवं महाभाष्य-प्रदीपोद्द्योत अति प्रसिद्ध एवं प्रकाशित हैं। दर्शन की कृतियों में वेदान्तसूत्रवृत्ति, पातञ्जल-सूत्रवृत्ति और युक्ति-मुक्तावली प्रसिद्ध हैं। आलङ्कारिक कृतियों मे बृहत् एवं लघु काव्यप्रदीपोद्द्योत, गुरुमर्मप्रकाशिका, [कुवलयानन्दटीका] षट्पदानन्द, चित्रमीमांसाखण्डन, रसमञ्जरीटीका, वाल्मीकीय-रामायण की तिलक एवं अध्यात्म-रामायण की सेतुटीका [ये अपने आश्रयदाता राजा रामसिंह वर्मन् के नाम से लिखी हैं], चण्डीपाठटीका, तीर्थेन्दुशेखर श्राद्धेन्दुशेखर व्रात्यता-प्रायश्चित्तनिर्णय, तिथीन्दुशेखर, कात्यायनीतन्त्र, अमर-टिप्पण तथा वेदसूक्तभाष्य आदि ग्रन्थ उपयोगी एवं महत्त्वपूर्ण हैं।

[८] नागेश की कृतियों में मञ्जूषात्रयी का स्थान :

व्याकरणादि विविध विषयों पर लिखनेवाले नागेश की कृतियों में वैयाकरण-सिद्धान्तमञ्जूषात्रयी का महत्त्वपूर्ण स्थान है। ये मूलतः वैयाकरण थे। व्याकरण शास्त्र के सर्वाङ्गीण वैदुष्य का प्रदर्शन इनकी कृतियों में हुआ है। किन्तु महाभाष्य-प्रदीपोद्द्योत तथा शब्देन्दुशेखर ये टीकाग्रन्थ हैं। इनमें अपनी मौलिकता एवं स्वतन्त्र सिद्धान्त प्रस्तुत करने का समुचित अवसर नहीं प्राप्त हो सकता था। इसके अतिरिक्त सुव्यवस्थित एव क्रमबद्धरूप में विषयों का विवेचन करना भी कठिन था। साथ ही, व्याकरण के दार्शनिक पदार्थों का विशद विवेचन करना आवश्यक था। इसके लिए इन्होंने मञ्जूषात्रयी की रचना की। जैसा कि प्रारम्भ में लिखा जा चुका है कि नागेश ने सर्वप्रथम गुरुमञ्जूषा लिखी जिसका प्रमुख उद्देश्य परमत-खण्डन था। बाद में लघुमञ्जूषा लिखी जिसका प्रमुख उद्देश्य स्वकीय नवीन सिद्धान्तों की स्थापना था।

व्याकरण-दर्शन के सामान्य जिज्ञासु के लिए प्रस्तुत ग्रन्थ परमलघुमञ्जूषा की रचना की। यह संक्षिप्त एवं परम उपयोगी ग्रन्थ है। इसकी लोकप्रियता ही इसके महत्त्व की सूचक है।

[६] परमलघुमञ्जूषा के विवेच्य विषय :

(१) शक्ति

परमलघुमञ्जूषा में सर्वप्रथम वृत्तियों के विचार के प्रसङ्ग में शक्ति पर विचार किया गया है। सभी प्रकार के शब्द सभी प्रकार के अर्थों का ज्ञान नहीं करा सकते हैं, इसके लिए एक कार्यकारणभाव की कल्पना की जाती है—

'तद्धर्मावच्छिन्नविषयकशाब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति तद्धर्मावच्छिन्ननिरूपितवृत्तिविशिष्ट-ज्ञानं हेतुः। वैशिष्ट्यञ्च—स्वविषयकोद्बुद्धसंस्कारसामानाधिकरण्य–स्वाश्रयपदविषय-कत्वोभयसम्बन्धेन।'

[इसकी विशद व्याख्या आगे टीकाओं में देखना चाहिये।]

यहाँ वृत्ति के तीन भेद हैं—(१) शक्ति, (२) लक्षणा (३) व्यञ्जना।

नैयायिकों में प्रचीनों के मतानुसार ईश्वरेच्छा शक्ति है। और 'एकादशेऽह्नि पिता नाम कुर्यात्' आदि स्मृति-वचनों के अनुसार आधुनिक नामों में भी ईश्वरेच्छा शक्ति सिद्ध है। किन्तु नव्यनैयायिक केवल इच्छा को शक्ति मानते हैं। अतः आधु-निक नामों में शक्ति के विषय में सन्देह का प्रश्न ही नहीं उठता है। यह इच्छा दो प्रकार की होती है—'यह पद इस अर्थ का बोध कराये'—यह पदविशेष्यिका तथा 'इस पद से यह अर्थ समझना चाहिए'—यह अर्थविशेष्यिका।

नागेश के मतानुसार इच्छा को शक्ति मानना ठीक नहीं है क्योंकि शक्ति पद एवं पदार्थ की सम्बन्धरूप होती है, किन्तु इच्छा सम्बन्धियों [–पद एवं पदार्थ] की आश्रयता [वृत्तिता] की नियामक नहीं होती है, अतः इच्छा को सम्बन्ध नहीं माना जा सकता। इसलिए पद-पदार्थ का अन्य सम्बन्ध—'वाच्यवाचक-भाव' ही शक्ति है। दीक्षित एवं भूषणकारादि ने बोधजनकता को शक्ति माना है। इसका भी खण्डन लघुमञ्जूषा में किया गया है। पद एवं पदार्थ का तादात्म्य माना जाता है—योऽर्थः सः शब्दः, यः शब्दः सोऽर्थः' इत्याकारक इतरेतराध्यासमूलक संकेत शक्तिग्राहक होता है। यह तादात्म्य भेदाभेदघटित है। अतः 'अग्नि' आदि के उच्चारण में मुख का जलना अथवा गुड़ के उच्चारण में माधुर्य का अनुभव होना आदि दोष नहीं आते हैं। वास्तव में बौद्ध स्फोटरूप शब्द वाचक है और बौद्ध [बुद्धिप्रदेस्थ] अर्थ ही वाच्य है—इन्हीं का तादात्म्य है। इसीलिए 'वन्ध्यासुत' आदि की अर्थवत्ता मानकर प्रातिपदिक संज्ञा-प्रयुक्त कार्य होते हैं।

यह शक्ति साधु शब्दों के समान ही असाधु शब्दों में भी रहती है क्योंकि शक्ति-ग्राहकों में प्रधान, व्यवहार दोनों में तुल्यरूप से होता है। नैयायिक अपभ्रंश शब्दों में शक्ति नहीं मानते हैं। इनके अनुसार असाधु से साधु शब्द के स्मरण द्वारा अर्थ का ज्ञान होता है। अथवा साधु के भ्रम से बोध होता है। परन्तु ये दोनों मत ठीक नहीं है क्योंकि ये दोनों तर्क एवम् अनुभव-विरुद्ध हैं। यह साधुत्व—व्याकरण से अन्वाख्येय होना अथवा पुण्यजनकतावच्छेदक-धर्मवान् होना है। इनसे भिन्न असाधु होता है।

यह शक्ति तीन प्रकार की है—(१) रूढि, (२) योग और (३) योग-रूढि। समुदाय की वाचकता में रूढि, प्रकृति-प्रत्यय की वाचकता में योग और दोनों की वाचकता में योगरूढि मानी जाती है। कुछ लोग यौगिक रूढ़ि यह चौथा भेद मानते हैं।

अर्थ का संदेह होने पर संयोग, विप्रयोग आदि को शक्ति का निर्णायक माना जाता है।

(२) लक्षणा

नैयायिकों के अनुसार 'शक्यसम्बन्ध' लक्षणा है। इसमें तात्पर्य की अनुपपत्ति कारण है। यह दो प्रकार की है—(१) गौणी और (२) शुद्धा। शक्य के सादृश्य सम्बन्ध को मानकर होने वाली गौणी और इससे भिन्न सम्बन्ध को मानकर होने वाली शुद्धा है। इसके भी जहत्स्वार्था तथा अजहत्स्वार्था ये दो भेद होते हैं। जहाँ शक्यार्थ का परित्याग करके अन्य अर्थ लक्षित होता है वहाँ जहत्स्वार्था और जहाँ शक्यार्थ को लेते हुए अन्य अर्थ लक्षित होता है वहाँ अजहत्स्वार्था होती है। अतः 'गां वाहीकं पाठय' यहाँ जहत्स्वार्था तथा 'छत्रिणो यान्ति, यष्टीः प्रवेशय' आदि में अजहत्स्वार्था है। तत्स्थता, तद्धर्मता, तत्समीपता एवं सत्सहचरता से लक्षणा होती है।

मीमांसकों के अनुसार 'स्वबोध्य-सम्बन्धो लक्षणा' यह है। कारण यह है कि 'गम्भीरायां नद्यां घोषः' यहाँ किसी एक पद में लक्षणा मानकर अभीष्ट अर्थ का ज्ञान नहीं हो सकता। अतः समुदाय में ही लक्षणा माननी चाहिये। इससे 'गाम्भीर्यविशिष्ट-नदीतटे घोषः' यह लक्ष्यार्थ प्रतीत होता है।

इसके पुनः दो भेद होते हैं—(१) प्रयोजनवती एवं (२) रूढा। जहाँ किसी प्रयोजन विशेष का प्रतिपादन करने के लिए लक्षणा होती है वहाँ प्रयोजनवती होती है। जैसे 'गङ्गायां घोषः' आदि में गंगागत शैत्य पावनत्वादि की प्रतीति कराना प्रयोजन है। बिना किसी प्रयोजन के शक्यसम्बन्ध निरूढ़ लक्षणा है जैसे, त्वचा ज्ञातम् [त्वक् की त्वगिन्द्रिय में लक्षणा होती है, उससे जाना—यह अर्थ है]।

परमलघुमञ्जूषा में लक्षणा की अनावश्यकता प्रतिपादित की गयी है। 'तात्पर्य रहने पर सभी शब्द सभी अर्थों के प्रतिपादक होते हैं', इस भाष्यवचन से शक्ति द्वारा

ही बोधकता होती है। इस शक्ति के दो भेद हैं—(१) प्रसिद्धा और (२) और अप्रसिद्धा। सबके जानने योग्य प्रसिद्धा है और सहृदयों द्वारा जानने योग्य अप्रसिद्धा है। देवताऋषिलोकव्यवहारादि से तात्पर्यनिर्णय करना चाहिये।

(३) व्यञ्जना

नैयायिक लक्षणा में ही व्यञ्जना का अन्तर्भाव करते हैं। इसका खण्डन साहित्यिकों ने काव्यप्रकाशादि में किया है। नागेश व्यञ्जना की आवश्यकता पर जोर देते हैं। अन्यथा निपातों की द्योतकता और स्फोट की व्यङ्ग्यता का उपपादन कठिन हो जायगा। लक्षणा पद में रहती है किन्तु व्यञ्जना पद, पदैकदेश, पदार्थ, वर्णरचना, चेष्टा आदि सभी में रहती है। अतः उससे भिन्न है। व्यञ्जना का लक्षण मञ्जूषाकार ने यह लिखा है—

'मुख्यार्थबाधनिरपेक्षबोधजनको मुख्यार्थसम्बद्धासम्बद्धसाधारणः प्रसिद्धाप्रसिद्धार्थ-विषयको वक्त्रादिवैशिष्ट्यज्ञानप्रतिभाद्युद्बुद्धः संस्कारविशेषो व्यञ्जना।'

लक्षणा में मुख्यार्थबाध और मुख्यार्थ का सम्बन्ध आवश्यक है। किन्तु व्यञ्जना के लिये इन दोनों की अनिवार्यता नहीं है। इनके बिना भी व्यञ्जना से बोध होता है।

(४) वृत्त्याश्रय

उपर्युक्त वृत्ति का आश्रय कौन शब्द माना जाय—इस पर नैयायिकादि वर्णों को ही वृत्त्याश्रय—वाचक मानते हैं। परन्तु यह ठीक नहीं है। क्योंकि इसमें दो पक्ष हो सकते हैं—(१) प्रत्येक को वाचक मानना अथवा (२) समुदाय को वाचक मानना। इनमें प्रत्येक की वाचकतापक्ष में प्रथम वर्ण से ही अर्थज्ञान हो जाने पर द्वितीयादि वर्णों का उच्चारण व्यर्थ होने लगेगा। और समुदाय की भी वाचकता सम्भव नहीं है क्योंकि वर्ण उच्चरित-प्रध्वंसी होते हैं, कभी भी एक साथ नहीं रह सकते।

वर्णों की अभिव्यक्ति अथवा उत्पत्ति इन दोनों ही पक्षों में वर्णों के क्षणस्थायी होने से क्षणात्मक काल के प्रत्यक्षयोग्य न होने से उस काल से विशिष्ट वर्णों का भी प्रत्यक्ष नहीं हो सकता। नष्ट वर्णों में 'यह पूर्व है, यह पर है' आदि प्रत्यक्षविषयक ज्ञान भी नहीं हो सकता। अविद्यमान वर्ण में भी वृत्ति की आश्रयता मान लेने पर 'नष्टो घटो जलवान्' यह भी व्यवहार होने लगेगा। संस्कार मानकर पूर्व एवं पर वर्णों का पौर्वापर्य हो जाता है—यह भी ठीक नहीं है क्योंकि जिस क्रम से अनुभव होता है उसी क्रम से संस्कार—इसमें कोई प्रमाण नहीं है, विपरीत क्रम भी हो सकता है। अतः अन्य मार्ग का ही अवलम्बन करना चाहिये। वैयाकरण स्फोटात्मक शब्द को वृत्ति का आश्रय अर्थात् वाचक मानते हैं।

वाणी के चार भेद हैं—परा, पश्यन्ती, मध्यमा एवं वैखरी। इनमें मध्यमानाद स्फोट का व्यञ्जक है। वैखरीनाद ध्वनिरूप है। स्फोटात्मक शब्द मध्यमानाद से अभिव्यङ्ग्य ब्रह्मरूप और नित्य है।

स्फोट की दो व्युत्पत्तियां हैं— (१) स्फुट्यते—अभिव्यज्यते वर्णैरिति स्फोटः। (२) स्फुटति=अभिव्यक्तीभवति अर्थो यस्मात् सः स्फोटः। यह स्फोट यद्यपि एक ही है तथापि व्यञ्जक वर्णरूपी उपाधियों से अनेक प्रकार का प्रतीत होता है। व्यञ्जक की विशेषताओं का व्यङ्ग्य में भान होना अनुभवसिद्ध है। घटादि उपाधियों के भेद से आकाश के भेद की प्रतीति के समान यहाँ भी समझना चाहिये। प्राकृत एवं वैकृत दो प्रकार की ध्वनियाँ होती हैं। इनमें प्राकृत ध्वनि स्फोट की व्यञ्जक होती है। यह स्फोट पद एवं वाक्यादि रूप में बुद्धि-निर्ग्राह्य ही होता है और कत्वादिरूप से श्रोत्रग्राह्य होता है।

इस स्फोट के आठ भेद हैं—(१) वर्ण-स्फोट [=प्रकृतिस्फोट प्रत्ययस्फोट], (२) पदस्फोट, (३) वाक्यस्फोट, (४) वर्णजातिस्फोट, (५) पदजातिस्फोट, (६) वाक्यजाति-स्फोट, (७) अखण्डपदस्फोट, (८) अखण्डवाक्यस्फोट। यह आठ प्रकार का स्फोटात्मक शब्द ही वृत्ति का आश्रय [वाचक] मानना चाहिये। इनमें भी वाक्यस्फोट अथवा वाक्यजाति-स्फोट ही प्रधान है क्योंकि ऐसा ही लोक में अनुभव होता है।

(५) शाब्दबोध के सहकारी कारण

शाब्दबोध के निम्न चार सहकारी कारण होते हैं—

(अ) आकाङ्क्षा

वाक्यीय सङ्केत की बोधिका आकाङ्क्षा है। यह आकाङ्क्षा—एक पदार्थ का ज्ञान हो जाने पर उस अर्थ के अन्वययोग्य अन्य अर्थ का जो ज्ञान, तद्विषयक इच्छा 'इस अर्थ का अन्वयी अर्थ कौन है'—इत्याकारक है जो आत्मा में रहने वाली है। किन्तु आकाङ्क्षा के विषयभूत अर्थ में इसका आरोप मान लिया जाता है, क्योंकि 'यह अर्थ अन्य अर्थ की आकाङ्क्षा रखता है' ऐसा व्यवहार होता है। पद में इसका आरोप सम्भव नहीं है क्योंकि अर्थज्ञान के बाद ही आकाङ्क्षा उठती है।

एक पदार्थ में अन्य पदार्थ के अभाव को मानकर होने वाला अन्वयबोधाजनकता का ज्ञान जिज्ञासा का उठाने वाला है। अतः उसमें भी आकांक्षाव्यवहार होता है। अथवा उत्थापकता एवं विषयता किसी एक या दोनों सम्बन्धों से अन्य अर्थ की जिज्ञासा आकाङ्क्षा है।

(आ) योग्यता

नैयायिक लोग बाधाभाव को योग्यता कहते हैं। बाधस्थल में शाब्दबोध न मान कर केवल पदार्थोपस्थिति मानते हैं। किन्तु यह ठीक नहीं है। बाधस्थल में भी

बोध होना अनुभव-सिद्ध है। यह अलग विषय है कि वह बोध अप्रमात्मक हो। इसीलिए लोक में बाधित अर्थ वाले वाक्यों के प्रयोग करने वालों का उपहास करना संगत होता है।

नागेश के अनुसार—परस्पर-अन्वय-प्रयोजक-धर्मवत्ता योग्यता है। अतः 'जलेन सिञ्चति' यह वाक्य योग्यताविशिष्ट है और 'वह्निना सिञ्चति' यह योग्यता से रहित। प्रथम वाक्य में सेचन की अन्वयप्रयोजकद्रवद्रव्यत्वरूपी योग्यता जल में है और करणत्व-रूप से जलान्वयप्रयोजक आर्द्रीकरणत्वरूप योग्यता सेचन-क्रिया में है। वह्नि में सेचन-क्रियान्वयप्रयोजक द्रवद्रव्यत्व नहीं है। अतः यहाँ योग्यता नहीं है। इस योग्यता का भान शाब्दबोध में होता है।

(इ) आसत्ति

प्रस्तुत [=अभीष्ट] अन्वयबोध के अजनक पदों का व्यवधान [=बीच में प्रयोग] न होना—आसत्ति है। यह आसत्ति मन्दबुद्धि वालों को शीघ्र बोध कराने में सहायक होती है। व्युत्पन्न व्यक्ति तो पदार्थज्ञान होने पर आकाङ्क्षादि के बल से ही बोध कर लेते हैं, आसत्ति को कारण मानने की आवश्यकता नहीं है।

(ई) तात्पर्य

'यह पद अथवा वाक्य इस अर्थ के बोध के लिए उच्चारण करना चाहिये' ऐसी इच्छा तात्पर्य है। सन्देहस्थल में प्रकरणादि को तात्पर्य का निर्णायक माना जाता है। इसीलिए भोजनकाल में 'सैन्धव लाओ' ऐसा कहने पर नमक का और युद्धकाल में घोड़े का ज्ञान होता है। वेद-वाक्यों में ईश्वरीय तात्पर्य की कल्पना करनी चाहिये। यद्यपि प्रकरणादि शक्ति के नियामक होते हैं अतः शक्ति से ही काम चल जाना चाहिये परन्तु 'इस शब्द से दो अर्थों का ज्ञान हो रहा है क्योंकि दोनों में इसकी शक्ति है परन्तु तात्पर्य किस अर्थ में है—यह नहीं मालूम है,' इस अनुभव के आधार पर तात्पर्यज्ञान को भी शाब्दबोध का कारण मानना उचित है।

(६) धात्वर्थ

वैयाकरण-मतानुसार सभी शब्दों का मूल धातु ही है। इसके अर्थ के विषय में पर्याप्त मतभेद हैं :—

मीमांसक-मत—धातु का अर्थ केवल फल है। आख्यात प्रत्यय का अर्थ व्यापार है। आख्यातार्थ व्यापार के प्रति धात्वर्थ फल विशेषण होता है। व्यापारमुख्य-विशेष्यक शाब्दबोध होता हैं। व्यापार=भावना है।

नैयायिक-मत—प्राचीनों के अनुसार धातु का अर्थ केवल व्यापार है फल की प्रतीति तो द्वितीयादि से होती है। नव्यनैयायिक फल एवं व्यापार दोनों को धातु का अर्थ मानते हैं। किन्तु शाब्दबोध में प्रथमान्त पदार्थ ही मुख्य रहता है, धात्वर्थ

विशेषण। आख्यात प्रत्यय का अर्थ कृति [मानस संकल्परूप] है। धात्वर्थ व्यापार आख्यातार्थ कृति में और कृति प्रथमान्तार्थ में विशेषण बनती है।

प्राचीन वैयाकरण-मत—भट्टोजिदीक्षित एवं भूषणकार आदि के मतानुसार धातु के दो अर्थ हैं—(१) फल तथा (२) व्यापार। इन दोनों में पृथक् पृथक् शक्ति है। इन दोनों का अन्वय परस्पर होता है। नैयायिकादिमत में आख्यातपदोपस्थाप्य कृति एवं वर्तमानत्व के परस्पर अन्वय के समान यहाँ फल एवं व्यापार में भी परस्पर अन्वय होना उचित है। कर्तृप्रत्यय एवं कर्मप्रत्यय दोनों स्थलों पर व्यापार-मुख्य-विशेष्यक ही शाब्दबोध होता है। आख्यात—तिङ् के अर्थ कर्ता, कर्म, संख्या एवं काल हैं। संख्या का अन्वय कर्ता तथा कर्म में एवं काल का अन्वय व्यापार में होता है। फल एवं व्यापार में परस्पर अनुकूलत्व—जनकत्व सम्बन्ध है।

नागेश-मत—इनके अनुसार फल एवं व्यापार ये दोनों ही धातु के अर्थ हैं। परन्तु विशिष्ट में शक्ति माननी चाहिये—फल-विशिष्ट व्यापार तथा व्यापार-विशिष्ट फल का बोध होता है। पृथक्-पृथक् शक्ति मानने पर फल एवं व्यापार में उद्देश्य-विधेयभाव से अन्वय होने का प्रसङ्ग आता है। इनके मत में कर्तृप्रत्यय स्थल में व्यापार-मुख्य विशेष्यक तथा कर्म-प्रत्ययस्थल में फलविशेष्यक व्यापार-विशेषणक ही शाब्दबोध होता है। कर्ता तथा कर्म अर्थ वाले उन उन प्रत्ययों के समभिव्याहार को उक्त बोधों में कारण मान लेना चाहिये। अतः व्यवस्था बन जाती हैं।

सिद्ध अथवा असिद्ध जो भी साध्यत्वरूप से अभिधीयमान होता है, क्रमरूप का आश्रय वाला होने से क्रिया कहा जाता है। अन्य क्रिया की आकाङ्क्षा को उठाने वाला वैजात्य जिसमें हैं वह सिद्ध है। जिसमें अन्य क्रिया की आकाङ्क्षा को उठानेवाला वैजात्य न होते हुए कारक की अन्वययोग्यतावच्छेदकधर्मवत्ता है, वह साध्य है। वास्तव में निष्पाद्य होना ही साध्य होना है। फल के व्यधिकरण व्यापार का वाचक धातु सकर्मक तथा फल के समानाधिकरण व्यापार का वाचक अकर्मक होता हैं। कहीं कहीं फलांश की प्रतीति न होने से भी अकर्मक होता है। वास्तव में तो व्याकरण शास्त्र जिनकी कर्मसंज्ञा करता है उन अर्थों के साथ अन्वित अर्थ वाली धातु सकर्मक और अन्वित न होनेवाले अर्थवाली धातु अकर्मक होती है।

(७) आख्यातार्थ

मीमांसक-मत में आख्यात प्रत्यय का अर्थ 'भावना' है। नैयायिक मत में 'कृति' है। और वैयाकरणों के मत में 'कर्ता' तथा 'कर्म' के साथ-साथ 'संख्या' एवं 'काल' ये चार अर्थ हैं।

(क) मीमांसक-मतानुसार शाब्दबोध—चैत्रः तण्डुलं पचति—तण्डुलभाव्यिका

[—तण्डुलसाध्यिका] पाककरणिका चैत्रकर्तृका भावना। कर्म प्रत्यय में भी आख्यातार्थ भावना ही मुख्य विशेष्य रहती है,

(ख) नैयायिकमतानुसार—रामः ग्रामं गच्छति—इस कर्तृ प्रत्यय में—ग्रामाभिन्न-उत्तरदेश-संयोगानुकूलव्यापारानुकूलकृतिमान् रामः। रामेण ग्रामः गम्यते—इस कर्मप्रत्यय में—रामवृत्तिकृतिजन्यगमनजन्यफलशाली ग्रामः यह प्रथमान्तार्थमुख्यविशेष्यक बोध होता है।

(ग) प्राचीन-वैयाकरण-मतानुसार—रामाभिन्नकर्तृकः ग्रामाभिन्नकर्मकः उत्तरदेश-संयोगानुकूलो व्यापारः। रामेण ग्रामः गम्यते—यहाँ भी उक्त व्यापार-मुख्य-विशेष्यक ही शाब्दबोध होता है।

(घ) नागेशमतानुसार—रामः ग्रामं गच्छति—यहाँ कर्तृप्रत्यय में तो उपर्युक्त ही बोध होता है किन्तु रामेण ग्रामः गम्यते—इस कर्म प्रत्यय में फल-मुख्यविशेष्यक बोध होता है—रामकर्तृक-वर्तमान-कालिक-व्यापारजन्यो ग्रामाभिन्नकर्मनिष्ठः संयोगः—यह व्यापारविशेषणक फलविशेष्यक शाब्दबोध होता है।

धात्वप्रत्ययस्थल में कोई अन्तर नहीं है।

(८) निपातार्थ

निपात शब्दों के अर्थ के विषय में नैयायिकों तथा वैयाकरणों का मतभेद है। नैयायिक लोग निपातों को वाचक तथा उपसर्गों को द्योतक मानते हैं। किन्तु वैयाकरण इस भेद को न मानकर सभी की द्योतकता का ही समर्थन करते हैं।

केवल उपसर्ग का प्रयोग नहीं होता है। अतः उसके साथ धातु का प्रयोग होने पर प्रतीयमान अर्थ किसका है—इस विषय में तीन पक्ष हो सकते हैं। जैसे प्रजपति यहाँ प्रकृष्ट जपरूप अर्थ (१) 'प्र' उपसर्ग का है, (२) 'जप' धातु का है अथवा (३) दोनों के समुदाय का है? 'प्र' का अर्थ मानने पर 'प्रभवति' यहाँ भी प्रतीति होने लगेगी। जप का अर्थ मानने पर 'प्र' के अभाव में भी प्रतीति होने लगेगी। समुदित का अर्थ मानने पर अडादि-व्यवस्था में अनुपपत्ति होने लगेगी। अतः यही उचित है कि यह अर्थ धातु का ही माना जाय और उपसर्ग को इसका द्योतक माना जाय। यह द्योतकता 'सक्षात्क्रियते गुरुः' आदि निपात-प्रयोग में भी माननी चाहिये। द्योतकता का अर्थ है—(१) अपने समभिव्याहृत [साथ में प्रयुक्त] पद में रहने वाली वृत्ति का उद्बोधक होना। (२) कहीं-कहीं क्रिया-विशेष का आक्षेपक होना भी द्योतकता है। जैसे 'प्रादेशं विलिखति' यहाँ 'वि' उपसर्ग 'मान' क्रिया का आक्षेपक है 'विमाय लिखति' यह अर्थ होता है। (३) कहीं कहीं सम्बन्ध का परिच्छेदक होना भी द्योतकता है। जैसे—'जपमनु प्रावर्षत्' आदि में कर्मप्रवचनीय शब्दों की होती है। लक्ष्यलक्षणभाव सम्बन्ध प्रतीत होता है।

उपसर्ग एवं निपात दोनों ही द्योतक हैं। अतः इनकी अर्थवत्ता भी द्योत्य अर्थ को ही लेकर है क्योंकि शक्ति, लक्षणा एवं द्योतकता किसी भी एक सम्बन्ध से बोधक होना द्योतक होना है।

इस प्रकरण में निपातविशेष इव, नञ् तथा एव के अर्थों पर भी विचार किया गया है। इव यह निपात उपमानता का द्योतक है। उपमान एवम् उपमेय दोनों में रहने वाले साधारण-धर्मवत्त्वरूप से ईषत् इतरपरिच्छेदक होना उपमानता है। और इसी धर्मवत्ता से परिच्छेद्य होना उपमेयता है। साधारण धर्म का सम्बन्ध कहीं विशेष्यता-रूप से और कहीं विशेषणतारूप से होता है।

नञ् दो प्रकार है—(१) पर्युदास और (२) प्रसज्यप्रतिषेध। इनमें पर्युदास नञ् का द्योत्यार्थ है—आरोपविषयता। आरोपविषयता के द्योतक होने का अर्थ है—नञ् से समभिव्याहृत घटादि पदों का आरोपित प्रवृत्तिनिमित्त की बोधकता में तात्पर्य-ग्राहक होना। अतः 'अब्राह्मणः' आदि में आरोपित-ब्राह्मणत्ववान्, यह अर्थ होता है। अन्य में अन्य के धर्म का आरोप तो आहार्य ज्ञानरूप होता है। सादृश्य और अभाव आदि छह तो नञ् के आर्थिक अर्थ हैं शाब्दिक नहीं।

प्रसज्यप्रतिषेध समस्त एवम् असमस्त दोनों स्थलों पर होता है। इसमें समास स्थल में अत्यन्ताभाव अर्थ होता है तथा असमास-स्थल में अत्यन्ताभाव एवम् अन्योन्या-भाव दोनों अर्थ होते हैं। तादात्म्य सम्बन्ध से भिन्न सम्बन्ध से अभाव अत्यन्ताभाव और तादात्म्य सम्बन्ध का अभाव अन्योन्याभाव होता है। अत्यन्ताभाव विशेष्यतारूप से तिङन्तार्थक्रिया में ही अन्वित होता है।

[इसका विशद विवेचन मूल एवं व्याख्याओं में देखें।]

एव के दो अर्थ हैं (१) अवधारण और (२) असम्भव। यह अवधारण तीन प्रकार का होता है—(१) विशेष्य के साथ एवकार में अन्ययोगव्यच्छेदरूप (२) विशेषण के साथ एवकार में अयोगव्यवच्छेदरूप तथा (३) क्रिया के साथ एवकार में अत्यन्त-अयोगव्यवच्छेदरूप। योग—तम्बन्ध, व्यवछेद—निवृत्ति, अयोग—सम्बन्धाभाव। क्रमशः उदाहरण—(१) पार्थ एव धनुर्धरः, यहाँ अन्य में धनुर्धरत्व का व्यवच्छेद। (२) शङ्खः पाण्डुर एव—यहाँ अयोगव्यवच्छेद—सम्बन्धाभाव की निवृत्ति से पाण्डुरत्व का अव्यभिचरित सम्बन्ध प्रतीत होता है। (३) नीलं सरोजं भवत्येव—यहाँ अतिशयित अयोग—सम्बन्धाभाव की निवृत्ति प्रतीत होती है। अतः नीलत्व गुणवान् से अभिन्न सरोज-कर्तृक सत्ता और कभी कभी अन्य गुण से युक्त सरोज-कर्तृक-सत्ता इसकी भी प्रतीति होती है।

(६) लकारार्थ

लाघव को ध्यान में रखते हुए नैयायिकों ने लकारों के ही अर्थ पर विचार किया

है। परन्तु वैयाकरणों का मत यह है कि 'उच्चारित शब्द ही अर्थ का प्रत्यायक होता है अनुच्चारित नहीं, इस भाष्यकथन के द्वारा तथा लोक में अनुभव होने के कारण लकारों के आदेशभूत तिङ् प्रत्ययों के ही अर्थ मानकर विचार करना चाहिए। आदेशों के अर्थों का स्थानी में आरोप मानकर 'वर्तमाने लट्' [पा. सू. ३।२।१२३] तथा "ल कर्मणि च" [पा. सू. ३।४।६९] आदि सूत्रों की प्रवृत्ति माननी चाहिये।

एकत्वादि-संख्या विशेष वर्तमानत्वादि कालविशेष एवं कर्ता तथा कर्म कारक—ये लकारादेश तिङ् के सामान्य अर्थ हैं, सर्वत्र होते हैं। (१) लट् के आदेश का वर्तमान काल, शप् आदि के समभिव्याहार में कर्ता, (२) यक् एवं चिण् के समभिव्याहार में भाव एवं कर्म तथा (३) दोनों के समभिव्याहार में एकत्वादिसङ्ख्या अर्थ होता है। तिङ् समभिव्याहार में तिङर्थसङ्ख्या तिङर्थकारक में विशेषण होती है। किन्तु काल तो धात्वर्थ व्यापार में ही विशेषण होता है। तिङर्थ कर्ता व्यापार में और तिङर्थ कर्म फल में विशेषण होता है।

प्रारब्ध किन्तु अपरिसमाप्त क्रिया से उपलक्षित [आश्रय] होना वर्तमान होता है। लिट् तिङ् का भूत अनद्यतन एवं परोक्षत्व यह अधिक अर्थ है। परोक्षता कारक का विशेषण है क्रिया का नहीं। 'साक्षात् क्रिया' ऐसी विषयता वाले ज्ञान का विषय न होना—भूत होना है। वर्तमान प्रागभाव की प्रतियोगिनी क्रिया से उपलक्षित होना भविष्यत् होता है। लेट् तिङ् का अर्थ विधि आदि है। यह वैदिक लकार है। लोट् तिङ् तथा लिङ् तिङ् का भी विधि आदि अर्थ होता है। विधि, निमन्त्रण, आमन्त्रण, अधीष्ट तथा सम्प्रश्न इन सभी की प्रवर्तनात्वरूप से प्रतीति माननी चाहिये। और प्रवृत्तिजनक ज्ञान की विषयता की अवच्छेदक प्रवर्तना होती है। और यह इष्टसाधनता का ही होता है। अतः इसे ही लिङ् का अर्थ मानना चाहिये। वर्तमान ध्वंस की प्रतियोगिभूत क्रिया से उपलक्षित होना भूत होता है। क्रिया की अतिपत्ति—अनिष्पत्ति तथा हेतुहेतुमद्भाव गम्यमान रहने पर भूतत्व एवं भविष्यत्त्व लृङ् के तिङ् का अर्थ होता है।

नैयायिक मत में लकार का अर्थ कृति—यत्न है। मीमांसकों के मत में व्यापार= भावना अर्थ है। लाघव के आधार पर यत्नत्व को ही शक्तावच्छेदक मानना चाहिये। लकारों में ही शक्ति है तिङ् में नहीं। अतीत, अनागत एवं वर्तमान काल भी लकारों का अर्थ है। लिङ्, लेट्, लोट् का अर्थ विधि है। वर्तमानध्वंस-प्रतियोग्युत्पत्तिकत्व भूतत्व है। वर्तमान प्रागभावप्रतियोग्युत्पत्तिकत्व भविष्यत्त्व है।

लिङ् का अर्थ विधि है। भट्ट-मतानुयायी इसे प्रवर्तना और प्रभाकरानुयायी 'कार्य' मानते हैं। प्रवर्तक ज्ञान का विषय विधि है—यह नैयायिक मानते हैं। और (१) कृतिसाध्यत्व (२) इष्टसाधनत्व और (३) बलवान अनिष्ट का अननुबन्धित्व

=अजनकत्व—इन तीनों का ज्ञान प्रवर्तक होता है। कुछ लोग इन तीनों के समुदाय में एक ही शक्ति मानते हैं और कुछ लोग अलग-अलग तीनों में शक्ति मानते हैं। नञ्-समभिव्याहार में अनिष्टजनकता की प्रतीति होती है। [विशेष व्याख्यान मूल एवं व्याख्याओं में देखें।]

(१०) कारकार्थ

कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान और अधिकरण ये छह् कारक हैं। क्रिया का निष्पादक—जनक होना कारकत्व होता है। यह छहों में रहता है। दीक्षितादि ने क्रियान्वयी होना कारक माना है। कुछ लोगों ने क्रिया का निमित्त होना कारकत्व माना है, वह ठीक नहीं है क्योंकि 'चैत्रस्य तण्डुलं पचति' यहाँ सम्बन्धी चैत्र में अति-व्याप्त होने लगेगा; क्योंकि अनुमति आदि के प्रकाशन द्वारा सम्प्रदान के समान तण्डुलादि द्वारा सम्बन्धी चैत्र भी क्रिया का निमित्त हो जाता है।

प्रकृतधातु के वाच्य व्यापार का आश्रय होना कर्ता होना है। अन्य कारकों का व्यापार प्रकृतधातु का वाच्य नहीं होता है। प्रकृत धात्वर्थ प्रधानीभूत व्यापार के प्रयोज्य प्रकृत धात्वर्थ फल के आश्रयत्वरूप से उद्देश्य होना कर्म होना है। यही ईप्सिततम है। भिन्न-भिन्न लक्ष्यों के अनुसार इस कर्मलक्षण में संशोधन कर लिया जाता। [इसके लिए मूल एवं व्याख्यायें देखें।]

नैयायिकों के अनुसार धात्वर्थतावच्छेदक-व्यापारव्यधिकरण-फलशाली होना कर्म होता है।

स्वनिष्ठव्यापार के अव्यवधान से फल का निष्पादक होना करण होता है। यही साधकतम है।

क्रियामात्र के कर्म के सम्बन्ध के लिये क्रिया में उद्देश्य होना सम्प्रदान होना है। सम्प्रदान चतुर्थी का अर्थ उद्देश्य है। अकर्मक क्रिया का उद्देश्य होना भी सम्प्रदानत्व है। अतः 'पत्ये शेते' में उपपत्ति हो जाती है।

उन उन कर्ताओं में समवेत [—समवायसम्बन्ध से वर्तमान] उन उन क्रियाओं से जन्य, प्रकृतधातु के अवाच्य विभाग का आश्रय होना अपादान होना है। इसे ही अवधि होना कहा जाता है। यहाँ भाष्यादि के आधार पर विभाग को वास्तविक सम्बन्धपूर्वक ही लेने का आग्रह नहीं है, बुद्धिपरिकल्पित सम्बन्धपूर्वक भी विभाग लिया जाता है। इसीलिए 'माथुराः पाटलिपुत्रकेभ्य आढ्यतराः' यह भाष्यप्रयोग संगत है। और 'चैत्रात् सुन्दरः मैत्रः' यह लोकव्यवहार है। कहीं अनुपपत्ति रहने पर शब्दरूप उपाधि का आश्रयण कर लेना चाहिये। पञ्चमी का अर्थ अवधि है।

कर्ता के माध्यम से व्यापार का आधार होना और कर्म के माध्यम से फल का आधार होना अधिकरण होना है। आधार-भेद से अधिकरण तीन प्रकार का होता

है—(१) अभिव्यापक (२) औपश्लेषिक और (३) वैषयिक। इनमें अभिव्यापक आधार मुख्य है। गौण आधार की भी अधिकरण संज्ञा होती है।

ज्ञापक क्रिया के आश्रय के वाचक से होनेवाली सप्तमी 'सति सप्तमी' हैं, इसका अर्थ हैं—अन्य क्रिया का ज्ञापक होना।

कर्मादि कारक तथा प्रातिपदिकार्थ से भिन्न जो स्व-स्वामिभाव आदि सम्बन्ध होते हैं वे षष्ठी के अर्थ हैं। इस सम्बन्ध के उभयनिष्ठ होने पर भी विशेषणवाचक से ही षष्ठी की उत्पत्ति होती है क्योंकि सम्बन्ध अर्थ प्रधान है तथा 'प्रकृति एवं प्रत्यय के अर्थों में प्रत्ययार्थ ही प्रधान होता है,' यह व्युत्पत्ति है। अतः 'राजसम्बन्धी पुरुष' इस विवक्षा में राजशब्द से ही षष्ठी उचित है। राजा की विशेष्यता में 'पुरुषस्य राजा' यह भी होता ही है।

(११) नामार्थ

नाम—प्रातिपदिक शब्द के अर्थ के विषय में मतभेद है। मीमांसकमतानुसार जाति अर्थ में ही नाम की शक्ति माननी चाहिये क्योंकि जाति एक है अतः लाघव है। व्यक्ति में शक्ति मानने पर अनन्तता और व्यभिचार दो दोष आते हैं। काल एवं देश के भेद से व्यक्तियों के अनन्त होने से प्रथम दोष है। गृहीतशक्तिक से भिन्न का बोध नहीं होना चाहिए किन्तु होता है अतः कारणाभाव में कार्यरूप व्यभिचार है। 'नागृहीतविशेषणा बुद्धिर्विशेष्ये उपजायते' इस नियम का तात्पर्य हैं विशेषण—जाति अंश में शक्ति और विशेष्य में लक्षणा। जातिपक्ष का समर्थन 'जात्याख्यायामेकस्मिन्' [पा० सू० १।२।५८] 'सवर्णेऽण्ग्रहणमपरिभाष्यम्, आकृतिग्रहणात् सिद्धम्" यह "सरूपाणामेकशेष एकविभक्तौ [पा०सू० १।२।६४] इस सूत्र का महाभाष्य और "आकृतिं वाजप्यायनः" यह भाष्य करता है।

मीमांसकों का उपर्युक्त मत ठीक नहीं है क्योंकि व्यक्तियों के अनन्त होने पर भी शक्यतावच्छेदक जाति के उपलक्षण होने से और उस जाति के एक होने से उस जाति से उपलक्षित व्यक्ति में शक्ति मान लेने से अनन्त शक्ति की कल्पना नहीं करनी है। लक्ष्यतावच्छेदकतीरत्व आदि के समान शक्यतावच्छेदक [जाति] के वाच्य न होने पर भी दोष नहीं है। और जाति के उपलक्षक होने से उस जाति के आश्रय समस्त व्यक्तियों का बोध हो जाने से अन्य व्यक्ति के बोध न होने का प्रसङ्ग नहीं आता है।

शक्तिग्राहकों में व्यवहार प्रमुख है। वह व्यक्ति में ही शक्तिग्रह करवाता है; क्योंकि लोक में 'गामानय' आदि वाक्यों से व्यक्ति में ही शक्तिग्रह होता है।

नैयायिक-मत में जाति-आकृति-विशिष्ट व्यक्ति अर्थ होता है। इसका मूल है 'जात्याकृतिव्यक्तयस्तु पदार्थः [न्या०सू० २।२।६८] गौतमसूत्र।

नागेश का मत है कि "न हि आकृति-पदार्थकस्य द्रव्यं न पदार्थः" इस "सरूपाणाम्०" [पा० सू० १।२।६४] सूत्रस्थ भाष्यवचन से जातिविशिष्ट व्यक्ति

अथवा व्यक्तिविशिष्ट जाति अर्थ ही मानना उचित है। पाणिनि-मत में दोनों अर्थ है क्योंकि "जात्याख्यायाम्" [पा० सू० १।२।५८] सूत्र से जाति और "सरूपाणामेकशेष" [पा० सू० १।२।६४] से व्यक्ति अर्थ सिद्ध होता है। [विशेष विवेचन लघुमञ्जूषा में देखना चाहिये।]

जाति एवं व्यक्ति के साथ साथ लिङ्ग भी नाम—प्रातिपदिक का अर्थ है क्योंकि वाक्, उपानत् आदि शब्दों में बिना प्रत्यय के स्त्रीत्व का बोध होता है। इसी प्रकार संख्या भी नामार्थ है, विभक्ति द्योतक होती है। इसीलिए "आदिर्ञिटुडवः" [पा० सू० १।३।५] यह सूत्र संगत होता है।

कारक भी नामार्थ है। क्योंकि 'दधि तिष्ठति' 'दधि पश्य' आदि में विभक्तियों के न होने पर भी कर्तृत्व एवं कर्मत्व की प्रतीति होती है। ऐसे स्थलों में लुप्त प्रत्यय के स्मरण से लिङ्ग, संख्या एवं कारक की प्रतीति का उपपादन कठिन है; क्योंकि लोप न जानने वाले को भी बोध होते देखा जाता है।

वैयाकरणों का मत है कि शब्द भी शाब्दबोध में भासित होता है। विशेषणतया इसकी प्रतीति होती है। 'युधिष्ठिर आसीत्' आदि में 'युधिष्ठिर-पदवाच्यः कश्चिद् आसीत्' यह बोध होता है। 'विष्णुमुच्चारय' आदि में विष्णु शब्द की ही प्रतीति होती है। इसीलिये अनुकरण से अनुकार्य शब्दस्वरूप की प्रतीति होती हैं। शब्द में बोधकत्व एवं बोध्यत्व ये दो शक्तियाँ रहती हैं। अतः शब्द को भी अपने बोध का विषय मानना उचित है। ज्ञानमात्र में शब्द का भान होता है।

(१२) समासादिवृत्त्यर्थ

समास, कृत्, तद्धित, एकशेष और सनाद्यन्त-धातुरूप—ये पाँच वृत्तियाँ होती हैं। नागेश एकशेष को वृत्ति नहीं मानते हैं, क्योंकि 'परार्थ से अन्वित स्वार्थ का उपस्थापक होना रूप वृत्तित्व' एकशेष में नहीं होता है।

अर्थ के अनुसार वृत्ति के दो भेद होते हैं—(१) जहत्स्वार्था एवम् (२) अजहत्स्वार्था। अवयवार्थ के प्रति निरपेक्ष होते हुए समुदाय के अर्थ की बोधक होना जहत्स्वार्था है। अवयवार्थ-संवलित समुदाय के अर्थ की बोधक होना अजहत्स्वार्था है। 'रथन्तरम्' तथा 'शुश्रूषा' आदि शब्दों में अवयवार्थ [रथकरणकतरणकर्तारूप तथा श्रवणकर्मक इच्छारूप] की प्रतीति नहीं होती है। अतः ऐसे उदाहरण जहत्स्वार्था के हैं। और 'राजपुरुषः' आदि में अजहत्स्वार्था है क्योंकि यहाँ अवयवार्थ की भी प्रतीति होती है।

'समर्थः पदविधिः' [पा० सू० २।१।१] यहाँ सामर्थ्य दो प्रकार का है—(१) एकार्थीभावरूप और (२) व्यपेक्षारूप। वैयाकरण एकार्थीभाव को और नैयायिक तथा मीमांसक व्यपेक्षा—परस्पराकांक्षा को सःमर्थ्य मानते हैं।

नैयायिक एवं मीमांसक व्यपेक्षावादी हैं। ये समास में विशिष्ट अर्थ में विशिष्ट समुदाय की शक्ति नहीं मानते हैं। समुदाय में शक्ति, सम्बन्ध की प्रतीति के लिए ही है। यह प्रतीति राजपद की राजसम्बन्धी में लक्षणा करने पर भी हो जाती है। '––राजसम्बन्धवान् से अभिन्न पुरुष' यह बोध हो जाता है। इसलिए 'राजा पदार्थैक-देश होता है, उसमें 'ऋद्धस्य' आदि विशेषण का अन्वय नहीं होता है। इसी प्रकार 'घनश्यामः' 'निष्कौशाम्बिः' आदि में 'इव' तथा 'क्रान्त' आदि पदों के प्रयोग का प्रसङ्ग नहीं आता है क्योंकि लक्षणा द्वारा ही इन अर्थों के उक्त हो जाने से इनके वाचक शब्दों के प्रयोग की आवश्यकता नहीं है। लक्ष्यानुरोध से उत्तरपद अथवा पूर्वपद में लक्षणा मानी जाती है। अतः विशिष्ट––समुदाय की विशिष्ट अर्थ में शक्ति मानने की आवश्यकता नहीं है।

वैयाकरण विशिष्टशक्तिवादी हैं। ये समुदाय में शक्ति मानकर उसीसे विशिष्ट अर्थ का बोध मानते हैं। समास––समुदाय में शक्ति न स्वीकार करने पर उस समुदाय की अर्थवत्ता न होने के कारण "अर्थवद्" [पा० सू० १।२।४५] सूत्र से प्रातिपदिक संज्ञा नहीं हो सकती।

समास में शक्ति न मानने पर, उस समुदाय का अर्थ न होने पर 'शक्य-सम्बन्धरूप' लक्षणा भी नहीं हो सकती है। अतः लाक्षणिक अर्थवत्ता भी न होने से प्रातिपदिकत्व का उपपादन सर्वथा असम्भव है। उस संज्ञा के न होने पर सु आदि की उत्पत्ति नहीं हो सकेगी और फलस्वरूप पदसंज्ञा नहीं हो सकेगी। अतः 'अपदं न प्रयुञ्जीत' इस नियम से उन समस्त पदों का प्रयोग ही नहीं हो सकेगा। इसलिये प्रातिपदिक संज्ञारूप कार्य ही अर्थवत्ता का अनुमान कराता है––समास अर्थवान् है, प्रातिपदिक होने के कारण, जो अर्थवान् नहीं होता वह प्रातिपदिक नहीं होता, जैसे अभेदानुकरणविव-क्षापक्ष में 'भू सत्तायाम्' आदि।

समासादि में 'विशेषण का योग न होना, लिङ्ग एवं संख्या का योग न होना' इसके लिए व्यपेक्षावादियों को नवीन अतिरिक्त वचनों की कल्पना करनी पड़ती है। वैया-करणों के मत में तो एकार्थीभाव मान लेने से अवयवों का अर्थ न होने से विशेषणादि का योग न होना न्यायसिद्ध है, इसके लिये अतिरिक्त वचन की आवश्यकता नहीं है। इसी प्रकार व्यपेक्षावादियों को 'घटपटौ' 'घनश्यामः' आदि में 'च' 'इव' आदि का निषेध करना होगा। वैयाकरणमत में विशिष्ट में ही शक्ति मानने के कारण उनका प्रयोग ही नहीं प्राप्त होता है। इस प्रकार अनेक दोष एवं गौरव होने के कारण व्यपेक्षावाद न मानकर एकार्थीभाव मानना तर्कसंगत है। वैयाकरणों का यही सिद्धान्त है।

—:०:—

परमलघुमञ्जूषा

॥ श्रीः ॥

परमलघुमञ्जूषा

'भावप्रकाशिका' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेता



शिवं नत्वा हि नागेशेनानिन्द्या परमा लघुः ।
वैयाकरणसिद्धान्तमञ्जूषैषा विरच्यते ॥ १ ॥

विश्वेशं शारदां ढुण्ढि कपीशं च शनैश्चरम् ।
गुरून् नत्वारभे व्याख्यामिमां भावप्रकाशिकाम् ॥ १ ॥
मीमांसकैस्तर्कधुरन्धरैश्च नैयायिकैः शाब्दिकशास्त्रसिद्धान् ।
सन्दूषितान् साधयितुं पदार्थान् व्याख्यामुखेनैष मम प्रयत्नः ॥ २ ॥

"मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यानि मङ्गलान्तानि च शास्त्राणि प्रथन्ते" इति महाभाष्यादि - स्मृति - शिष्टाचारानुमितसिद्धाऽऽचरणकं ग्रन्थनिर्विघ्नसमाप्ति - तत्प्रचारादि-प्रतिबन्धकं मङ्गलं शिष्यशिक्षायै व्याख्यातृश्रोतृणामनुषङ्गतो मङ्गलाय च ग्रन्थादौ विलिखन्नागेशभट्टो वैयाकरणः प्रेक्षावतां प्रवृत्तयेऽनुबन्धचतुष्टयमपि निरूपयति—शिवं नत्वेति । शिवं=महेश्वरम्, 'विद्यामिच्छेत्तु शङ्करादि'ति वचनात् पाणिनीयव्याकरणस्य माहेश्वरसूत्रमूलकत्वाच्च शिवस्य नमनमुचितम् । अथवा अन्यत्रेवात्रापि शिवभट्टनामकं पितरमित्यर्थः । नत्वा = प्रणम्य, नागेशेन=नागोजिभट्टेतिनामकेन विदुषा, अनिन्द्या=दोषरहितत्वेनानिन्दनीया, परमा लघुः=अत्यन्तं लघ्वी, (लघुत्वञ्च शब्दाल्पत्वेन, तेनार्थगौरवमव्याहतमेव), एषा = बुद्धिविषयत्वेन विद्यमाना, वैयाकरण-सिद्धान्त-मञ्जूषा = वैयाकरण-सिद्धान्तानां मञ्जूषेव तन्नाम्ना प्रसिद्धा कृतिः, विरच्यते = विलिख्यते ।

मङ्गललक्षणन्तु—विघ्नभिन्नत्वे सति विघ्नध्वंसप्रतिबन्धकाभावभिन्नत्वे सति प्रारिप्सित (ग्रन्थादि)—विघ्नध्वंसाऽसाधरणकारणत्वम् । विघ्नेऽतिव्याप्तिवारणाय—विघ्नभिन्नत्वे सतीति, विघ्नस्यापि स्वध्वंसाऽसाधारणकारणत्वात् । विघ्नध्वंसप्रतिबन्धकाभावेऽतिव्याप्तिवारणाय—विघ्नध्वंसप्रतिबन्धकाभावभिन्नत्वे सतीति । कारीरीयागे-

ऽतिव्याप्तिवारणाय—प्रारिप्सितेति, तस्यापि विघ्नभिन्नत्वाद् विघ्नध्वंसप्रतिबन्धकाभावभिन्नत्वाद्, वृष्टिप्रतिबन्धकानां विघ्नानां यो ध्वंसस्तस्यासाधारणकारणत्वाच्च। ईश्वरादिसाधारणकारणेऽतिव्याप्तिवारणाय—असाधारणेति। कार्यमात्रं प्रति ईश्वरतज्ज्ञानादीनां साधारणकारणत्वात्।

ननु मङ्गलं विघ्नध्वंसं प्रति न कारणम्, कादम्बर्यादौ बहुमङ्गलसत्त्वेऽपि ग्रन्थसमाप्त्यदर्शनात्, विनापि मङ्गलं नास्तिकादीनां ग्रन्थेषु निर्विघ्नपरिसमाप्तिदर्शनादितिचेन्न; अविगीतशिष्टाचारविषयत्वेन मङ्गलस्य सफलत्वे सिद्धे सम्भवति दृष्टफलकत्वेऽदृष्टफलकल्पनाया अन्याय्यत्वाद् उपस्थितत्वाच्च समाप्तेरेव तत्फलत्वेन कल्पनीयत्वात्। एवञ्च यत्र मङ्गलादर्शनं तत्रापि जन्मान्तरीयं तत्कल्पनीयम्; यत्र च सत्यपि मङ्गले समाप्त्यभावो दृश्यते तत्र बलवत्तरो विघ्नो विघ्नप्राचुर्यं वा बोध्यमिति दिक्।

ननु श्रुत्यादौ शिवस्य निर्गुणत्वदर्शनात् नमस्कारस्य च सगुणत्वप्रयोजकत्वात् शिवकर्मकं नमनमसङ्गतमिति चेन्न; (प्रलये जगत्) शेतेऽस्मिन्निति व्युत्पत्त्या शिवस्यापि सगुणत्वसिद्धत्वात्। किञ्च, श्लेषेण स्वपितुः शिवभट्टस्यापि बोधनात्, तत्कर्मकनमनस्योचितत्वात्।

नत्वेति—नम् धात्वर्थश्च—स्व (=नमस्कर्तृ)-निष्ठापकृष्टतानिरूपितोत्कृष्टताविशिष्टबोधानुकूलो व्यापारः। वैशिष्ट्यञ्च—स्ववृत्तिविषयतानिरूपकत्व—स्वविषयकबोधीयविषयताश्रय समवायित्वैतदुभयसम्बन्धाभ्याम्। स्वम्=उत्कृष्टत्वम्, प्रथमसम्बन्धे प्रकारताख्या विषयता, द्वितीयसम्बन्धे च विषयः प्रकाररूपः, विषयता च विशेष्यताख्या ग्राह्या, बोधश्च नमस्कार्यनिष्ठः। व्यापारश्चात्र—करशिरःसंयोग-कर-सम्बलनादिरूपः, नम्धातूच्चारणादिरूपश्चेत्यन्यत्र विस्तरः।

ननु— आत्मनाम गुरोर्नाम नामातिकृपणस्य च।
श्रेयस्कामो न गृह्णीयाज्ज्येष्ठापत्यकलत्रयोः॥ [स्मृतिः]

इति निषेधस्य सत्वान्नागेश इति स्वनामोच्चारणं प्रामादिकमिति चेन्न; न गृह्णीयाद् इत्यस्य नोच्चारयेदित्यर्थकत्वेन लेखने दोषाभावात्, "रामो द्विर्नाभिभाषते," "मनुरब्रवीत्", "कर्मण्यपि जैमिनिः फलार्थत्वात्" (जै० सू० ३।१।४) इत्यादिप्रयोगदर्शनेनात्रापि अनौचित्याभावाच्च। अन्यकर्तृकत्वनिरासार्थं स्वनामोल्लेखनस्यावश्यकत्वाच्चेति बोध्यम्।

अनिन्द्येति—अत्र ग्रन्थे सारभूतसिद्धान्तानामुपस्थाप्यतया परैरपि अनिन्दनीयत्वेनास्य ग्रन्थस्यापि अनिन्दनीयत्वं बोध्यम्।

परमालघुः—लघुत्वञ्चात्र शब्दाल्पत्वरूपम्। परमात्वं च अनपेक्षितप्रतिपादनपरित्यागरूपम्। एवञ्चात्र सर्वथोपयोगिविषया एवाल्पशब्दैः गभीरभावप्रतिपादकैर्नि-

रूपिताः। वैयाकरणेति—व्याक्रियते=व्युत्पाद्यते=प्रकृतिप्रत्ययविभागतत्तदर्थविभाग-तत्तदन्वयबोधविषयकज्ञानम् अनेनेति-व्याकरणम्=शब्दानुशासनशास्त्रम्। प्रकृतिप्रत्ययादि-विभाग-तत्तदर्थविभाग-तत्तदन्वयबोध (=शाब्दबोध-) विषयकपदार्थज्ञानरूपा या व्युत्पत्तिस्तत्साधनं शास्त्रं व्याकरणमुच्यते। एवञ्च—व्याकृतिः=व्युत्पत्तिरिति समानार्थकम्। वि-आङ्पूर्वकात् कृधातोः करणे ल्युटि—व्याक्रियन्ते शब्दा अनेनेति व्याकरणम्। व्याकरणमधीयते विदन्ति वा—इति वैयाकरणाः। "तदधीते तद्वेद" (पा० सू० ४।२।५९) इत्यनेन व्याकरणशब्दात् तदध्ययनकर्तरि तज्ज्ञानकर्तरि वार्थेऽणि, "न व्याभ्याम्०" (पा० सू० ७।३।३) इति ऐजागमे सिद्ध्यति वैयाकरण इति। तेषां सिद्धान्ताः—सिद्धाः=प्रमाणैर्निर्णीताश्च तेऽन्ताः=अर्था इति सिद्धान्ताः प्रमाणतो निर्णीतार्थाः इति यावत्। यद्वा सिद्धः=निष्पन्नोऽन्तः=निश्चयो येषामर्थानां ते सिद्धान्ताः=निश्चितार्थाः इति यावत्, तेषां मञ्जूषा। यथा कश्चित् मञ्जूषायां मणि-मुक्तादि-बहुमूल्यानि रत्नानि स्थापयति तथैव नागेशभट्टोऽपि अत्र ग्रन्थे व्याकरणशास्त्रीय-सिद्धान्तरत्नानि स्थापयति। ये जिज्ञासवः ते प्रतिभाख्यया कुञ्जिकया समुद्घाट्य विलोकयन्तु गृह्णन्तु चेति भावः। एषेति—ननु सिद्धस्यैव पदार्थस्य समीपवर्तित्वसम्भवेन मञ्जूषायाश्च भाविनीत्वेन समीपतरवर्तिपदार्थबोधकैतदा शब्देन बोधासम्भवेन—एषा—इति निर्देशासङ्गतिरिति चेन्न; भाविन्या अपि मञ्जूषाया ग्रन्थकर्त्रा स्वबुद्धिविषयीकृतत्वेन समीपतरवर्तितया एतद्-शब्देन बोधनस्यौचित्यात्। सत्कार्यवादानुसारं पूर्वमपि सत्ताया अक्षतेः; ग्रन्थकारेण सर्वपदार्थानां बुद्धिदेशस्थत्वस्य बहुभिस्तर्कैः प्रमाणैश्च साधितत्वाच्चेति दिक्। विरच्यते—विपूर्वकाद् रच् धातोश्चुरादित्वात् स्वार्थेणिचि कर्मणि "वर्तमानसामीप्ये वर्तमानवद्वा" (पा० सू० ३।३।१३१) इति सूत्रेण भविष्यति लटि रूपं बोध्यम्। "वर्तमाने लट्" (पा० सू० ३।३।१२३) इति लट् तु न, मङ्गल-निर्माणकाले मञ्जूषायाः निर्माणस्याभावेन वर्तमानत्वाभावात्। मङ्गलस्यापि ग्रन्थ-घटकत्वे तु वर्तमाने एव लट् बोध्यः। यद्यपि रच प्रतियत्ने इति पाठात् रच् धातुः प्रतियत्नार्थकः। प्रतियत्नश्च सिद्धे वस्तुनि गुणाधानम् इति प्रकृते सिद्धायां मञ्जूषायां गुणाधानस्याभावेन 'विरच्यते' इति प्रयोगो न सङ्गच्छते तथापि धातूनामनेकार्थत्वात् तत्र तत्र साहित्यादौ रचनाशब्दस्य शब्दविन्यासादिरूपार्थे प्रयोगदर्शनाच्च 'निर्मीयते' इत्यर्थेऽपि तत्प्रयोगस्य असङ्गत्यभावादिति बोध्यम्।

सिद्धार्थं ज्ञातसम्बन्धं श्रोतुं श्रोता प्रवर्तते।
शास्त्रादौ तेन वक्तव्यः सम्बन्धः सप्रयोजनः॥
सम्बन्धश्चाधिकारी च विषयश्च प्रयोजनम्।
विनानुबन्धं ग्रन्थादौ मङ्गलं न प्रशस्यते॥

इति वृद्धोक्त्या ग्रन्थादौ श्रोतृप्रवृत्तये प्रयोजनाद्यनुबन्धचतुष्टयं वक्तव्यम्। अत्र

च तत् "शिवं नत्वे"ति पद्येन नमस्कारात्मकं मङ्गलं कुर्वन् 'वैयाकरणसिद्धान्त-मञ्जूषैषा—' इत्यनेन सूचितम्। अत्र (१) विषयः—वैयाकरण–सिद्धान्तः, (२) अधिकारी—तज्जिज्ञासुः (३) प्रयोजनं—तज्ज्ञानम्, (४) सम्बन्धः—प्रयोजन-ग्रन्थयोः साध्यसाधनभावः।

मङ्गलाचरण—श्री शिव जी [भगवान् शङ्कर अथवा अपने पिता शिवभट्ट] को प्रणाम करके नागेश भट्ट अनिन्दनीय [अन्य शास्त्रकारों द्वारा आलोचना की अविषय] इस परमलघुवैयाकरणसिद्धान्तमञ्जूषा [वैयाकरण-सिद्धान्त-परमलघु-मञ्जूषा] का प्रणयन करते हैं।

विमर्श—नागेश भट्ट व्याकरणशास्त्र की सभी धाराओं पर अपनी योग्यता प्रदर्शित करने वाले अपूर्व प्रतिभाशाली वैयाकरण थे। व्याकरण-दर्शन से सम्बद्ध ग्रन्थों में इन्होंने सर्वप्रथम वैयाकरण-सिद्धान्तमञ्जूषा, जो गुरुमञ्जूषा भी कही जाती है, का प्रणयन किया था। अन्य शास्त्रकारों के मतों का खण्डन करके व्याकरण-सम्प्रदाय-सम्मत सिद्धान्तों का प्रतिपादन करना इस ग्रन्थ का उद्देश्य प्रतीत होता है। गुरु-मञ्जूषा का प्रणयन इनकी युवावस्था में किया गया प्रतीत होता है। विभिन्न शास्त्रकारों के मतों के सम्यक् अध्ययन एवं चिन्तन के उपरान्त लघुमञ्जूषा की रचना की है। यह इनकी प्रौढ़ावस्था की कृति है। इनके चिरस्थायी यश के लिये यह एक कृति ही पर्याप्त है। इसमें स्थल स्थल पर इनकी अतुलनीय प्रतिभा के दर्शन होते हैं। प्रायः प्रत्येक विषय में नवीन सिद्धान्त स्थापित करना या नवीन रीति से व्याख्या करना इनकी एक महती विशेषता लघुमञ्जूषा के अनुशीलनकर्ताओं को इनकी प्रशंसा करने को बाध्य कर देती है। अपनी प्रथम कृति से भेद स्थापित करने के लिये इन्होंने इसमें 'लघु' यह विशेषण दिया है। इसलिये उत्तरवर्त्ती विद्वानों ने प्रथम कृति के साथ 'गुरु' यह विशेषण जोड़कर 'गुरुमञ्जूषा' कहना प्रारम्भ कर दिया है। इसका मूल वैद्यनाथ की कला टीका में अनेक स्थलों पर 'गुरुमञ्जूषायाम्, गुरु-मञ्जूषादौ' आदि उल्लेख हैं।

यद्यपि नागेश ने द्वितीय कृति को लघुमञ्जूषा कहा है परन्तु इसकी विपुलता और प्रौढ़ता वैयाकरणों से छिपी नहीं है। यह खेद का विषय है कि इस सम्पूर्ण ग्रन्थ का प्रकाशन लगभग १६०० पृष्ठों में एक ही बार चौखम्बा संस्कृत सीरीज से हुआ है। इसकी रचना करके भी नागेश भट्ट को यह असन्तोष ही रहा होगा कि सामान्य विद्वानों के लिये व्याकरण-दर्शन का ग्रन्थ नहीं है। इसीसे इन्होंने अत्यन्त सारभूत विषयों का विवेचन करने के लिये प्रस्तुत कृति 'परमलघुमञ्जूषा' का प्रणयन किया। यह प्रथम कृतिद्वय का सङ्क्षेपमात्र ही नहीं है। इस में भी यत्र तत्र नवीन विचारों की झलक मिलती ही है।

[स्फोटनिरूपणम्]

तत्र वर्णपदवाक्यभेदेन स्फोटस्त्रिधा। तत्रापि जातिव्यक्तिभेदेन पुनः षोढा। अखण्डपदस्फोटोऽखण्डवाक्यस्फोटश्चेति सङ्कलनयाऽष्टौ स्फोटाः।

नैयायिकाः वैखरीध्वनीनामेव वाचकत्वं प्रतिपादयन्ति शब्दानामनित्यत्वञ्च निरूपयन्ति। मीमांसकाः शब्दानां नित्यत्वं स्वीकुर्वन्तोऽपि ध्वनिरूपत्वमेव तेषां साधयन्ति। किन्तु वैयाकरणाः ध्वनिव्यतिरिक्तं स्फोटात्मकमेव शब्दं स्वीकुर्वन्ति, यतो हि "योग्यविभुविशेषगुणानां स्वोत्तरवर्तियोग्यविभुविशेषगुणनाश्यत्वनियमः" इति सिद्धान्तानुसारं प्रथमशब्दस्य द्वितीयशब्देन नाश आवश्यकः। एवञ्च वर्णरूपप्रकृतिप्रत्ययानामाशुतरविनाशित्वात् तत्र शक्तिग्रहस्यासम्भवात् तेषां वाचकत्वं दुर्लभमिति व्याकरणशास्त्रस्य शक्तिग्राहकत्वमपि सर्वथाऽसम्भवमिति शङ्कानिरासाय नित्यस्य वैखरीध्वनिव्यङ्ग्यस्य स्फोटात्मकशब्दस्यैव वाचकत्वमिति सिद्धान्तयिष्यन् पूर्वं तद्भेदान् निरूपयति—तत्रेति—विवेचयिष्यमाणेषु स्फोटभेदेषु। वर्णेति—वर्णस्फोटः, पदस्फोटः, वाक्यस्फोट इति त्रयो भेदाः। तत्रापीति—त्रिविधेष्वपि स्फोटेष्वित्यर्थः। जातीति—वर्णजातिस्फोटः, पदजातिस्फोटः, वाक्यजातिस्फोटश्चेति पुनस्त्रयो भेदाः। एवञ्च सम्मेलनेन षड्विधः स्फोटः सम्पद्यते। सखण्डस्फोटाङ्गीकारे गौरवात् अखण्डपदस्फोटः अखण्डवाक्यस्फोटश्चेति अष्टभेदाः भवन्ति। अत्र वर्णपदेन प्रकृतिप्रत्ययाः गृह्यन्ते इति बोध्यम्। स्फोटस्य द्विविधा व्युत्पत्तिरङ्गीक्रियते—(१) स्फुटति=प्रकाशते, अवगम्यतेऽर्थोऽनेनास्मादवेति व्युत्पत्त्या—अर्थविषयकोपस्थितिजनकतावच्छेदकीभूतशक्तिमत्त्वं स्फोटत्वमिति भावः। (२) स्फुट्यते=अभिव्यज्यते वर्णैरिति स्फोट इति व्युत्पत्त्या वैखरीध्वनीनां व्यञ्जकत्वं स्फोटस्य च व्यङ्ग्यतेति सिद्ध्यति। विस्तरस्तु यथावसरेऽग्रे भविष्यति।

स्फोट के भेद

उन [आगे विवेचित होने वाले स्फोट-भेदों में अथवा वैयाकरणों के सिद्धान्त] में—(१) वर्ण (२) पद और (३) वाक्य के भेद से स्फोट तीन प्रकार का [होता] है। इन [तीन स्फोट-भेदों] में भी (१) जाति और (२) व्यक्ति के भेद से पुनः छह प्रकार का [स्फोट हो जाता] है। (१) अखण्ड-पद-स्फोट और (२) अखण्डवाक्य-स्फोट [हैं] इस प्रकार योग करने पर आठ स्फोट [हो जाते] हैं।

विमर्श—वैयाकरणों के सिद्धान्तानुसार स्फोटरूप शब्द ही वास्तव में वाचक है। स्फोट शब्द की व्युत्पत्ति यह है—स्फुटति=अभिव्यक्तीभवति प्रकाशते वा अर्थो यस्मात् सः स्फोटः। जिससे अर्थ की अभिव्यक्ति=प्रकाश=ज्ञान होता है वह स्फोट है। वैयाकरणों ने इस स्फोट के अनुभवानुरोध से आठ भेद किये हैं—(१) वर्णस्फोट, (२) पदस्फोट (३) वाक्यस्फोट (४) वर्णजातिस्फोट, (५) पदजातिस्फोट (६) वाक्यजातिस्फोट (७) अखण्डपदस्फोट (८) अखण्डवाक्यस्फोट। इनमें

वर्णस्फोट का तात्पर्य प्रकृतिप्रत्ययस्फोटों से है। आगे यथाप्रसङ्ग इनका विवेचन किया जायगा।]

तत्र वाक्यस्फोटो मुख्यः, तस्यैव लोकेऽर्थबोधकत्वात्तेनैवार्थसमाप्तेश्चेति। तदाह न्यायभाष्यकारः—"पदसमूहो वाक्यमर्थसमाप्तौ" (न्या० भा० २-१-२५) इति। अस्य समर्थमिति शेषः।

तत्र प्रतिवाक्यं सङ्केतग्रहासम्भवाद् वाक्यान्वाख्यानस्य लघूपायेनाशक्यत्वाच्च कल्पनया पदानि प्रविभज्य पदे प्रकृतिप्रत्ययभागान्प्रविभज्य कल्पिताभ्यामन्वयव्यतिरेकाभ्यां तत्तदर्थविभागं शास्त्रमात्रविषयं परिकल्पयन्ति स्माचार्याः।

तत्रेति—अष्टसु स्फोटेषु मध्ये इत्यर्थः। वाक्यस्फोट इति—बोधजनकत्वेन वाक्यस्फोटस्यैव मुख्यत्वं शक्तिग्राहकेषु प्रधानीभूतेन प्रयोज्यप्रयोजकव्यवहारेण वाक्ये एव शक्तिग्रहादिति भावः। अर्थसमाप्तेरिति—निराकाङ्क्षस्य वाक्यार्थस्य वाक्येनैव बोधजनकत्वेन तेनैव वाक्यार्थस्य पूर्णत्वादिति भावः। तथा 'तत्र घट' इत्यादिपदानामर्थबोधकत्वेऽपि न तस्य परिसमाप्तिः। न्यायभाष्यकारः=वात्स्यायनः। पदसमूह इति—अत्र पदं सुबन्तं तिङन्तं च; तदाह भगवान् गौतमः "ते विभक्त्यन्ताः पदम्" (न्यायसूत्र २।२।६०)। एवञ्च सुबन्तपदसमूहः, तिङन्तपदसमूहः, सुबन्त-तिङन्तपदसमूहश्च वाक्यत्वेन ग्राह्यः। उक्तञ्चामरसिंहेनापि—"सुप्तिङन्तचयो वाक्यमि"ति। प्रविश, पिण्डीमित्यादौ केवलपदस्यापि वाक्यत्वं लघुमञ्जूषादौ प्रतिपादितं तत एव बोध्यम्।

ननु पदसमूहो वाक्यमिति वैयाकरणमतेऽसङ्गतम्, एकस्याखण्डस्यैव स्फोटस्य वाक्यत्वेन प्रतिपादनात् प्रतिभायाश्च वाक्यार्थतयाऽङ्गीकारादिति चेन्न; पदे प्रकृति-प्रत्ययादिविभागकल्पनामिव वाक्येऽपि पदादि-विभागकल्पनामङ्गीकृत्य तदुक्तत्वात्।

ननु वाक्यस्फोटस्यैव मुख्यत्वे व्याकरणशास्त्रस्यानर्थक्यमत्र प्रकृति-प्रत्ययादितत्तदर्थानां प्रतिपादनेन तस्यान्वाख्यानाभावादत आह तत्रेति—वाक्ये इति। सङ्केतग्रहासम्भवादिति—सङ्केतग्राह्यशक्तिग्रहस्यासम्भवादिति भावः, शक्तिसङ्केतयोर्भेदाङ्गीकारात्। असम्भवत्वञ्च देशकालकर्तृभेदेन वाक्यानामानन्त्यादिति बोध्यम्।

अयं भावः—देशकालकर्तृभेदेन वाक्यानि अनन्तानि तेषु सर्वेषु शक्तिग्रहोऽसम्भवी। एवमेव निखिलवाक्यानामन्वाख्यानमपि केनापि लघूपायेनाशक्यमतस्तत्र वाक्येषु वस्तुतस्तत्त्वाभावेऽपि पदानां कल्पना, पदेषु च प्रकृतिप्रत्ययभागानां कल्पना क्रियते। तथा घटमानय, पटमानयेत्यादौ घटादिप्रकृतिसत्त्वे तेषामर्थाः ज्ञायन्ते, तदभावे न ज्ञायन्ते; एवमेव अमादिप्रत्ययसत्त्वे तेषामर्थाः, तदभावे न तेषामर्था इति प्रकृतीनां प्रत्ययानाञ्चार्था अन्वयव्यतिरेकाभ्यां कल्प्यन्ते। किन्तु कल्पितानामेषामर्थानामुप-

योगस्तु व्याकरणशास्त्रीयप्रक्रियानिर्वाहायैव; लोके तु वाक्यस्यैव बोधजनकतयोपयोगः। अतएव "विभाषा सुपः" [पा० सू० ५।३।६८] इति सूत्रे कैयटोऽप्याह—"अन्वयव्यतिरेकाभ्यां प्रकृति-प्रत्ययानामिह शास्त्रेऽर्थवत्तापरिकल्पनात्।"

वाक्यस्फोट की मुख्यता

इन [उपर्युक्त आठ स्फोटों] में वाक्यस्फोट [ही] मुख्य है, क्योंकि लोक में यह [वाक्यस्फोट] ही अर्थ का बोध करवाता है और इस [वाक्यस्फोट] से ही अर्थ की परिसमाप्ति [निराकाङ्क्ष अर्थ की परिपूर्णता] होती है। जैसा कि न्याय-भाष्यकार वात्स्यायन ने कहा है—'अर्थसमाप्ति में [समर्थ] पदसमूह वाक्य [होता] है।' इस [भाष्यवाक्य] का 'समर्थ' यह शेष है। [अर्थात् भाष्यवाक्य में 'समर्थम्' यह जोड़कर अर्थ करना चाहिये—अर्थपरिसमाप्ति=निराकाङ्क्ष अर्थबोध कराने में समर्थ पदों का समूह वाक्य होता है।]

वाक्यस्फोट के ज्ञान के लिये प्रकृति-प्रत्यय की कल्पना

उसमें [उपर्युक्त रीति से वाक्यस्फोट के ही मुख्य होने पर] प्रत्येक वाक्य में सङ्केतग्रह [सङ्केतग्राह्य-शक्तिग्रह] सम्भव नहीं है और वाक्य का अन्वाख्यान लघु उपाय से नहीं किया जा सकता है; इसलिये आचार्य लोग [वस्तुतः न होने पर भी] कल्पना से [वाक्यों में] पदों का विभाजन करके [और] पदों में भी प्रकृतिभाग एवं प्रत्ययभाग का विभाजन करके कल्पित अन्वयव्यतिरेक के द्वारा उन प्रकृति एवं प्रत्ययों के अर्थ-विभाग को केवल व्याकरणशास्त्र के लिये परिकल्पित करते हैं।

विमर्श—यहाँ का आशय यह है कि लोक में वाक्य ही अर्थबोध का जनक होता है। किन्तु देश, काल, वक्ता आदि के भेद से वाक्य अनन्त हो जाते हैं उन सभी में संकेतग्रह द्वारा शक्ति-ग्रह सम्भव नहीं है। साथ ही किसी भी लघु उपाय से वाक्यों का अन्वाख्यान करना सम्भव नहीं है। इसलिये ऋषियों ने व्याकरणशास्त्र के उपयोग के लिये वाक्यों में पद और पदों में प्रकृतिप्रत्यय-भागों की कल्पना की है। और उन प्रकृति तथा प्रत्यय के अर्थों की भी कल्पना की है। इस कल्पना का आधार है—अन्वयव्यतिरेक। अमुक प्रकृति अथवा प्रत्यय के रहने पर अमुक अर्थ प्रतीत होता है, न रहने पर नहीं प्रतीत होता है; अतः वह अर्थ उसी प्रकृति या प्रत्यय का मान लेना चाहिये। इस प्रकार यह समस्त कल्पना ही है, वास्तविकता नहीं है। इसका उपयोग व्याकरणशास्त्र की प्रक्रिया का निर्वाह करना है। अन्यथा अखण्ड वाक्य अखण्ड वाक्यार्थ का बोधक है; इस मत में प्रकृति प्रत्ययादि और इनके अर्थों का ज्ञान कराने वाला व्याकरण शास्त्र व्यर्थ हो जायगा।

तत्र शास्त्रप्रक्रियानिर्वाहको वर्णस्फोटः। प्रकृतिप्रत्ययास्तत्तदर्थवाचका

एवेति तदर्थः। उपसर्गनिपातधात्वादिविभागोऽपि काल्पनिकः। स्थानिनो लादय आदेशास्तिबादयः कल्पिता एव। तत्र ऋषिभिः स्थानिनां कल्पिता अर्थाः कण्ठरवेणैवोक्ताः। आदेशानां तु स्थान्यर्थाभिधानसमर्थस्यैवादेशतेति-भाष्यात्तेऽर्थाः। एवं च स्थानिनां वाचकत्वमादेशानां वेति विचारो निष्फल एव; कल्पितवाचकत्वस्योभयत्र सत्त्वात्। मुख्यं वाचकत्वं तु कल्पनया बोधितसमुदायरूपे पदे वाक्ये वा, लोकानां तत एवार्थबोधात्।

उपेयप्रतिपत्त्यर्था उपाया अव्यवस्थिताः।

(वै०भू०का० ६८ उत्तरार्द्ध)

इति न्यायेन व्याकरणभेदेन स्थानिभेदेऽपि न क्षतिः, देशभेदेन लिपिभेद-वदिति दिक्।

वाक्यस्फोटस्यैव मुख्यत्वमिति प्रतिपाद्य शास्त्रोपयोगित्वेन सर्वतोऽपकृष्टमाद्यमाह तत्रेति—अष्टसु मध्ये कल्पितपदतदेकदेशयोर्मध्ये वा वर्णस्फोटः व्याकरणशास्त्रीय-सूत्रप्रवृत्त्यादिप्रक्रियाप्रयोजकः। वर्णस्फोट इत्यस्य वर्णाः वाचकाः इति तु नार्थः, तेषामानर्थक्यस्य भाष्ये बहुशः स्पष्टमुक्तत्वात्; किन्तु वर्णपदं पदावयवपरम्। एवञ्च वर्णस्फोट इत्यनेन प्रकृतिप्रत्ययादीनां वाचकत्वं बोध्यम्; वर्णानां वाचकत्वस्वीकारेऽनन्त-दोषप्रसङ्गात्। प्रकृतित्वञ्च—प्रत्ययनिष्ठविधेयतानिरूपितोद्देश्यतावच्छेदकाक्रान्तत्वम्। प्रत्ययत्वञ्चार्थबोधकत्वे सति पाणिनीयादिसङ्केतसम्बन्धेन प्रत्ययपदवत्त्वम्। प्रक्रियते= प्रत्ययात् पूर्वं क्रियते या सा प्रकृतिरिति तु न सम्यक्, बहुपटव इत्यादावव्याप्तेः। तत्तदर्थवाचका इति। पदावयवानां प्रकृति-प्रत्ययादीनामर्थानां वाचकाः प्रकृतिप्रत्यया इति भावः। अत्र 'एव' शब्दपाठस्तु नोचितः, लघुमञ्जूषादावदर्शनात्। यद्वा 'प्रकृति-प्रत्यया एव तत्तदर्थवाचकाः, इति योजनीयम्। तदर्थः=वर्णस्फोटपदस्यार्थः। काल्पनिक इति—यथा प्रकृतिप्रत्ययादयः काल्पनिका एव, एवमेव उपसर्गधात्वादीनां विभागोऽपि शास्त्रीयप्रक्रियानिर्वाहाय एव कल्प्यते। परमार्थस्तु पदस्फोटो वाक्यस्फोटो वा, लोके तत एव बोधदर्शनात्। लडादिस्थानिनां तिबाद्यादेशानां च कल्पनापि प्रक्रियानिर्वाहार्थमेव। तत्रेति—स्थान्यादेशमध्ये, प्रकृतिप्रत्ययमध्ये वा। कण्ठरवे-णैवेति—"लः कर्मणि च" [पा० सू० ३।४।६९] इत्यादिरूपेणेति भावः। स्थान्य-र्थेति—"स्थानेऽन्तरतमः" [पा० सू० १।१।५०] इति परिभाषासूत्रानुरोधेन यदुच्चा-रणप्रसङ्गे यदुच्यते तत् तदर्थं बोधयतीति सिद्धान्तानुसारं स्थानिनामिवादेशानामपि वाचकत्वमक्षुण्णमिति भावः। एवञ्च यथा स्थानिनामर्था एवमेवादेशानामप्यर्थाः सुतरां सिद्धाः। निष्फल एवेति—लाघवानुरोधेन नैयायिकाः लडादीनां स्थानिनामेव वाचकत्वं प्रतिपादयन्ति। वैयाकरणास्तु—"उच्चारित एवार्थप्रत्यायको भवति नानुच्चरित" इति भाष्योक्त्याऽऽदेशानामेव वाचकत्वं साधयन्ति। किन्तु कल्पितवाचकत्वस्योभयत्र

सत्त्वेनायं विवादः निष्फलः। कल्पनयेति—शास्त्रीयप्रक्रियानिर्वाहार्थमङ्गीकृतयेति भावः। बोधितसमुदायरूपे=प्रकृतिप्रत्ययसमुदायभूते। लौकिकानां बोधस्तु कल्पित-प्रकृतिप्रत्ययसमुदायरूपेण पदेन वाक्येन वा जायते। प्रकृतिप्रत्ययविभागकल्पना तु शास्त्रीयप्रक्रियानिर्वाहार्थमेवोक्तत्वात्। अत्र मानन्तु "भूवादयो धातवः" [पा० सू० १।३।१] इति सूत्रस्थं महाभाष्यम्। अस्य सूत्रस्यार्थविवेचना-वसरे "भुवं=जायमानं क्रियारूपमर्थं येऽभिदधति ते धातुसञ्ज्ञका" इत्यर्थमुपक्रम्य 'शिश्ये' इत्यत्र दोषं प्रदर्श्य "इतरेतराश्रयञ्च भवति, केतरेतराश्रयता ? प्रत्यये भाव-वचनत्वं भाववचनत्वे च प्रत्ययः।" धातूद्देश्यक-प्रत्ययविधायकशास्त्रव्यापारात् पूर्वं शिश्ये इति समुदाय एव नास्ति, कुतोऽन्वयव्यतिरेकाभ्यामर्थस्य प्रविभाग इति शिश्ये इत्यस्य प्रयोगसत्त्वेऽन्वयव्यतिरेकाभ्यां भाववचनत्वकल्पनम्, भाववचनत्वे च धातुसंज्ञायां तदुद्देश्यक-प्रत्यये शिश्ये इत्यस्य प्रयोग इत्यन्योन्याश्रय—इत्याशङ्का-याम् "अनाश्रित्य भाववचनत्वं प्रत्ययो नित्यत्वाच्छब्दानाम्" [म० भा० १।३।१] इत्युक्तम्। कैयटेन चात्र "व्यवस्थिता एव पचत्यादयः समुदायाः संसृष्टार्थाभिधायिनः केवलमुत्प्रेक्ष्योत्प्रेक्ष्य प्रक्रियामर्थविभागः शब्दविभागश्चापोद्ध्रियते" इति व्याख्यातम्। अत्रापोद्ध्रियते इत्यस्य कल्प्यते इत्यर्थः।

उपेयेति। भूषणसारस्य कारिकेयं पूर्वार्द्धेन सहिता—

पञ्चकोशादिवत्तस्मात् कल्पनैषा समाश्रिता।
उपेयप्रतिपत्त्यर्था उपाया अव्यवस्थिताः॥ [वै० भू० का० ६८]

अयं भावः—तैत्तिरीयोपनिषद्गता अनुवाकसमूहात्मिका भृगुप्रश्नाश्रिता भृगुवल्ली अस्ति। तत्र वरुणपुत्रो भृगुः स्वपितरं वरुणं ब्रह्म पृष्टवान्। तत्र वरुणः अन्नमय-प्राणमय-मनोमय-विज्ञानमयानन्दमयात्मकपञ्चकोशद्वारा अपारमार्थिकं ब्रह्म निरुपयन् "ब्रह्मपुच्छंप्रतिष्ठा" (तै० उ० २।५) इति ज्ञेयं ब्रह्म प्रतिपादितवान्। पुच्छम्=सर्वाधारभूतम्। अत्र यथा पारमार्थिकं ब्रह्म उपदिष्टवान् तथैव प्रकृति-प्रत्ययादिकल्पनाद्वारा वाक्यस्फोटस्य प्रतिपादनमिति बोध्यम्। उपेयस्य=बोद्धव्यस्य, प्राप्तुं योग्यस्य वा प्रतिपत्तिः=ज्ञानं प्राप्तिर्वा, तदर्थम् उपायाः=साधनानि अव्य-वस्थिताः=अनन्ताः कल्प्यन्ते। अत्र व्याकरणशास्त्रे वास्तवस्फोटव्युत्पादनायैव प्रकृतिप्रत्ययादिव्युत्पादनमिति न कस्याप्यानर्थक्यमिति बोध्यम्। एवञ्च व्याकरण-भेदेन प्रतिपादनशैलीभेदेन च स्थानिनोऽपि भिन्नाः-भिन्नाः न तु नियता इति स्थानिनां वाचकत्वे लाघवमिति नैयायिकादीनां भ्रमः। यथा भिन्न-भिन्नप्रदेशेषु भिन्ना-भिन्ना लिपयः सर्वा एव विनिगमनाविरहात् शब्दविषयकोद्बोधनद्वारा शब्दोद्बोधका भवन्ति तथैव सर्वेऽपि स्थानिनो वाचका भवन्ति। एवञ्चात्र गौरव-लाघवचर्चा काकदन्तपरीक्षणवदुपेक्षणीया। दिगिति। दिगर्थस्तु वृत्तिषु एकार्थी-भावः, नामार्थयोः, प्रकृतिप्रत्ययययोरित्यादिकमपि कल्पितमिति।

उपसर्ग-धात्वादि विभाग भी काल्पनिक

इन [कल्पित पद एवं प्रकृति-प्रत्यय] में वर्णस्फोट [व्याकरण] शास्त्र की प्रक्रिया का निर्वाहक है। प्रकृति एवं प्रत्यय उन उन [अपने अपने] अर्थों के वाचक ही हैं, यह उस [वर्णस्फोट] का अर्थ है। [अर्थात् वर्णस्फोट का अभिप्राय है—पदावयवस्फोट।] [प्रकृति एवं प्रत्यय-विभाग के समान ही] उपसर्ग, निपात एवं धातु आदि का विभाग भी काल्पनिक ही है। स्थानी ल् आदि और आदेश तिप् आदि कल्पित ही हैं। इन [स्थानी और आदेश] में [पाणिनि आदि] ऋषियों ने [लकार आदि] स्थानियों के कल्पित अर्थ कण्ठस्वर से ही कह दिये हैं [अर्थात् स्थानियों के अर्थों का निर्देश स्वयं उच्चारणपूर्वक बतला दिया है] किन्तु आदेशों के वे [कल्पित] अर्थ तो—स्थानी के अर्थ को कहने में समर्थ ही आदेश होता है—इस भाष्य से [सिद्ध] हैं। इस प्रकार [पद अथवा वाक्य के ही वाचक होने पर] 'स्थानी वाचक होते हैं अथवा आदेश'—यह [विभिन्न शास्त्रकारों का] विचार निष्फल ही है, क्योंकि कल्पित वाचकता दोनों [स्थानी एवम् आदेश] में है। मुख्यवाचकता तो [प्रकृति प्रत्ययादि की] कल्पना से बोधित [प्रकृति-प्रत्ययादि के] समुदायरूप पद में अथवा वाक्य में [ही] है, क्योंकि लोगों को उस [पद अथवा वाक्य] से ही बोध होता है।

उपेय [प्राप्तियोग्य अर्थ] की प्रतिपत्ति [प्राप्ति या ज्ञान] के लिये उपाय [=साधन] अव्यवस्थित [अनन्त] हैं।

इस न्याय से [पाणिनीय एवं सारस्वत आदि] व्याकरणों के भेद से स्थानी [सु, सि, रु आदि] का भेद होने पर भी देशभेद से लिपिभेद के समान कोई क्षति नहीं है। [जैसे विभिन्न प्रकार की सङ्केतरूपी लिपियों से एक ही प्रकार के अक्षर का बोध होता है उसी प्रकार विभिन्न स्थानियों से भी समान ही पदादि का बोध होता है।]

विमर्श—स्थानियों की संख्या कम मानकर लाघव को महत्त्व देने वाले नैयायिक लट् आदि स्थानियों को ही उन उन अर्थों का वाचक मानते हैं। परन्तु 'उच्चारित एव प्रत्यायको भवति नानुच्चारितः' इस वचन के आधार पर तथा लोकानुभव के आधार पर भट्टोजिदीक्षित आदि वैयाकरण तिप् आदि आदेशों की वाचकता का समर्थन करते हैं। इस सम्बन्ध में मञ्जूषाकार का यह वक्तव्य है कि प्रस्तुत विवाद व्यर्थ है। जैसे एक ही अक्षर या शब्दविशेष का ज्ञान कराने के लिये भिन्न-भिन्न स्थानों पर भिन्न-भिन्न प्रकार की लिपियों की कल्पना की गई है। उन सभी लिपियों से अक्षर या शब्द-विशेष का ज्ञान होना सर्वानुभवसिद्ध है। इसी प्रकार विभिन्न व्याकरणसम्प्रदायों में भिन्न-भिन्न प्रकार के स्थानी एवम् आदेश कल्पित हैं। उन सभी का उद्देश्य है

परिनिष्ठित अर्थबोधजनक प्रयोगार्ह पदादि का ज्ञान करवाना। इसलिये इस विवाद का कोई महत्त्व नहीं है।

प्रस्तुत कारिका वैयाकरणभूषण की उत्तरार्ध है—

पञ्चकोशादिवत्तस्मात् कल्पनैषा समाश्रिता।
उपेयप्रतिपत्त्यर्था उपाया अव्यवस्थिताः॥ [वै. भू. का. ६८]

तैत्तिरीय उपनिषद् में यह उल्लेख मिलता है कि वरुणपुत्र भृगु ने अपने पिता वरुण से ब्रह्म के विषय में पूछा। वरुण ने उसे क्रमशः पाँच कोशों का ज्ञान करवाया (१) अन्नमय कोश (२) प्राणमय कोश (३) मनोमय कोश (४) विज्ञानमय कोश (५) आनन्दमय कोश। इन उत्तरोत्तर कोशों की कल्पना के माध्यम से ब्रह्म के वास्तविक रूप का ज्ञान करवाया। इनमें पूर्ववर्ती चार कोश काल्पनिक हैं। वास्तव में आनन्दमय कोश ही ब्रह्म है। इसी प्रकार प्रकृति प्रत्यय आदि के रूप में वर्णस्फोट आदि की कल्पना के द्वारा वास्तविक वाक्यस्फोट का ज्ञान करवाया जाता है। इसका विशेष विवेचन वैयाकरणभूषण एवं उसकी टीकाओं में द्रष्टव्य है। यहाँ भी संस्कृत व्याख्या में कुछ विस्तृत विवेचन किया गया है।

[अथ शक्तिनिरूपणम्]

तत्र 'प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि' (न्या० सू० १।१।३) इति गौतमसूत्रे शब्दश्चाप्तोपदेशरूपः प्रमाणम्। आप्तो नामानुभवेन वस्तुतत्त्वस्य कात्स्न्र्येन निश्चयवान्, रागादिवशादपि नान्यथावादी यः स इति चरके पतञ्जलिः।

वाक्यरूपशब्दस्य वाचकत्वं निरूप्य तस्यैव प्रामाण्यं प्रतिपादयति-तत्रेति। वाक्येष्वित्यर्थः। प्रत्यक्षेति—प्रत्यक्षप्रमितेः षड्विधसन्निकर्षादिव्यापारवत्त्वे सति कारणम्=करणम्, प्रत्यक्षं प्रमाणम्, प्रतिगतमक्षं—प्रतिगमकम्, इन्द्रियमित्यर्थः। अनुमित्यात्मकप्रमितेः परामर्शात्मकव्यापारवत्त्वे सति कारणम्=करणम् अनुमानम्—अनुमीयतेऽनेनेति अनुमानम्=व्याप्तिज्ञानम्। उपमित्यात्मकप्रमाया उपदिष्टवाक्यार्थस्मरणात्मकव्यापारवत्त्वे सति कारणम्—उपमानम्—उपमीयते अनेनेति व्युत्पत्त्या उपमानम्=सादृश्यज्ञानम्। शाब्दबोधात्मकप्रमायाः पदार्थस्मरणात्मक व्यापारवत्त्वे सति कारणम्=करणम् शब्दः=पदज्ञानमिति न्यायविदः। आप्तोपदेशरूपेति—उपदिश्यतेऽसावुपदेशः, आप्तस्योपदेशः—आप्तोच्चारित इति यावत्। यद्वा—उपदेशनमुपदेशो भावे घञ्, तथा चाप्तोपदेशेन=आप्तोच्चारणेन, रूप्यते=ज्ञायते इत्याप्तोपदेशरूपस्तथा चाप्तकर्तृकव्यवहारग्राह्य इत्यर्थः। यद्वा आप्तश्चासावुपदेशश्चाप्तोपदेशः, युक्तोपदेश इति यावत्। उपदेशे युक्तत्वञ्च यथार्थज्ञानजनकत्वम्। वेदानामपौरुषेयत्वमते आप्तकर्तृकोपदेशत्वाभावेऽप्याप्तत्वविशिष्टोपदेशत्वसत्त्वान्नासङ्गतिरिति दिक्। नामेति वाक्यालङ्कारे। अनु-

भवेन=स्वकीयज्ञानेन। वस्तुतत्त्वस्य=पदार्थानां यथार्थज्ञानस्य। कात्स्न्र्येन=सर्वतो भावेन, अनेनैकदेशिनिश्चयस्य व्यावृत्तिः। निश्चयवान्=यथार्थज्ञानवान् भ्रमसंशय-रहित इति यावत्। रागादीति—रागो नाम—इदं मदिष्टसाधनमित्याकारकज्ञान-जन्यो धर्मविशेषः। आदिना मोहद्वेषादयो ग्राह्याः। अन्यथावादी=अन्यथावदन-शीलः=असत्यवादी न यः स आप्त इति भावः। एवञ्च—रागादिरहितत्वे सति सकलवस्तुविषयकस्वीयानुभवप्रयोज्यनिश्चयवत्त्वमाप्तत्वमिति फलति।

प्रमाणीभूत शब्द का स्वरूप

उन [वाचक वाक्यों] में 'प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द प्रमाण (होते) हैं,' इस गौतमसूत्र में आप्तोपदेशरूप शब्द प्रमाण (प्रमात्मक ज्ञान का करण) है। '(अपने) अनुभव के द्वारा वस्तु=पदार्थ के तत्त्व=वास्तविक ज्ञान का पूर्णरूप से निश्चय कर लेने वाला, (सांसारिक) राग, द्वेष आदि से भी अयथार्थवादी= असत्यवादी जो नहीं है, वह (ही) आप्त है, ऐसा चरक में पतञ्जलि ने लिखा है। (आप्तोपदेशरूप शब्द की विशेष व्याख्या संस्कृत में देखिये)।

तद्धर्मावच्छिन्नविषयकशाब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति तद्धर्मावच्छिन्ननिरू-पितवृत्तिविशिष्टज्ञानं हेतुः। अत एव नागृहीतवृत्तिकस्य शाब्दबोधः। अत एव च 'नहि गुड इत्युक्ते मधुरत्वं प्रकारतया गम्यते' इति समर्थसूत्र-भाष्यं सङ्गच्छते। गुडादिशब्देन गुडत्वजात्यवच्छिन्नो गुडपदवाच्य इत्येव बोधो जातिप्रकारकः; मधुरत्वं तु 'गुडो मधुर ऐक्षवत्त्वात्' इत्यनुमानरूप-मानान्तरगम्यम्।

ननु प्रमाकरणत्वं प्रमाणत्वं तच्च तादृशशब्दस्य चेत् सर्वस्य श्रोतुस्तर्हि ततो बोधा-पत्तिरत आह—तद्धर्मेति। अयं भावः-शब्दस्य प्रमाजनकत्वे सर्वैः शब्दैः सर्वेषां श्रोतॄणां बोधापत्तिभयेन तद्विषयकशाब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति वृत्तिप्रयोज्योपस्थितेरन्वय-व्यतिरेकाभ्यां कारणत्वमङ्गीकरणीयम्। दाहं प्रति वह्निरिव बोधं प्रति वृत्तिः न स्वरूपेण हेतुः, सर्वेषां बोधप्रसङ्गादिति ज्ञाताया एव तस्याः कारणत्वं स्वीक्रियते। एवञ्च तद्धर्मावच्छिन्नविषयक-शाब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति तद्धर्मावच्छिन्न-निरूपितवृत्तिविशिष्टज्ञानं हेतुरिति कार्यकारणभावः सिध्यति। यद्धर्मावच्छिन्नं लक्ष्यं स धर्मो लक्ष्यतावच्छेदकः; एवं यो धर्मो यस्यावच्छेदको भवति स तेन धर्मेण अवच्छिन्नो भवति। यथा घटादीनामवच्छेदकाः घटत्वादयः, अतो घटादयस्तैर्घटत्वादि-भिरवच्छिन्ना भवन्ति। एवञ्च यद्धर्मावच्छिन्नविषयकशाब्दबोध अपेक्षितः तत्र तद्धर्मावच्छिन्ननिरूपितवृत्तिविशिष्टज्ञानं हेतुः। तेन घटत्वधर्मावच्छिन्न-घटविषयकशाब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति घटत्वधर्मावच्छिन्ना घटनिरूपिता या वृत्ति-स्तद्विशिष्टज्ञानं हेतुरिति फलति। अतो घटपदात् पटविषयको बोधो न

न भवति। अतएवेति—उक्तसमुदितस्य कारणत्वादेव। अगृहीतवृत्तिकस्य=वृत्तिज्ञानरहितस्य। अतएव=तादृशकार्यकारणभावस्वीकारादेव। एवञ्च स्मृतिशाब्दबोधवृत्तिज्ञानानां समानधर्मप्रकारकत्वनियमेन—गुडपदं गुडत्वावच्छिन्ने शक्तमिति शक्तिज्ञाने गुडत्वस्यैव प्रकारतया भानाद् गुडपदस्य गुडत्वावच्छिन्ने एव शक्तिर्नतु मधुरत्वावच्छिन्नेऽतो न गुडपदेन मधुरत्वस्य प्रकारतया प्रतीतिरिति भावः। ननु मधुरत्वप्रतीतिः कथमत आह—मधुरत्वमिति। गुडो मधुर इक्षुविकारत्वात्, यो यो मधुरत्वाभाववान्, स स इक्षुविकारत्वाभाववान्, यथा पिचुमन्दः न चायं तथा, तस्मात् तथा (मधुरः) इति पञ्चावयववाक्यरूपमनुमानम्। अनेनानुमानेन तत्र मधुरत्वप्रतीतिर्नतु मधुरत्वप्रकारको बोध इति भावः।

शाब्दबोध में वृत्तिज्ञान की हेतुता

उस (घटत्वादि) से अवच्छिन्न (विशिष्ट) (=घटादि)-विषयक शाब्दबुद्धित्वावच्छिन्न=शाब्दबोध के प्रति उस (घटत्वादि) धर्म से अवच्छिन्न-(विशिष्ट) से निरूपित (सम्बन्धी) वृत्ति (शक्ति) से विशिष्ट ज्ञान कारण (होता) है। (उक्त कार्यकारणभाव स्वीकार किया जाता है) इसीलिये वृत्तिज्ञानरहित (व्यक्ति) को शाब्दबोध नहीं होता है। और (उक्त कार्यकारणभाव माना जाता है) इसीलिये 'गुड़'-ऐसा कहने पर प्रकारतारूप से मधुरत्व की प्रतीति नहीं होती है, ऐसा "समर्थः पदविधिः" [पा० सू० २।१।१] सूत्र का भाष्य संगत होता है। गुड़ आदि शब्द से—गुड़त्व जाति से अवच्छिन्न (पदार्थ) गुड़ पद का वाच्य है—यही (गुड़त्वरूप) जातिप्रकारक शाब्दबोध होता है (न कि मधुरत्वादिप्रकारक); मधुरत्व (मिठास) तो—गुड़ मीठा (होता) है, ऐक्षव (ईख का विकार) होने के कारण—इस प्रकार के अनुमानरूप प्रमाण से प्रतीत होने वाला है।

विमर्श—विना कारण के कार्य नहीं होता है। अतः शाब्दबोधरूप कार्य के लिये भी एक कारण की कल्पना आवश्यक है। ऐसा न मानने पर अव्यवस्था का प्रसङ्ग आता है। इसीलिये मञ्जूषाकार नागेश भट्ट ने भी एक कार्यकारणभाव को माना है—घटत्वादि धर्म से अवच्छिन्न-घटादिविषयक शाब्दबोध के प्रति, घटत्वादिधर्म से अवच्छिन्न जो घटादि, उससे निरूपित जो वृत्ति, उससे विशिष्ट ज्ञान कारण होता है। प्रस्तुत कार्यकारणभाव मान लेने के कारण ही घट पद से पटादि का बोध नहीं होता है। और इसी के कारण गुड पद से गुडत्वरूप जातिप्रकारक गुडविशेष्यक ही शाब्दबोध होता है, मधुरत्वप्रकारक-गुडविशेष्यक नहीं। क्योंकि कार्यकारणदल में धर्मपद से गुडत्व ही लिया जाता है मधुरत्व नहीं। मधुरत्व की प्रतीति शब्दजन्य न होकर इस अनुमान से गम्य है—(१) गुड मधुर (मीठा)

होता है। (२) ईख का विकार होने के कारण। (३) जो जो ईख का विकार होता है वह वह मधुर होता है जैसे शर्करा। (४) यह गुड़ भी ईख का विकार है। (५) अतः यह भी मीठा है। अनुमान की उपपत्ति—(१) प्रतिज्ञा—गुड़ मीठा होता है। (२) हेतु—ईख का विकार होने के कारण। (३) उदाहरण—जो जो मीठा नहीं होता है, वह वह ईख का विकार नहीं होता है जैसे नीम। (४) उपनय—यह गुड़ वैसा नहीं है क्योंकि ईख का विकार है। (५) निगमन—अतः गुड मीठा है।

विशेष्यविशेषणभावव्यत्यासेन गृहीतशक्तिकस्य पुंसो घटपदाद् घटत्व-विशिष्टबोधवारणाय तद्धर्मावच्छिन्नेति। ज्ञाने वृत्तिवैशिष्ट्यं च स्वविषय-कोद्बुद्धसंस्कारसामानाधिकरण्य-स्वाश्रयपदविषयकत्वोभयसम्बन्धेन बोध्यम्। अतो नागृहीतवृत्तिकस्य, नापि विस्मृतवृत्तिकस्य, नापि तत्पदमजानतो, नापि घटपदाश्रयत्वेनोपस्थिताकाशस्य, नापि जनकतयोपस्थितचैत्रादेश्च बोधः। संस्कारकल्पिका च वृत्तिस्मृतिरेव शाब्दबुद्धिरेव वेत्यन्यदेतत्।

ननुतद्विषयक शाब्दबोधं प्रति तद्धर्मावच्छिन्ननिरूपितवृत्तिविशिष्ट-ज्ञानस्यैव हेतुत्वं स्वीकार्यम्, कार्यदले विशेष्यविशेषणभावनिवेशस्य किं फलमत आह—विशेष्येति। विशेष्य-विशेषणभावव्यत्यासेन=विशेष्यविशेषणभावव्युत्क्रमेण—घटपदं घटावच्छिन्नघटत्वे शक्तमित्येवंरूपेण। गृहीतशक्तिकस्य=ज्ञातशक्तिकस्य। तद्धर्मावच्छिन्नेति—अयं भावः—कस्यचन पुरुषस्य ज्ञानम्—घटपदं घटावच्छिन्नघटत्वे शक्तमिति जातम्। अनेन ज्ञानेन घटत्वावच्छिन्नघटविषयको बोधो न स्यादतः कार्य-दलेऽपि विशेष्यविशेषणयोर्निवेश आवश्यकः। विपरीतज्ञानसत्त्वे न तादृशं ज्ञानमतो न तादृशो बोधः। तद्धर्मावच्छिन्नेत्यादिनिवेशेन घटत्ववृत्तिप्रकारतानिरूपित-घट-वृत्तिविशेष्यताक-शाब्दबोधं प्रति घटत्ववृत्तिप्रकारतानिरूपित-घटवृत्ति-विशे-ष्यताकशक्तिज्ञानस्यैव हेतुत्वेन न विपरीतशक्तिग्रहात् तथा बोध इति बोध्यम्। वृत्तिविशिष्टज्ञानमित्यत्र ज्ञाने वृत्तिवैशिष्ट्यं सम्बन्धद्वयेन बोध्यम्। तच्च (१) स्व-(वृत्ति-) विषयकोद्बुद्धसंस्कारसामानाधिकरण्यम् (२) स्व (वृत्ति)-आश्रयपद विषयकत्वम्। अयं भावः—यत्र पदस्य श्रावणप्रत्यक्षं, वृत्तेश्च संस्कारजन्यस्मरणात्मकं ज्ञानं जातं तत्र पदरूपे विषये विषयतया वृत्तिविषयकोद्बुद्धसंस्कारः पदज्ञानञ्च वर्तते, उभयोरपि पदविषयकत्वेन सामानाधिकरण्यम्=पदरूपैकाधिकरणवृत्तित्वं सुलभम्। घटपदे गृहीतवृत्तिकस्य कलशपदेन शाब्दबोधवारणाय पदरूपदेशमादायैव सामानाधि-करण्यं बोध्यम्। नन्वेवमपि घटपदे गृहीतवृत्तिकस्य चैत्रस्य तादृशसंस्कारसामाना-धिकरण्यमादायागृहीतवृत्तिकस्यापि मैत्रादेस्तादृशपदेन शाब्दबोधापत्तिरिति चेन्न; ज्ञाने समवायेनापि वृत्तिवैशिष्ट्यस्य निवेशेन चैत्रात्मनि वृत्तेर्मैत्रात्मनि पदज्ञानस्य च

विमर्श—केवल साधु शब्दों में शक्ति स्वीकार करने वाले नैयायिकों के मत में म्लेच्छ को यव शब्द से होनेवाला प्रियङ्गु-विषयक ज्ञान शक्तिभ्रम जन्य ही होगा, वास्तविक नहीं। इसलिये शुक्ति में रजतभ्रम वाले व्यक्ति का वह रजत जैसे किसी कार्य का साधक नहीं होता है उसी प्रकार भ्रममूलक होने से म्लेच्छों की प्रसिद्धि भी किसी वस्तु की साधिका नहीं हो सकेगी। और जहाँ दोनों पदार्थ वस्तुसाधक होते हैं वहीं उनके मध्य में एक को बली और दूसरे को निर्बल माना जाता है। एक के प्रधान होने पर ही दूसरा अप्रधान होता हैं। किन्तु यहाँ म्लेच्छप्रसिद्धि भ्रमजन्य है। अतः दोनों के तुल्यबल न होने से बलाबल-विचार का अवसर ही नहीं आता है।

साधुत्व का स्वरूप—

अनु०—और साधुत्व—व्याकरण शास्त्रद्वारा अन्वाख्येय होना अथवा पुण्यजनकता के अवच्छेदक धर्मवाला होना है। इससे भिन्न होना असाधुत्व है। (अर्थात् जिसका अन्वाख्यान व्याकरण से किया जाता है और जो पुण्यजनकधर्म से युक्त होता है, वह शब्द साधु होता है। अन्वाख्यान = प्रकृति-प्रत्ययादिविभाग-ज्ञानपूर्वक रूपसिद्धि आदि करना।)

सा च शक्तिस्त्रिधा, रूढियोगो योगरूढिश्च। शास्त्रकल्पितावयवार्थभानाभावे समुदायार्थनिरूपितशक्तो रूढिः, यथा मणिनूपुरादौ। शास्त्रकल्पितावयवार्थनिरूपिता शक्तियोगः, यथा पाचकादौ। शास्त्रकल्पितावयवार्थान्वितविशेष्यभूतार्थनिरूपिता शक्तियोगरूढिः, यथा पङ्कजपदे। तत्र पङ्क-

जनिकर्तृ पद्ममिति बोधात्। पद्मेऽनुपपत्तिप्रतिसन्धानं सम्बन्धप्रतिसन्धानं च विना न लक्षणावसरः। क्वचित् तात्पर्यग्राहकवशात् केवलरूढ्यर्थस्य केवलयोगार्थस्य च बोधः "भूमौ पङ्कजमुत्पन्नम्" कल्हारकैरवमुखेष्वपि पङ्कजेषु" इत्यादौ। स्पष्टं चेदम् 'आर्हाद्' [पा० सू० ६।१।१९] इति सूत्रे भाष्ये।

शक्तेः स्वरूपं निरूप्य विशेषजिज्ञासायां तद्भेदानाह—सा चेति। वैयाकरणसिद्धान्तभूता वाच्यवाचकभावापरपर्याया शक्तिरित्यर्थः। त्रिधा=त्रिप्रकारा। रूढिरिति=शास्त्रकृत्कल्पितानामवयवार्थानां प्रतीत्यभावे यदर्थनिरूपितं बोधकत्वं प्रकृति-प्रत्ययसमुदाय एव, तत्पदे सा तदर्थनिरूपिता रूढिः शक्तिः। पदघटकानामवयवानां स्वार्थानुपकत्वे सति समुदायेनार्थोपस्थापकत्वमिति यावत्। मणिरिति। भ्वादिगणपठितशब्दार्थक 'मण्' धातोरौणादिक इन् प्रत्ययः। एवमेव स्तुत्यर्थक णूञ् धातोः नवनं नूरिति 'सम्पदादिभ्यः क्विप्' "इति क्विपि, सर्वापहारिलोपे 'नूः' इति। 'अग्रगमनार्थक 'पुर्' धातो "इगुपध" (पा०सू०३।१।१३५)इति'क'प्रत्यये 'पुर' इति। नुवःपुरः—नूपुरः अत्रोभौ शब्दौ शब्दकर्तृरूपमर्थं स्तुतिसम्बन्ध्यग्रगमनकर्तृरूपं चार्थं न बोधयतः,किन्तु समुदायशक्त्या रत्नविशेषं भूषणविशेषञ्चेति रूढित्वं बोध्यम्। योग इति। यत्र शास्त्रकृत्कल्पितेषु अवयवेषु अर्थनिरूपिता शक्तिः सा योगशक्तिः। पाचकादौ=पाकार्थक 'पच्' धातोः कर्तर्यर्थे ण्वुलि (अके) पाचक इति। अत्र धातोः प्रत्ययस्य चार्थौ, तन्निरूपिता शक्तिर्वर्तते। योगरूढिरिति=शास्त्रकृत्कल्पितावयवार्थेषु अन्वितो यो विशेष्यभूतार्थस्तन्निरूपितं समुदायबोधकत्वं यत्र सा शक्तिः योगरूढिः। यथा पङ्कजपदे। अत्रावयवार्थानां 'पङ्के जायते' 'इत्यादीनां समुदायार्थस्य च युगपद्बोधो जायते। एवञ्च यत्रावयवशक्तिसमानाधिकरणा समुदायशक्तिस्तत्र योगरूढि.। यथाऽत्र पङ्कजनिकर्तृत्वान्वितं विशेष्यं पद्ममिति भावः। ननुः पङ्कजपदादपि कदाचिल्लक्षणया कुमुदबोध इष्ट एव। तथा च सर्वसाधारणी शक्तिरेवास्तु, पद्मत्वविशिष्टरूपार्थविशेषपरतायां तु लक्षणैवास्तु, किं समुदायशक्त्याऽत आह—पद्म इति। एवञ्चात्र लक्षणाया बीजाभाव एव बोध्यः। केवलरूढ्यर्थबोधमाह-भूमौ पङ्कजमिति। अत्र पङ्के जायते इति योगार्थस्य बाधः। केवलयोगार्थमाह—कल्हारम्=सौगन्धिकं ह्रस्वकमलम्। कैरवम्=कुमुदम्, मुखेषु=प्रभृतिषु। अत्र 'पङ्केजायते' इति योगार्थं एव कल्हारकैरवादौ न तु रूढिरिति भावः। भाष्ये इति। "आर्हाद्" (पा० सू० ६।१।१९) इति सूत्रे भाष्ये परिमाणशब्दस्य सर्वतो माने प्रस्थादौ योगरूढिरित्युक्त्वा "तदस्य परिमाणम्" (पा०सू०५।१।५७) "सङ्ख्यायाः संज्ञा" (पा० सू० ५।१।५८) इति सूत्रयोर्विशेष्यविशेषणभावानुपपत्तिमाशङ्क्य "वचनादीयती विवक्षा भविष्यती" त्युक्तम्। "रूढिपरित्यागेन परिच्छेदकत्वमात्रमाश्रयिष्यत इत्यर्थः" इति कैयटः।

शक्ति के तीन भेद और उनका स्वरूप—

और वह (वैयाकरणों में प्रसिद्ध) शक्ति तीन प्रकार की है—(१) रूढि, (२) योग और (३) योगरूढि । १:—शास्त्र में कल्पित अवयवों के अर्थ का भान न होते हुये समुदाय के अर्थ की बोधिका शक्ति रूढि है । जैसे—मणि और नूपुर आदि में । (इनमें, मण् धातु और इन् प्रत्यय का अलग-अलग कोई अर्थ नहीं है । समुदाय से रत्नविशेष का ज्ञान होता है । इसी प्रकार नू तथा पुर का अलग-अलग कोई अर्थ नहीं है । समुदाय से ही पैरों में पहने जाने वाले आभूषणविशेष का ज्ञान होता है ।) २:—शास्त्र में कल्पित अवयवों के अर्थ की प्रतिपादिका शक्ति योग है । जैसा—पाचक आदि में है । (पाचक शब्द में पच् धातु का अर्थ पाकक्रिया और ण्वुल् = अक प्रत्यय का अर्थ कर्त्ता है । इस प्रकार पाक-क्रिया-कर्त्ता—यह अवयवों का अर्थ प्रतीत होता है ।) ३:—शास्त्र में कल्पित अवयवों के अर्थों से अन्वित (सम्बद्ध) विशेष्यभूत अर्थ की प्रतिपादक शक्ति योगरूढि है । जैसा—पङ्कज पद में है । क्योंकि यहाँ पङ्कजनिकर्त्ता पद्म (पङ्क में जन्म लेने वाला पद्म)—यह बोध होता है । (अर्थात् जहाँ अवयवशक्ति की समानाधिकरण समुदाय शक्ति है, जैसे—पङ्कात् जायते इति पङ्कजम् = पङ्क से जन्म लेने वाला (जनि का कर्ता) पद्म—यह अर्थ अवयवों एवं समुदाय दोनों से प्रतीत होता है । ऐसे स्थलों पर योगरूढि मानी जाती है ।) (पङ्कज शब्द लक्षणा द्वारा पद्म = कमल अर्थ का बोध कराये, योगरूढि मानने की कोई आवश्यकता नहीं है—ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि तात्पर्य—) अनुपपत्ति के प्रतिसन्धान के विना और (शक्य के) सम्बन्ध के प्रतिसन्धान के विना पद्म में लक्षणा करने का कोई अवसर नहीं है । 'भूमि में पङ्कज उत्पन्न हुआ' 'कह्लार = सुगन्धयुक्त छोटा कमल, कैरव = कुमुद, मुख = आदि पङ्कजों में' इत्यादि में कहीं-कहीं तात्पर्य-बोधक के कारण केवल रूढ्यर्थ का और कहीं केवल योगार्थ का ज्ञान होता है । (प्रथम उदाहरण में केवल रूढ्यर्थ = पद्म का और द्वितीय में केवल योगार्थ = पङ्क से उत्पन्न होने वाले का बोध होता है ।) और यह (तात्पर्यवश योगार्थ या रूढ्यर्थ किसी एक का बोध होना) "आर्हाद्" (पा० सू० ६।१।१९) सूत्र भाष्यमें स्पष्ट किया गया है ।

अश्वगन्धादिपदमोषधिविशेषे रूढम्, अश्वसम्बन्धिगन्धवत्तया वाजिशालाबोधे यौगिकम् । इदं यौगिकरूढमित्युच्यते । एवं मण्डपपदं गृहविशेषे रूढं, मण्डपानकर्त्तरि यौगिकम् ।

अर्थभेदाच्छब्दभेद इति मते उक्तान्तर्भावसम्भवान्न तुरीयोऽतिरिक्तः शब्द इति नैयायिकाद्युक्तश्चतुर्धा तद्विभागोऽसमीचीन अत आह—अश्वगन्धेति । 'गन्धो गन्धक' इत्यादि-कोशानुसारं सम्बन्धार्थको गन्धशब्दोऽत आह—अश्वसम्बन्धीति । अश्वस्य

सम्बन्धिगन्धवत्तयाऽयं शब्दो वाजिशालाया अपि बोधकमिति भावः। लघुमञ्जूषायान्तु—"अश्वसम्बन्धवत्तया वाजिशालाबोधे" अत्र तु "अश्वसम्बन्धिगन्धवत्तया वाजिशालाबोधे यौगिकम्" इति पाठः। इदमेव नैयायिकादिभिर्योगरूढत्वेनाङ्गीक्रियते। अर्थभेदेऽपि शब्दैक्यमिति मतेन समानाकारत्वमात्रेण चाह—इदमिति। इदमेवेत्यर्थः। नत्वतिरिक्तः स तद्भेद इति भावः।

अश्वगन्धा आदि पद औषधिविशेष अर्थ में रूढ हैं, अश्वसम्बन्धी गन्धवाला होने से 'अश्वशाला' के बोध में यौगिक हैं। यह यौगिकरूढ कहा जाता है। इसी प्रकार मण्डप पद गृहविशेष अर्थ में रूढ है और मण्डप=मांड़ पीने वाला—इस अर्थ में यौगिक है। (इस लिए यह यौगिकरूढ कहा जाता है। अतः अतिरिक्त भेद मानने की आवश्यकता नहीं है।)

सैषा शक्तिः संयोगादिभिर्नानार्थेषु नियम्यते।

तदुक्तं हरिणा—

संयोगो विप्रयोगश्च साहचर्यं विरोधिता।
अर्थः प्रकरणं लिङ्गं शब्दस्यान्यस्य सन्निधिः॥
सामर्थ्यमौचिती देशः कालो व्यक्तिः स्वरादयः।
शब्दार्थस्यानवच्छेदे विशेषस्मृतिहेतवः॥ इति॥

[वा० प० २।३१७, ३१८]

एते संयोगादयो नानार्थेषु शब्देषु शब्दार्थस्यानवच्छेदे=सन्देहे तदपाकरणद्वारा विशेषार्थनिर्णायका इति तदर्थः।

पूर्वं बोधे तात्पर्यग्राहकमुक्तं किं तदित्याकाङ्क्षायां प्रसिद्धानि तानि निरूपयितुमाह—सेति। त्रिविधेति भावः, नानार्थेषु=नानार्थकशब्देषु, नियम्यते=नियन्त्रिता क्रियते। हरिणा=भर्तृहरिणा वाक्यपदीये इति शेषः। संयोगः=प्रसिद्धः सम्बन्धः, इदञ्च उदाहरणे स्पष्टम्। विप्रयोगः=प्रसिद्धसम्बन्ध-विच्छेदः, साहचर्यम्=सादृश्यम्, न तु सहचरणं, भाष्यविरोधात्। अन्ये काव्यप्रकाशकारादयः—साहचर्यम्=सहचरणम्, एकत्र कार्ये प्रसिद्धं परस्परसापेक्षत्वमित्याहुः। तद् भाष्यविरोधान्न समीचीनम्। सहचरस्य भावः साहचर्यम्, सहचरणं च प्रायेण सदृशयोः सदृशानामेव वा दृष्टमिति साहचर्यशब्देन सादृश्यमुच्यते। विरोधिता=विरोधः, अर्थः=पदार्थः, अत्रार्थपदेनान्यथा साध्यं प्रयोजनमपि बोध्यम्। प्रकरणम्=वक्तृश्रोतृबुद्धिः, लिङ्गम्=संयोगातिरिक्तसम्बन्धेन सम्बद्ध इतरव्यावर्तको धर्मविशेषः, एकशब्दगतः साक्षाद् शब्दवेद्यो धर्मविशेष इति यावत्। सन्निधिः=नानार्थकपदस्यैकार्थमात्रवाचक-पदसमभिव्याहारः।

सामर्थ्यम् = कारणत्वम्, तच्च द्विविधं शब्दगतमर्थगतञ्च। औचिती = योग्यता। देशः = ग्रामादिः। कालः = दिवसादिः। व्यक्तिः = पुंनपुंसक-स्त्रीत्वानि। स्वरः = उदात्तादयः। आदिशब्देन षत्व-सत्व-णत्व-नत्वादीनि बोध्यानि। स्वयं व्याख्यातुमुपक्रमते – एते इति। संयोगादयः नानार्थकेषु शब्देषु शब्दार्थस्य अनवच्छेदे = अनिश्चये, अत्र कतमोऽर्थः ग्राह्यः? इत्याकारके सन्देहे सति तदपाकरणद्वारा = तन्निवारणपूर्वकं विशेष-स्मृतिहेतवः = विशेषार्थस्य निर्णायका भवन्ति। परेतु—एषु सामर्थ्यमेवैकं मुख्यं निर्णायकं संयोगादयस्तद्-व्यञ्जकप्रपञ्चः, तैः सामर्थ्यस्यैवाभिव्यक्तेरित्याहुः।

शक्ति के नियामक—

यह (वाच्यवाचकभाव) शक्ति नानार्थक शब्दों में संयोगादि (निम्नलिखित कारणों) के द्वारा (किसी एक अर्थ में) नियमित कर दी जाती है। जैसा कि भर्तृहरि ने कहा है—

(१) संयोग (२) विप्रयोग (३) साहचर्य=सादृश्य या एक काल एक देश में स्थित होना (४) विरोधिता = विरोध (५) अर्थ=प्रयोजन (६) प्रकरण= वक्ता श्रोता का बुद्धिस्थ होना (७) लिङ्ग=संयोग से भिन्नसम्बन्ध से सम्बद्ध, अन्य पक्ष का व्यावर्तक धर्मविशेष (८) अन्य शब्द की सन्निधि=सन्निधान (९) सामर्थ्य= कारणता (१०) औचिती=योग्यता (११) देश=ग्रामादि स्थान (१२) काल= समय (१३) व्यक्ति=पुँल्लिङ्गत्व स्त्रीलिङ्गत्व आदि (१४) (उदात्त आदि) स्वर आदि—(ये) अनेकार्थक शब्दों के अनवच्छेद=सन्देह में विशेष अर्थ की स्मृति= बोध में हेतु (होते) हैं।

ये संयोगादि नानार्थक शब्दों में किसी शब्द के अर्थ का अनवच्छेद=सन्देह होने पर उसे दूर करते हुये विशेष अर्थ के निर्णायक होते हैं। यह इन (दोनों कारिकाओं) का अर्थ है।

संयोगविप्रयोगयोरुदाहरणे सवत्सा धेनुरवत्सा धेनुरिति। साहचर्यस्य रामलक्ष्मणाविति। साहचर्यं सादृश्यं सदृशयोरेव सहप्रयोग इति नियमात्। रामार्जुनगतिस्तयोरित्यादौ विरोधेन तत्। 'अञ्जलिना जुहोति' 'अञ्जलिना सूर्यमुपतिष्ठत' इत्यत्र जुहोतीत्यादिपदार्थवशाद् अञ्जलिपदस्य तत्तदाकाराञ्जलिपरत्वम्। सैन्धवमानयेत्यादौ प्रकरणेन तत्। 'अक्ताः शर्करा उपदधाति' इत्यादौ 'तेजो वै घृतम्' इति घृतस्तुतिरूपाल्लिङ्गादक्ता इत्यस्य घृतसाधनकाञ्जनपरत्वम्। रामो जामदग्न्य इति जामदग्न्यपदसन्निधानाद्रामः = परशुरामः। 'अभिरूपाय कन्या देया' इत्यादौ अभिरूपतरायेति सामर्थ्यात् प्रतीयते।

यश्च निम्बं परशुना यश्चैनं मधुसर्पिषा ।
यश्चैनं गन्धमाल्याद्यैः सर्वस्य कटुरेव सः ।।

इत्यत्रौचित्यात् परशुनेत्यस्य छेदनार्थत्वम्, मधुसर्पिषा इत्यस्य सेचनार्थत्वम्, गन्धमाल्याद्यैरित्यस्य पूजनार्थत्वम् । 'भात्यत्र परमेश्वर' इत्यत्र राजधानीरूपदेशात्परमेश्वरपदं राजबोधकम् । चित्रभानुर्भातीत्यादौ रात्रावग्नौ दिवा सूर्ये । व्यक्तिलिङ्गम् । मित्रो भाति मित्रं भातीत्यादावादौ सूर्योऽन्त्ये सुहृत् । स्थूलपृषतीमित्यादौ स्वरात्तत्पुरुषबहुव्रीह्यर्थनिर्णयः ।

।। इति शक्तिनिरूपणम् ।।

एतेषां संयोगादीनामुदाहरणानि प्रदर्शयति—संयोग इति । धेनुशब्दस्य नवप्रसूतामात्रवाचकत्वेनेदमुक्तम् । यदाऽयं धेनुशब्दो नवप्रसूतगवीमात्रवाचक उच्यते तदा 'सशङ्खचक्रो हरिरि' त्युदाहरणान्तरं बोध्यम् । अवत्सा धेनुरित्यत्र निषेधस्य प्राप्तिपूर्वकत्वात् प्राप्तेश्च गव्येव सम्भवाद् 'अवत्सा' इत्यनेनापि गौरेवोच्यते । रामलक्ष्मणाविति । सदृशयोरेव सहचरणस्य दृष्टत्वात् लक्षणादिना साहचर्यशब्दस्य सादृश्यार्थकत्वमुच्यते । अत्र दशरथापत्यत्वरूपसादृश्यम् । रामार्जुनगतिस्तयोरित्यत्र परस्परं विरोधेनोभयोर्नियमनं तेन परशुरामकार्तवीर्ययोर्बोधः । पदार्थवशात्=तत्पदानामर्थवशात् अञ्जलिशब्दो विभिन्नाकारकाञ्जलीन् बोधयति । प्रकरणेनेति । 'सैन्धवमानय' इति वाक्ये भोजनप्रकरणे प्रयुक्ते सति लवणं यात्राप्रकरणे चाश्वं बोधयति । तत्=तात्पर्यनियनमित्यर्थः । अक्ता इति । यद्यपि अक्ताः शब्देनाञ्जनविशिष्टा इति सामान्यार्थं एव बोध्यते तेन तैल-घृतोभयाञ्जनपरकत्वं तथापि "तेजो वै घृतम्" इत्यनेन घृतस्तुतिरूपलिङ्गेन 'अक्ता' इत्यस्य घृतसाधनकाञ्जनपरकत्वं बोध्यते । अस्य प्रसिद्धमुदाहरणं 'कुपितो मकरध्वजः' इत्यत्र समुद्रव्यावृत्तात् कोपात् कामदेवार्थे नियमनमिति बोध्यम् । राम इति । अत्र भृगुपुत्रार्थकसमानाधिकरण-जामदग्न्यपदसन्निधानात् 'राम' शब्दः परशुरामरूपमर्थं बोधयति । अभिरूपेति । कन्या तु सुन्दरायैव वराय प्रदीयतेऽतः 'अभिरूपाय कन्या देया' इत्यत्राभिरूपशब्दसामर्थ्यादभिरूपतरोऽर्थः बोध्यते ।

यश्चेति । अत्रपद्ये परशोः करणकारकत्वेनानेककियाविषयकसन्देहे योग्यतयाऽध्याहारेण छेदनक्रियान्वयित्वम् । एवमेव 'मधुसर्पिषा' इत्यस्यापि कारकत्वेन क्रियासन्देहे योग्यतयाऽध्याहारेण सेचनक्रियान्वयित्वम्,गन्धमाल्याद्यैरित्यत्र च पूजनक्रियान्वयित्वं बोध्यम् । तथा च योग्यतावशादेव तत्तदर्थाः प्रतीयन्ते । परमेश्वर इति । 'अत्र' शब्दो राजधानीरूपदेशार्थे प्रयुक्तस्तेन परमेश्वरशब्दो राज्ञो बोधकम् । चित्रभानुर्भातीति । यदा रात्रौ प्रयुज्यते तदाऽग्निरूपोऽर्थः; यदा दिने तदा सूर्यरूपोऽर्थः प्रतीयते । मित्र इति । पुलिङ्गत्वे सूर्यरूपोर्थः नपुंसकत्वे सुहृद्रूपोऽर्थः । स्थूलपृषतीमिति । 'स्थूलपृषतीमाग्निवारुणी-

मनड्वाहीमालभेत' इत्यत्र 'स्थूलपृषतीशब्दे सन्देहः—स्थूला चासौ पृषती च—इति तत्पुरुषः अथवा स्थूलानि पृषन्ति यस्याः सा—इति बहुव्रीहिः। अत्र निर्णयार्थं स्वरो द्रष्टव्यः। यदि पूर्वपदस्य (स्थूलशब्दस्य) प्रकृतिस्वरस्तदा बहुव्रीहिः "बहुव्रीहौ प्रकृत्या पूर्वपदम्" (पा० सू० ६।२।१) इति नियमात्। यदि चान्तोदात्तस्तदा तत्पुरुषः, "समासस्य" (पा० सू० ६।१।२२३) इति नियमात्। अत्र च पूर्वपदस्य प्रकृतिस्वरः (अन्तोदात्तः स्थूलशब्दः), तेन बहुव्रीह्यर्थनिर्णयः। आदिपदेन गृहीतानामुदाहरणानि—'सुसिक्तम्' इत्यत्र 'सुः पूजायाम्' (पा० सू० १।४।९४) इति कर्मप्रवचनीयत्वात् उपसर्गत्वाभावान्न षत्वम्। सुषिक्तमित्यत्रोपसर्गः पूजाभिन्नार्थकः। प्रणायक—इत्यत्र यदा 'प्र' शब्दो णीञ्धातुसम्बद्धस्तदोपसर्गत्वं तेन णत्वसिद्धिः। यदा च प्रशब्दस्य नायक-शब्देन सम्बन्धस्तदा क्रियावाचकशब्देन योगाभावान्नोपसर्गत्वं तेन च न णत्वम्। एवञ्चानेन प्रगतनायकवतो देशस्य बोधः।

॥ इति शक्तिनिरूपणम् ॥

नियामकों के उदाहरण

(१) संयोग का उदाहरण—सवत्सा धेनुः (बछड़े सहित गाय)।

(२) विप्रयोग का उदाहरण—अवत्सा धेनुः (बछड़े से रहित गाय)।

विमर्श—यद्यपि धेनु शब्द नवप्रसूतामात्र का वाचक है तथापि वत्स शब्द के संयोग या विप्रयोग से यह केवल गाय का वाचक माना जाता है क्योंकि वत्स—बछड़ा के होने न होने का अवसर गाय के साथ ही है। यदि धेनु शब्द केवल नवप्रसूता गाय का ही वाचक मानते हैं तो 'सशङ्खचक्रो हरिः, अशङ्खचक्रो हरिः' ये उदाहरण समझने चाहिये।

(३) साहचर्य का (उदाहरण है)—रामलक्ष्मणौ। साहचर्य=सादृश्य, क्योंकि सदृशों का ही साथ साथ प्रयोग होता है, यह नियम है। (४)(विरोध का उदाहरण-) 'राम और अर्जुन के समान उनकी स्थिति है' इत्यादि में (दोनों के परस्पर) विरोध के कारण वह (अर्थ का नियमन) होता है। (परस्पर विरोध के कारण ही रामसे परशुराम का और अर्जुन से कार्तवीर्य का बोध होता है।) (५) 'अञ्जलि से हवन करता है' 'अञ्जलि से सूर्य का उपस्थान करता है,' इनमें 'जुहोति' एवम् 'उपतिष्ठते' इन पदों के अर्थों के कारण अञ्जलि पद उन विशेष आकारवाली अञ्जलियों का बोधक होता है। (अर्थात् हवन करते समय और उपस्थान करते समय अञ्जलि कैसी होनी चाहिये इसका निर्णय साथ में प्रयुक्त क्रियावाचक पद ही करते हैं। अतः अञ्जलि शब्द विशेष विशेष रूप वाली अञ्जलि का बोधक है।) (६) (प्रकरण का उदाहरण—) 'सैन्धव को लाओ' यहाँ प्रकरण के द्वारा वह (अर्थ-नियमन) होता है। (भोजन के

प्रकरण में सैन्धव का अर्थ नमक और यात्रा के प्रकरण में घोड़ा होता है।) (७) (लिङ्ग का उदाहरण—) 'अक्ताः=मिली हुयी शर्कराओं=कंकणों का उपधान करता है' इत्यादि में 'घृत तेज (को बढ़ाने वाला होता है)'—इस घृत के प्रशंसारूप लिङ्ग से 'अक्ताः' यह पद घृतरूप साधनवाले अञ्जन=लेप का बोधक होता है। (अर्थात् घृत से मिले हुये कंकणों का उपधान करे, यह अर्थ होता है।

(८) (अन्य पद के सन्निधान का उदाहरण—) 'रामः जामदग्न्यः (जमदग्नि-पुत्र राम) इसमें जामदग्न्य पद के सन्निधान से राम=परशुराम (माना जाता है)।

(९) सामर्थ्य का उदाहरण—'अभिरूप=सुन्दर रूपवाले को कन्या देनी चाहिये' आदि में सामर्थ्य के कारण अभिरूपतर=सुन्दरतर को (देनी चाहिये)—यह अर्थ होता है (चूँकि कन्या सुन्दर वर को ही दी जाती है अतः उसी का पुनः कथन सुन्दर-तर अर्थ का बोधक हो जाता है।)

(१०) (औचिती=योग्यता का उदाहरण—) जो नीम को फरसे से (काटता है।), और जो इस नीम को मधु एवं घृत से (सींचता है।) और जो इस नीम को गन्ध माला आदि से (पूजता है)—(इन) सभी के लिये यह (नीम) कड़ुवा ही रहता है।

इस में औचिती=योग्यता के कारण 'परशुना' इसका छेदन अर्थ होता है (भाव यह है कि इस श्लोक के पदों में करण में तृतीया हुयी है। करण कारक है। क्रिया के साथ अन्वय होना है। तत्तत् पदार्थों की योग्यता के अनुरूप क्रियाओं की प्रतीति होती है। इसलिये अनेक क्रियाओं का अर्थ प्रतीत होता है।) 'मधुसर्पिषा' इसका सेचन अर्थ होता है और 'गन्धमाल्याद्यैः' इसका पूजन अर्थ होता है (क्योंकि योग्यता के कारण इन्हीं क्रियाओं के साथ करण का अन्वय संगत होता है।

(११) (देश=स्थान का उदाहरण—) 'यहाँ (राजधानी में) परमेश्वर शोभित होता है' इत्यादि में राजधानीरूप स्थान के कारण 'परमेश्वर' पद राजा का बोधक होता है। (परब्रह्म का बोधक नहीं है।)

(१२) (काल का उदाहरण—) 'चित्रभानु चमकता है'—यहाँ (चित्रभानुशब्द) रात्रि में अग्नि अर्थ में और दिन में सूर्य अर्थ में (प्रयुक्त है)।

(१३) (व्यक्ति=पुँल्लिङ्ग आदि का उदाहरण—) 'मित्रो भाति', 'मित्रं भाति' इत्यादि में प्रथम में (पुँल्लिङ्ग के कारण) सूर्य अर्थ और अन्तिम में (नपुंसक लिङ्ग के कारण) सुहृद अर्थ है।

(१४) (स्वर का उदाहरण—) स्थूलपृषती-(मनड्वाहीमालभेत)—इत्यादि में स्वर से तत्पुरुष या बहुव्रीहि के अर्थ का निर्णय होता है। (यदि स्थूलपृषती शब्द अन्तोदात्त है तो तत्पुरुष—स्थूला चासौ पृषती च, और मत्वर्थ में लक्षणा है। और

यदि पूर्वपद का प्रकृतिस्वर है अर्थात् स्थूलशब्द अन्तोदात्त है तो बहुव्रीहि है—स्थूलानि पृषन्ति यस्याः सा—यह विग्रह है।)

विमर्श—भर्तृहरि ने उक्त कारिकाओं में चौदह नियामकों का स्पष्ट उल्लेख करते हुये भी 'आदि' पद का प्रयोग किया है—स्वरादयः। इससे अन्य सभी नियामकों एवं निर्णायकों का संग्रह हो जाता है। षत्व होने और णत्व होने से भी अर्थ परिवर्तित हो जाते हैं, जैसे—सुसिक्तम्—यहाँ 'सु' कर्मप्रवचनीय है। अतः प्रशंसा अर्थ प्रतीत होता है और उससे भिन्न स्थल पर उपसर्ग मानकर षत्व होने पर सुषिक्तम् इसमें निन्दा प्रतीत होती है। इसी प्रकार 'प्रणायकः' 'प्र' उपसर्ग का नीधातु के साथ सम्बन्ध होने से णत्व होता है—प्रणयनक्रिया का कर्ता यह अर्थ होता है और णत्व न होने पर 'प्रनायकः' इससे प्रगतनायकवाले देश का बोध होता है। कहीं-कहीं वक्ता एवं श्रोता आदि की प्रतिभा से भी अन्य अर्थ की प्रतीति होने लगती है।

॥ इस प्रकार शक्तिविवेचन समाप्त हुआ ॥

[अथ लक्षणानिरूपणम्]

ननु लक्षणा कः पदार्थः ? इति चेत्,

अत्र तार्किकाः—

स्वशक्यसम्बन्धो लक्षणा। सा च द्विधा—गौणी शुद्धा च। स्वनिरूपितसादृश्याधिकरणत्वसम्बन्धेन शक्यसम्बन्ध्यर्थप्रतिपादिका गौणी। तदतिरिक्तसम्बन्धेन शक्यसम्बन्ध्यर्थप्रतिपादिका शुद्धा। प्रकारान्तरेणापि सा द्विविधा—अजहत्स्वार्था जहत्स्वार्था च। स्वार्थसंवलितपरार्थाभिधायिकाऽजहत्स्वार्था। तेन छत्रिणो यान्ति, कुन्तान् प्रवेशय, यष्टीः प्रवेशय, काकेभ्यो दधि रक्ष्यतामित्यादौ छत्रिसहितसेना-कुन्तास्त्रसहितपुरुष-यष्टिसहितपुरुष-काकसहितसर्वदध्युपघातकबोधः।

स्वार्थपरित्यागेनेतरार्थाभिधायिकाऽन्त्या। तत्परित्यागश्च शक्यार्थस्य लक्ष्यार्थान्वयिनाऽनन्वयित्वम्। तेन गां वाहीकं पाठयेत्यादौ गोसदृशलक्षणायामपि न गोस्तदन्वयिपाठनक्रियान्वयित्वम्।

शाब्दिकसम्मतां शक्तिं तद्भेदान् अर्थनिर्णयहेतूंश्च निरूप्य वृत्तेर्द्वितीयभेदं लक्षणां निरूपयति—नन्विति। अत्र 'तार्किका' इत्यस्य दूरस्थेन "आहुरि"त्यनेन सम्बन्धः। नैयायिकाभिमतं लक्षणास्वरूपमाह—स्वेति। अत्र 'शक्यसम्बन्धो लक्षणा' इति तत्स्वरूपम्। लाक्षणिकत्वेनाभिमतं पदं 'स्व' शब्देन ग्राह्यम्; एवञ्च स्वस्य=लाक्षणिकस्यार्थस्य, शक्येन=शक्त्योपस्थितार्थेन सह, सम्बन्धः=सामीप्यादिः, स लक्षणा।

यदा 'शक्यसम्बन्ध' इत्येवोच्यते तदा शक्यस्य = शक्त्योपस्थितस्यार्थस्य, सम्बन्धः = सामीप्यादिः लाक्षणिकेन सहेति बोध्यम्। समन्वयश्च-गङ्गायां घोष इत्यत्र गङ्गापदस्य प्रवाहविशेषरूपे शक्यार्थे घोषस्यान्वयानुपपत्तिस्तात्पर्यानुपपत्तिर्वा यत्र प्रतिसन्धीयते तत्र लक्षणया तटरूपस्यार्थस्य बोधः। विस्तरस्त्वन्यत्रानुसन्धेयः। सा=लक्षणा। स्वम्=शक्यम्, तन्निरूपितं यत् सादृश्यम्, तस्य अधिकरणत्वसम्बन्धेन शक्यसम्बद्धस्यार्थस्य प्रतिपादिका गौणी। सादृश्यसम्बन्धेन योऽर्थः शक्यसम्बद्धस्तस्य लक्ष्यार्थस्य प्रतिपादिका गौणीत्यर्थः। सादृश्यातिरिक्तसम्बन्धेन सामीप्यादिरूपेण शक्यसम्बद्धो यो लक्ष्यार्थस्तत्प्रतिपादिका शुद्धेति भेदद्वयवती लक्षणा सम्पद्यते। प्रकारान्तरेणापीति। अपिः पूर्वसमुच्चये। सा=गौणी शुद्धा च द्विविधा=द्विविधापि लक्षणा प्रत्येकं पुनर्भेदद्वयवतीति बोध्यम्। (१) जहत्स्वार्था=जहति (=परित्यजन्ति) स्वानि (=पदानि) यम् (अर्थम्) स जहत्स्वः (अर्थः), जहत्स्वोऽर्थो यस्यां (लक्षणायां) सा जहत्स्वार्था, (२) जहत्स्वार्था न भवतीति—अहजत्स्वार्था। एवं च शक्तपदानामर्थस्यागात्यागाभ्यां द्वैविध्यम्। तत्राद्यामाह--स्वार्थेति। स्वम्=शक्यम्, तस्यार्थेन संवलितो विशिष्टो यः परार्थः = लक्ष्यार्थः, तस्याभिधायिका=प्रतिपादिकाऽजहत्स्वार्था। शक्त्यार्थापरित्यागेनान्यार्थलक्षणमजहत्स्वार्था। शक्यार्थस्यापरित्यागश्च—शक्यार्थस्य येन केनापि रूपेण लक्ष्यार्थान्वयिनाऽन्वयित्वम्। तेन = शक्यलक्ष्योभयसाधारणरूपेण लक्ष्यार्थान्वयिना शक्यार्थान्वयित्वस्यैव 'स्वार्थसंवलित' पदार्थत्वेन (=अत्यागपदार्थत्वेन)। छत्रिणो यान्तीत्यत्र एकसार्थवाहित्वेन रूपेण यथा लक्ष्याणामच्छत्रिणां—गमनेऽन्वयो भवति तथैव शक्यानां छत्रिणामपि। एवञ्च स्वार्थसंवलितपरार्थस्य बोधेनाजहत्स्वार्थात्वमुपपद्यते। कुन्तान् प्रवेशयेत्यादौ कुन्तधारिणि पुरुषे संयोगेन कुन्तो विशेषणम्, एवञ्च प्रवेशक्रियायां यथा लक्ष्याणां कुन्तधारिणामन्वयस्तथैव कुन्तानामपि कुन्तवद्विशेषणतयान्वयो भवति। एवमेव यष्टीः प्रवेशयेत्यादावपि यष्टिवद्विशेषणतया यष्टीनामपि अन्वयः सूपपाद्यः। काकेभ्यो दधि रक्ष्यतामित्यादावपि काकपदस्य दध्युपघातकत्वावच्छिन्ने लक्षणया लक्ष्यतावच्छेदक-दध्युपघातकत्वरूपेण विडालादीनामिव काकस्यापि अन्वयादेषु सर्वेषु अजहत्स्वार्थेवेति बोध्यम्। अत्र सर्वत्र स्व (=शक्य-)-अर्थ-सम्वलित-पर-(लक्ष्य)-अर्थाभिधायिकत्वेनाजहत्स्वार्थेवेति सिद्धमिति भावः।

जहत्स्वार्थामाह—स्वार्थेति। स्वार्थः=शक्यार्थः, शक्यार्थपरित्यागपूर्वकं लक्ष्यार्थाभिधायिकत्वं जहत्स्वार्थात्वम्। तत्परित्यागश्च = शक्यार्थस्य परित्यागश्च। लक्ष्यार्थान्वयिना=यस्मिन् क्रियादौ लक्ष्यार्थस्यान्वयो भवति तेन, अनन्वयित्वम्=अन्वयाभावः। तेन=उक्तार्थस्वीकारेण, तदन्वयिपाठनक्रियान्वयित्वम्=लक्ष्यार्थगोसदृशान्वयिनी पाठनक्रिया, तस्यामन्वयित्वम्।

लक्षणा का विवेचन—

लक्षणा कौन पदार्थ है ? (लक्षणा किसे कहते हैं ?) यदि ऐसा (प्रश्न करते हो) तो इस (प्रश्न के उत्तर) में नैयायिक कहते हैं—

स्व के शक्य का सम्बन्ध लक्षणा है।

विमर्श—लाक्षणिक रूप से जो अभिप्रेत है उस शक्त काग्रहण 'स्व' शब्द से करना चाहिये। जैसे—'गङ्गायां घोषः' यहाँ लाक्षणिकरूप से अभिप्रेत गङ्गा पद है, इसका अर्थ=शक्य है जलप्रवाहविशेष, उसके साथ तट का जो सामीप्य सम्बन्ध है, वही लक्षणा है। और लक्षणावृत्ति के द्वारा गङ्गापद तट अर्थ का बोध करवाता है।

अनु०—और वह लक्षणा दो प्रकार की होती है—(१) गौणी और (२) शुद्धा। स्व=शक्यार्थ से निरूपित सादृश्य के अधिकरणत्व-सम्बन्ध से शक्यसम्बन्धी अर्थ का प्रतिपादन (बोधन) कराने वाली गौणी है। (अर्थात् शक्यार्थ का सादृश्य मानकर उस सादृश्यसम्बन्ध से जो शक्यार्थ से सम्बद्ध है उसका प्रतिपादन करने वाली गौणी लक्षणा कही जाती है।) इस (सादृश्य) से भिन्न सम्बन्ध से शक्यसम्बन्धी अर्थ का प्रतिपादन करने वाली शुद्धा है। वह (लक्षणा) अन्य प्रकार से भी दो तरह की होती है—(१) अजहत्स्वार्था और (२) जहत्स्वार्था। स्व=शक्य के अर्थ से संवलित= विशिष्ट परार्थ=लक्ष्यार्थ का अभिधान=बोधन कराने वाली अजहत्स्वार्था है।

विमर्श—शक्यार्थ एवं लक्ष्यार्थ इन दोनों का क्रिया आदि में अन्वय होने पर अजहत्स्वार्था भेद माना जाता है। जहति स्वानि (=पदानि) यम् (=अर्थम्) सः जहत्स्वः, जहत्स्वः (पदकर्तृकत्यागकर्मीभूतः) अर्थो यस्यां (लक्षणायां) सा—जहत्स्वार्था। पद जिस अर्थ को छोड़ देते हैं वह अर्थ जहत्स्वः है, ऐसा अर्थ जिस लक्षणा में होता है वह जहत्स्वार्था लक्षणा है। और जहत्स्वार्था न भवति-इति—अजहत्स्वार्था। इन अर्थों के आधार पर ही उदाहरणों का समन्वय करना चाहिये।

अनु०—ऐसा मानने से (१) 'छतरीवाले जाते हैं,' (२) 'भालों को प्रवेश कराओ' (३) 'यष्टिओं=छड़ियों को प्रवेश कराओ' (४) 'कौओं से दही की रक्षा करो'—इत्यादि में (१) छतरीवालों के सहित सेना, (२) कुन्त=भाला अस्त्र के सहित पुरुष, (३) यष्टियों=छड़ियों के सहित पुरुष, (४) कौओं के सहित सभी दधिविनाशकों (खाने वालों) का बोध (होता है)। (इन चारों उदाहरणों में छतरीवाले, कुन्त= भाला, यष्टि=छड़ी और कौआ—इन शक्य अर्थों के साथ (विशिष्ट) लक्ष्य अर्थ—छतरीरहित, कुन्तवाले, यष्टीवाले और बिल्ली आदि का अभिधान होता है। लाक्षणिक पद अपने शक्यार्थों का बोध कराते हुये ही लक्ष्यार्थ का भी बोध कराते हैं इसलिये अजहत्स्वार्था है।)

स्व=(लाक्षणिकत्वेन अभिमत शक्त) के अर्थ के परित्याग के साथ इतरार्थ= लक्ष्यार्थ का प्रतिपादन करनेवाली अन्त्य=जहत्स्वार्था (होती) है। और शक्यार्थ का परित्याग (का अर्थ है)—लक्ष्यार्थ के अन्वयी के साथ अन्वयी न होना। (अर्थात् जिस क्रिया आदि में लक्ष्यार्थ का अन्वय हो रहा है। उसी में शक्यार्थ का अन्वय न होने पर अर्थ का परित्याग हो जाने से जहत्स्वार्था है।) इससे 'गो बाहीक को पढ़ाओ' इत्यादि में गोसदृश में लक्षणा में भी गो (शक्यार्थ) का उस (लक्ष्यार्थ पुरुष) की अन्वयिनी पाठन क्रिया में अन्वय नहीं होता है। (अर्थात् बैल को नहीं पढ़ाया जाता है, बैल के सदृश बाहीक देश में होने वाले पुरुष को ही पढ़ाया जाता है।)

सा च लक्षणा तात्स्थ्यादिनिमित्तिका। तदाह—

तात्स्थ्यात्तथैव ताद्धर्म्यात्तत्सामीप्यात्तथैव च।
तत्साहचर्यात्तादर्थ्याज् ज्ञेया वै लक्षणा बुधैः॥ इति।

तात्स्थ्यान्मञ्चा हसन्ति, ग्रामः पलायितः। ताद्धर्म्यात्सिंहो माणवकः, गौर्वाहीकः। तत्सामीप्याद् गङ्गायां घोषः। तत्साहचर्याद्यष्टीः प्रवेशय। तादर्थ्यादिन्द्रार्था स्थूणा इन्द्रः।

लक्षणाया निमित्तानि निरूपयति—सा चेति। पूर्वोक्ता लक्षणा चेति भावः। तात्स्थ्यादिनिमित्तिका=तत्स्थितत्वादिकमाश्रित्य प्रवर्तते इति भावः। तत्=तात्स्थ्यादिनिमित्तिकत्वम्। तात्स्थ्यात्=तस्मिन् तिष्ठतीति तत्स्थः, तस्य भावस्तात्स्थ्यम्, तस्मात्, मञ्चा हसन्ति—इत्यत्र मञ्चे हासक्रिया बाधिता,अचेतनत्वात्। एवञ्च मञ्चेषु स्थितत्वात् पुरुषा लक्ष्यन्ते इति लक्षणया मञ्चस्थाः पुरुषा हसन्तीति बोधः। ग्रामः पलायित इत्यत्राप्यचेतनत्वेन ग्रामस्य धावनक्रियायामन्वयो बाधितः; ग्रामे स्थितत्वात् पुरुषाः लक्ष्यन्ते। एवञ्च ग्रामस्थाः पुरुषाः पलायिताइति बोधः। तस्य=सिंहस्य, धर्माः—शूरत्वक्रूरत्वादयः, तद्वत् धर्मा यस्य सस्तद्धर्मस्तस्यभावस्ताद्धर्म्यंतस्मात्। सिंहो माणवकः अत्रोभयोरभेदेनान्वयो बाधितः—यः सिंहः सो न माणवकः, यो माणवकः सो न सिंहः। एवञ्च सिंहे विद्यमानान् क्रूरत्व-शूरत्वादिधर्मान् माणवकेऽपि दृष्ट्वा लक्षणया सिंहसदृशो माणवक इति बोधः। एवमेव गौर्वाहीक इत्यत्राप्यभेदेनान्वयस्य बाधितत्वेन गोवृत्तिजाड्यमान्द्यादिधर्मान् बाहीकदेशोद्भवे पुरुषे दृष्ट्वा लक्षणया गोसदृशो बाहीक इति बोधः। गङ्गायां घोषः इत्यत्र शक्यार्थस्य जलप्रवाहविशेषस्य आभीरपल्लीरूपे घोषपदार्थे आधेयतयान्वयो बाधित इति तस्य (जलप्रवाहविशेषस्य) सामीप्यात् गङ्गाशब्दो लक्षणया तीरं बोधयति। गङ्गातीरे घोष इति बोधः। यष्टीः प्रवेशयेत्यत्राचेतनतया यष्टीनां प्रवेशनक्रियायामन्वयो बाधित इति सहचरणमाश्रित्य लक्षणया यष्टिधारिणः पुरुषान्

प्रवेशयेति बोधः। तस्मै इदं तदर्थम्, तस्य भावस्तादर्थ्यम्। स्थूणा=यज्ञीयस्तम्भः, 'स्थूणा इन्द्रः' इत्यत्रोभयोरभेदान्वयो बाधितः। इन्द्रोद्देश्यकयागीयपशुबन्धनस्योपकारकतया इन्द्रोपकारकत्वे पर्यवसानात् लक्षणया इन्द्रोपकारकत्वमर्थः। एवञ्च 'इन्द्रोपकारिका स्थूणा' इति बोधः। अत्र कारिकायां तत्पदेन शक्यार्थस्यैव ग्रहणमिति बोध्यम्।

लक्षणा के अनेक निमित्त—

और वह लक्षणा तात्स्थ्य (उस पर स्थित होना) आदि निमित्तों वाली (होती है)। जैसा कि कहा गया है—

(१) तात्स्थ्य=उस पर स्थित होना, (२) उसके समान धर्मवाला होना इसी प्रकार (३) उसके समीप होना, (४) उसका साहचर्य=साथ होना और (५) तादर्थ्य=उसके लिये होना—इन (५ निमित्तों) से विद्वानों को लक्षणा समझनी चाहिये।

(क्रमशः उदाहरण—)

(१) उस पर स्थित होने से (लक्षणा का उदाहरण है)—'मचान हँस रहे हैं' (यहाँ मञ्च=मचान की मञ्चस्थित पुरुषों में लक्षणा की जाती है। इसी प्रकार) 'गाँव भाग गया' (यहाँ ग्राम की लक्षणा ग्राम में रहने वाले पुरुषों में होती है। इसलिये गाँव में रहने वाले पुरुष भाग गये—यह बोध लक्षणा से होता है।)

(२) उस (शक्य) के समान धर्म=विशेषताओं वाला होने से (लक्षणा का उदाहरण है)—'माणवक सिंह (है'। यहाँ सिंह में रहने वाले पराक्रम शक्ति आदि धर्मों के समान धर्म माणवक=ब्रह्मचारी में भी है। अतः लक्षणा द्वारा सिंह पद सिंहसदृश का बोध कराता है—सिंहसदृश माणवक। इसी प्रकार) बाहीक देशवाला गो=बैल है। (यहाँ भी बैल में रहने वाले सरलता मूर्खता आदि धर्मों के समान धर्म बाहीकदेशोत्पन्न व्यक्ति में भी हैं। अतः गोशब्द लक्षणा द्वारा गोसदृश पुरुष का बोध कराता है। संस्कृत में गो शब्द गाय तथा बैल दोनों के लिये प्रयुक्त होता है। अतः यहाँ पुंल्लिङ्ग बैलवाचक है।)

(३) उस (शक्य) के समीप होने से (लक्षणा का उदाहरण है)—'गङ्गा में घोष=अहीरों की बस्ती'। (गङ्गा पद का अर्थ है जल-प्रवाह-विशेष, उसके समीप तट है। अतः गङ्गापद लक्षणा द्वारा गङ्गातट का बोध कराता है।)

(४) उस (शक्य) के साहचर्य=साथ में होने से (होने वाली लक्षणा का उदाहरण है)—'यष्टियों को प्रवेश कराओ'। यहाँ यष्टियाँ पुरुषों के हाथ में रहती हैं। अतः यष्टी पद लक्षणा द्वारा यष्टीसहित पुरुषों का बोध कराता है।)

(५) उस (शक्य) के लिये होने से (लक्षणा का उदाहरण है)—

'इन्द्र के लिये स्थूणा=यज्ञीयस्तम्भविशेष, इन्द्र है'। (यहाँ इन्द्र के लिये होने से

स्थूणा को भी इन्द्र कहा जाता है। इसलिये इन्द्रपद इन्द्रोपकारक का बोध कराता है।)

अन्वयाद्यनुपपत्तिप्रतिसन्धानञ्च लक्षणाबीजम्।

वस्तुतस्तु तात्पर्यानुपपत्तिप्रतिसन्धानमेव तद्बीजम्। अन्यथा गङ्गायां घोष इत्यादौ घोषादिपदे एव मकरादिलक्षणापत्तिस्तावताऽप्यन्वयानुपपत्ति-परिहारात्। गङ्गायां पापी गच्छतीत्यादौ गङ्गापदस्य नरके लक्षणापत्तेश्च। अस्माकं तु भूतपूर्वपापावच्छिन्नलक्षकत्वे तात्पर्यान्न दोषः। 'नक्षत्रं दृष्ट्वा वाचं विसृजेद्' इत्यत्रान्वयसम्भवेऽपि तात्पर्यानुपपत्त्यैव लक्षणास्वीकारात्। एकानुगमकस्वीकारेण निर्वाहेऽनेकानुगमकस्वीकारे गौरवाच्च।

लक्षणाया बीजमाह—अन्वयेति। अन्वयस्य तात्पर्यस्य चानुपपत्तिप्रतिसन्धानं लक्षणाप्रवृत्तौ कारणम्। यथा 'गङ्गायां घोषः' इत्यत्र गङ्गापदात् भगीरथ-रथखातावच्छिन्नो जलप्रवाहविशेषरूपोऽर्थ उपस्थितः, तत्र घोषपदात् उपस्थितस्याभीर-पल्लीरूपार्थस्यान्वयोऽनुपपन्नः, अर्थात् घोषनिष्ठाधेयता-निरूपिताधारता गङ्गायां न सम्भवतीति तत्रान्वयानुपपत्तिं दृष्ट्वा लक्षणाश्रीयते। तया च शक्यार्थसम्बन्धिनस्तट-स्योपस्थितौ तटत्वावच्छिन्नविषयको बोधो जायते। एवञ्च 'तटवृत्तिघोष' इति बोधः फलति।

ननु गङ्गापदस्य प्रवाहविशेषरूपमर्थमुपस्थाप्य निवृत्तौ प्रवाहसम्बन्धेन तटरूपार्थो-पस्थितावपि तत्र गङ्गापदस्य वृत्तिर्न स्यादिति चेत्, सत्यम्, 'एकसम्बन्धि-ज्ञानमपर-सम्बन्धिनः स्मारकमि'तिरीत्या साक्षात् सम्बन्धिनो बाधात् सम्बन्धिसम्बन्धिनोऽपि ग्रहणमिति भावः।

स्वाभिमतमाह—वस्तुतस्त्विति। तात्पर्यस्यानुपपत्तेः प्रतिसन्धानं, तद्बीजम्= लक्षणाबीजमित्यर्थः। एव शब्दोऽप्यर्थः। तात्पर्यानुपपत्तिरपि लक्षणाबीजमिति भावः। अन्यथा वेदस्यापौरुषेयत्वमते "यजमानः प्रस्तरः" "आयुर्वै घृतम्" इत्यादौ तात्पर्यानु-पपत्तेरप्यसम्भवेनानिर्वाहात्। एवञ्च तात्पर्यान्वयान्यतरानुपपत्तिर्लक्षणाबीजमिति बोध्यम्। तदेवाह—अन्यथेति। तात्पर्यानुपपत्तेर्लक्षणाहेतुत्वास्वीकारे। मकरादिलक्षणा-पत्तिरिति। एवञ्च गङ्गायां मकरादिरिति बोधेनापि अन्वयानुपपत्तिपरिहारसम्भवात्। एवञ्च गङ्गागतशैत्यपावनत्वादिप्रतीतिरूपफलस्यानुपपत्तिरिति भावः। लक्षणापत्ते-श्चेति। पापविशिष्टस्य पुरुषस्य गङ्गाधिकरणकगमनेऽन्वयबाधात् गङ्गापदस्य नरके लक्षणां कृत्वाऽन्वयानुपपत्तिपरिहारः कर्तव्य इति भावः। वैयाकरणानां मते तु पूर्व-कालिकपापविशिष्टे लक्षणया पापीपदं भूतपूर्वपापावच्छिन्नस्य लक्षकमिति तात्पर्या-नुरोधेन पापपरिहाराय गङ्गास्नानार्थं गच्छतीति बोधो जायते। नक्षत्रं दृष्ट्वेति। इदं वाक्यं मौनव्रतप्रकरणे पठितम्। अत्र दर्शनक्रियायामन्वयसम्भवेऽपि तात्पर्यस्योप-

पपत्तिर्न भवतीति लक्षणया नक्षत्रदर्शनयोग्यकालविशेषो बोध्यते। तेन रात्रौ मौनं धारणीयमिति बोधो जायते। गौरवाच्चेति। तात्पर्यानुपपत्तिरूपस्यैकस्यानुगमकस्य स्वीकारेण यदा निर्वाहः सम्भवति तदा उभयानुपपत्तिरूपानेकानुगमकस्वीकारे गौरवं स्पष्टम्। अत्रत्यं तत्त्वं तु पूर्वमेव साधितम्। तेनान्यतरानुपपत्तिस्वीकारोऽनिवार्यः।

लक्षणा की प्रवृत्ति में हेतु

और (पदार्थों के) अन्वय (सम्बन्ध) आदि की अनुपपत्ति का प्रतिसन्धान = निर्णय लक्षणा का बीज = हेतु है। (जहाँ पर दो पदार्थों का परस्पर सम्बन्ध उपपन्न नहीं हो पाता है वहाँ लक्षणा की जाती है।)

वास्तव में तो तात्पर्य की अनुपपत्ति का प्रतिसंधान ही उस (लक्षणा) का बीज = प्रवृत्ति का हेतु है। अन्यथा (तात्पर्य की अनुपपत्ति को लक्षणा का बीज न मानने पर और अन्वय की अनुपपत्ति को ही लक्षणा का बीज मानने पर) 'गङ्गायां घोषः' इत्यादि में घोष आदि पद में ही मकर आदि की लक्षणा करने का प्रसङ्ग उपस्थित होने लगेगा; क्योंकि ऐसा कर देने पर भी अन्वय की अनुपपत्ति का परिहार होना सम्भव है। और 'गङ्गा में पापी जाता है' आदि में गङ्गा पद की नरक में लक्षणा होने लगेगी। (क्योंकि ऐसा कर देने पर भी अन्वयानुपपत्ति दूर होकर अन्वय बन जाता है।) परन्तु (तात्पर्यानुपपत्ति को लक्षणा का बीज मानने वाले) हम लोगों का तो (पापी पद के) भूतपूर्व पाप से अवच्छिन्न (युक्त) का लक्षक होने में तात्पर्य होने से (कोई) दोष नहीं है। (अर्थात् पहले किये गये पापों को दूर करने के लिये स्नान करने के लिये गङ्गा में जाता है, यह तात्पर्य है। अतः 'पापी' पद की ही 'पूर्व जन्म आदि में किये गये पापोंवाला पुरुष' इस अर्थ में लक्षणा होती है न कि गङ्गा पद की नरक में; क्योंकि वैसा तात्पर्य नहीं है।) "नक्षत्र को देख कर वाणी का परित्याग करे = बोलना बन्द करे" इत्यादि (मौन-व्रत में पठित वाक्यों) में (पदार्थों का परस्पर) अन्वय सम्भव होने पर भी तात्पर्य की अनुपपत्ति के कारण ही लक्षणा (की जाती है)। (सन्ध्या के बाद रात्रि में बोलने का निषेध करना तात्पर्य है। अतः नक्षत्र पद की नक्षत्रदर्शनयोग्यकाल अर्थात् रात्रि में लक्षणा की जाती है।) और एक (तात्पर्यानुपपत्तिरूप) अनुगमक से निर्वाह हो जाने पर अनेक अनुगमकों (साधनों) को स्वीकार करने में गौरव है। (अर्थात् केवल तात्पर्यानुपपत्ति को कारण मान लेने पर निर्वाह हो जाता है तो अन्वयानुपपत्ति को भी अतिरिक्त कारण मानने में गौरव स्पष्ट है।)

विशिष्टार्थबोधकशब्दस्य पदार्थैकदेशे लक्षणायां जहदजहल्लक्षणेति व्यवहरन्ति वृद्धाः। वाक्यार्थे किञ्चिदंशत्यागः किञ्चिदंशपरिग्रहश्च। अत्र ग्रामैकदेशे पटैकदेशे च दग्धे 'ग्रामो दग्धः' 'पटो दग्ध' इति व्यवहारः। 'तत्त्वमसि' इत्यत्र सर्वज्ञत्वाल्पज्ञत्वयोस्त्यागः शुद्धचैतन्ययोरभेदान्वयः।

यदा किञ्चित् पदं विशिष्टार्थस्य बोधकं भवति तस्य पदार्थैकदेशे लक्षणा क्रियते तदा सा जहदजहल्लक्षणेत्युच्यते। अत्र शक्यतावच्छेदकांशस्य परित्यागेन विशेष्यांशमात्रस्य बोधो भवति। यथा 'सोऽयं देवदत्तः' इत्यत्र तत्पदेन तद्देश-तत्कालविशिष्टस्य बोधः, इदंशब्देनैतद्देशैतत्कालविशिष्टस्य बोधः। अनयोर्विरोधेन देवदत्तेऽन्वयानुपपत्तिः। अतो विशेषणांशं परित्यज्य शुद्धदेवदत्तस्य बोधो जहदजहल्लक्षणया स्वीक्रियते। एवमेव 'तत्त्वमसि' इत्यत्रापि अल्पज्ञत्व-सर्वज्ञत्वादिविशेषणांशं परित्यज्य शुद्धचैतन्यमात्रस्य बोधो जहदजहल्लक्षणयेति वेदान्तिनः स्वीकुर्वन्ति। अत्र वाक्यार्थे=विशिष्टार्थे, किञ्चिदंशपरित्यागः=विरोध्यंशस्य परित्यागः, किञ्चिदंशपरिग्रहश्च=अविरोध्यंशपरिग्रहश्चेत्यर्थः। अत्र=जहदजहल्लक्षणास्वीकारे। व्यवहार इति। अयं भावः—गृहादिसमुदायो ग्रामः, तन्तुसमुदायः पटः। यदि कानिचिद् गृहाणि दग्धानि तदापि 'ग्रामो दग्धः' इति व्यवहारः। अवयवदाहेऽपि समुदायदाहव्यवहारस्तु अनयैव लक्षणया बोध्यः। तत्त्वमसीत्यादौ सर्वज्ञत्वाल्पज्ञत्वरूपविरोध्यंशपरित्यागः, शुद्धचैतन्यांशयोरभेदेनान्वयो भवति। अत्रत्यं तत्त्वन्तु वेदान्तग्रन्थेषु द्रष्टव्यम्।

परे तु—'ग्रामो दग्धः', 'पुष्पितं वनम्' इत्यादौ दग्धादिपदानि अर्शआद्यजन्तानि (दग्धगृहविशिष्टग्रामबोधकानि, पुष्पित-वृक्षविशिष्ट-वनबोधकानि) इति 'अर्थवत्०'—(पा. सू. १।२।४५) इति सूत्रभाष्योक्तेस्तत्र लक्षणैव नेति बोध्यम्।

2965

जहदजहल्लक्षणा—

विशिष्ट (=विशेषण-विशिष्ट) अर्थ के बोधक शब्द के पदार्थैकदेश (विशेषणांश) में लक्षणा (करने) में जहदजहल्लक्षणा (होती है)—ऐसा व्यवहार वृद्ध लोग करते हैं। (वेदान्ती लोग ऐसा मानते हैं।) वाक्यार्थ में कुछ अंश का परित्याग और कुछ अंश को स्वीकार (किया जाता है)। इस (लक्षणा) में गाँव के एकदेश=अवयव=गृह और पट के एकदेश=अवयव तन्तुओं के जल जाने पर 'गाँव जल गया' 'पट जल गया' यह व्यवहार होता है। (गाँव का अर्थ है अनेक घर, वृक्ष, खेत आदि का समुदाय। किन्तु कुछ घर ही जल जाने पर 'गाँव जल गया' इसी प्रकार 'गाँव लुट गया' आदि व्यवहार होता है। इसी प्रकार तन्तुसमुदाय पट है। कुछ तन्तुओं के जल जाने पर 'पट जल गया' यह व्यवहार होता है। इसमें 'गृह-समुदाय ग्राम' में 'गृह' पदार्थैकदेश है उसी में 'ग्राम' की लक्षणा होती है। 'तत् त्वमसि' (वह चैतन्य तुम हो)—यहाँ सर्वज्ञत्व तथा अल्पज्ञत्व का परित्याग होता है और शुद्ध चैतन्यों का अभेदान्वय होता है।

विमर्श—जहदजहल्लक्षणा वहाँ होती है जहाँ कोई पद विशिष्ट अर्थ का बोधक रहता है। उसके विशेषणांशों में से कुछ का परित्याग कर दिया जाता है। जैसे—किसी व्यक्ति ने पहले कभी कहीं देवदत्त को देखा था। कालान्तर में पुनः उसी देवदत्त

को देखने पर उसे स्मरण हो जाता है—'सोऽयं देवदत्तः '(यह वही देवदत्त है)। यहाँ तत् पद से प्रतीत होने वाले परोक्षत्वरूप तत्तांश (पूर्वानुभूततांश) का और इदं पद से प्रतीत होने वाले सन्निकृष्टत्वरूप प्रत्यक्षत्वांश का परस्पर विरोध है। अतः दोनों का अन्वय देवदत्त में नहीं हो सकता। इस कारण तत् और इदम् इन विशिष्ट अर्थवाचकों के विशेषणांश—तत्ता और इदन्ता का परित्याग करके केवल शुद्ध देवदत्त [विशेष्यांश] का बोध जहदजल्लक्षणा से हो जाता है।

'तत् त्वम् असि' इस उपनिषद् वाक्य में तत्पद सर्वज्ञत्व-विशिष्ट चैतन्य का और त्वम् पद अल्पज्ञत्व-विशिष्ट चैतन्य का वाचक है। इन दोनों विशेषणांशों—सर्वज्ञत्व और अल्पज्ञत्व का ऐक्य सम्भव नहीं है। अतः ये पद इनका परित्याग करके केवल शुद्ध चैतन्यांश का ही बोध कराते हैं। इस प्रकार विशेषणांश का परित्याग और विशेष्यांश का अपरित्याग = ग्रहण होने से जहदजहल्लक्षणा होती है।

गृहसमुदाय ग्राम है। तन्तुसमुदाय पट है। इनमें गृह और तन्तु विशेषण हैं। उनके जलने पर विशेष्य ग्राम एवं पट का जलना कहा जाता है। इस प्रकार यहाँ भी विशेषणांश गृह एवं तन्तु का परित्याग और विशेष्यांश समुदायरूप ग्राम तथा पट का बोध इसी लक्षणा से होता है।

वास्तव में ग्रामो दग्धः, पुष्पितं वनम् आदि में दग्धादिपद में 'अर्श आदिभ्योऽच्' (पा० सू० ५।२।१२७) से मतुबर्थीय अच् प्रत्यय है। इसलिये दग्ध का अर्थ है—दग्ध (गृह)-विशिष्ट और पुष्पित का अर्थ है—पुष्पित (वृक्ष)-विशिष्ट। अतः इसके लिये जहदजल्लक्षणा आवश्यक नहीं है।

स्वबोध्यसम्बन्धो लक्षणेति केचित्—'गभीरायां नद्यां घोष' इत्याद्यनुरोधात्। तथाहि—न तावद् गभीरपदं तीरलक्षकं, नद्यामित्यनन्वयापत्तेः। नहि तीरं नदी। अत एव न नदीपदेऽपि। गभीरपदार्थानन्वयात्। न हि तीरं गभीरम्। न च प्रत्येकं पदद्वये सा, विशिष्टनदीबोधानापत्तेः। तस्मात् समुदायबोध्यगभीरत्वविशिष्टनदीपदार्थः, तत्सम्बन्धो लक्षणेति।

द्विरेफपदस्य स्वलक्ष्यभ्रमरशब्दवाच्यार्थे लक्षणायां लक्षितलक्षणेति व्यवहारः। स्वबोध्यपदवाच्यत्वं सम्बन्धः।

शक्यसम्बन्धो लक्षणेति स्वीकारे वाक्ये लक्षणा न सम्भवति, नैयायिकमते तत्र शक्तेरभावान्मीमांसकाभिमतां लक्षणामाह—स्व-बोध्येति। स्वम्=वाक्यादिः, तेन बोध्यो योऽर्थस्तत्सम्बन्धो लक्षणा। वाक्यार्थोऽपि वाक्यबोध्यो भवति अतस्तत्रापि लक्षणा सिध्यतीति भावः। उपपत्तिमाह—तथाहीति। अनन्वयापत्तेरिति। अयं भावः—गभीरायां नद्यां घोषः इत्यत्र सप्तम्यन्तपदार्थयोरभेदान्वयः। तत्र यदि गभीरपदं तीरस्य लक्षकं

स्वीक्रियते तदा तीराभिन्ना नदीति बोधापत्तिः, सा च न सङ्गच्छते, तीर-नद्योरभेदस्य बाधाद्। इदमेवाह—न हि तीरं नदीति। अत एव=अन्वयबाधरूपदोषादेव। न नदीपदेपीति। नदीपदे लक्षणास्वीकारे गभीराभिन्नं तीरमिति बोधापत्तिः, साऽप्यसङ्गता, गाम्भीर्यस्य नदीधर्मतया तीरे बाधात्। अतएवानन्वयापत्तिः। ननु पदद्वयेऽपि लक्षणाऽस्तु—गभीरपदस्य गभीरतीरे, नदीपदस्य नदीतीरे। एवञ्च गभीराभिन्ननदीतीरे घोष इति बोधः स्यादित्यत आह—पदद्वये सेति। विशिष्टनदीबोधानापत्तेः। अयं भावः—अत्र पक्षे-गभीराभिन्ना या नदी, तत्तीरे घोषः इति बोधो न स्यात्, नामार्थयोरभेदान्वय एवेति नियमेन—गभीरतीराभिन्नं यन्नदीतीरं तत्र घोष इत्येव बोधः स्यात्। न च नदीपदेन गभीरनदीतीरं लक्ष्यते, गभीरपदं तात्पर्यग्राहकमिति वाच्यम्, विनिगमनाविरहात्, कस्य लक्षकत्वं कस्य तात्पर्यग्राहकत्वमिति वक्तुमशक्यत्वाच्च। तस्मात्=एतादृशस्थलेषु तत्तत्पदेषु लक्षणायाः कथमप्यसम्भवात् समुदायरूपे वाक्येऽङ्गीकार्येत्यत आह—समुदायेति। समुदायेन='गभीरायां नद्यामि'तिपदसमुदायेन बोध्यो योऽर्थः-गभीरत्वावच्छिन्ननदीपदार्थः, तस्य सम्बन्धो लक्षणा। एवञ्च गभीराभिन्ननदीति बोधोत्तरं समुदायस्य लक्षणया गभीराभिन्नदीतीरे घोष इति बोधो जायते। समुदाये लक्षणास्वीकारादेव 'वायुर्वै क्षेपिष्ठा देवते'त्याद्यर्थवादवाक्यानां प्राशस्त्ये लक्षणा सिध्यति।

नैयायिकाभिमतां लक्षितलक्षणामाह—द्विरेफेति। अयं भावः—द्विरेफपदघटकस्य रेफपदस्य रेफद्वयविशिष्टे भ्रमरपदे लक्षणा। लक्षितञ्च भ्रमरपदं लक्षणया भ्रमररूपमर्थं बोधयति। लक्षितस्य लक्षणेति वाच्यार्थः। सम्बन्धमाह--स्वबोध्येति। स्वम्=द्विरेफपदम्, तद्बोध्यं भ्रमरपदम्, तद्वाच्यत्वं भ्रमररूपेऽर्थेऽस्तीति लक्षणोपपत्तिः।

वस्तुतस्तु द्विरेफपदं रूढिशक्त्यैव भ्रमरबोधकम्। अत्र अवयवार्थस्य प्रतीतिस्तु तथैव न भवति यथा रथन्तरादौ। यद्वा पदनिष्ठरेफद्वयस्यार्थे आरोपात्तत्-सम्बन्धित्वेनैव भ्रमरबोधः। अत एव कोषेषु भ्रमरपर्यायेषु द्विरेफपदस्य पाठः। बाधप्रतिसन्धानं विनैव द्विरेफपदाद् भ्रमरबोधोऽनुभूयते इति लक्षणाश्रयणमयुक्तमिति बोध्यम्। विस्तरस्तु लघुमञ्जूषादौ द्रष्टव्यः।

वाक्य में लक्षणा—मीमांसकादिमत

'गभीरायां नद्यां घोषः' (गभीर नदी में अहीरों की बस्ती है) इत्यादि (लक्ष्यों) के कारण कुछ लोग (मीमांसकादि)—स्वबोध्य का सम्बन्ध लक्षणा—ऐसा (कहते हैं)। यह इस प्रकार है—(इस वाक्य में) 'गभीर' पद तट का लक्षक नहीं (हो सकता), क्योंकि 'नद्याम्' इसके साथ अन्वय नहीं हो सकेगा, क्योंकि तट तो नदी नहीं है। और इसी (अन्वयानुपपत्ति) के कारण ही 'नदी' पद में भी (लक्षणा) नहीं (हो सकती), अर्थात् नदी पद भी तट का लक्षक नहीं हो सकता) क्योंकि गभीर-

पदार्थ के साथ अन्वय नहीं (हो सकता) क्योंकि तट=गभीर नहीं (होता है)। ('गभीरायां तथा नद्याम्' इन) दोनों पदों में प्रत्येक में लक्षणा हो, यह भी नहीं (कहा जा सकता), क्योंकि (गभीरत्व–) विशिष्ट नदी का बोध नहीं हो सकेगा। (क्योंकि गभीर-तट से अभिन्न जो नदी-तट यही बोध होगा। जब कि अभीष्ट बोध है––गभीराभिन्न जो नदी उसके तट पर घोष)। इस स्थिति में (गभीरायां नद्याम्) समुदाय से बोध्य गभीरत्वविशिष्ट नदी पदार्थ है, (तट के साथ) उसका सम्बन्ध—लक्षणा है।

विमर्श––सामान्यतया नैयायिकादि केवल पद में ही लक्षणा मानते हैं। क्योंकि इनके अनुसार वाक्य में शक्ति नहीं होती है। अतः 'स्वशक्य-सम्बन्धो लक्षणा' यह लक्षण वाक्य में नहीं सम्भव है। परन्तु केवल पद में लक्षणा मानने पर 'गभीरायां नद्यां घोषः' इस लक्ष्य का उपपादन कठिन है। इसके लिये पदसमुदाय=वाक्य में लक्षणा माननी आवश्यक ही है। इसे इस प्रकार का समझना चाहिये––

यहाँ पद में लक्षणावादी तीन तर्क दे सकता है––(१) केवल गभीर पद की लक्षणा (२) केवल नदी पद की और (३) दोनों पदों की लक्षणा। किन्तु इन सभी पक्षों में दोष प्राप्त होते हैं––क्योंकि यदि गभीर पद की तट में लक्षणा की जाय तो 'नद्याम्' इसके साथ अन्वय नहीं हो सकेगा। क्योंकि यहाँ 'गभीरायां नद्याम्' में परस्पर अभेदान्वय है। वह लक्षणा करने पर नहीं होगा क्योंकि तट तो नदी नहीं है, नदी से भिन्न है––तीराभिन्ना-नदी यह बोध बाधित है। अब दूसरे पद 'नद्याम्' की तट में लक्षणा करें तो भी अनन्वय का प्रसङ्ग है क्योंकि यहाँ भी अभेदान्वय ही करना होगा––गभीराभिन्न तट—यही बोध होगा जो सम्भव नहीं है क्योंकि तट में गभीरता बाधित है। अब तीसरा पक्ष लें। दोनों में प्रत्येक की लक्षणा करें गभीरपद की गभीरतट में और नदीपद की नदीतट में। इस स्थिति में––गभीरतटाभिन्न जो नदीतट, उसपर घोष—यही बोध होगा न कि––गभीराभिन्न जो नदी उसके तट पर घोष!

एक पक्ष यह भी हो सकता है कि नदीपद की गभीरनदीतट में लक्षणा करें और गभीरपद को तात्पर्यग्राहक मान लें। किन्तु इस पक्ष में इसके विपरीत भी कहा जा सकता है अर्थात् गभीरपद की लक्षणा और नदीपद तात्पर्यग्राहक हो, यह भी कहना सम्भव है। अतः यह पक्ष भी तर्कसंगत नहीं है।

उपर्युक्त अनुपपत्तियों को ध्यान में रखकर ही वाक्य में लक्षणा मानने के लिये––स्वबोध्यसम्बन्धो लक्षणा––कहा गया है। स्व=पद या वाक्य उससे बोध्य अर्थ का सम्बन्ध लक्षणा है। प्रस्तुत स्थल में 'गभीरायां नद्याम्' इस पदसमुदाय से बोध्य है––'गभीरत्वविशिष्टनदी' इसका सम्बन्ध तट के साथ है, यही लक्षणा है।

लक्षित-लक्षणा—नैयायिक-मत

अनु०—द्विरेफ पद की स्व (द्विरेफ) के लक्ष्य = भ्रमर शब्द के वाच्य अर्थ (भौंरे) में लक्षणा (करने) में लक्षितलक्षणा—यह व्यवहार (होता है। यहाँ) स्व= द्विरेफ से बोध्य (भ्रमर) का वाच्यत्व (वाच्य होना) सम्बन्ध है। (अतः लक्षणा है)।

विमर्श—नैयायिकों आदि का यह कहना है कि द्विरेफपदघटक उत्तरपद रेफ की रेफद्वयसम्बन्धी भ्रमरपद में लक्षणा होती है। और लक्षित भ्रमर पद की भ्रमर (=भौंरा) अर्थ में लक्षणा होती है। इस प्रकार लक्षितस्य लक्षणा—लक्षितलक्षणा यह भेद उपपन्न होता है।

वास्तव में यहाँ लक्षणा की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि अनुपपत्ति प्रतिसन्धानादि के बिना ही इससे बोध हो जाता है। इसीलिये कोशों में भ्रमर के पर्यायों के साथ द्विरेफ शब्द का भी पाठ है।

प्रकारान्तरेण सा पुनर्लक्षणा द्विविधा। तथा हि—

प्रयोजनवती रूढा लक्षणा द्विविधा मता। इति।

असति प्रयोजने शक्यसम्बन्धो निरूढलक्षणा। त्वचा ज्ञातमित्यादौ यथा त्वचस्त्वगिन्द्रिये। इयं तु शक्त्यपरपर्यायैवेति बोध्यम्। गङ्गायां घोष इत्यत्र तीरे गङ्गागतशैत्यपावनत्वादिप्रतीतिः प्रयोजनम्। गौर्बाहीक इत्यत्र सादृश्यं लक्ष्यतावच्छेदकं गवाभेदप्रत्ययः प्रयोजनम्। कुन्ताः प्रविशन्तीति भीति-पलायमानवाक्ये कुन्तविशिष्टपुरुषे कुन्तगततैक्ष्ण्यप्रतीतिः प्रयोजनमित्याहुः।

साहित्यशास्त्रादौ प्रसिद्धां लक्षणामाह—प्रकारान्तरेणेति। कविसम्प्रदायानुसारेणेत्यर्थः। निरूढलक्षणेति। प्रयोजनाभावे शक्यार्थबाधप्रति-सन्धानपूर्वकं शक्यार्थ-सम्बन्ध्यपरार्थबोधे निरूढलक्षणा। यथा 'त्वचा ज्ञातम्' इत्यत्र त्वचः त्वगिन्द्रिये लक्षणा। वस्तुतस्तु इयं शक्तिरेव बोध्या। इत्यत्रेति=लक्षणास्वीकारे। गौर्बाहीक इति। अत्र गोसदृशः लक्ष्यः, गोसादृश्यं लक्ष्यतावच्छेदकम्, गवा सह बाहीकस्याभेद-प्रत्यायनं फलं बोध्यम्। प्रविशन्तीति। कुन्तविशिष्टपुरुषे कुन्तानामिव तीक्ष्णता-प्रतीतिः प्रयोजनं बोध्यम्। एषु प्रयोजनवती लक्षणेति भावः।

लक्षणा के अन्य भेद

अन्य प्रकार से पुनः उस लक्षणा के दो भेद (हो जाते हैं)—जैसाकि—

"लक्षणा दो प्रकार की मानी गयी है—प्रयोजनवती और रूढा।"

(कोई विशेष) प्रयोजन न रहने पर शक्य का सम्बन्ध निरूढलक्षणा (होती है। अर्थात् प्रयोजन के न होने पर भी शक्यार्थबाधज्ञानपूर्वक शक्यार्थसम्बन्धी अन्य

अर्थ का बोध होने पर निरूढा लक्षणा मानी जाती है)। त्वक् से ज्ञान किया—इत्यादि में त्वक् की त्वगिन्द्रिय में लक्षणा (होती है। चूंकि इन्द्रिय ही ज्ञान कराती है अतः त्वक् की त्वगिन्द्रिय में लक्षणा आवश्यक है।) यह (निरूढलक्षणा) तो शक्ति की दूसरी पर्याय है। (अर्थात् शक्ति ही है)। 'गङ्गायां घोषः' इत्यादि में तट में गङ्गा की शीतलता पावनता आदि की प्रतीति (कराना) प्रयोजन है। (अतः इसमें प्रयोजनवती शुद्धा लक्षणा है)। 'गौर्बाहीकः' (बाहीक देशवाला पुरुष बैल है)। इसमें सादृश्य लक्ष्यतावच्छेदक है, गो=बैल के साथ अभेदज्ञान कराना प्रयोजन है। 'कुन्ताः=भाले प्रवेश कर रहे हैं, इसमें (पराजय के) भय से पलायमान (अर्थ के प्रतिपादक) वाक्य में भालों से युक्त पुरुषों में भालों की तीक्ष्णता की प्रतीति (कराना) प्रयोजन है।

विमर्श—कुन्तधारी पुरुषों को देखकर भय से भागने वाले व्यक्ति इस वाक्य का प्रयोग करते हैं। इसमें 'कुन्तवन्तः प्रविशन्ति' कहने पर उतनी तीक्ष्णता क्रूरता का ज्ञान नहीं होता है जितनी 'कुन्ताः प्रविशन्ति' यह कहने पर। इस तीक्ष्णता की प्रतीति कराना ही लक्षणा का प्रयोजन है।

तन्न। सति तात्पर्ये 'सर्वे सर्वार्थवाचका' इति भाष्याल्लक्षणाया अभावात्। वृत्तिद्वयावच्छेदकद्वयकल्पने गौरवात्। जघन्यवृत्तिकल्पनाया अन्याय्यत्वाच्च। कथं तर्हि गङ्गापदात्तीरप्रत्ययः? भ्रान्तोऽसि, 'सति तात्पर्ये सर्वे सर्वार्थवाचका' इति भाष्यमेव गृहाण।

"अत्र तार्किका"—इत्यारभ्य "इत्याहुरि"त्यन्तेनोक्तं तार्किकादिमतं निराकरोति—तन्नेत्यादिना। 'सर्वे शब्दास्तात्पर्यानुसारं सर्वमर्थमभिधत्ते' इति भाष्यकथनेन लक्षणा नास्त्येव। भाष्यानुसारं गङ्गापदं यथा जलप्रवाहविशेषे शक्तं तथैव तीरेऽपि। एवञ्चातिरिक्तवृत्तिस्वीकारप्रयुक्तं न गौरवमिति भावः। न चैवं स्वीकारे गङ्गापदेन घटादेरप्युपस्थित्यापत्तिरिति वाच्यम्, तात्पर्यस्य शक्तिनियामकत्वेन तथा तात्पर्याभावेन च न तद्बोधापत्तिरिति वक्तुं शक्यत्वात्। गौरवादिति। अयं भावः—लक्षणास्वीकारे शाब्दबोधं प्रति शक्तिजन्योपस्थितेः लक्षणाजन्योपस्थितेश्च कारणत्वं वाच्यम्, इति कार्यकारणभावद्वयकल्पने गौरवम्। शक्तिमात्राङ्गीकर्तृवैयाकरणमते शक्तिजन्योपस्थितित्वेनैव हेतुतेति लाघवं स्पष्टम्। किञ्च, लक्षणावृत्तिस्वीकारे कार्यकारणभावस्य प्रत्येकं व्यभिचारः, शक्तिजन्योपस्थितिं विनापि लक्षणाजन्योपस्थितितः शाब्दबोधात्। न चाव्यहितोत्तरत्वसम्बन्धेन शक्तिज्ञानजन्योपस्थितिविशिष्टशाब्दबुद्धित्वम्, लक्षणाज्ञानजन्योपस्थितिविशिष्टशाब्दबुद्धित्वं कार्यतावच्छेदकम्, शक्तिज्ञानजन्योपस्थितित्वं लक्षणाज्ञानजन्योपस्थितित्वञ्च कारणतावच्छेदकमिति वाच्यम्, अनन्तकार्यकारणभावप्रसङ्गात्। नित्यानन्दपर्वतीयपादास्तु—प्रवाहादि-

सम्बन्धित्वेनोपस्थिततीरादौ गङ्गापदादेः 'सर्वे सर्वार्थवाचका' इति भाष्यात् सामान्यतः पूर्वमेव ज्ञातः शक्तिरूपः सम्बन्ध एव कल्पनीयो न तु शक्यसम्बन्धरूपः। तथा सति तयोरुभयोः शाब्दबोधजनकपदार्थोपस्थितिजनकपदपदार्थसम्बन्धत्वरूपं शाब्दबोध-जनकपदपदार्थसम्बन्धत्वरूपं वा वृत्तित्वं कल्पनीयम्, शाब्दबोधकारणतावच्छेदकत्वम् उपस्थितिकारणतावच्छेदकत्वञ्च शक्तत्व-शक्यसम्बन्धयोरुभयोः कल्पनीयमिति गौरवम्। शक्तिकल्पनापक्षे तु तस्या एव वृत्तित्वकल्पनम्, तत्त्वस्यैव च तत्तदवच्छेद-कत्वकल्पनमिति लाघवम्। तन्मते अन्यदपि गौरवं भूषणादौ स्पष्टं प्रतिपादितं तत एवावगन्तव्यम्। व्यवहारादिना गङ्गापदादौ तीरादिशक्तेः पूर्वं विशेषरूपेणाग्रहेणा-प्रसिद्धत्वात् लक्षणापदेन व्यवहार इति बोध्यमित्याहुः। अन्याय्यत्वाच्चेति। शक्ति-मात्रेण निर्वाहसम्भवे लक्षणावृत्ति-प्रयुक्तकार्यकारणादिस्वीकारेऽतिरिक्तगौरवस्य दुरुद्धरत्वादिति भावः। गौरवञ्च पूर्वमेव निरूपितम्। अधिकं वैयाकरणभूषणादौ विवेचितं तत एवावधेयमिति दिक्।

लक्षणा-वृत्ति का खण्डन

(ऊपर नैयायिकादिसम्मत लक्षणा के स्वरूप एवं भेदों आदि का प्रदर्शन किया गया है उसका खण्डन करने के लिये मञ्जूषाकार लिखते हैं—) वह (उपर्युक्त कथन ठीक) नहीं (है), क्योंकि "तात्पर्य रहने पर सभी शब्द सभी अर्थों के वाचक (होते हैं)," इस भाष्य (-कथन) से लक्षणा का अभाव है। (शक्ति एवं लक्षणा) दो वृत्तियों के दो अवच्छेदकों की कल्पना करने में गौरव है और जघन्य वृत्ति (लक्षणा) की कल्पना उचित नहीं है। (लक्षणा नहीं मानी जायगी तो) गङ्गा पद से तट की प्रतीति कैसे (होगी)? (यदि ऐसा कहते हो तो) भ्रम में पड़े हो, "तात्पर्य रहने पर सभी शब्द सभी अर्थों के वाचक (हो जाते हैं)" इस भाष्य को ही (प्रमाण) ले लो। (इस लिये लक्षणा को अतिरिक्त वृत्ति मानना ठीक नहीं है)।

विमर्श— वैयाकरणों का आशय यह है कि लक्षणा को भी शाब्दबोध का कारण मानने पर शाब्दबोधरूप कार्य के प्रति शक्तिजन्य उपस्थिति और लक्षणाजन्य उपस्थिति दो कारण मानने होंगे। इसलिये दो कार्य-कारण-भावों की कल्पना करनी पड़ेगी। शक्ति को कारण मानने वाले को केवल एक ही कार्य-कारणभाव की कल्पना करने में लाघव है। जहाँ शक्तिज्ञानजन्य उपस्थिति से बोध होता है वहाँ लक्षणा-ज्ञान-जन्य उपस्थितिरूप कारण नहीं है और जहाँ लक्षणा-ज्ञान-जन्य उपस्थिति से बोध होता है वहाँ शक्तिज्ञानजन्य उपस्थिति नहीं है। इसलिये कार्यकारणभाव में व्यभिचार है। इसको दूर करने के लिये यदि अव्यवहितोत्तरत्व आदि का निवेश करते हैं अर्थात् शक्तिज्ञान के बाद होने वाले बोध के प्रति शक्तिज्ञान कारण है और लक्षणाज्ञान

के बाद होने वाले बोध के प्रति लक्षणाज्ञान कारण है—ऐसा मान लें तो उक्त दोष दूर हो सकता है परन्तु अनेक कार्यकारणभावों की कल्पना करना अत्यन्त गौरव होगा।

लक्षणा को अतिरिक्त वृत्ति मानने पर होने वाले गौरवों और दोषों का विशेष विवेचन वैयाकरण-भूषण-सारादि में 'शक्तिनिरूपण' में देखा जा सकता है।

तथाहि—शक्तिर्द्विविधा–प्रसिद्धाऽप्रसिद्धा च। आमन्दबुद्धिवेद्यात्वं प्रसिद्धात्वम्। सहृदयहृदयमात्रवेद्यात्वमप्रसिद्धात्वम्। तत्र गङ्गादिपदानां प्रवाहादौ प्रसिद्धा शक्तिः, तीरादौ चाप्रसिद्धेति किमनुपपन्नम्?

ननु 'सर्वे सर्वार्थवाचका' इति चेद् ब्रूषे तर्हि घटपदात्पटप्रत्ययः किन्न स्यादिति चेन्न; 'सति तात्पर्ये' इत्युक्तत्वात्तात्पर्याभावादिति गृहाण। तात्पर्यं चात्र ऐश्वरं देवतामहर्षिलोकवृद्धपरम्परातोऽस्मदादिभिर्लब्धमिति सर्वं सुरूढम्।

द्विविधेति। वैयाकरणां मते शक्तेर्भेदद्वयम्। यां शक्तिं सर्वेपि साधारणजनाः जानन्ति सा प्रसिद्धा शक्तिः। यां सहृदया रसिकाः भावुकाश्च जानन्ति साऽप्रसिद्धा शक्तिः। गङ्गायां घोष इत्यादौ प्रवाहे गङ्गादिपदानां प्रसिद्धा शक्तिः, तीरादौ चाप्रसिद्धा। यतो हि सामान्यजना एतद्रहस्यं नावगच्छन्ति, प्रसिद्धमेवार्थमवगच्छन्ति। तात्पर्यानुपपत्तिप्रतिसन्धानपूर्वकमर्थबोधन्तु सहृदया एव कुर्वन्ति। तात्पर्यं बोधनिर्णायकमिति सर्वजनानुभवसिद्धमेव। अतएव तत्र-तत्र 'ममेदं तात्पर्यम्, ममेदं तात्पर्यमि'ति व्यवहरन्तो जना दृश्यन्ते। एवञ्चातिरिक्तवृत्तिरूपेण लक्षणा नाङ्गीकार्येति बोध्यम्।

लघुमञ्जूषायां नागेशेन लक्षणाया शब्दतोऽखण्डनं कृत्वा आरोपितशक्यतावच्छेदकरूपेण शक्त्यैव तत्पदवाच्यत्वेन प्रसिद्धान्यव्यक्तिबोधे व्यक्तिविशेषबोधे वा लक्षणेति व्यवहार इत्युक्तमिति तत एवावगन्तव्यम्।

॥ इति लक्षणानिरूपणम्॥

—०—

शक्तिद्वारा ही लक्षणा का कार्य

(शक्ति से ही लक्षणा का कार्य चल सकता है—) यह इस प्रकार (समझना) चाहिये—शक्ति दो प्रकार की है—प्रसिद्धा शक्ति और अप्रसिद्धा शक्ति। मन्द बुद्धि वालों तक के द्वारा समझने योग्य होना—प्रसिद्धा (शक्ति) होना है। (और) केवल सहृदयों के हृदय द्वारा समझने योग्य होना अप्रसिद्धा (शक्ति) होना है। इन (दोनों) में गङ्गादि पदों की प्रवाहादि (अर्थ) में प्रसिद्धा शक्ति है और तट आदि (अर्थ) में अप्रसिद्धा (शक्ति है)। (अब) क्या अनुपपन्न है? (अर्थात् कुछ भी अनुपपन्न नहीं है।)

सभी (शब्द) सभी अर्थों के वाचक (होते हैं)—यदि ऐसा (तुम वैयाकरण) कहते हो तो घट पद से पट का ज्ञान क्यों नहीं हो जाता है ? ऐसा यदि (कहो तो) नहीं, क्योंकि 'तात्पर्य रहने पर (ही सभी शब्द सभी अर्थों के वाचक होते हैं)'—यह कहा जा चुका है, यहाँ (उक्त) तात्पर्य नहीं है (अतः घट पद से पट का ज्ञान नहीं होता है) । और तात्पर्य यहाँ ईश्वर का है जो देवता, महर्षि, लोक एवं वृद्ध-परम्परा से हम लोगों को प्राप्त होता है । इस प्रकार सब ठीक है ।

विमर्श—उपर्युक्त विवेचन का यही निष्कर्ष है कि जहाँ अन्य शास्त्रकार लक्षणा से कार्य-निर्वाह करते हैं वहाँ वैयाकरण अप्रसिद्धा शक्ति से निर्वाह करते हैं । इसलिये लक्षणावृत्ति प्रयुक्त कार्यकारणभावों की कल्पना का गौरव नहीं आता है ।

नागेश ने लघुमञ्जूषा में अपना मत इस प्रकार व्यक्त किया है—

"परे तु-आरोपितशक्यतावच्छेदकरूपेण शक्त्यैव तत्पदवाच्यत्वेन प्रसिद्धान्य-व्यक्तिबोधे, व्यक्तिविशेषबोधे वा लक्षणेति व्यवहारः ।"

इस लिये अप्रसिद्धा शक्ति की कल्पना भी अनावश्यक ही प्रतीत होती है ।

॥ इस प्रकार लक्षणा-निरूपण समाप्त हुआ ॥

—०—

[अथ व्यञ्जनानिरूपणम्]

ननु व्यञ्जना कः पदार्थः ? उच्यते—मुख्यार्थबाधनिरपेक्षबोधजनको मुख्यार्थसम्बद्धासम्बद्धसाधारणः प्रसिद्धाप्रसिद्धार्थविषयको वक्त्रादिवैशिष्ट्य-ज्ञानप्रतिभाद्युद्बुद्धः संस्कारविशेषो व्यञ्जना ।

लक्षणयैव व्यञ्जना गतार्थेति नैयायिकमतं निराकर्तुं शाब्दिकैरपि अवश्यं स्वीकर्तुं च तृतीयां व्यञ्जनाख्यां वृत्तिं निरूपयति—नन्वित्यादिना । मुख्यार्थस्य=शक्यार्थस्य, बाधः= परस्परसम्बन्धनिरूपकाणां पदार्थानां तात्पर्यविषयीभूतसम्बन्धेन एकपदार्थेऽपरपदार्था-भावः, तन्निरपेक्षो यो बोधस्तस्य जनकः, (सर्वेषां संस्कारविशेष इत्यत्रान्वयः) "निश्शेषच्युतचन्दनं स्तनतटं निर्मृष्टरागोऽधरः" इत्यादौ मुख्यार्थबाधाभावेऽपि अधमपदार्थपर्यालोचनया व्यङ्ग्यार्थप्रतीतिदर्शनात्, मुख्यार्थेन सम्बद्धोऽसम्बद्धश्च एतदुभयसाधारणः, मुख्यार्थेन सम्बद्धोऽपि भवत्यसम्बद्धोऽपीति बोध्यम्, क्वचित् मुख्यार्थ-सम्बन्धासम्बन्धसाधारण इति पाठो दृश्यते सो लघुमञ्जूषादिविरुद्धोऽसङ्गतश्च, संस्कारविशेष इत्यनेनानन्वयादिति बोध्यम्; प्रसिद्धोऽप्रसिद्धश्च यावर्थौ—प्रसिद्धा-प्रसिद्धार्थौ तौ विषयौ यस्य सः, प्रसिद्धार्थविषयकोऽप्रसिद्धार्थविषयकश्च । वक्त्रादीति । अत्रादिपदेन काव्यप्रकाशोक्ता ग्राह्याः—

वक्तृ-बोद्धव्यकाकूनां वाक्यवाच्यान्यसन्निधेः ।
प्रस्तावदेशकालादेर्वैशिष्ट्यात् प्रतिभाजुषाम् ॥
योऽर्थस्यान्यार्थधीहेतुर्व्यापारो व्यक्तिरेव सा ॥
(का. प्र. स. ३ कारि० २१–२२)

एवञ्च वक्त्रादेर्वैशिष्ट्यम् = वैलक्षण्यम्, तस्य यज्ज्ञानम्, तच्च प्रतिभा च, ते आदिनी यस्य समुदायस्य, तेनोद्बुद्धो यः संस्कारविशेष स एव व्यञ्जनेत्युच्यते । अत्र स्वरूप-घटकानि चत्वारि तत्त्वानि सन्ति । तेषु प्रथमद्वितीयाभ्यां लक्षणातो भेद उच्यते, लक्षणाया मुख्यार्थबाधग्रहाधीनत्वात् मुख्यार्थसम्बद्धत्वाच्च । तृतीयेन च शक्तितो भेदः, शक्तेः प्रसिद्धार्थमात्रविषयकत्वात् । किञ्च, शक्तिरेतज्जन्मगृहीतैव बोधजनिका, व्यञ्जना तु जन्मान्तरगृहीतापीति बोध्यम् । चतुर्थेन वक्त्रादिना सहकारिकारणानि प्रदर्शितानि ।

व्यञ्जना का विवेचन

व्यञ्जना क्या पदार्थ है ? (व्यञ्जना का स्वरूप क्या है ? इस प्रश्न के उत्तर में) कहा जाता है (१) मुख्य (शक्य) अर्थ के बाध की अपेक्षा के विना बोध कराने वाला, (२) मुख्य (शक्य) अर्थ से सम्बद्ध एवम् असम्बद्ध—उभय साधारण, (३) प्रसिद्ध तथा अप्रसिद्ध दोनों प्रकार के अर्थों को विषय बनाने वाला, (४)वक्ता (एवं श्रोता) आदि के वैशिष्ट्यज्ञान तथा प्रतिभा आदि से उद्बुद्ध (एक) संस्कारविशेष व्यञ्जना (है) ।

विमर्श—मञ्जूषाकार के अनुसार व्यञ्जना एक संस्कार-विशेष है । ऊपर जो स्वरूप प्रस्तुत किया गया है उससे लक्षणा एवं शक्ति से व्यञ्जना का भेद स्पष्ट हो जाता है और सहकारी कारणों का भी ज्ञान हो जाता है । लक्षणा से व्यञ्जना का भेद इस प्रकार है—लक्षणा में मुख्यार्थ = शक्यार्थ का बाध होना अनिवार्य है व्यञ्जना में ऐसी आवश्यकता नहीं है । लक्षणा में मुख्यार्थ का सम्बन्ध रहता है व्यञ्जना में शक्यार्थ एवं व्यङ्ग्यार्थ का सम्बन्ध आवश्यक नहीं रहता है । शक्ति से व्यञ्जना का भेद करने के लिये लिखा है कि शक्ति प्रसिद्ध अर्थविषयिणी ही रहती है व्यञ्जना अप्रसिद्ध अर्थ को भी विषय बनाती है । शक्ति केवल इस जन्म में गृहीत होने वाली ही बोधजनक होती है । व्यञ्जना तो जन्मान्तरगृहीत भी बोधजनक होती है । अन्तिम अंश से सहकारी कारणों का संकेत है; वक्ता, श्रोता एवं उनके वैशिष्ट्यज्ञान आदि सहकारी कारण हैं । इस प्रकार व्यञ्जना अतिरिक्त सिद्ध हो जाती है ।

अत एव निपातानां द्योतकत्वं स्फोटस्य व्यङ्ग्यता च हर्यादिभिरुक्ता । द्योतकत्वं च—स्वसमभिव्याहृतपदनिष्ठशक्तिव्यञ्जकत्वमिति वैयाकरणानामप्येतत्स्वीकार आवश्यकः । एषा च शब्दतदर्थ-पदपदैकदेशवर्णरचनाचेष्टादिषु

सर्वत्र, तथैवानुभवात्। वक्त्रादि - वैशिष्ट्यज्ञानं च व्यङ्ग्यविशेषबोधे सहकारीति न सर्वत्र तदपेक्षेत्यन्यत्र विस्तरः।

वैयाकरणैरपि स्वीकार्येत्यत आह—अतएव=व्यञ्जनास्वीकारादेव। स्वम्= निपातादिपदम्, तत्समभिव्याहृतं यत् पदम्, तन्निष्ठशक्तिव्यञ्जकत्वमेव द्योतकत्वम्। निपातशब्दानां स्वातन्त्र्येण प्रयोगाभावात् मुख्यार्थाभावेन लक्षणाया असम्भवात् द्योतकतैवेति बोध्यम्। व्यञ्जनाऽस्वीकारे निपातानां द्योतकत्वस्योपपादनासम्भवात्। सर्वत्रेति। अभिधालक्षणे तु पदवाक्यमात्राश्रिते इयं तु सर्वत्र। अस्याः भेदद्वयम्—

(१) नियन्त्रितार्थविषयकधी-जनकत्वं शब्दव्यञ्जनात्वम्।

(२) वक्त्रादिवैलक्षण्यहेतुका प्रतिभाशालिनां याऽन्यार्थधीस्तद्धेतुव्यापारत्वमर्थ-व्यञ्जनात्वम्। वक्त्रादिति। काव्यप्रकाशोक्तवैशिष्ट्यस्य ज्ञानेन विशेषो विशेषो व्यङ्ग्यार्थबोधो जायतेऽत इदं सहकारिकारणत्वेन स्वीक्रियते इत्यर्थः। अन्यत्रेति। गुरुमञ्जूषादावित्यर्थः।

वैयाकरणों के लिये भी व्यञ्जना आवश्यक

(वैयाकरण भी व्यञ्जना स्वीकार करते हैं) इसीलिये भर्तृहरि आदि ने निपातों की द्योतकता और स्फोट की व्यङ्ग्यता कही है। (अर्थात् वैखरी ध्वनि से व्यङ्ग्य स्फोट माना है)। और द्योतकता—स्व (अपने)-समभिव्याहृत पद में रहने वाली शक्ति का व्यञ्जक होना (है)। इसलिये वैयाकरणों को भी इस व्यञ्जना को मानना आवश्यक है। और यह (व्यञ्जना)—शब्द, शब्दार्थ, पद, पदैकदेश, वर्ण, रचना एवं चेष्टा आदि में सर्वत्र रहती है, क्योंकि इसी प्रकार का अनुभव (होता है)। वक्ता आदि का वैशिष्ट्यज्ञान व्यङ्ग्यविशेष के बोध में सहकारी (कारण) है, इस लिये सभी स्थलों पर इन (वक्त्रादि-वैशिष्ट्य-ज्ञान) की अपेक्षा नहीं (होती है), इसका अन्यत्र (गुरुमञ्जूषादि ग्रन्थों में) विस्तृत वर्णन है।

यत्तु तार्किकाः—लक्षणयैव गतार्था व्यञ्जनेति न सा स्वीकार्येत्याहुः।

तन्न। लक्षणाया मुख्यार्थबाधपूर्वकलक्ष्यार्थबोधकत्वात्, मुख्यार्थसम्बद्धार्थस्यैव लक्षणाया बोधकत्वात्, व्यञ्जनाया अतथात्वेन तदनन्तर्भावाच्चेति दिक्।

[इति वृत्तिविचारः।]

—०—

लक्षणानुमानादिना व्यङ्ग्यार्थं साधयतां व्यञ्जनावृत्तिमस्वीकुर्वतां तार्किकाणां मतं प्रस्तौति—यत्त्विति। तेषामयमभिप्रायो यल्लक्षणयैव निर्वाहेऽतिरिक्तायाः स्वीकारे मानाभावः। तत्खण्डयति—तन्नेति। अयं भावः—यत्र पूर्वं मुख्यार्थस्य बाधो भवति तत्रैव लक्ष्यार्थबोधाय लक्षणा प्रवर्तेतेऽत्र तु मुख्यार्थबाधाभावेऽपि विशेषार्थबोधो

दृश्यते तदर्थं व्यञ्जनाऽऽवश्यकी। अपि च, शक्यार्थसम्बन्धो लक्षणेत्यनुसारं मुख्यार्थेन सम्बद्धस्यार्थस्यैव बोधो लक्षणया, व्यञ्जनया तु सर्वथाऽसम्बद्धोऽप्यर्थो बोध्यते इति लक्षणया व्यञ्जनाया न गतार्थत्वमिति बोध्यम्।

अर्थनिष्ठापि व्यञ्जनेति प्रामाणिकाः। तथाहि—

रतिकाले विलोक्य श्रीर्नाभिपत्रे पितामहम्।
रत्याकुलाच्छादयते दक्षिणं नयनं हरेः॥ (का. प्र उदा० १३७)

इत्यादौ हरिपदेन दक्षिणनेत्रस्य सूर्यात्मकत्वं तत्सङ्कोचेन सूर्यास्तेन पद्मसङ्कोचस्तेन पितामहस्य स्थगनं तेनाप्रतिषिद्धं रतिविलसितमिति क्रमेण व्यङ्ग्येषु प्रतीयमानेषु तत्तदर्थानां प्रतीतेरनन्तरमेव व्यङ्ग्यार्थप्रतीतेरर्थस्यापि व्यञ्जकत्वस्यावश्यकत्वात्।

पश्यात्र नलिनीपत्रे बलाका दृश्यतेऽचला।
रम्ये मारकते पात्रे शुक्तिकेव च निर्मला॥ (गाथा सप्तशती)

इत्यत्रापि वक्तृतात्पर्यविषयीभूतस्य वाच्यार्थस्य बाधाभावेऽपि तज्ज्ञानाभावेऽपि शुक्त्युपमया चात्रास्तत्वम्, तेन तस्य निर्जनत्वम्, तेन तदेवावयोः सङ्केतस्थानमित्यादिक्रमेण तत्तदर्थव्यङ्ग्यप्रतीतेः, मुख्यार्थबाधज्ञानसत्त्वे तदप्रतीतेश्च। पदस्य च स्वार्थबोधने उपरतत्वात्, पुनः पुनरनुसन्धाने गौरवम्, तदननुभवात्।

किञ्च 'गतोऽस्तमर्कः' इत्यादौ शिष्येण सन्ध्यावन्दनादेः कर्तव्यत्वाशयेन गुरुं प्रति प्रयुक्ताद् वक्तृतात्पर्याभावेऽपि प्रतिवेश्यादीनामभिसरणोपक्रमादिबोधस्य वाच्यार्थधीपूर्वकस्य वाच्यार्थबाधज्ञानेऽजायमानस्य लक्षणयोपपादयितुमशक्यत्वाच्च।

ननु 'गतोऽस्तमर्कः' इत्यादावेकसम्बन्धिदर्शनादपरसम्बन्धिस्मरणमितिवदुपपत्तिसम्भवान्नैतदर्थं व्यञ्जनावश्यकीति चेन्न, 'गतोऽस्तमर्कः' इत्यादिश्रवणोत्तरं सन्ध्यावन्दनकर्तव्यत्वं मया स्मृतमित्यनुव्यवसायाभावात् तत्तानुलेखात्। इदं पदमेतदर्थस्य न वाचकं नापि लक्षकं नापि स्मारकमपितु व्यञ्जनया बोधकमिति प्रामाणिकव्यवहारेणाप्यतिरिक्ततत्सिद्धेः। असम्बद्धस्याप्यर्थस्य व्यङ्ग्यत्वाच्च लक्षणयाऽगतार्थत्वम्। व्यङ्ग्योऽर्थोऽनुमेय इत्यस्य त्वयुक्तता काव्यप्रकाशादौ निरूपिता, विरुद्धानैकान्तिकादिभ्यः व्याप्तिपक्षधर्मतादिनिर्णयाभावेऽपि व्यङ्ग्यार्थप्रतीतिरधोलिखितपद्ये प्रतिपादिता च।

भ्रम धार्मिक! विश्रब्धः स शुनकोद्य मारितस्तेन।
गोदावरीकच्छकुञ्जवासिना दृप्तसिंहेन॥ (गाथा० २।७५)

एवञ्चातिरिक्तव्यञ्जनावृत्त्यनङ्गीकारे न निर्वाह इति दिक्।

॥ इति व्यञ्जनानिरूपणम् ॥

॥ इति आचार्य-जयशङ्करलाल-त्रिपाठिकृतायां-भावप्रकाशिका-व्याख्यायां वृत्तिविचारः ॥

—०—

व्यञ्जना-विरोधी नैयायिकमत का खण्डन

लक्षणा से ही व्यञ्जना गतार्थ है इसलिये उसे नहीं मानना चाहिये—ऐसा जो नैयायिकों ने कहा है, वह (ठीक) नहीं है, क्योंकि लक्षणा मुख्यार्थ-बाध-पूर्वक लक्ष्यार्थ की बोधक होती है और यह (लक्षणा) मुख्यार्थ से सम्बद्ध अर्थ का ही बोध कराती है (किन्तु) व्यञ्जना ऐसी नहीं है (अर्थात् लक्षणा से भिन्न स्थितियों वाली है) इसलिये उस (लक्षणा) में (व्यञ्जना का) अन्तर्भाव नहीं हो सकता है।

विमर्श—व्यञ्जना के लिये न तो मुख्यार्थबाध की आवश्यकता है और न मुख्यार्थसम्बन्धत्व की। जब कि लक्षणा के लिये इन दोनों की अनिवार्यता है।

नैयायिक लोग अनुमान द्वारा भी व्यञ्जना के कार्य का निर्वाह करने का तर्क देते हैं। परन्तु इसके खण्डन के लिये ध्वन्यालोक एवं काव्यप्रकाशादि में अनेक तर्क और प्रमाण प्रस्तुत किये गये हैं। उदाहरणार्थ निम्न पद्य देखा जा सकता है।

भ्रम धार्मिक ! विश्रब्धः स शुनकोद्य मारितस्तेन।
गोदावरीकच्छकुञ्जवासिना दृप्तसिंहेन ॥ (गाथा सप्तशती २।७५)

इसमें नैयायिक लोग अनुमान द्वारा गोदावरीतट पर धार्मिकभ्रमणाभाव सिद्ध करते हैं। उनका तर्क है कि बस्ती में कुत्ते को भी देखकर डर कर भाग जाने वाला साधु गोदावरी के कछार में कुत्ते को मार डालने वाले सिंह की बात सुनकर वहाँ नहीं जा सकता है। इसलिये सिंहोपलब्धिरूप हेतु से साधुभ्रमणाभाव सिद्ध हो जाता है। इसके लिये व्यञ्जना की आवश्यकता नहीं है। अनुमानवाक्य इस प्रकार है—

१. प्रतिज्ञा या साध्य— गोदावरीतीरं भीरुभ्रमणायोग्यम्;
२. हेतु या साधन—भयकारणसिंहोपलब्धेः;
३. उदाहरण—यद् यत् भीरुभ्रमणयोग्यं तत्तत् भयकारणाभाववत् यथा गृहम्;
४. उपनय—न चेदं तीरं तथा भयकारणाभाववत्, सिंहोपलब्धेः;
५. निगमन—तस्मात् भीरुभ्रमणायोग्यम्;

इसका खण्डन करते हुये मम्मटाचार्य का यह कथन है कि यहाँ 'भीरुभ्रमणायोग्यत्व' को सिद्ध करने के लिये 'सिंहोपलब्धि' को हेतुरूप में प्रस्तुत किया गया है; किन्तु यह हेतु नहीं, अनैकान्तिक हेत्वाभास है। जहाँ-जहाँ भीरुभ्रमण होता है वहाँ वहाँ भय के कारण का अभाव होता है—ऐसी व्याप्ति नहीं है। क्योंकि भय के कारणों को जानते हुये भी युद्धादि में राजा की आज्ञा से अथवा कहीं प्रिया के अनुराग से लोगों का जाना देखा जाता है।

यहाँ हेतु का गोदावरीतीररूप पक्ष में रहना निश्चित भी नहीं है क्योंकि वहाँ सिंह की सत्ता बताने वाली पुंश्चली नायिका है, कोई आप्त व्यक्ति नहीं है। अतः स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास भी है।

कुत्ते के अस्पृश्य होने से डरने पर भी वीर होने के कारण सिंह से नहीं डरता है। इसलिए विरुद्ध हेत्वाभास भी है। अतः व्यञ्जना को माने बिना अनुमान से साधु-भ्रमणाभाव सिद्ध करना कठिन है।

इस विषय में ध्वन्यालोक एवं काव्यप्रकाशादि ग्रन्थों के पञ्चम उल्लास में विस्तृत विवेचन किया गया है। वहीं देखना चाहिये।

। व्यञ्जना-विवेचन समाप्त।

॥ इस प्रकार आचार्य जयशङ्कर लाल त्रिपाठिविरचित बालबोधिनी हिन्दी व्याख्या में वृत्तिविचार समाप्त हुआ ॥

—०—

[अथ स्फोटनिरूपणम्]

ननु कोऽयं वृत्त्याश्रयः शब्दः ? वर्णाः प्रत्येकमिति चेद्, न; द्वितीयादि-वर्णोच्चारणवैयर्थ्यापत्तेः। नापि वर्णसङ्घातः। उच्चरितप्रध्वंसित्वेन यौगपद्या-सम्भवात्। अभिव्यक्तेरुत्पत्तेर्वा क्षणस्थायित्वात्क्षणात्मककालस्य प्रत्यक्षायोग्य-त्वेन तदवच्छिन्नवर्णस्याप्यप्रत्यक्षत्वात्। उच्चारणाधिकरणकालोत्तरकाल-वृत्तिध्वंसप्रतियोगित्वमुच्चरितप्रध्वंसित्वम्। 'इको यणचि' (पा० सू० ६।१।७७) इत्यादौ 'तस्मिन्' (पा० सू० १।१।६६) इतिपरिभाषोपस्कृत-वाक्यार्थोऽयं पूर्वोऽयं पर इति नष्टस्य प्रत्यक्षविषयेदंशब्देन पौर्वापर्यव्यवहारा-योगाच्च।

शाब्दबोधकारणीभूतां वृत्तिं तद्भेदांश्च निरूप्य तद्वृत्तेराश्रयविषयिणीमाकाङ्क्षा-मुपशमयितुं विचारमारभते—नन्वित्यादिना। अत्रेदं बोध्यम्—नैयायिकादयो वैखरी-वाचमेव वाचकत्वेनाश्रित्यानित्यतां शब्दस्य प्रतिपादयन्ति। मीमांसकास्तु शब्दस्य नित्यत्वमङ्गीकुर्वन्तोऽपि न तस्य स्फोटरूपत्वं स्वीकुर्वन्ति। वैयाकरणास्तु वैखरी-ध्वनिभिर्व्यज्यमानमखण्डं विभु नित्यं स्फोटरूपमेव शब्दं प्रतिपादयन्ति। अत एवात्र स्फोटप्रकरणे नैयायिकादीनां मतमुपस्थाप्य निराकरोति ग्रन्थकारः। प्रत्येकमिति। अस्य पर्याप्तिसम्बन्धेन वृत्त्याश्रय इति शेषः। अयं भावः—वर्णाः वृत्त्याश्रयाः=वाचका इति यदि स्वीक्रियते तदा प्रथमेनान्येन वैकेनैव वर्णेन बोधसम्भवेऽन्येषामुच्चारणवैयर्थ्यं स्पष्टमेव। किञ्चैवं धनं वनमित्यादावर्थवत्त्वेन प्रातिपदिकत्वान्नलोपाद्यापत्तेः। प्रतिवर्ण-मर्थस्मरणस्यानुभवविरुद्धत्वाद् गुरुत्वाच्च। नापि संहता इति। अयमाशयः—तार्किकमते योग्यविभुविशेषगुणानां स्वोत्तरयोग्यविभुविशेषगुणनाश्यत्वम्। एवञ्च वर्णानां यौगपद्यास-म्भवेन समुदायासम्भवः। वर्णविषये उत्पत्तिपक्षोऽभिव्यक्तिपक्षश्च। उभयपक्षेऽपि

क्षणात्मककालावच्छिन्न एव वर्णः, तदात्मककालस्य यथा प्रत्यक्षत्वासम्भवस्तथैं तत्कालावच्छिन्नवर्णस्यापीति बोध्यम्। उच्चारणस्याधिकरणं यः कालस्तदुत्तरकाल-वृत्तिर्योध्वंसस्तत्प्रतियोगित्वमुच्चरितप्रध्वंसित्वम्। एवञ्च एककालावच्छेदेन वर्णानां समुदायस्य कथमप्यसम्भवेन समुदायस्य वृत्त्याश्रयत्वं=वाचकताशक्त्याश्रयत्वं न सम्भवतीति बोध्यम्। इकोयणचीति। अयं भावः—"इको यणचि" (पा० सू० ६।१।७७) इति सूत्रस्यार्थबोधाय व्यवस्थार्थं "तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य" (पा० सू० १।१।६६) इति परिभाषासूत्रमुपस्थितं भवति। तेन च पूर्वत्वस्य अव्यवहितत्वस्य चोपस्थिति-र्भवति। अत्र च 'अयं (इगित्यर्थः) पूर्वः, अयम् (अजित्यर्थः) पर' इति इदंशब्द-घटितेन अभिलापेनाभिलप्यमानं पौर्वापर्यज्ञानमसम्भवम्—नष्टस्य वर्णस्य प्रत्यक्षविषय-केण इदंशब्देन परामर्शासम्भवात्। एवं च एतज्ज्ञानाभावे सूत्राद्यप्रवृत्तिरिति बोध्यम्।

स्फोट-विवेचन

विमर्श—ग्रन्थ के प्रारम्भ में यह उल्लेख किया जा चुका है कि स्फोट शब्द ही वास्तव में वाचक है। कानों से सुनी जाने वाली वैखरी ध्वनि को वाचक मानना असम्भव है। कारण यह है कि यदि प्रत्येक वर्ण को वाचक मानते हैं तो प्रथम वर्ण से ही वाचकत्व सिद्ध हो जाने पर द्वितीय एवं तृतीय आदि वर्णों का उच्चारण व्यर्थ होने लगेगा। यदि यह कहें कि प्रत्येक वर्ण नहीं अपितु वर्णों का समुदाय वाचक है, तो यह नहीं कह सकते हैं क्योंकि वर्ण तो उच्चारणकाल के बाद नष्ट होने वाले हैं। कभी भी दो या अधिक वर्णों का एक साथ मिल सकना कठिन है। वर्णों की उप-लब्धि के विषय में दो पक्ष हैं (१) उत्पत्तिपक्ष और (२) अभिव्यक्ति पक्ष। दोनों पक्षों में वर्ण क्षणस्थायी ही हैं। क्षणात्मक काल का प्रत्यक्ष सम्भव न होने से तत्कालावच्छिन्न वर्ण का भी प्रत्यक्ष सम्भव नहीं है। इसलिए वर्णसमुदाय कभी नहीं मिल सकता। उसकी वाचकता कठिन है।

वर्णसमुदाय और उसमें वाचकता का उपपादन करने के लिए नैयायिक लोग तीन मार्गों का आश्रय लेते हैं—

१—जो जो वर्ण सुना जाता है उस उसका संस्कार बनता जाता है। इस संस्कार के कारण उत्तरोत्तर वर्णों में अव्यवहितोत्तरत्व सम्बन्ध से पूर्व-पूर्व-वर्णवत्ता का ज्ञान होता रहता है। अर्थात् द्वितीय वर्ण में प्रथम वर्ण का और तृतीय वर्ण में प्रथमवर्णविशिष्ट द्वितीयवर्णवत्ता का ज्ञान हो जाता है। यह क्रम सम्पूर्ण पद की प्रत्यक्षता तक चलता रहता है। इस प्रकार पदप्रत्यक्ष हो जाता है।

२—जैसे एक तरङ्ग स्वसमान ही दूसरी तरङ्ग को उत्पन्न करती रहती है उसी प्रकार प्रत्येक शब्द [वर्ण] भी स्वसमानाकार दूसरे शब्द को उत्पन्न करता रहता है। यह उत्पत्ति-प्रक्रिया अन्तिम वर्ण के प्रत्यक्ष होने तक चलती रहती है। अतः

अन्तिम वर्ण प्रत्यक्षकाल में सभी पूर्व वर्णों की सत्ता एवं प्रत्यक्षता रहती है। अतः वर्णसमुदाय पदादि का प्रत्यक्ष होना सम्भव है।

३—जो जो वर्ण सुने जाते हैं उनका अनुभवात्मक ज्ञान होता है। उस अनुभव से संस्कार उत्पन्न होता है। इस प्रकार पूर्व वर्णों का अनुभवजन्य संस्कार और अन्तिम वर्ण का प्रत्यक्षात्मक अनुभव रहता है। अतः पूर्व-पूर्व वर्णों के अनुभव से जन्य संस्कार-सहचरित अन्तिम वर्ण के अनुभव से पद का प्रत्यक्ष होता है और उससे बोध होता है।

किन्तु मञ्जूषाकार ने उपर्युक्त तीनों मतों का खण्डन किया है। नैयायिकों के प्रथम पक्ष में पूर्व वर्ण विनष्ट रहता है और उत्तर (अन्तिम) वर्ण विद्यमान रहता है। अर्थात् एक नष्ट और दूसरा विद्यमान है। इन नष्ट और विद्यमान का अव्यवहितोत्तरत्व सम्बन्ध ही नहीं माना जा सकता। और एक साथ स्थित न होने से—यह पूर्व है, यह पर है—ऐसा व्यवहार जो व्याकरण शास्त्र के सूत्रों की प्रवृत्ति के लिये आवश्यक है, नहीं उपपन्न हो सकता।

द्वितीय पक्ष के अनुसार पद का प्रत्यक्ष तो किसी प्रकार हो सकता है, किन्तु वह वाचकता-शक्ति का आश्रय नहीं माना जा सकता, क्योंकि नैयायिकों के अनुसार शब्द अनित्य, विनाशी है। नष्ट वस्तु किसी का आश्रय नहीं बन सकती है। यदि नष्ट शब्द को भी वाचकता-शक्ति का आश्रय मानने का दुराग्रह करेंगे तो 'नष्टो घटो जलवान्' आदि भी व्यवहारों की आपत्ति होगी।

तृतीय पक्ष में यह दोष है कि जिस क्रम से अनुभव होता है उसी क्रम से उसका संस्कार रहता हो, इसमें कोई प्रमाण नहीं है। इसलिये 'सरो रसः' आदि में विपरीत क्रम से भी संस्कार और स्मरण हो सकता है।

इस उपर्युक्त विवेचन के अनुसार नैयायिकों के मत में पद बनना और उसको वाचकता-शक्ति का आश्रय बनाना कठिन है। इस स्थिति में स्फोटरूप शब्द को ही वाचकताशक्त्याश्रय = वाचक मानना उचित है। क्योंकि वह स्फोट नित्य, विभु एवम् अखण्ड है। इसी का विवेचन प्रारम्भ किया जा रहा है—

अनु०—(शाब्दबोध की कारणभूत) वृत्ति का आश्रय शब्द कौन है? (किस प्रकार के शब्द में वाचकता शक्तिरूपा वृत्ति रहती? वाचक कौन है?) प्रत्येक वर्ण (शक्त्याश्रय है); ऐसा यदि (कहो) तो नहीं, क्योंकि द्वितीय (तृतीय) आदि वर्णों का उच्चारण व्यर्थ होने लगेगा। (अर्थात् प्रथम वर्ण के ही शक्त्याश्रय होने पर उसी से बोधरूप कार्य उपपन्न हो जाने पर द्वितीय या तृतीय आदि वर्णों के उच्चारण की आवश्यकता नहीं है, उनका उच्चारण व्यर्थ होने लगेगा।) और न

वर्णसमुदाय (ही शक्ति का आश्रय = वाचक माना जा सकता है); क्योंकि उच्चरित-प्रध्वंसी होने से (वर्णों का) एक साथ होना (समुदाय बनना) सम्भव नहीं है। अभिव्यक्ति अथवा उत्पत्ति के क्षणस्थायी होने से क्षणात्मक काल के प्रत्यक्ष योग्य न होने से उस (क्षणात्मक) काल से अवच्छिन्न वर्ण का भी प्रत्यक्ष नहीं होता है। उच्चारण काल के अधिकरण काल से उत्तरवर्ती काल में होने वाले ध्वंस का प्रतियोगी होना—उच्चरितप्रध्वंसी होना है। (प्रथम क्षण में 'घ' का उच्चारण होता है, यह इसके उच्चारण का अधिकरण काल है। इसके बाद उसका ध्वंस = विनाश होता है। इस ध्वंस = अभाव का प्रतियोगी 'घ' है। इसी प्रकार अन्य वर्ण भी उच्चरितप्रध्वंसी हो जाते हैं। अतः एक साथ एक काल में वर्ण नहीं मिल सकते हैं। इनका समुदाय नहीं बन सकता है।) और "इको यणचि" (पा० सू० ६।१।७७) इत्यादि में "तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य" (पा० सू० १।१।६६) इस परिभाषा सूत्र द्वारा उपस्कृत = बोधित वाक्यार्थ में—यह (इक्) पूर्व है यह (अच्) पर है—ऐसा—नष्ट वर्ण का प्रत्यक्षविषयक = प्रत्यक्षबोधक इदम् शब्द से पौर्वापर्य व्यवहार नहीं हो सकता है।

विमर्श—"इको यणचि (पा० सू० ६।१।७७) यह विधि सूत्र है। इसके असन्दिग्ध अर्थ का निर्णय करने के लिये "तस्मिन्निति निर्दिष्टे" (पा० सू० १।१।६६) इस परिभाषा सूत्र की उपयोगिता है। यह सूत्र उक्त विधि सूत्र में अव्यवहितत्व और पूर्वत्व अंशों की उपस्थिति कराता है। इसमें 'यह पूर्व है यह पर है—अयं पूर्वः अयं परः—यह इदं शब्दघटित व्यवहार होता है। इदं शब्द सन्निकृष्ट प्रत्यक्ष पदार्थ का परामर्श करता है, विनष्ट पदार्थ का नहीं।

यत्तु तार्किकाः—वर्णानामनित्यत्वेऽपि उत्तरोत्तरवर्णे पूर्वपूर्ववर्णवत्त्वम-व्यवहितोत्तरत्वसम्बन्धेन संस्कारवशाद् गृह्यत इति पदस्य प्रत्यक्षत्वाच्छाब्द-बोधः।

यद्वा पूर्वपूर्ववर्णजाः शब्दाः शब्दजशब्दन्यायेन चरमवर्णप्रत्यक्षपर्यन्तं जायमाना एव सन्तीति न पदप्रत्यक्षानुपपत्तिः।

यद्वा पूर्वपूर्ववर्णानुभवजन्यसंस्कारसध्रीचीनचरमवर्णानुभवतः शाब्दबोध इत्याहुः।

तार्किकाभिमतपदप्रत्यक्षत्वस्य खण्डनाय तन्मतमनुवदति—यत्त्विति। अयं भावः-पूर्वं यो वर्णः श्रुतः, तस्य अनुभवजन्यः संस्कारो जातः, द्वितीयवर्णश्रवणकाले प्रथम-वर्णस्य नाशे सत्यपि तस्य संस्कारस्य विद्यमानता, एवमेव तृतीयवर्णानुभवकाले द्वितीय-वर्णस्यापि नाशे सत्यपि तस्यापि संस्कारो विद्यते। अयं क्रमः पदप्रत्यक्षपर्यन्तं चलति। एवञ्च द्वितीयवर्णश्रवणकाले संस्कारवशादव्यवहितोत्तरत्वसम्बन्धेन प्रथम-

वर्णवत्त्वं स्मर्यते तृतीयवर्णप्रत्यक्षकाले च उपस्थितो यः स्वाव्यवहितोत्तरत्वसम्बन्धेन वर्णविशिष्टो वर्णः' तद्विशिष्टत्वं तेनैव सम्बन्धेन तृतीयादिवर्णेषु गृह्यते। एवं रीत्या पदज्ञानं सुलभम्। तेन च शाब्दबोधः। एवञ्च पूर्वपूर्ववर्णानुभवजन्यसंस्कारविशिष्ट-चरमवर्णानुभव एव वर्णगोचरां स्मृतिं जनयतीति बोध्यम्। नैयायिकानां द्वितीयोऽयं पक्षो यत् यथोत्पन्ना वीचिः वीच्यन्तरमुत्पादयन्ती तडागान्तं याति एवमेवोत्पन्नः एकः शब्दोऽपि स्वसमानाकारमेव शब्दमुत्पादयन् पदप्रत्यक्षपर्यन्तं तिष्ठति। एवञ्च सर्वेऽपि वर्णाः पदप्रत्यक्षपर्यन्तं जायमानाः सन्तः पदप्रत्यक्षं जनयन्ति। तत्र वीचि-वीच्यन्तरमुत्पाद्य नश्यति वर्णस्तु तिष्ठत्येवेति उभयोर्भेद इति बोध्यम्।

आनुपूर्वीज्ञानविषयको नैयायिकानां तृतीयोऽयं पक्षो यत् पूर्वपूर्ववर्णानामनुभवेन तेषां संस्कारो जायते तत्संस्कारसहचरितचरमवर्णस्यानुभवादेव शाब्दबोधो जायते।

नैयायिक मत

अनु०—नैयायिक लोग जो यह कहते हैं :—

(१) वर्णों के अनित्य होने पर भी (पूर्व-पूर्व वर्ण के) संस्कार के कारण उत्तरोत्तर वर्ण में अव्यवहितोत्तरत्वसम्बन्ध से पूर्व-पूर्ववर्णवत्ता गृहीत (ज्ञात) होती है; इस प्रकार पद के प्रत्यक्ष होने से शाब्दबोध (होता है)।

(२) अथवा शब्दजशब्दन्याय से पूर्व-पूर्व वर्ण से होने वाले शब्द अन्तिम वर्ण के प्रत्यक्ष तक उत्पन्न होते ही रहते हैं इस प्रकार पदप्रत्यक्ष की अनुपपत्ति नहीं है।

(३) अथवा पूर्व-पूर्व वर्णों के अनुभव से होने वाले संस्कार से सहचरित अन्तिम वर्ण के अनुभव से शाब्दबोध (होता है)।

विमर्श—जैसे पानी की तरंगे स्वसमान आकार वाली अन्य तरंगों को उत्पन्न कराती रहती हैं उसी प्रकार एक शब्द स्वसमानाकार दूसरे शब्दों को उत्पन्न कराता रहता है और यह प्रक्रिया अन्त तक चलती है। इससे पद का प्रत्यक्ष हो जाता है। इसे शब्दजशब्दन्याय कहा जाता है।

तन्न। आद्येऽयं पूर्वोऽयं पर इत्यभिलापासम्भवेन अव्यवहितोत्तरत्व-सम्बन्धायोगात्। नष्टविद्यमानयोरव्यवहितोत्तरत्वसम्बन्धस्य वक्तुमशक्य-त्वाच्च। द्वितीये शब्दजशब्दन्यायेन पदप्रत्यक्षोपपादनेऽपि पदस्याविद्यमान-त्वेन तत्र शक्त्याश्रयत्वस्य ग्रहानुपपत्तेः। अविद्यमाने आश्रयत्वाङ्गीकारे नष्टो घटो जलवानित्याद्यापत्तेश्च। तृतीये येन क्रमेणानुभवस्तेनैव क्रमेण तत्संस्कार-स्थितिरित्यत्र विनिगमकाभावात् सरो रसो नदी दीन इत्यादौ विपरीत-संस्कारोद्बोधेन प्रत्येकमन्यार्थप्रत्ययापत्तेः। उत्पत्तिविनाशवद्वर्णसमुदायरूप-पदस्य मनुष्यादिवद्भेदे 'एक इन्द्रशब्दः क्रतुशते प्रादुर्भूतो युगपत्सर्वयागे-

ष्वङ्गं भवति' [म० भा० १।२।६४] इति भाष्यविरोधापत्तेश्च। प्रादुर्भूतोऽभिव्यक्तः।

पूर्वोक्तानि मतानि निराकरोति—तन्नेति। प्रथमपक्षे नष्टविद्यमानेषु वर्णेषु प्रत्यक्षविषयकेण इदंशब्देन 'अयं पूर्वोऽयं पर' इति अभिलापासम्भवेन अव्यवहितोत्तरत्व-सम्बन्धस्य वक्तुमशक्यत्वात्। इदमेव दृढयति—नष्टेति। पूर्वस्य नष्टस्य परस्य विद्यमानस्य च अव्यवहितोत्तरत्वसम्बन्धस्यैव वक्तुमशक्यत्वात्। द्वितीयपक्षे दोषमुद्भावयति—द्वितीये त्विति। शब्दजशब्दन्यायपक्षे यद्यपि पदप्रत्यक्षोपपादनं सम्भवति तथापि तत्पदं न विद्यमानम्। एवञ्च तस्मिन् शक्त्याश्रयताया ज्ञानस्यानुपपत्तिः स्पष्टैव। यदि अविद्यमानेऽपि पदे वृत्त्याश्रयता स्वीक्रियते तदा नष्टो घटो जलवानित्याकारज्ञानस्यापि प्रमात्वापत्तिः। अनुभवानुसारं संस्कारेऽपि क्रम इति नानुभवसिद्धम्, दृश्यते च प्रपूर्वेद्युरनुभूतमस्मृत्वा पूर्वेद्युरनुभूतस्य स्मरणम्। एवञ्च विनिगमकाभावात् सरो रसः, दीनः, नदी इत्यादौ विपरीतसंस्कारोद्बोधनस्यापि सम्भवेन प्रत्येकं शब्दात् अन्यस्याप्यर्थबोधापत्तिरिति भावः। किञ्च वर्णानामुत्पत्तिस्वीकारे तत्र भेदस्यापि अनिवार्यतया यथोत्पत्तिमत्सु मनुष्येषु भेदो दृश्यते तथैवोत्पत्तिविनाशवतां वर्णानां समुदायरूपस्य पदस्यापि भेदापत्तिः। एवञ्च "एक इन्द्रशब्दः क्रतुशते प्रादुर्भूत०" इत्यादि भाष्याद् विरोधः स्पष्ट एव। अनेन भाष्येण एकत्वस्योक्तत्वात्, नैयायिकरीत्याऽनेकत्वस्य निराकर्तुमशक्यत्वात्।

नैयायिकादिसिद्धान्ते प्रसक्तानां दोषाणां विस्तरेणोल्लेखो लघुमञ्जूषायां कृतस्तत एव जिज्ञासुभिर्बोध्यम्।

एवञ्च नैयायिकादिमते पदवाक्ययोरभावेन पदपदार्थ-सम्बन्धस्यैव विनाशः। तदुक्तं भर्तृहरिणा—

अशब्दो यदि वाक्यार्थः पदार्थोऽपि तथा भवेत्। (वा० प० २।१६)

पदसमुदायात्मकवाक्यस्येव वर्णसमुदायरूपपदस्याप्यभावात्, उभयोरप्यनयोर्पि सम्बन्धात् सम्बन्धहानिरपरिहार्या। सा च न स्वीकार्या—शब्दार्थसम्बन्धानां नित्यत्वस्वीकारादिति भावः।

नैयायिकमत का खण्डन

अनु०—वह (उपर्युक्त नैयायिकमत ठीक नहीं (है), क्योंकि प्रथमपक्ष में 'यह पूर्व है, यह पर है' ऐसा व्यवहार सम्भव न होने के कारण अव्यवहितोत्तरत्व-सम्बन्ध नहीं बन सकता है। और नष्ट तथा विद्यमान (सम्बन्धी वर्णों) का अव्यवहितोत्तरत्व-सम्बन्ध नहीं कहा जा सकता।

विमर्श—'यह पूर्व है यह पर है' ऐसा व्यवहार एक स्थान या एक काल में विद्यमान दो वस्तुओं को मान कर ही होता है। किन्तु नैयायिक मतानुसार अनित्य

होने के कारण एक काल में अनेक वर्णों का उक्त व्यवहार नहीं बन सकता है। इस लिये पौर्वापर्य का ज्ञान नहीं हो सकता है। अव्यवहितोत्तरत्व का ज्ञान न होने पर पदज्ञान भी सम्भव नहीं है।

अनु०—द्वितीय (पक्ष) में—शब्दजशब्दन्याय से पदप्रत्यक्ष का उपपादन होने पर भी (नैयायिकमत में वर्णों के अनित्य होने से) पद के विद्यमान न होने के कारण उसमें शक्त्याश्रयत्व (शक्ति के आश्रय=वाचक होने) का ज्ञान नहीं हो सकता है। अविद्यमान (भी) वर्णों में (वाचकता शक्ति की) आश्रयता मानने पर 'नष्ट घट जलवाला है' आदि (व्यवहार) भी होने लगेगा।

तृतीय (पक्ष) में—जिस क्रम से (वर्णों का) अनुभव होता है उसी क्रम से उनका संस्कार (भी) रहता है—इसमें किसी प्रमाण के न होने के कारण 'सरः रसः, नदी दीनः' इत्यादि में विपरीत संस्कार के उद्बोध से (इनमें) प्रत्येक से दूसरे के अर्थ का ज्ञान होने लगेगा। और उत्पत्तिविनाशशाली वर्णों के समुदायरूप पद का (उत्पत्तिविनाशवाले—जन्ममरणवाले) मनुष्यादि के समान भेद होने पर "एक इन्द्र शब्द सैकड़ों यज्ञों में प्रादुर्भूत=अभिव्यक्त होता हुआ एक साथ सभी यज्ञों में अङ्ग बनता है" इस भाष्य से विरोध होने लगेगा। (भाष्य में) प्रादुर्भूत=अभिव्यक्त (यह अर्थ है)।

विमर्श—अनुभव के समान ही संस्कार होता है इसमें कोई प्रमाण नहीं है, विपरीत भी संस्कार हो सकता है। ऐसी स्थिति में सर से रस और रस से सर का संस्कार और स्मरण होने पर एक से दूसरे के अर्थ का ज्ञान होने लगेगा। वर्णों की उत्पत्ति और विनाश मानने पर उनमें भेद होना अनिवार्य है क्योंकि ऐसा ही देखा जाता है। इस स्थिति में 'एक इन्द्र शब्द एक साथ सभी यज्ञों का अङ्ग होता है' इस भाष्य से विरोध होना स्पष्ट है।

ननु कस्तर्हि वृत्त्याश्रयशब्दः ? स स्फोटात्मक इति गृहाण।

ननु कोऽयं स्फोटः ? उच्यते। चतुर्विधा हि वागस्ति—परा पश्यन्ती मध्यमा वैखरी च। तत्र मूलाधारस्थपवनसंस्कारीभूता मूलाधारस्था शब्द-ब्रह्मरूपा स्पन्दशून्या बिन्दुरूपिणी परा वागुच्यते। नाभिपर्यन्तमागच्छता तेन वायुनाऽभिव्यक्ता मनोगोचरीभूता पश्यन्ती वागुच्यते। एतद्द्वयं वाग्ब्रह्म योगिनां समाधौ निर्विकल्पकसविकल्पकज्ञानविषय इत्युच्यते। ततो हृदयपर्यन्तमागच्छता तेन वायुनाऽभिव्यक्ता तत्तदर्थवाचकस्फोटशब्दरूपा श्रोत्रग्रहणायोग्यत्वेन सूक्ष्मा जपादौ बुद्धिनिर्ग्राह्या मध्यमा वागुच्यते। तत आस्यपर्यन्तमागच्छता तेन वायुनोर्ध्वमाक्रामता च मूर्धानमाहत्य परावृत्य च तत्तत्स्थानेष्वभिव्यक्ता परश्रोत्रेणापि ग्राह्या वैखरी वागुच्यते।

तदाह—

परा वाङ् मूलचक्रस्था पश्यन्ती नाभिसंस्थिता ।
हृदिस्था मध्यमा ज्ञेया वैखरी कण्ठदेशगा ॥ इति ।
वैखर्या हि कृतो नादः परश्रवणगोचरः ।
मध्यमया कृतो नादः स्फोटव्यञ्जक उच्यते ॥
इति च ।

पूर्वोक्तरीत्या पदस्यासिद्ध्या तस्य वृत्त्याश्रयत्वासम्भवे स्फोटरूपशब्दस्य वृत्त्याश्रयतां निरूपयितुं प्रश्नमुखेनाह—ननु क इति । सः=वृत्त्याश्रयः, वाचक इति यावत् । स्फोटरूपः शब्द एव वृत्त्याश्रयः न तु वैखरीरूपा ध्वनय इति भावः । तत्र=चतुर्विधासु वाक्षु, मूलाधारः=षण्णवत्यङ्गुलो देहायामः, तत्राङ्गुलार्धसहितं सप्तचत्वारिंशदङ्गुलात्मकमधः उपरि च परित्यज्यैकाङ्गुलपरिमितेन मध्ये 'मूलाधार' इत्युच्यते । तदुक्तम्

पाय्वङ्गाद्द्वयङ्गुलादूर्ध्वं लिङ्गाच्च द्वयङ्गुलादधः ।
मध्यमेकाङ्गुलं यच्च देहमध्यं प्रचक्षते ॥

एवञ्च मूलाधारे=कुण्डलिन्यां स्थितो यो पवनस्तत् संस्कारीभूता, तेन संस्कृता, तेनाभिव्यञ्जिता, यद्यपि परा वाक् शब्दब्रह्मरूपा, सर्वगताऽस्ति तथापि प्राणिनां मूलाधारे कुण्डलिन्यां संस्कृतपवनचलनेनाभिव्यज्यते, "ज्ञातमर्थं विवक्षोः पुंस इच्छया जातेन प्रयत्नेन योगे एव मूलाधारस्थ पवनसंस्कारः, तेन संस्कारेण अभिव्यञ्जितेत्यर्थः। तदुक्तं "मूलाधारादुत्थितः पवनो नाडीद्वारा कार्याणि करोति" इति पातञ्जले भाष्ये ।" मूलाधार एव पवनोऽप्युत्पद्यते । तदुक्तं प्रपञ्चसारे—

देहेऽपि मूलाधारे तु समुदेति समीरणः ॥ (प्रपञ्च सा० तं० पट० १ श्लोक ९१)

स्पन्दशून्या=क्रियाशून्या, (पश्यन्त्यां स्पन्दसामान्यं, मध्यमायां तु स्पन्दविशेष इति बोध्यम्), बिन्दुरूपिणी=विन्दुरूपा परा वाक्=शब्दब्रह्मेत्यर्थः । तदुक्तं भर्तृहरिणा—

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम् ।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः ॥ (वा० प० १।१)

तेन=संस्कृतेन, मनोगोचरीभूता=मनोमात्रविषया नत्विन्द्रियविषयेत्यर्थः, एतद्द्वयम्=परारूपं पश्यन्तीरूपं च शब्दब्रह्म समाधौ, समाधिस्तु सूतसंहितायाम्—

सोऽहं ब्रह्म न संसारी, न मत्तोऽन्यत् कदाचन ।
इति विद्यात्स्वमात्मानं स समाधिः प्रकीर्तितः ॥
समाधिस्तु समाधानं जीवात्मपरमात्मनोः ।
ब्रह्मण्येव स्थितिर्या सा समाधिः प्रत्यगात्मनः ॥

इत्यादि लक्षणायाम् । निर्विकल्पकं=चिन्मात्रविषयकम् निर्गतो विकल्पो=विशेष्य-

विशेषणभावो यस्मात् तत् निर्विकल्पकम्, 'अयं घट' इत्याकारकं ज्ञानं समवायेन घटत्वविशिष्टं ज्ञानं व्यवसायात्मकं सविकल्पं जायते। तेन=संस्कृतपवनेन, अभिव्यक्तेति हृदयदेशे इति शेषः। श्रोत्रग्रहणायोग्यत्वेन=परश्रात्रग्रहणायोग्यत्वेनेत्यर्थः (स्वयं तु कर्णपिधाने सूक्ष्मतरवाय्वभिघातेन उपांशुशब्दप्रयोगे च श्रूयमाणा) सूक्ष्मा जपादौ=उपांशूच्चारणे इत्यर्थः, उपांशुशब्दश्च यथा जले निमग्नस्य। मूलचक्रस्था=कुण्डलिन्यां स्थिता, एषा च पूर्वमेव प्रतिपादिता। मध्यमावैखरीभ्यामुभाभ्यामपि नादः क्रियते, तत्र मध्यमानादः स्फोटरूपशब्दस्य व्यञ्जकः, वैखरीनादः सर्वेषां श्रावणप्रत्यक्षविषयो भवतीति बोध्यम्।

स्फोटरूपी शब्द वृत्त्याश्रय

अनु०—(उपर्युक्त स्थिति में) फिर कौन-सा शब्द वृत्ति का आश्रय है? (यदि ऐसा प्रश्न करो तो उत्तर है) वह (शब्द) स्फोटात्मक है, ऐसा समझ लो।

स्फोटस्वरूप का प्रतिपादन

यह स्फोट क्या है? (इस प्रश्न के उत्तर में) कहा जाता है—चार प्रकार की वाक्=वाणी है—(१) परा (२) पश्यन्ती (३) मध्यमा (४) वैखरी। इन (चारों) में मूलाधार में स्थित पवन की संस्कारीभूत (मूलाधारस्थ पवन संस्कार से अभिव्यक्त होने वाली), मूलाधार में स्थित, शब्दब्रह्मरूपिणी, स्पन्दशून्या=चेष्टाशून्य, बिन्दुरूपिणी परावाक् कही जाती है। नाभिपर्यन्त आने वाले उस (संस्कृत) वायु से अभिव्यक्त होने वाली, मनोगोचरीभूता (केवल मन का विषय बनने वाली) पश्यन्ती वाक् कही जाती है। ये (परा एवं पश्यन्ती) दोनों वाग्ब्रह्म योगियों की समाधि में (क्रमशः) निर्विकल्पक एवं सविकल्पक ज्ञान के विषय हैं—ऐसा कहा जाता है। उस (नाभि) से हृदय तक आने वाली उस संस्कृत वायु से अभिव्यक्त, उन-उन अर्थों के वाचक शब्दस्फोट रूप, (दूसरे के) श्रोत्र द्वारा ग्रहण के योग्य न होने से सूक्ष्मा, (किन्तु) जपादि में बुद्धि से गृहीत होने वाली मध्यमावाक् कही जाती है। उस (हृदय) से मुख तक आने वाली और ऊपर (मूर्धा) की ओर जाने वाली उस (संस्कृत) वायु द्वारा मूर्धा का आघात करके (अर्थात् आगे निकलने का स्थान न पाकर मूर्धा से टकराकर) और (नीचे वापस लौटकर (मुख में कण्ठ तालु आदि) उन-उन उच्चारण स्थानों में अभिव्यक्त होने वाली, दूसरे के कानों से भी ग्रहण करने योग्य वैखरीवाक् कही जाती है। जैसा कि कहा है—

परावाक् मूलचक्र में स्थित रहने वाली है। पश्यन्ती नाभि में स्थित रहने वाली है। मध्यमा हृदय में स्थित रहने वाली और वैखरी को कण्ठ में रहने वाली समझना चाहिए।

और, वैखरी द्वारा किया गया नाद दूसरों के श्रवणगोचर (सुनने योग्य) होता है। मध्यमा द्वारा किया गया नाद स्फोट का व्यञ्जक कहा जाता है।

युगपदेव मध्यमावैखरीभ्यां नाद उत्पद्यते। तत्र मध्यमानादोऽर्थवाचकस्फोटात्मकशब्दव्यञ्जकः। वैखरी नादो ध्वनिः सकलजनश्रोत्रमात्रग्राह्यो भेर्यादिनादवन्निरर्थकः। मध्यमानादश्च सूक्ष्मतरः कर्णपिधाने जपादौ च सूक्ष्मतरवायुव्यङ्ग्यः शब्दब्रह्मरूपस्फोटव्यञ्जकश्च। तादृशमध्यमानादव्यङ्ग्यः शब्दः स्फोटात्मको ब्रह्मरूपो नित्यश्च।

तदाह हरिः—

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम्।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः॥ वा०प०१।१ इति।

आशयं वर्णयति—युगपदेवेत्यादिना। भेर्यादीति=यथा भेर्यादीनां शब्दश्रवणेन कस्याप्यर्थस्य बोधो न जायते एवमेव वैखरीनादोऽपि निरर्थक एव। एतस्योपयोगस्तु मध्यमानादाभिव्यक्तस्य स्फोटस्य परश्रवणप्रत्यक्षविषयतासम्पादने। तत्=ब्रह्मरूपत्वम्। हरिणा=भर्तृहरिणा। अनादिनिधनम्=आद्यन्तरहितम् शब्दोपग्राह्यतया शब्दतत्त्वं स्थितिप्रवृत्तिप्रविभागादिशब्देनोच्यते, तच्चाक्षरनिमित्तत्वाद् 'अक्षरम्' इत्युच्यते, प्रत्यक्चैतन्ये निवेशितस्य परबोधार्थमभिव्यक्तेरर्थभावेन विवर्तते, विवर्तश्च रज्जूरगवदतात्त्विकोऽन्यथाभावः। तत्त्वादप्रच्युतं (अपरित्यक्तपूर्वरूपम्) भेदानुकारेणासत्यानेकरूपतां प्राप्नोति। अभिधाशक्तिप्रवृत्तिमात्रं शब्दात्मकं ब्रह्मैव तत्तत्पदार्थरूपेण विवर्तते इति भावः। विवर्तते इति। अनेनारम्भवादपरिणामवादौ निरस्तौ किन्तु विवर्तवादः स्वीकृतः। यथा रज्जुः स्वयमविकृतैव मायया सर्पाकारेण विवर्तते तथैवात्र बोध्यम्। कारणस्वरूपाविरोधे च कार्यप्रतिभास इत्यर्थः। अतो ब्रह्मणो निर्विकारत्वान्न नित्यत्वविरोधः।

मध्यमा नाद स्फोट का व्यञ्जक

मध्यमा और वैखरी से एक साथ ही नाद उत्पन्न होता है। इनमें मध्यमा नाद अर्थवाचक स्फोटात्मक शब्द का व्यञ्जक है। वैखरी का नाद—ध्वनि, सभी के केवल श्रोत्र से ग्रहणयोग्य, भेरी आदि (वाद्यों के) नाद के समान निरर्थक है। और मध्यमानाद सूक्ष्मतर, कान बन्द कर लेने पर और जपादि में सूक्ष्मतर वायु से व्यक्त होने वाला तथा शब्दब्रह्मरूप स्फोट का व्यञ्जक है। उस प्रकार के मध्यमानाद से व्यक्त होने वाला शब्द—स्फोटात्मक ब्रह्मरूप और नित्य है। जैसा कि भर्तृहरि ने कहा है—

अनादिनिधन=आद्यन्तरहित, अक्षर=व्यापक (अविनाशी अर्थ अनादिनिधन से ही प्रतीत हो जाता है), शब्दतत्त्व ब्रह्म है। जिस (शब्द ब्रह्म) से जगत् की प्रक्रिया अर्थभावेन=अर्थरूप से विवृत होती है। (जलबुद्बुद् के समान रूपान्तर को प्राप्त करती है। इसमें शब्द को ब्रह्म कहा है।)

स च यद्यप्येकोऽखण्डश्च, तथाऽपि पदं वाक्यं; जपाकुसुमादिलौहित्यपीतत्वादिव्यञ्जकोपरागवशाद् लोहितः पीतः स्फटिक इति भानवद् वर्णादिव्यङ्ग्यः वर्णरूपः पदरूपो वाक्यरूपश्च, यथा च मुखे मणिकृपाणदर्पणव्यञ्जकोपाधिवशाद्दैर्घ्यवर्तुलत्वादिभानं तद्वत् । तदुक्तम्—

पदे न वर्णा विद्यन्ते वाक्येष्ववयवा न च ।
वाक्यात्पदानामत्यन्तं प्रविवेको न कश्चन ॥

वा० प० १।७३ । इति ।

ननु वाचकत्वेनाभिमतं स्फोटरूपं शब्दब्रह्म एकमखण्डं विभु चेति स्वीकारे तस्य पूर्वोक्ताष्टाभेदानुपपत्तिरत आह—स चेति । स्फोटश्चेत्यर्थः । पदं वाक्यम्—इत्यत्र कश्चनांशस्त्रुटितः प्रतीयतेऽनन्वयात् । अतोऽत्र 'अभिधीयते' इत्यादिकं संयोज्य व्याख्येयमिति बोध्यम् । अस्यान्वयश्च दूरस्थेन 'तद्वत्' इति पदेन कार्यः, 'तद्वत्' पदं वाक्यम्' इत्यभिधीयते इति भावः । अयं भावः—यथा स्फटिकमणिरत्यन्तस्वच्छो रक्तादिवर्णरहित एव भवति किन्तु यदा जपाकुसुमादीनां सन्निधानं भवति तदा रक्तादिवर्णानां प्रतीतिरनुभूयते । इयञ्च प्रतीतिर्न वास्तविकी अपितु व्यञ्जकगतैव । यथा वा मुखं स्वरूपे तिष्ठदपि मणि-कृपाण-दर्पणादिव्यञ्जकानां सम्पर्केण तत्तदाकारं धारयति । अत्र सर्वत्र विम्बेऽत्यन्ताभावेऽपि तत्तदुपाधिवशात् वैचित्र्यं प्रतीयते तथैव वस्तुतः स्फोट एकोऽखण्ड एवास्ति किन्तु अभिव्यञ्जकवर्णादि-उपाधिवशात् पदरूपो वाक्यरूप-इत्येवमष्टविधो भासते । एवञ्च व्यञ्जकरूपप्रतिविम्बनात् तद्रूपरूषितैव स्फोटाभिव्यक्तिरित्येकोऽपि नानात्वमिवापन्नः प्रतीयते ।

कारिकाभिप्रायः—यथा खलु एकारैकारादिषु सन्व्यक्षरेषु अवयवानां प्रतीतिरवास्तविकी, तानि अक्षराणि भिन्नान्येव, एवमेव पदेषु वर्णानां प्रतीतिः वाक्येषु च पदानां प्रतीतिरप्यवास्तविक्येव । पृथग्-पृथग् ज्ञानन्तु उपाधिवशादेवेति बोध्यम् । प्रविवेकः=भेद इत्यर्थः ।

उपाधिविशिष्ट स्फोट की प्रतीति

और वह स्फोट यद्यपि एक तथा अखण्ड है तथापि पद, वाक्य (व्यवहार)—जपापुष्प आदि के लौहित्य एवं पीतत्व (लाल रंग एवं पीले रंग) आदि के व्यञ्जक उपराग (छाया) के कारण 'लाल स्फटिक, पीला स्फटिक' इस प्रतीति के समान वर्णादिव्यङ्ग्य (अर्थात् वर्ण, पद एवं वाक्यरूपी व्यञ्जकों से व्यङ्ग्य स्फोट) वर्णरूप, पदरूप और वाक्यरूप (होता है ।) और जैसे—मणि (गोलरूपवाली), कृपाण (लम्बी रूपवाली) तथा दर्पण (चौकोर रूपवाली इन) व्यञ्जक उपाधियों से (व्यङ्ग्य = प्रतीयमान) मुख में दीर्घता=लम्बाई, वर्तुलता = गोलाई आदि का भान (होता है) उसी प्रकार (स्फोट में भी भेद प्रतीत होते हैं)। जैसा कि कहा है—

पद में वर्ण नहीं होते हैं। वाक्यों में अवयव (पद) नहीं होते हैं। वाक्य से पदों का अत्यन्त भेद (अन्तर) नहीं होता है।

विमर्श—जिस प्रकार मुख का प्रतिबिम्ब यदि मणि में देखा जाय तो गोलाकार, तलवार में लम्बा और पतला तथा शीशा में चौकोर दिखाई देता है। यह ऐसी प्रतीति अभिव्यञ्जक दर्पणादि के कारण ही है मुख (बिम्ब) में कोई अन्तर नहीं होता है। उसी प्रकार यहाँ भी वर्ण (प्रकृति प्रत्यय) आदि अभिव्यञ्जक उपाधियाँ हैं इनके कारण अभिव्यङ्ग्य स्फोट में कोई भेद या अन्तर नहीं होता है। कहीं भी व्यञ्जकगत विकारों से व्यङ्ग्य में कोई विकार नहीं होता है।

किञ्च व्यञ्जकध्वनिगतं कत्वगत्वादिकं स्फोटे भासते। बिम्बगतधर्म-वैशिष्ट्यं नैव प्रतिबिम्बस्य लोके अवधारणाद्। व्यञ्जकरूषितस्यैव स्फटिका-देर्भानाच्च। यथा चैकस्याकाशस्य घटाकाशो महाकाश इत्यौपाधिको भेद; यथा चैकस्यैकचेतनस्यौपाधिको जीवेश्वरभेदो; जीवानां च परस्परं भेदः; एवं स्फोटे व्यञ्जकध्वनिगतकत्वादिभानात्ककारो बुद्ध इत्यौपाधिको भेदव्यवहारः।

औपाधिको भेद इत्यत्रोपाधिः घटकत्वादिर्भिन्न उपाधेयस्तु आकाशस्फो-टादिरेक एवेति तात्पर्यम्। पदवाक्ययोस्सखण्डत्वपक्षे त्वन्तिमवर्णव्यङ्ग्यः स्फोट एक एव। पूर्वपूर्ववर्णस्तु तात्पर्यग्राहकः। न्यायनये चित्रगुरित्यादौ चित्रादिपदवत्।

व्यञ्जकगतधर्माणामन्यत्रैव स्फोटेऽपि प्रतीतिरित्येव साधयति-किञ्चेत्यादिना। स्फोटेऽवभासमानं कत्वादिकं व्यञ्जकध्वनिनिष्ठमेव न तु स्फोटनिष्ठम्, तस्यैकत्वात्। उपाधिभेदेनौपाधिकभेदान् प्रदर्शयति—यथा चेति। व्यञ्जकध्वनीति। व्यञ्जकध्वनिरूपो-पाधिगतकत्वादिभानादित्यर्थः।

औपाधिको भेद इत्यस्याशयं वर्णयति—औपाधिक इति। अयमाशयः—आकाशस्तु एकोऽखण्डपदार्थः तत्र घटादिरूपोधिभेदेन घटाकाशः मठाकाशः इति या प्रतीति-र्भवति तत्र घटरूपोपाधिः मठरूपोपाधिः भिन्नो भिन्नो भवति किन्तु उपधेयः—उपा-धिबोध्यः आकाश एक एव, तस्य न भेदाः। एवमेवात्रापि कत्वं गत्वमितिरूपेणानेके उपाधयः भिन्ना-भिन्ना भवन्ति। किन्तु एतेषां भेदेन उपपधेयस्य स्फोटस्य भेदो न भवतीति बोध्यम्, स च स्फोट एक एव अखण्डस्तिष्ठतीति भावः। यद्यप्यखण्डत्वपक्षे स स्फोट एकोऽखण्ड एकैकवर्णेनाभिव्यज्यते तथाप्यन्त्यवर्णाभिव्यक्तः स्फोटो बोधहेतुः। सखण्डत्वपक्षे का गतिरत आह—सखण्डपक्षे इति। अस्मिन्नपि पक्षेऽन्तिमवर्ण-व्यङ्ग्यस्फोट एक एवेति बोध्यम्। नन्वन्तिमवर्णस्यैव व्यञ्जकत्वे पूर्वपूर्ववर्णानामान-र्थक्यमिति चेदत आह—पूर्वपूर्वेति। स्वोक्तौ समर्थनायाह—न्यायनये इति। अय-

माशयः:—नैयायिकादयः समासे विशिष्टशक्तिं नाङ्गीकुर्वन्ति। तेषां मते चित्रगवादौ गोशब्द एव लक्षणया चित्रगोस्वामिरूपमर्थं बोधयति तत्र चित्रपदं तात्पर्यग्राहकमिति न तस्य वैयर्थ्यम्। एवमेवात्रापि अन्तिमवर्णस्य व्यञ्जकत्वेऽपि पूर्वपूर्ववर्णानां तात्पर्यग्राहकत्वमिति न कस्यापि वैयर्थ्यं न वा व्यञ्जकाभावे व्यङ्ग्यत्वमिति बोध्यम्।

व्यञ्जकगत धर्मों की प्रतीति

अनु—और भी, [स्फोट की] व्यञ्जक ध्वनियों में रहने वाले कत्व, गत्व आदि [धर्म] स्फोट में भासित होते हैं। क्योंकि बिम्ब में रहने वाले वैशिष्ट्य के साथ ही प्रतिबिम्ब का लोक में अवधारण [निश्चय किया जाता है।] और व्यञ्जक से रूषित [व्याप्त, मिलित] ही स्फोट आदि का भान [होता है]। और जैसे एक आकाश का ही घटाकाश मठाकाश—यह औपाधिक [घट मठ आदि उपाधिमूलक] भेद [होता है], तथा एक ही चेतन [आत्मा] का जीव और ईश्वर यह औपाधिक भेद [होता है] और जीवों का परस्पर [औपाधिक, तत्तद्देहादिरूपोपाधिमूलक] भेद रहता है उसी प्रकार स्फोट में व्यञ्जक ध्वनियों में रहने वाले कत्व आदि के भान के कारण—ककार समझा-ऐसे औपाधिक भेद का व्यवहार [होता है]।

औपाधिक भेद—इसमें उपाधि घट और कत्व आदि भिन्न-भिन्न हैं किन्तु उपाधेय [उपाधि से प्रतिपादित] आकाश और स्फोट एक ही [रहता है] यह तात्पर्य है। पद एवं वाक्य के सखण्डत्व [खण्ड वाले होते हैं—इस] पक्ष में तो अन्तिम वर्ण से व्यङ्ग्य स्फोट एक ही [रहता है], पूर्वपूर्ववर्ती वर्ण तात्पर्यग्राहक होते हैं न्यायशास्त्र में जिस प्रकार चित्रगुः इत्यादि में चित्रा आदि पद [तात्पर्यग्राहक होते हैं]।

विमर्श—नैयायिक लोग व्यपेक्षावादी हैं, वृत्ति में विशिष्टशक्ति नहीं स्वीकार करते हैं। समास में अभीष्टबोध का उपपादन करने के लिए लक्षणा का आश्रयण लेते हैं। बहुव्रीहि समास चित्रगुः आदि में उत्तर पद 'गो' की ही चित्राभिन्नगवादिस्वामी अर्थ में लक्षणा करते हैं और पूर्वपद 'चित्रा' को तात्पर्यग्राहक मानते हैं। इसी प्रकार अखण्ड वाक्य को न मान कर सखण्ड मानते हैं अवयवों की सत्ता स्वीकार करते हैं तो अन्तिम वर्ण से अभिव्यक्त स्फोट एक है और वही वाचक है, पूर्वपूर्व वर्ण उसी में तात्पर्यग्राहक हो जाते हैं।

ध्वनिस्तु द्विविधः प्राकृतो वैकृतश्च। प्रकृत्याऽर्थबोधनेच्छया स्वभावेन वा जातः स्फोटव्यञ्जकः प्रथमः प्राकृतः। तस्मात्प्राकृताज्जातो विकृतिविशिष्टश्चिरस्थायी निर्वर्तको वैकृतिकः।

हरिरप्याह—

स्फोटस्य ग्रहणे हेतुः प्राकृतो ध्वनिरिष्यते।

शब्दस्योर्ध्वमभिव्यक्तेर्वृत्तिभेदे तु वैकृताः ।
ध्वनयः समुपोहन्ते स्फोटात्मा तैर्न भिद्यते ॥
(वा० प० १।७७) इति ।

शब्दस्याभिव्यक्तेरूर्ध्वं वैकृता ध्वनयो जायन्ते इति शेषः । वृत्तिभेद इति ।

अभ्यासार्थे द्रुता वृत्तिर्मध्या वै चिन्तने स्मृता ।
शिष्याणामुपदेशार्थं वृत्तिरिष्टा विलम्बिता ॥ इति ।

तिसृषु वृत्तिषु समुपोहन्ते=कारणानि भवन्ति स्फोटस्तु तैर्न भिद्यत इति तदर्थः ।

ध्वनिरूपोपाधिवशादेव स्फोटस्य नानात्वमिवापन्नत्वमुक्तम् । ध्वनिगतत्वं कत्वादेरेव भानं स्फोटे प्रतिपादितम् । तत्र ध्वनेर्भेदान्निरूप्य तस्योपयोगमाह—ध्वनिस्त्विति । ध्वनिः द्विविधः (१) प्राकृतः (२) वैकृतश्च । प्राकृतस्य स्वरूपमाह—प्रकृत्या=अर्थबोधनस्येच्छया अथवा स्वभावेन जातः, स्फोटस्य व्यञ्जकः प्रथमो ध्वनिः प्राकृतः । वैकृतः =विकृतिविशिष्टः, वैकृतत्वञ्च-आलस्यादिकृतत्वम् । निवर्तकः अन्यवैकृतध्वनीनामिति भावः ।

हरिः=भर्तृहरिः । स्फोटस्य ग्रहणे—अभिव्यक्तौ प्राकृतो ध्वनिः हेतुरिष्यते । उत्तरार्धन्तु—

स्थितिभेदे निमित्तत्वं वैकृतः प्रतिपद्यते ॥ [वा० प० १।७७]

स्थितिभेदे=चिराचिरोपलब्धिविशेषे । शब्दस्य=स्फोटात्मकस्य, अभिव्यक्तेः= प्रकाशाद्, ऊर्ध्वम्=अनन्तरम् 'वैकृता ध्वनयो जायन्ते—इति शेषः, इत्यंशं संयोज्यार्थः करणीय इति भावः । ते तु वैकृता ध्वनयः वृत्तिभेदे=द्रुतमध्यमविलम्बिताख्यवृत्तित्रयभेदे समुपोहन्ते=कारणानि भवन्ति, किन्तु तैः=वैकृतध्वनिभिः, स्फोटः=शब्दो न भिद्यते=भिन्नतां प्राप्नोति, वैकृतध्वनिना वृत्तिभेदा एव क्रियन्ते न तु स्फोटभेदा इति भावः । वृत्तिभेदान् निरूपयति-अभ्यासार्थे=ग्रन्थादीनां पौनःपुन्येनाध्ययने द्रुता= शीघ्रोच्चारणानुकूला, वृत्तिः=व्यापारः, चिन्तने=शब्दानुशीलने, मध्या=न द्रुता न विलम्बिता, शिष्याणाम्=छात्राणाम्, उपदेशार्थम्=अध्यापनार्थं, विलम्बिता=विलम्बितोच्चारणानुकूला वृत्तिः, इष्टा=स्वीकृता । अध्यापनकाले द्रुताश्रयणे छात्राणां ज्ञानजनकत्वाभावः, एवमेव मध्यायामपि बोध्यम् ।

अत्रेदं तात्पर्यम्—ध्वनिर्द्विविधः प्राकृतो वैकृतश्च । तत्र स्फोटस्याभिव्यक्तयर्थं प्राकृतध्वनिर्नितरामपेक्षते प्राकृतध्वनिमन्तरा स्फोटस्य कथमप्यभानात् । अयं प्राकृतो

ध्वनिरेव ह्रस्वदीर्घप्लुतादिभेदव्यवहारस्य हेतुरिति प्राकृतध्वनिगतकालभेदस्य प्राकृत-ध्वन्यभिन्नतया प्रतीते स्फोटे प्रतीतौ बाधकाभावः। वैकृतध्वनिस्तु प्राकृतध्वनिप्रतीतं स्फोटं 'स एवायमिति' रूपेण चिरकालपर्यन्तमुपलम्भयति। एवञ्च वैकृतध्वनिः स्फोटात्मकशब्दाभिव्यक्त्युत्तरं जायते इति तद्गतभेदाः स्फोटे नारोप्यन्ते इति तद्भेदेन न स्फोटभेदः। तदुक्तं 'तपरस्तत्कालस्य' [पा० सू० १।१।७०] इति सूत्रे भाष्यकृता —वृत्त्यन्तरे ऐसोऽनापत्तिः, तत्तद्वृत्तिजनकप्रयत्नभेदेन वर्णानां तत्तत्कालत्वस्यैवौचित्या-दित्याशङ्क्य "एवं तर्हि स्फोटः शब्दः, ध्वनिः शब्दगुणः। कथम् ? यथा भेर्य्याहन्ता भेरीमाहत्य कश्चित् विंशतिपदानि गच्छति, कश्चित् त्रिंशत् कश्चिच्चत्वारिंशत्, स्फोटस्तावानेव, ध्वनिकृता वृद्धिः।

ध्वनिः स्फोटश्च शब्दानां ध्वनिस्तु खलु लभ्यते।
अल्पो महांश्च केषाञ्चिदुभयं तत्स्वभावतः॥
[म० भा० १।१।७०]

अत्र भाष्ये ध्वनिः=वैकृतध्वनिः, शब्दगुणः=शब्दस्य चिराचिरोपलब्धिकरत्वाद् गुणः=उपकारकः। ध्वनिकृता=वैकृतध्वनिकृता। वैकृतध्वनिस्तु केषाञ्चिदल्पः= अल्पकालमुपलब्धिजनकः, केषाञ्चिन्महान्=बहुकालमुपलब्धिजनको लक्ष्यते।

ध्वनि के भेद और उपयोगिता

अनु०—ध्वनि तो दो प्रकार की होती है—(१) प्राकृत और (२) वैकृत। प्रकृत्या=अर्थबोध कराने की इच्छा से अथवा स्वभाव से उत्पन्न, स्फोट की व्यञ्जक प्रथम प्राकृत [ध्वनि है। इस प्राकृत ध्वनि से ही स्फोट की अभिव्यक्ति होती है।] इस प्राकृत ध्वनि से होने वाली, विकारविशिष्ट, चिरकाल स्थायी, [दूसरी ध्वनि की] निवर्तक वैकृत [ध्वनि उत्पन्न होती है।]

भर्तृहरि ने भी कहा है—

स्फोट के ग्रहण [ज्ञान या अभिव्यक्ति] में प्राकृत ध्वनि कारण मानी जाती है। [स्फोट] शब्द की [प्राकृत ध्वनि से होने वाली] अभिव्यक्ति के बाद वैकृत ध्वनियाँ [उत्पन्न होती हैं जो द्रुता, मध्या और विलम्बिता—इन] वृत्तियों के भेद में कारण बनती हैं किन्तु इन [वैकृत ध्वनियों] से स्फोटरूप शब्द का भेद नहीं होता है। [वह स्फोट भिन्न-भिन्न नहीं होता है।]

स्फोटरूप शब्द की अभिव्यक्ति के बाद वैकृत ध्वनियाँ उत्पन्न होती हैं—यह शेष है। [इतना अंश और मिलाकर कारिका का अर्थ करना चाहिये।]

वृत्तिभेद में—यह—

[द्रुता, मध्या और विलम्बिता इन तीन वृत्तियों में ग्रन्थ के] (१) अभ्यास

[पुनः पुनः आवृत्ति=रटना] के लिये द्रुता वृत्ति, (२) [किसी विषय के] चिन्तन के लिये मध्या [वृत्ति] मानी गई है। (३) शिष्यों के उपदेश [अध्यापन] के लिए विलम्बिता वृत्ति स्वीकार की गई है।

[वैकृत ध्वनियाँ द्रुता, मध्या एवं विलम्बिता इन] तीनों वृत्तियों में समुपोहन्ते= कारण बनती हैं। किन्तु इन [वैकृत ध्वनियों से] स्फोट शब्द का भेद नहीं होता है। इन कारिकाओं का यह अर्थ है।

अत्रेदं बोध्यम्—केनचित् घटमानयेति वैखरीनादः प्रयुक्तः, स केनचिच्छ्रोत्रेन्द्रियेण गृहीतः, स नाद इन्द्रियद्वारा बुद्धिहृद्गतस्सन्नर्थबोधकं शब्दं स्वनिष्ठकत्वादिना व्यञ्जयति तस्मादर्थबोधः। स्फुटत्यर्थोऽस्मादिति व्युत्पत्त्या स्फोटः। उच्चारयितुस्तु युगपदेव मध्यमावैखरीभ्यां नाद उत्पद्यते, तत्र वैखरीनादो वह्न्यादेः फूत्कारादिवन्मध्यमानादोत्साहकः, मध्यमानादः स्फोटं व्यञ्जयतीति शीघ्रमेव ततोऽर्थबोधः; परस्य विलम्बेनानुभवसिद्धत्वात्। अतएव "श्रोत्रोपलब्धिर्बुद्धिनिर्ग्राह्यः प्रयोगेणाभिज्वलित आकाशदेशः शब्द इत्याकरग्रन्थस्सङ्गच्छते। कत्वादिना श्रोत्रोपलब्धित्वं स्फोटात्मकपदादिरूपेण तु बुद्धिनिर्ग्राह्यत्वम्, स च प्रयोगेण वैखरीरूपेणाभिज्वलितः स्वरूपरूपितः कृत इति तदर्थः। तत्रापि शक्यत्वस्येव शक्तावच्छेदिकाया वर्णपदवाक्यनिष्ठजातेर्वाचकत्वम्। तदुक्तम्—

अनेकव्यक्त्यभिव्यङ्ग्या जातिः स्फोट इति स्मृता।

[वा. प. १।९३ इति।]

वक्तृश्रोतृमध्ये कथं बोधकत्वमिति प्रदर्शयति—अत्रेदमिति। केनचित्=वक्त्रा। वैखरीनादः=वैखरीध्वनिरूपः, प्रयुक्तः=उच्चारितः, सः=वैखरीनादः, केनचित्=श्रोत्रा, गृहीतः, श्रावणप्रत्यक्षविषयीकृतः, सः=वैखरीनादः, इन्द्रियद्वारा=श्रोत्रेन्द्रियमाध्यमेन, बुद्धिहृद्गतः=अन्तःकरणस्य निश्चयात्मिका वृत्तिः=बुद्धिः, स्मरणात्मिका वृत्तिः=चित्तम्, तदेव हृत्=एतदुभयंगतः, बुद्धिविषयीभूतः सन् हृत्प्रदेशे गतः, अर्थबोधकम्=अर्थप्रत्यायकम्, शब्दम्=मध्यमानादव्यङ्ग्यम्, स्वम्=वैखरीनादः, तन्निष्ठं यत् कत्वादि तेन, अत्रावच्छिन्नत्वं तृतीयार्थः, तेन कत्वाद्यवच्छिन्नं, कत्वादिरूपरूपितमिति यावत्, व्यञ्जयति=अभिव्यक्तीकरोति, तस्मात्=वैखरीनादव्यक्तात् शब्दात् अर्थबोधः। स्फुटति=अभिव्यक्तीभवति अर्थो अस्मादिति स्फोटः। वक्तृश्रोतृविषयिणीं प्रक्रियां प्रतिपाद्य केवलोच्चारणकर्तृविषये आह—उच्चारयितुस्त्विति। युगपदेव=समकालमेव। उत्साहक इति। यथाऽप्रज्वलितस्याग्नेः प्रज्ज्वालनार्थं फूत्कारोऽपेक्षते, सति फूत्कारेऽग्निः प्रज्ज्वलति एवमेवात्र वैखरीनादः मध्यमानादस्य प्रेरको वर्तते,

वैखरीनादेनोत्साहितो मध्यमानादः स्फोटं व्यञ्जयति=प्रकाशयति, इति=एवं प्रकारेण, ततः=स्फोटात्, परस्य=श्रोतुस्तु विलम्बेन=अत्वरितत्वेन वक्तुरपेक्षयेति शेषः। अत्रेदं बोध्यम्--वक्तुरेककालमेव नादद्वयमुत्पद्यतेऽतोऽर्थबोधोऽपि त्वरितमेव। किन्तु श्रोतुः क्रमिकं ज्ञानम्। अतो विलम्बेनार्थबोध इति विशेषः। अतएव=पूर्वोक्तप्रक्रियास्वीकारादेवेत्यर्थः। श्रोत्रोपलब्धिः=श्रोत्रे उपलब्धिर्यस्य स इत्यर्थः, अतएव तस्याकाशदेशत्वं सूचितमिति भावः, बुद्धिनिर्ग्राह्यः=पूर्वपूर्वध्वन्युत्पादिताभिव्यक्तिजनितसंस्कारपरम्पराप्राप्तपरिपाकान्त्यबुद्धिनिर्ग्राह्यः, प्रयोगेण=प्रयुज्यते इति प्रयोगो वर्णः, यद्वा प्रयोगः=उच्चारणम्, तेनाभिव्यक्तः=प्रकाशितः, आकाशदेशः-आकाशः देशः=स्थानं यस्य सः, शब्दस्याकाशगुणत्वात् गुणगुणिनोश्च समवायात्। आकरग्रन्थः=अइउण् सूत्रस्थं महाभाष्यम्। आकाशप्रदेशविशेषस्य श्रोत्रत्वादिन्द्रियाणामसम्बद्धविषयाग्रहणाच्छ्रोत्रस्य च निष्क्रियत्वाद् गमनाभावादाकाशदेशत्वं शब्दस्यावश्यमभ्युपेयमिति कैयटः। कत्वेति—ध्वनिनिष्ठकत्वखत्वादिधर्मावच्छिन्नरूपेण श्रोत्रे उपलब्धिर्भवति किन्तु पदरूपेण ज्ञानं तु बुद्धचैव भवति न तु श्रवणेनेति भावः। सः=स्फोटात्मकः शब्दः, अभिज्वलितः=छुरित इत्यर्थः, इत्यस्यैव व्याख्यानम्—स्वरूपरूषितः कृत इति। तत्रापि=वर्णपदस्फोटादिस्वीकारेपीत्यर्थः। वाचकत्वमिति। अयमाशयः--यथा व्यक्तेः पदार्थत्वस्वीकारे आनन्त्यव्यभिचारादयो दोषाः प्रसक्तास्तदर्थं तत्र जातौ शक्यत्वं स्वीक्रियते। एवमेवात्रापि वर्ण-पद-वाक्येषु विद्यमानायाः शक्ततावच्छेदिकाया जातेरेव वाचकत्वं स्वीकार्यम्, लाघवात्। एवञ्च यथा भ्रमणत्वजातिश्चरमव्यक्तिव्यङ्ग्या, एवमेव एषा पदादिवृत्तिजातिरपि चरमवर्णाभिव्यङ्ग्या एव कार्यसाधिका। एवञ्च जातेरेव वाचकत्वमभ्युपेयमिति भावः। तत्=जातिस्फोटस्य वाचकत्वम्, भर्तृहरिणेति शेषः। अनेकव्यक्त्यभिव्यङ्ग्या=अनेकवर्णादिरूपव्यक्तिभिरभिव्यक्ता जातिः स्फोटः =वाचिकेति भावः। यद्वा शक्यतावच्छेदके यथा निरूपकतासम्बन्धेन शक्तिस्तथा शक्ततावच्छेदके आनुपूर्वीरूपे वाचकत्वशक्तिस्तस्या एव स्फोटत्वव्यवहार इति बोध्यम्। विस्तरस्तु भूषणमञ्जूषादौ द्रष्टव्यः।

स्फोटाभिव्यक्ति और अर्थबोध

यहाँ (इस प्रसङ्ग में) यह समझना चाहिये—किसी ने 'घटमानय' (घड़ा लाओ) इस वैखरीनाद का प्रयोग किया। किसी (अन्य व्यक्ति) ने श्रोत्रेन्द्रिय से इसका ज्ञान किया (श्रावणप्रत्यक्ष किया)। वह नाद (श्रोता की) श्रोत्रेन्द्रिय द्वारा बुद्धि और हृदय में जाने वाला होता हुआ (अर्थात् पहले बुद्धि का विषय और बाद में हृदय का विषय बनता हुआ) अर्थबोधक (स्फोटरूप) शब्द को स्वनिष्ठ (वैखरीध्वनिनिष्ठ) कत्वादि से अवच्छिन्न रूप से अभिव्यक्त करता है (अर्थात् कत्वादि रूपरूषित ही स्फोट को अभिव्यक्त करता है।) उस (अभिव्यक्त स्फोट)

से अर्थबोध होता है। स्फुटति=ज्ञात होता है अर्थ इससे—इस व्युत्पत्ति से स्फोट (कहा जाता है)। किन्तु उच्चारण करने वाले व्यक्ति का तो एक साथ ही मध्यमा और वैखरी से नाद उत्पन्न होता है। इन (दोनों) में वैखरी नाद अग्नि के फूत्कार (फूँकना) आदि के समान मध्यमानाद को उत्साहित (प्रवृद्ध) करने वाला है। (अर्थात् जैसे फूँकने से अग्नि प्रज्वलिततर होने लगती है उसी प्रकार वैखरीनाद से मध्यमानाद बढ़ने वाला हो जाता है) और मध्यमानाद स्फोट को अभिव्यक्त करता है इसलिए इससे शीघ्र ही अर्थज्ञान होने लगता है। क्योंकि (उच्चारयिता से) भिन्न (श्रोता) का (अर्थज्ञान) विलम्ब से होना अनुभवसिद्ध है। (यह प्रक्रिया है) इसीलिये "श्रोत्र में उपलब्ध होने वाला, बुद्धि से गृहीत होने वाला, प्रयोग=उच्चारण से अभिज्वलित=प्रकाशित होने वाला, आकाशदेश (में रहने) वाला शब्द है—यह (अइउण् सूत्र का महाभाष्य) ग्रन्थ संगत होता है। कत्वादि रूप से श्रोत्र में उपलब्ध होना किन्तु स्फोटात्मक पदादि रूप से बुद्धि में गृहीत होना। और वह (स्फोट) प्रयोग से=वैखरी रूप से अभिज्वलित=स्वरूप से रूषित किया गया—यह उस भाष्य का अर्थ है। उसमें भी, शक्यता के समान शक्तावच्छेदिका जाति जो वर्ण पद एवं वाक्य में रहती है; वाचक है। जैसा कि कहा है—

अनेक (वर्ण, पद एवं वाक्य) व्यक्तियों से अभिव्यक्त होने वाली जाति स्फोट मानी गयी हैं।

विमर्श—जिस प्रकार पदार्थ क्या है? इस प्रश्न के उत्तर में जाति को ही पदार्थ माना जाता है। क्योंकि व्यक्ति को पदार्थ मानने पर आनन्त्य और व्यभिचार दोष होते हैं इसलिए उस व्यक्ति को वाच्य=शक्य नहीं माना जाता है। इसी प्रकार वाचकता के विषय में भी जाति को ही महत्त्व दिया जाता है। इसलिए घटपदत्वादि जातियाँ ही शक्तता की अवच्छेदक हैं।

तस्मादष्टविधस्फोटात्मकश्शब्दो वृत्त्याश्रयः। वस्तुतस्तु वाक्यस्फोटो वाक्यजातिस्फोट एव वा वृत्त्याश्रयः। तत एव लोकेऽर्थबोध इत्याद्युक्त्वादिति सर्वं सुस्थम्।

॥ इति स्फोटनिरूपणम् ॥

तस्मात्=पूर्वोक्ताद्धेतोरित्यर्थः, अष्टविधः स्फोटात्मकः=स्फोटरूपः शब्द एव वृत्त्याश्रयः। अष्टविधत्वञ्चैवम्—(१) वर्णव्यक्तिस्फोटः (२) पदव्यक्तिस्फोटः (३) वाक्यव्यक्तिस्फोटः, (४) वर्णजातिस्फोटः, (५) पदजातिस्फोटः, (६) वाक्यजातिस्फोटः (७) अखण्डपदस्फोटः, (८) अखण्डवाक्यस्फोट इति। निष्कर्षमाह—

वस्तुतस्त्विति–लोके वाक्यादेवार्थबोधः सर्वानुभवसिद्ध इत्यादि पूर्वमेवोक्तम् तेन अनयोरेकतरस्यैव वृत्त्याश्रयत्वम् = वाचकताशक्त्याश्रयत्वं बोध्यमिति भावः ।

॥ इति आचार्य-जयशंकरलाल-त्रिपाठिकृतायां भावप्रकाशिका-
व्याख्यायां स्फोटनिरूपणम् ॥

अनु––इस (उपर्युक्त विवेचन) से आठ प्रकार का स्फोटात्मक शब्द (ही) वृत्ति (वाचकता शक्ति) का आश्रय है। वास्तव में, वाक्यस्फोट या वाक्यजातिस्फोट ही वृत्ति का आश्रय है, क्योंकि लोक में उस (वाक्यस्फोट) से ही अर्थबोध होता है, यह कहा जा चुका है। इस प्रकार सब सुस्थिर हो गया है।

विमर्श—वैखरीनाद ध्वनिरूप है। तत्तत् ध्वनियों के रूप से व्याप्त होता हुआ ही स्फोट मध्यमानाद से व्यक्त होता है। इस स्फोट के आठ भेद कल्पित हैं––

(१) वर्णव्यक्तिस्फोट	(२) वर्णजातिस्फोट
(३) पदव्यक्तिस्फोट	(४) पदजातिस्फोट
(५) वाक्यव्यक्तिस्फोट	(६) वाक्यजातिस्फोट
(७) अखण्डपदस्फोट	(८) अखण्डवाक्यस्फोट

व्यक्ति की वाच्यता = शक्यतापक्ष में अनेक दोष देखकर जाति को वाच्य माना जाता है। इसी प्रकार वाचकता के विषय में भी वर्ण पद एवं वाक्य को वाचक मानने में गौरव है। अतः इन वर्णादि में रहने वाली जाति को ही वाचक मानना उचित है। जातिस्फोट के तीन भेद होते हैं। इनमें भी सखण्डत्व पक्ष में दोष होते हैं अतः पद एवं वाक्य को अखण्ड मानना उचित है। इस प्रकार ३ व्यक्तिस्फोट + ३ जातिस्फोट + २ अखण्ड-पद-वाक्यस्फोट = ८ स्फोट भेदों की कल्पना की गई है।

वैयाकरणभूषणादि ग्रन्थों में इन आठ भेदों की चर्चा की गई है। किन्तु नागेश ने इसे विशेष महत्त्व नहीं दिया है। सम्भवतः पिष्टपेषणभय ही प्रमुख कारण है। नागेश के अनुसार भी वाक्यस्फोट या वाक्य-जाति-स्फोट ही प्रधान है, अर्थबोधक है। अन्य सभी भेद इसी के ज्ञान में सहायक, उपाय हैं।

विमर्श—"ल कर्मणि च०" [पा०सू० ३।४।६९]। इस सूत्र से पूर्ववर्ती सूत्र है "कर्तरि कृत्" [पा० सू० ३।४।६८]। इस सूत्र के 'कर्तरि' अंश की अनुवृत्ति 'लः कर्मणि' सूत्र में होती है। इसलिये सकर्मक धातुओं में कर्ता एवं कर्म अर्थ में तथा अकर्मक धातुओं से कर्ता एवं भाव अर्थ में लकारों का विधान होता है। उन्हीं के स्थान पर तिबादि होते हैं, अतः तिबादि के भी ये ही अर्थ होते हैं, व्यापार अर्थ नहीं हो सकता है।

[यदि प्रस्तुत सूत्र में कर्ता एवं कर्म पदों को भावपरक मान लें अर्थात् कर्तृत्व=कृति एवं कर्मत्व=फल का बोधक मान लें, इस प्रकार आख्यात प्रत्यय का कृतिरूप व्यापार अर्थ हो जाता है। इसलिये दूसरा दोष प्रस्तुत करते हैं—]

अनु०—और भी, पचति, पक्ष्यति, पक्तवान् इत्यादि में फूत्कार [फूंकना] आदि [व्यापारों] की प्रतीति के लिए उसमें अनेक [तिप् क्तवतु आदि] प्रत्ययों की शक्ति की कल्पना की अपेक्षा एक धातु की ही [व्यापारार्थ में] शक्तिकल्पना ठीक है।

[यदि यह कहें कि जैसे अनेक प्रत्ययों से व्यापार अर्थ की प्रतीति होती है उसी प्रकार अनेक धातुओं से भी व्यापार अर्थ की प्रतीति होती है। अतः यह दोष समान है। इसलिये अब अन्य दोष प्रस्तुत करते हैं—] और भी, फूत्कार [फूंकना] आदि प्रत्ययों के अर्थ होने पर [समान प्रत्यय होने से] गच्छति आदि में भी उस [फूत्कारादि] की प्रतीति रोकने के लिए उस [फूत्कार] के बोध में पच् [धातु] के समभिव्याहार की भी कारणता मानने में अत्यन्त गौरव है।

विमर्श—फूत्कारादि यदि प्रत्यय का अर्थ माना जाता है तो पचति के समान गच्छति आदि में भी तिप् प्रत्यय होने से यहाँ भी फूत्कारादि की प्रतीति प्रसक्त होगी उसे रोकने के लिए एक कार्यकारणभाव की कल्पना करनी होगी—आख्यातार्थ फूत्कार-विषयक शाब्दबोध के प्रति पच्धातु-समभिव्याहृत-तिङ्पदजन्य उपस्थिति

कारण होती है। इस प्रकार अनेक कार्यकारणभावों की कल्पना करनी पड़ेगी। इसलिये केवल धातु की शक्ति मानने में लाघव है।

[सामान्यरूप से व्यापार अर्थ में धातु की शक्ति मानने पर निर्वाह सम्भव नहीं है। इसलिए व्यापारविशेष के बोध के प्रति धातुविशेष का समभिव्याहार कारण मानना पड़ेगा। इस स्थिति में मीमांसक एवं वैयाकरण दोनों के मत में समान ही गौरव है। इसलिए अगला दोष प्रस्तुत करते हैं—]

अनु०—और भी, सकर्मक एवम् अकर्मक-व्यवहार का उच्छेद होने लगेगा। [भाव यह है कि धातु-वाच्य व्यापार के अधिकरण से भिन्न अधिकरण में रहने वाले फल का वाचक होना—सकर्मक होना है और इससे भिन्न अकर्मक होना है। व्यापार को प्रत्यय का अर्थ मानने पर उक्त व्यवस्था सम्भव नहीं है।] प्रत्ययार्थ व्यापार के व्यधिकरण [भिन्न अधिकरण वाले] फल का वाचक होना—सकर्मक होना है। और [इस मत में] व्यापार-समानाधिकरण फल का वाचक होना—अकर्मक होना है, प्रत्ययार्थव्यापार का आश्रय होना—कर्ता होना है। 'घटं भावयति' [घड़ा को बनाता है] इत्यादि में णिच्-प्रत्ययार्थ व्यापार के व्यधिकरण [भिन्न अधिकरण वाले] फल का आश्रय होने से घटादि कर्म होता है; [इसलिये कोई अव्यवस्था नहीं है]—ऐसा नहीं कहना चाहिए; क्योंकि अभिधान एवम् अनभिधान की व्यवस्था का उच्छेद हो जायेगा।

विमर्श—'कर्मणि द्वितीया' [पा०सू० २।३।२] 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' [पा०सू० २।३।१८] आदि विभक्ति-विधायक सूत्र 'अनभिहिते' [पा० सू० २।३।१] इस अधिकार सूत्र के अन्तर्गत हैं। अतः इनमें 'अनभिहिते' की अनुवृत्ति होती है। अतः जहाँ कर्ता और कर्मादि अनभिहित=अनुक्त रहते हैं वहीं तृतीया एवं द्वितीयादि विभक्तियाँ होती हैं। यदि तिङ् प्रत्यय इन अर्थों के वाचक नहीं माने जायेंगे और व्यापारादि के वाचक माने जायेंगे तो इन प्रत्ययों से व्यापारादि का ही अभिधान होगा कर्ता आदि का नहीं। इस प्रकार कारकों के अभिधानानभिधान की व्यवस्था उपपन्न नहीं होती है। इस व्यवस्था का उपपादन करने के लिए आगे पूर्वपक्ष प्रस्तुत है और उसका खण्डन भी किया गया है।

अनु०—[आख्यातार्थ] व्यापारद्वारा [अपने] आश्रय के आक्षेप से कर्ता का अभिधान [हो जायेगा], और कर्म [अर्थवाले] आख्यात में प्रधानभूत फल के द्वारा अपने आश्रय के आक्षेप से कर्म का अभिधान [हो जायेगा। अतः अभिधान एवम् अनभिधान की व्यवस्था बन जाती है]—ऐसा नहीं कहना चाहिये, क्योंकि [मीमांसकाभिमत] जातिशक्तिवाद में जातिद्वारा आक्षिप्त व्यक्ति के समान [व्यापार से

आक्षिप्त] आश्रय [कर्ता] के प्राधान्य की आपत्ति आने पर 'आख्यात=तिङन्त क्रियाप्रधान (होता है)—' इस यास्कीय वचन का विरोध होने लगेगा।

विमर्श—पद का अर्थ व्यक्ति है या जाति? इस प्रश्न के उत्तर में मीमांसक लोग जाति का ही समर्थन करते हैं, क्योंकि व्यक्ति अर्थ मानने पर दो दोष प्रसक्त होते हैं—आनन्त्य और व्यभिचार। इस भय से व्यक्ति अर्थ स्वीकार नहीं करते हैं। किन्तु जाति व्यक्ति को आश्रय बनाकर ही रहती है। अतः आश्रयान्यथानुपपत्त्या जाति से व्यक्ति का आक्षेप कर लिया जाता है। किन्तु यह आक्षिप्त भी व्यक्ति प्रधान=विशेष्य माना जाता है। ठीक इसी प्रकार प्रस्तुत स्थल में भी भावना (व्यापार) आश्रयान्यथानुपपत्त्या कर्त्ता का आक्षेप से बोध करा सकती है परन्तु आक्षिप्त कर्ता ही प्रधान होने लगेगा। मीमांसक लोग कर्ता का प्राधान्य स्वीकार नहीं कर सकते हैं क्योंकि ये भावना=व्यापार-मुख्यविशेष्यक बोध के ही सिद्धान्त को मानते हैं।

यदि यहाँ यह तर्क दिया जाय कि गौरव के भय से जाति में शक्ति मानने पर भी आक्षिप्त व्यक्ति को प्रधान मान लिया जाता है परन्तु प्रस्तुत स्थल पर आक्षिप्त कर्ता को प्रधान मानने में क्या प्रमाण? प्रत्युत यास्कवचनानुरोध से उस कर्ता की गौणता और भावना=क्रिया की प्रधानता ही सिद्ध होती है। इसलिये अन्य दोष एवं गौरव प्रस्तुत करते हैं—

किञ्च, फलस्य धातुना तदाश्रयस्य चाक्षेपणैव लाभसम्भवेन 'लः कर्मणि' [पा. सू. ३।४।६९] इत्यस्य वैयर्थ्यापत्तेः। कर्मकर्तृकृतां कारकभावनोभयवाचकत्वे गौरवाच्च।

किञ्च, भावविहितघञादीनां व्यापारावाचकत्वे ग्रामो गमनवानित्याद्यापत्तिः। तद्वाचकत्वे [तु] तेनापि स्वाश्रयाक्षेपे कर्तुरभिधानापत्तिः।

किञ्च 'गुरुः शिष्याभ्यां पाचयति' इत्यादौ "हेतुमति च" [पा.सू. ३।१।२६] इतिसूत्रबलात् प्रयोजकव्यापारस्य णिजर्थत्वे स्थिते प्रयोज्यव्यापार आख्यातार्थो वाच्यः। एवञ्च सङ्ख्यायाः स्ववाचकाख्यातार्थव्यापारेऽन्वयिन्येवाऽन्वयाच्छिष्याभ्यामिति द्विवचनानापत्तिः। पाचयतीत्येकवचनानापत्तिश्च। गुरोरनभिधानेन तत्र प्रथमाया अनापत्तेश्च। शिष्यशब्दात्तदापत्तेश्चेत्यन्यत्र विस्तरः।

ननु जातिशक्तिवादे 'घटो नष्ट' इत्यादिव्यवहारबलेन आक्षिप्ताश्रयरूपव्यक्तेः प्राधान्येऽपि प्रकृते तस्य प्राधान्ये मानाभावः, प्रत्युत यास्कीयवचनानुरोधेन तस्य आक्षिप्तस्य गौणत्वमेव स्यादत आह—किञ्चेति। "लः कर्मणि" [पा० सू० ३।४।६९] इति सूत्रेण कर्मणि लकारविधानं व्यर्थम्, फलस्य धातुना बोधः, फलाश्रयस्य कर्मणश्च

आक्षेपेण बोधः। एवमेव कर्तरि अपि लकारविधानं व्यर्थम्; व्यापारस्य आख्यातेन बोधः, आश्रयस्य कर्तुश्च आक्षेपेण बोधः। एवञ्च कर्मणि कर्तरि च लकारविधानस्य वैपर्थ्यं मीमांसकमते दुर्वारमेव। कर्मकर्तृकृतामिति। कर्मणि कृत्प्रत्ययानां कर्तरि च कृत्प्रत्ययानामित्यर्थः। गौरवाच्चेति। मीमांसकमते धातोर्व्यापारावाचकत्वे तत्प्रतीतये पाचक इत्यादौ ण्वुलादीनां कर्तरि व्यापारे च शक्तिकल्पने गौरवं स्पष्टम्। शाब्दिकानां मते केवले आश्रये शक्तिकल्पनमिति लाघवम्। किञ्च मीमांसकमते कृतां कारकभावनोभयवाचकत्वं तिङां च केवलभावनावाचकत्वमिति वैषम्यमपि निर्मूलमिति बोध्यम्। ननु कृतामपि केवलभावनावाचकत्वमेवास्तु, आश्रयस्य चाक्षेपेणैव प्रतीतिरस्तु गौरवादुभयवाचकत्वं नाङ्गीक्रियते का क्षतिरत आह—किञ्चेति। अयमाशयः—मीमांसकमते धातोर्व्यापारवाचकत्वाभावे गम्धातोः संयोगरूपफलवाचकत्वमिव कृतामपि व्यापारावाचकत्वे फलमात्रमेवार्थः। एवञ्च ग्रामादेः संयोगरूपफलाश्रयत्वात् ग्रामः संयोगवानित्यर्थे ग्रामो गमनवानित्याद्यापत्तिः। तद्वाचकत्वे=व्यापारवाचकत्वे, तेनापि=व्यापारेणापि, स्वाश्रयाक्षेपे=व्यापाराश्रयकर्तुराक्षेपे। अभिधानापत्तिरिति। अयं भावः—उक्तापत्तिपरिहाराय ल्युटो व्यापारवाचकत्वे ग्रामस्य व्यापाराश्रयत्वाभावेनोक्तप्रयोगवारणेऽपि व्यापारेण स्वाश्रयकर्तुराक्षेपे उक्तत्वात् 'चैत्रस्य गमनम्' इत्यादौ कर्त्रनभिहितत्व-प्रयुक्तषष्ठ्यनापत्तिः, कर्त्रभिहित्वप्रयुक्तप्रथमापत्तिश्चेति बोध्यम्। धातोः फलमात्रवाचकत्वे दूषणानि प्रदर्श्य साम्प्रतं तिङो व्यापारवाचकत्वे दूषणानि प्रदर्शयति—किञ्चेति। पाचयतीत्यादौ व्यापारद्वयं प्रतीयते तत्र एको व्यापारो णिजर्थः, अपरस्तु यो व्यापारः स आख्यातप्रत्ययस्यैवार्थो वक्तव्य इति भावः। स्ववाचकेति। स्वम्=सङ्ख्या, तस्याः वाचक आख्यातप्रत्ययः, तस्यार्थो यो व्यापारस्तस्मिन् अन्वयिनि=प्रयोज्ये एव अन्वयात्, एकप्रत्ययोपात्तत्वप्रत्यासत्त्या संख्या-व्यापारोभयोरेकत्र=प्रयोज्ये एवान्वयादित्यर्थः; शिष्याभ्यामित्यत्र द्विवचनानापत्तिः, आख्यातप्रत्ययेनैकत्वसङ्ख्याया एवाभिधानात् तत्र द्विवचनं न सम्भवतीति बोध्यम्। एकवचनानापत्तिश्चेति। प्रयोज्यकर्तृनिष्ठ-व्यापार-द्वयबोधनाय द्विवचनापत्तिः स्यादिति भावः। अनापत्तेश्चेति। आख्यातार्थव्यापारेण स्वाश्रयापेक्षे प्रयोज्यकर्त्रोरेवाभिधानं गुरोस्त्वनभिधानमेव, तेन कर्तरि गुरौ प्रथमा न स्यात् प्रत्युत तृतीया स्यादिति भावः। तदापत्तेश्च=प्रथमापत्तेश्चेत्यर्थः। तिङर्थव्यापारः प्रयोज्यव्यापारात्मकः, तेन स्वाश्रयाक्षेपे शिष्ययोरेवाभिधानं तेन तत्रैव प्रथमापत्तिः, शिष्ययोरेव तादृशव्यापाराश्रयत्वादित्यर्थः। अत्र केचित्—न चात्र फलं धात्वर्थो व्यापारानुकूल-प्रयोजकव्यापारो ण्यर्थः, तत्र फलस्यानुकूलतयाऽऽश्रयव्यापारेऽन्वयः, तिङस्तु—कालसंख्ये प्रयोजकव्यापारश्चार्थः, द्वावित्यादिवन्न बोधावृत्तिः, प्रधानत्वात् 'ल कर्मणि' (पा.सू. ३।४।६९) इत्यादिसौत्रानुवादबलाच्च प्रयोजकव्यापारेणैव धर्मिण आक्षेपः। "अनभिहिते". (पा. सू. २।३।१) इत्यादेश्च शक्त्याक्षेपसाधारणाबोधिते इत्येवार्थ इति न दोष इति वाच्यम्,—'हेतुमति च'

(पा.सू. ३।१।२६) इति सूत्रेण तथाऽलाभात्। अस्मद्रीत्याऽक्लेशेनैव सकलसामञ्जस्ये क्लिष्टकल्पनानुपयोगादुक्तदोषग्रासाच्चेति दिक्। तदाह—इत्यन्यत्रेति। गुरुमञ्जूषायामित्यर्थः इति कलाटीकाकारः।

अनु०—और भी, फल का धातु से तथा उसके आश्रय का आक्षेप से ही लाभ सम्भव होने से "लः कर्मणि" (पा०सू० ३।४।६९) सूत्र व्यर्थ होने लगेगा। [क्योंकि यह सूत्र कर्ता एवं कर्म अर्थों में लकार का विधान करने वाला है। परन्तु अब इन अर्थों की प्रतीति यों ही हो जाती है।] तथा कर्म एवं कर्ता अर्थ में (विहित) कृत् (प्रत्ययों) के कारक तथा भावना—इन दोनों के वाचक होने पर गौरव [होता है। क्योंकि धातु को व्यापार का वाचक न मानने पर उसकी प्रतीति कराने के लिए पाचकः आदि में ण्वुल् प्रत्यय को कर्ता एवं भावना दोनों का वाचक मानने में गौरव स्पष्ट है।]

[यदि उक्त गौरव के कारण ही कृत् प्रत्ययों को दोनों अर्थों का वाचक नहीं माना जाता है—ऐसा कहें तो अगला दोष देते हैं—] और भी, भाव (अर्थ) में विहित घञ् आदि (प्रत्ययों) के व्यापारवाचक न होने पर (ग्रामः संयोगवान् के समान) 'ग्रामः गमनवान्' इत्यादि (अनिष्ट प्रयोग) होने लगेंगे। [अर्थात् धातु का अर्थ केवल संयोगादिरूप फल ही होता है, भावार्थक ल्युट् में भी यही स्थिति रहेगी। अतः जैसे ग्रामः संयोगवान् होता है उसी प्रकार ग्रामः गमनवान् भी होगा। दोनों में अन्तर करना कठिन है।] और उस (व्यापार) का वाचक होने पर तो (उक्त अनिष्ट प्रयोग के दूर होने पर भी) उस (व्यापार) के द्वारा भी अपने आश्रय के आक्षेप में (व्यापाराश्रय) कर्ता का अभिधान होने लगेगा। (इसके फलस्वरूप कर्ता में तृतीया न होकर प्रथमा होने लगेगी।)

(अभी तक धातु को फलमात्र का वाचक मानने पर आपतित होनेवाले दोषों को प्रस्तुत किया गया। अब आख्यात प्रत्यय का अर्थ कर्ता है—इस सिद्धान्त में भी दोष दिये जा रहे हैं—)

और भी, 'गुरुः शिष्याभ्यां पाचयति' (गुरु दो शिष्यों से पकवाता है) इत्यादि में "हेतुमति च" (पा०सू० ३।१।२६) इस सूत्र के बल से प्रयोजक (कर्ता) का व्यापार णिज् प्रत्यय का अर्थ स्थित हो जाता है; उस दशा में प्रयोज्य कर्ता का व्यापार आख्यात प्रत्यय का अर्थ कहना होगा। और इस प्रकार (आख्यातार्थ) (एकत्व) संख्या का—स्व= अपने (=संख्या के) वाचक आख्यात के अर्थ व्यापार में अन्वित होने वाले (प्रयोज्य कर्ता) में ही अन्वय होने के कारण 'शिष्याभ्याम्' यह द्विवचन नहीं हो सकेगा। तथा पाचयति यह एकवचन नहीं हो सकेगा और गुरु [के कर्तृत्व] का अभिधान न होने से प्रथमा नहीं हो सकेगी तथा शिष्य शब्द से [अनिष्ट] प्रथमा होने लगेगी। इसका अन्यत्र (लघुमञ्जूषादि में) विस्तार है।

विमर्श—यहाँ मात्र यह है कि णिजन्त-प्रयोग स्थल में दो व्यापार प्रतीत होते हैं। इनमें एक—प्रयोजक का व्यापार णिच् प्रत्यय का ही अर्थ है क्योंकि 'हेतुमति' (पा०सू० १।३।२६) इससे यही ज्ञात होता है। अब बचा दूसरा व्यापार, वह प्रयोज्य का ही मानना पड़ेगा। मीमांसकों के अनुसार वह व्यापार आख्यात प्रत्यय का अर्थ है। इसी प्रत्यय से एकत्व-संख्या भी प्रतीत होती है। इस संख्या का अन्वय प्रयोज्य शिष्य में ही होगा क्योंकि संख्यावाचक जो आख्यात है उसके अर्थ=व्यापार में प्रयोज्य कर्ता का ही अन्वय होना उचित है। इसके फलस्वरूप 'शिष्य' में द्विवचन न होकर एकवचन होने लगेगा। यदि प्रयोज्य के अनुसार आख्यात से संख्या की प्रतीति करायेंगे तो प्रयोज्य=शिष्य दो हैं अत 'पाचयति' यह एकवचन न होकर द्विवचन का प्रसङ्ग आयेगा। यहाँ आख्यात से शिष्यगत ही कर्तृत्वादि अभिहित होता है गुरुगत नहीं, इसलिए गुरु का कर्तृत्व उक्त न होने से उसमें प्रथमा न होकर तृतीया का प्रसङ्ग आयेगा। इसके विपरीत शिष्यगत कर्तृत्व अभिहित हो जाने से उसी के वाचक शिष्य शब्द से प्रथमा होने लगेगी। अतः आख्यात का अर्थ व्यापार=भावना मानना ठीक नहीं है।

सर्वकारकान्वयितावच्छेदकधर्मवती क्रिया। [तदाह—]

यावत्सिद्धमसिद्धं वा साध्यत्वेनाभिधीयते।
आश्रितक्रमरूपत्वात्सा क्रियेत्यभिधीयते॥ [वा.प. ३।८।१]

गुणभूतैरवयवैः समूहः क्रमजन्मनाम्।
बुद्ध्या प्रकल्पिताभेदः क्रियेति व्यपदिश्यते॥

[वा. प. ३।८।४]

इति 'भूवादि' [पा. सू. १।३।२] सूत्रस्थभाष्यार्थप्रतिपादकहरिग्रन्थात्। क्रमजन्मनां व्यापाराणां समूहं प्रति गुणभूतैरवयवैर्युक्तः सङ्कलनात्मकयैकत्व-बुद्ध्या प्रकल्पिताभेदरूपः समूहः क्रियेति व्यवह्रियत इति द्वितीयकारि-कार्थः। अत्रावयवाश्रयं पौर्वापर्यं समुदायाश्रयमेकत्वम्। क्षणनश्वराणां व्यापाराणां वस्तुभूतसमुदायाभावात् 'बुद्ध्ये'त्युक्तम्। पचति-पक्ष्यतीत्यादाव-सिद्धम्, अपाक्षीदित्यादौ सिद्धं वा साध्यत्वेनाभिधीयमानं क्रिया। आश्रितेति योगप्रदर्शनं कृतम्, अवयवानां क्रमेणोत्पत्त्या। अत एवाश्रितक्रमरूपा क्रियेति आदिमकारिकार्थः। एकैकावयवेऽपि समूहरूपारोपादधिश्रयण-कालेऽपि पचतीति व्यवहारः। तदुक्तम्—

एकदेशे समूहे वा व्यापाराणां पचादयः।
स्वभावतः प्रवर्तन्ते तुल्यरूपं समाश्रिताः॥

[वा० प० ३।७।५८] इति।

प्रसङ्गात् क्रियां निरूपयति—सर्वेति । सर्वेषां कारकाणां धात्वर्थ-क्रियायामेवान्वयो भवति, तेन अन्वयिता क्रियायाम्, अन्वयितावच्छेकत्वं क्रियायाम्, तद्धर्मवती क्रिया । एवञ्च कारकान्वयितावच्छेदकधर्मवत्त्वं क्रियात्वमिति कथनेनैवेष्टसिद्धे 'सर्व' इति विशेषणं स्फुटप्रतिपत्तये इति बोध्यम् । अधिकरणस्यापि स्वाश्रयद्वारा तत्रान्वयोऽस्त्येवेति भावः । कारकान्वयित्वञ्च—कारकनिष्ठ-विषयता-निरूपितविषयताश्रयत्वम् । भाष्ये 'करोति=क्रियां निर्वर्तयतीति' व्युत्पत्तिप्रदर्शनात् कारकत्वस्य क्रियाजनकत्व-रूपतया जन्यजनकयोः परस्परसाकाङ्क्षत्वेन कारकक्रिययोः परस्परान्वयस्यैवौचित्यमिति दिक् । अत्र 'तदाह' इति त्वपपाठः, अग्रे 'हरिग्रन्थाद्' इतिवक्ष्यमाणेनानन्वयात, लघु-मञ्जूषायामनुपलम्भाच्चेति बोध्यम् । ननु 'किं करोतीति' प्रश्ने यथा'पचती'त्युत्तरं भवति तथैव अस्तीत्युत्तराभावास्त्यादीनां क्रियावाचकत्वं न स्यादत आह—यावदिति । सिद्धम्=निष्पन्नम्, 'अपाक्षीत्' इत्यादौ भूतकालावच्छिन्नम्, असिद्धम्=अनिष्पन्नम्, पचति पक्ष्यतीत्यादौ भूतकालानवच्छिन्नं वर्तमानकालभविष्यत्कालावच्छिन्नञ्च, यावत्=यत्परिमाणम् साध्यत्वेनाभिधीयते=साध्यम्—इति प्रतीयते, सा=साध्यत्वेना-भिधीयमाना, आश्रितक्रमरूपत्वात्=आश्रितम् अविश्रयणाद्यवान्तरव्यापाराणां क्रमरूपं=पौर्वापर्यं यया सा—आश्रितक्रमरूपा, तस्या भावस्तस्मात्=गृहीतपौर्वापर्यादिति भावः, 'क्रियेति' अभिधीयते=कथ्यते । न केवलमसिद्धमेव साध्यत्वेन प्रतीयतेऽपितु सिद्धम-सिद्धं वा सर्वमपि साध्यत्वेन प्रतीयते । अपाक्षीदित्यादौ प्रत्ययप्रयोगेन सिद्धत्वप्रतीता-वपि धातुतस्तस्याः साध्यत्वेनैव प्रतीतिरिति बोध्यम् । आश्रितक्रमरूपत्वमुपपाद्य तस्या एकत्व-व्यवहारं साधयति—गुणभूतैरिति । गुणभूतैः=स्वसमूहं प्रति गुणत्वमापन्नैः, अवयवैः=समूहारम्भकैः फूत्कारत्वादितत्तद्रूपेण भासमानैरवयवैरित्यर्थः, (उपलक्षितः) क्रमजन्मनाम्=क्रमेण=पौर्वापर्येण उत्पत्तिमतां फूत्कारादिव्यापाराणां समूहः, बुद्ध्या=सङ्कलनात्मैकत्वबुद्ध्या समूहालम्बनात्मिकया वा, प्रकल्पिताभेदः=प्रकल्पितः=प्रतीति-विषयीकृतः अभेदः=एकत्वं यत्र तादृशः समूह एव 'क्रिया' इति व्यपदिश्यते=व्यवह्रियते शास्त्रकारैरिति शेषः । एवञ्च समूहे बुद्धिपरिकल्पितमेकत्वमादाय 'एका क्रिये'ति व्यवहारो भवति । हरिग्रन्थात्=वाक्यपदीयादित्यर्थः । स्वयमेवाशयं प्रतिपादयति—क्रमजन्मनामिति । अत्र=क्रियायामित्यर्थः । वस्तुभूतेति । यथा वर्णानां बौद्धिक एव समूह एवमेव व्यापाराणामपि बुद्धपरिकल्पित एव समूह इति । ननु व्यापारसमुदायस्यैव क्रियात्वे अधिश्रयणाद्येकैकव्यापारकाले पचतीति प्रयोगोऽ-नुपन्नः, अवयवस्य समुदायत्वाभावादत आह—एकैकेति । व्यापाराणाम्=क्रमिको-त्पत्तिमतामवान्तरव्यापाराणामित्यर्थः, एकदेशे=अवयवे, समूहे=समुदाये तुल्यरूपं समाश्रिताः पचादयः स्वभावतः प्रवर्तन्ते इति योजना । एवञ्चावयवेऽपि पचतीति व्यवहार उपपद्यते ।

क्रिया का स्वरूप

सभी कारकों के अन्वयितावच्छेदक धर्मवाली क्रिया होती है। (सभी कारकों का क्रिया में अन्वय होता है, इसलिये अन्वयिता क्रिया में है, अन्वयितावच्छेदक क्रियात्व है। इस प्रकार कारकान्वयितावच्छेदक-धर्मवत्त्व को क्रियात्व समझना चाहिये।) (जैसा कि कहा है)— (वास्तव में 'तदाह' यह अधिक पाठ है क्योंकि आगे 'हरिग्रन्थात्' इस पंक्ति से विरोध होता है।)

सिद्ध अथवा असिद्ध जो भी साध्यत्वरूप से [साध्य है—इस रूप से] कहा जाता है, [अवयवों के] क्रमरूप [पौर्वापर्य] का आश्रयण लेने वाली होने से वह —क्रिया— ऐसा कहा जाता है। [वा. पा. ३।८।१]

[पौर्वापर्य] क्रम से उत्पन्न होने वाले [फूत्कारादि व्यापारों] का समूह [समूहालम्बनात्मक] बुद्धि के द्वारा प्रकल्पित अभेदवाला [होता हुआ], गुणभूत=तत्तद्रूप से भासित होने वाले [समूह के प्रति विशेषण बनने वाले फूत्कारादि] अवयवों से [युक्त] —क्रिया—ऐसा कहा जाता है। [अर्थात् फूत्कारादि व्यापार क्रम से उत्पन्न होते हैं, अनेक हैं किन्तु उनके समुदाय में बुद्धिकल्पित एकत्व मानकर—एका क्रिया—ऐसा व्यवहार होता है।] [वा. प. ३।८।४]

ऐसा "भूवादयो धातवः" [पा० सू० १।३।२] सूत्र पर स्थित भाष्य के अभिप्राय को बताने वाले वाक्यपदीय से [ज्ञात होता है]। क्रम से उत्पन्न होने वाले [फूत्कारादि] व्यापारों के समूह के प्रति गुणभूत अवयवों से युक्त, सङ्कलनात्मक एकत्वबुद्धि से प्रकल्पित अभेदरूप वाला समूह 'क्रिया' ऐसा कहा जाता है। यह दूसरी कारिका का अर्थ है। यहाँ [फूत्कारादि] अवयवों को मानकर पौर्वापर्य तथा समुदाय को मानकर एकत्व है। क्षणनश्वर व्यापारों का वास्तविक समुदाय न होने से—बुद्धि से [परिकल्पित समुदाय]—ऐसा कहा है। 'पचति' 'पक्ष्यति' आदि में असिद्ध अथवा 'अपाक्षीत्' आदि में सिद्ध [भी]—साध्यत्वरूप [साध्य है इस रूप] से कहा जाता हुआ 'क्रिया' है। [अर्थात् पचति और पक्ष्यति आदि में वर्तमानकालिक एवं भविष्यत्कालिक में असिद्ध है तथा अपाक्षीत् आदि भूतकालिक में सिद्ध है, ये दोनों साध्यरूप से कहे जाने वाले होने से क्रिया है।] अवयवों की क्रम से उत्पत्ति होने के कारण—आश्रितक्रमरूपा—इस योग [शक्ति] का प्रदर्शन किया गया। [अर्थात् आश्रितं क्रमरूपं यया सा—इस प्रकार यौगिकार्थ प्रदर्शित किया गया है।] इसलिये—क्रमरूप का आश्रयण लेने वाली क्रिया—यह प्रथम कारिका का अर्थ है। [यदि क्रिया व्यापारसमूहरूप है तो फूत्कारादि किसी एक व्यापार के होने पर 'पचति' ऐसा प्रयोग नहीं हो सकेगा—इस शंका का समाधान यह है कि] एक एक

अवयव में भी समूहरूप के आरोप से केवल अधिश्रयण [बटलोई को चूल्हे पर रखने] के समय में भी 'पचति' ऐसा व्यवहार होता है। जैसा कि [भर्तृहरि ने] कहा है—

[फूत्कार, अधिश्रयण आदि] व्यापारों के एक एक अवयव अथवा समूह में तुल्य-रूप का आश्रयण लेने वाली पचादि धातुयें स्वाभाविकरूप से प्रवृत्त [प्रयुक्त] होती हैं। [अर्थात् किसी एक व्यापार अथवा व्यापारसमुदाय इनमें से किसी भी एक के रहने पर पच आदि धातुओं का प्रयोग होता है, कोई बाधक नहीं हैं।] [वा.प. ३।७।५८]

अत्र केचित्—सिद्धत्वम्–क्रियान्तराकाङ्क्षोत्थापकतावच्छेदकवैजात्यवत्त्वे सति कारकत्वेन क्रियान्वयित्वे सति कारकान्तरान्वयायोग्यत्वम्। साध्यत्वं च—क्रियान्तराकाङ्क्षानुत्थापकतावच्छेदकं सत् कारकान्तरान्वययोग्यतावच्छेदकरूपवत्त्वम्।

हिरुगाद्यव्ययानां साध्यत्वाभावेऽपि क्रियावाचकत्वव्यवहारस्तु क्रियामात्रविशेषणत्वात्। तत्र सिद्धत्वं पाक इत्यादौ घञादि-वाच्यम्। साध्यत्वं तु सर्वत्रैव धातुप्रतिपाद्यम्।

ननु 'हरिं नमेच्चेत्सुखं यायात्' इत्यत्र क्रियाया अपि क्रियान्तराकाङ्क्षत्वेन सिद्धत्वमस्तीति चेन्न ; चेच्छब्दसमभिव्याहारेणाकाङ्क्षोत्थापनादित्याहुः।

वस्तुतः साध्यत्वम्—निष्पाद्यत्वमेव, तत्तद्रूपेणैव बोधः। स्पष्टं चेदम् "उपपदमतिङ्" [पा० सू० २।२।१९] इत्यादौ भाष्ये।

ननु घटं करोतीत्यादौ द्रव्यस्यापि साध्यत्वेन प्रतीतिरिति चेन्न ; करोतिपदादिसमभिव्याहारात् तथा प्रत्ययेऽपि स्वतो घटादिपदाद् द्रव्यस्य सिद्धत्वेनैव प्रतीतेः।

अत्र केचित्=भूषणकारादयः। क्रियान्तरम्=अन्यक्रिया, तस्या या आकाङ्क्षा —अस्या अन्वयिनी का क्रिया—इति तस्या उत्थापकताया अवच्छेदकं यद् वैजात्यम्=विजातीयधर्मः, तद्वत्त्वे सति, कारकत्वेन क्रियायाम् अन्वयित्वे च सति—कारकान्तरम्=अन्यकारकम्, तदन्वययोग्यत्वम्—सिद्धत्वम्। अयं भावः—यत्र अन्यक्रियाविषयिणी-जिज्ञासाया उत्थापकत्वं स्यात्, क्रियायामन्वयः स्यात्, अन्यकारस्यान्वयोग्यता च न स्यात् स सिद्धपदेनोच्यते यथा पाकः इत्यादौ क्रियते कृतो वेत्यादि क्रियान्तरजिज्ञासा भवति, तत्रैवान्वयो भवति अन्यकारकान्वययोग्यता चात्र नास्तीति सिद्धत्वमस्ति। अन्या क्रिया=क्रियान्तरं तस्याः—'अस्या अन्वयिनी का क्रिया' इत्याकारिका या आकाङ्क्षा तदनुत्थापकता=तदुत्थापकत्वाभावः, सामानाधिकरण्येन तदवच्छेदकं सत्, अन्यत् कारकम्=कारकान्तरम्, तस्य योऽन्वयः, तस्य या योग्यता

तदवच्छेदकं यद्रूपं तद्वत्त्वम्—साध्यत्वमिति । यत्र अन्यक्रियाविषयिणी आकाङ्क्षा न भवति कारकविषयिणी चाकाङ्क्षा भवति तत्र साध्यत्वमिति भावः ।

ननु हिरुगाद्यर्थस्य क्रियान्तराकाङ्क्षादर्शनेन साध्यत्वाभावे साध्यात्मकक्रियावाचकत्वव्यवहारोऽनुपपन्न इति चेदत आह—हिरुगादीति । यथा क्त्वान्तादि-प्रतिपाद्यार्थाः क्रियाविशेषणानि तथैव हिरुगादि—अव्ययाः अपि क्रियामात्रविशेषणत्वेन क्रियावाचका उच्यन्ते इति भावः । स्वराद्यव्ययानां तु स्वः पतिरित्यादौ नामार्थेऽन्वयः । अत एव हिरुगाद्यर्थे न कारकाणामन्वयः, तेषां क्रियान्तराकाङ्क्षत्वादिति बोध्यम् । सर्वत्रैवेति । तिङन्ते कृदन्ते चेत्यर्थः । अत एव भूषेण उक्तम्—

साध्यत्वेन क्रिया तत्र धातुरूपनिबन्धना ।
सिद्धभावस्तु यस्तस्याः स घञादिनिबन्धनः ॥

[वै. भू. का. १५]

ननु साध्यत्वं यदि क्रियान्तराकाङ्क्षानुत्थापकतावच्छेदकं तर्हि 'पचति भवति' इत्यादि—भाष्योक्तवाक्ये 'भुक्त्वा गच्छती'त्यादौ च भवति-भुक्त्वेत्यादीनां क्रियान्तराकाङ्क्षादर्शनेन कारकान्वयानापत्तिः, धातुत्वानापत्तिश्च । एवमेव 'हरिं नमेत् चेत् सुखं यायादि'त्यादावपि साध्यत्वानापत्तिश्चेत्तदा आह—नन्विति । अत्र 'चेत्' समभिव्याहारादेव क्रियान्तराकाङ्क्षोदेति नतु तदसमभिव्याहारे इति न दोषः ।

भूषणादिमतं प्रदर्श्य स्वमतमाह—वस्तुत इति । निष्पाद्यत्वमेव=उत्पाद्यत्वमेवेत्यर्थः । एवेन भूषणोक्तमतनिरासः । तत्तद्रूपेणैव=निष्पाद्यत्वरूपसाध्यत्वप्रकारक एव बोध इत्यर्थः । इत्यादाविति । आदिना 'सुट्कात्पूर्वः' [पा० सू० ६।१।१३५] इत्यादेः संग्रहः । तत्र 'सुट्कात्पूर्वः' [पा.सू. ६।१।१३५] इति सूत्रभाष्ये—"पूर्वं धातुः साधनेन युज्यते, पश्चादुपसर्गेण । साधनं हि क्रियां निर्वर्तयति, तामुपसर्गो विशिनष्टीति । अभिनिर्वृत्तस्य चार्थस्योपसर्गेण विशेषः शक्यो वक्तुम् ।" इत्युक्तम् । "कृदभिहितो भावो द्रव्यवद् भवतीति" चोक्तम् । अत्राद्यभाष्ये "साधनं हि क्रियां निर्वर्तयती"त्येन धातुवाच्यक्रियाया निष्पाद्यत्वरूपसाध्यत्वेन भानमिति स्पष्टं भवति । द्वितीयभाष्ये च घञादिवाच्यक्रियायाः सिद्धत्वमिति स्पष्टं भवतीति बोध्यम् ।

ननु उत्पाद्यत्वमेव साध्यत्वं घटादावतिव्याप्तमत आह—नन्विति । द्रव्यस्य=क्रियाभिन्नघटस्यापि, तथा=साध्यत्वेन, स्वतः=करोत्यादिक्रियापदासमभिव्याहारे इत्यर्थः । सिद्धत्वं च सूक्ष्मरूपेण बोध्यम् । यद्यपि क्रियापि सूक्ष्मरूपेण सिद्धा, तथापि शक्तिस्वाभाव्यात् स्थूलरूपेण साध्यत्वेनैव तस्याः प्रतीतिः । द्रव्यस्य तु सूक्ष्मरूपेण सिद्धत्वेनैव प्रतीतिरिति न दोष इति बोध्यम् ।

भूषणकार का साध्यत्वविषयक मत

इस विषय में कुछ लोग [भूषणकार आदि]—अन्य क्रिया की आकाङ्क्षा के उत्थापकतावच्छेदक वैजात्य वाला होते हुए, कारकत्वरूप से क्रियान्वयी होते हुए अन्य कारक के अन्वययोग्य न होना—सिद्ध होना है। [जो ऐसा होता है उसे सिद्ध कहते हैं।] और अन्य क्रिया की आकाङ्क्षा की अनुत्थापकता का अवच्छेदक होता हुआ अन्य कारक की अन्वययोग्यता के अवच्छेदकरूप वाला होना—साध्य होना है।

विमर्श—जो किसी अन्य क्रिया की आकाङ्क्षा को उठानेवाला है, कारक होता हुआ क्रिया में अन्वयवाला है, तथा अन्य कारक के अन्वययोग्य नहीं है, उसे सिद्ध समझना चाहिए। और जो किसी अन्य क्रिया की आकाङ्क्षा को उठानेवाला नहीं है, अन्य कारक के अन्वय-योग्य, है उसे साध्य समझना चाहिए।

अनु०—हिरुक् आदि अव्ययों के साध्य न होने पर भी क्रियावाचकता का व्यवहार तो केवल क्रिया में विशेषण होने के कारण होता है [क्योंकि स्वर् आदि अन्य अव्यय तो स्वः पतिः आदि प्रातिपदिकार्थ में भी विशेषण होते हैं। किन्तु हिरुक् ऐसा नहीं है।] इन [दोनों] में पाकः आदि शब्दों में सिद्धत्व घञादि [प्रत्ययों] का वाच्य है किन्तु साध्यत्व तो सर्वत्र ही [केवल] धातु से प्रातिपदित होने वाला है।

हरिं नमेत् चेत् सुखं यायात् [हरि को यदि नमस्कार करे तो सुख प्राप्त करे]—यहाँ [नमन] क्रिया का भी क्रियान्तर [सुखप्राप्ति] की आकाङ्क्षा होने के कारण सिद्धत्व है—ऐसा यदि [कहें] तो नहीं [कह सकते] क्योंकि चेत् शब्द के समभिव्याहार के कारण आकाङ्क्षा उठती हैं—ऐसा कहते हैं। [अर्थात् यहां क्रिया द्वारा आकाङ्क्षा का उत्थापन नहीं होता है अपितु चेत् शब्द के कारण होता है अतः, साध्यत्व में बाधा नहीं है।]

नागेश का साध्यत्व-विषयक मत

वास्तव में साध्यत्व=निष्पाद्यत्व [निष्पादनयोग्य होना] ही है और इसी रूप से बोध [होता है] यह "उपपदमतिङ्" [पा० सू० २।२।१९] इत्यादि (सूत्रों के) भाष्य में स्पष्ट (किया गया है)।

घटं करोति (घड़ा बनाता है)—इत्यादि में (घटरूप) द्रव्य की भी साध्यत्वरूप से प्रतीति होती है—ऐसा यदि (कहें) तो नहीं (कह सकते), क्योंकि 'करोति' आदि पद के समभिव्याहार से वैसा (साध्यत्वरूप से) ज्ञान होने पर भी स्वतः (अर्थात् करोति आदि क्रिया पद के अभाव में) घट आदि पद से द्रव्य की सिद्धत्वरूप से ही प्रतीति (होती है)।

अस्तिभवतिवर्ततिविद्यतीनामर्थः—सत्ता। सा चानेककालस्थायिनीति कालगतपौर्वापर्येण क्रमवतीति तस्याः क्रियात्वम्। सत्तेह—आत्मधारणम्।

सकर्मकत्वञ्च-फलव्यधिकरणव्यापारवाचकत्वम्, फलसमानाधिकरणव्यापारवाचकत्वमकर्मकत्वम् । क्वचित्तु फलांशाभावादकर्मकत्वम् । यथाऽस्त्यादौ केवलं सत्तादिरेवार्थः ; फलांशस्य सूक्ष्मदृष्टयाऽप्यप्रतीतेः । "उत्पन्नस्य सत्त्वस्य स्वरूपधारणरूपां सत्तामाचष्टेऽस्त्यादिः" इति निरुक्तोक्तेश्च ।

वस्तुतस्तु शब्दशास्त्रीयकर्मसंज्ञकार्थान्वय्यर्थकत्वं सकर्मकत्वम् । तदनन्वय्यर्थकत्वमकर्मकत्वम् । तेन 'अध्यासिता भूमय' इत्यादिसिद्धिः । अन्वयश्च पृथग्बुद्धेन संसर्गरूपः, अन्वयपदस्य तत्रैव व्युत्पत्तेः । तेन जीवतीत्यादौ न दोषः । तत्र प्राणादिरूपकर्मणो [धारणार्थ] धात्वर्थात् पृथगबोधादिति 'सुप आत्मनः' (पा०सू० ३।१।८) इति सूत्रे भाष्ये स्पष्टम् । 'अधिशीङ्स्थासाम्' (पा०सू० १।४।४६) इत्यनेन भूमय इत्याधारस्य कर्मत्वम् ।

ननु धातोः फलव्यापारोभयवाचकत्वे 'अस्ति' इत्यादीनां धातुत्वं न स्यात्, तेषां सत्तामात्रार्थत्वेन व्यापाररूपक्रियावाचकत्वाभावादत आह—अस्तीति । अस्, भू, वृतु, विद्—इत्येतेषां धातूनां सत्ता अर्थः । ननु सत्ताऽर्थे क्रमाभावात् आश्रितक्रमरूपक्रियात्वानुपपत्तिरत आह—सा चेति । सत्ता चेत्यर्थः । ननु आत्मधारणानुकूलव्यापाररूपायाः सत्ताया नित्यत्वेन क्रमजन्यसमूहरूपक्रियात्वानुपपत्तिरत आह—कालगतेति । कालगतं यत् पौर्वापर्यं तत् सत्तायामारोप्य तत्र क्रियात्वमुपपादनीयमिति भावः । तदुक्तं वाक्यपदीये—

आत्मभूतः क्रमोऽप्यस्या यत्रेदं कालदर्शनम् ।
पौर्वापर्यादिरूपेण प्रविभक्तमिव स्थितम् ॥
[वा०प० ३।१।३७]

अत्र हेलाराजः—"अस्याः=क्रियायाः, यत्र=क्रियायाम्, कालदर्शनम्=कालगतपौर्वापर्यस्य तत्रारोप इति ।

अत्र भूषणकाराः—क्रियावाचकत्वे सति गणपठितस्यैव धातुत्वे अस्तीत्यादौ क्रियाप्रतीत्यभावादस्त्यादीनां तदवाचकानामधातुत्वप्रसङ्ग इत्यत आह—

अस्त्यादावपि धर्म्यंशे भाव्येऽस्त्येव हि भावना ।
अन्यत्राशेषभावात्तु सा तथा न प्रकाशते ॥
(वै० भू० का० १२)

अस्त्यादौ='अस् भुवि' इत्यादौ, धर्म्यंशे=धर्मिभागे (कर्तरीत्यर्थः) भाव्ये=भाव्यत्वेन विवक्षिते, अस्त्येव=प्रतीयत एव । अयमर्थः—'स ततो गतो न वा' इति प्रश्ने, महता यत्नेन 'अस्ति' इति प्रयोगे सत्तारूपफलानुकूला भावना प्रतीयत एव । उत्पत्त्यादिबोधने तु सुतराम् । .... नन्वेवम् 'अस्ती'त्यत्र स्पष्टं कुतो न बुध्यते इत्यत

आह—अन्यत्रेति। अशेषभावात्=भावनायः फलसमानाधिकरणत्वात्। तथा च भावनायाः फलसामानाधिकरण्यं तत्स्पष्टत्वे दोष इति भाव इत्याहुः।

भूषणकारादिमतेनाह—सकर्मकत्वञ्चेति। फलव्यधिकरणो यो व्यापारस्तद्वाचकत्वं सकर्मकत्वम्। फलव्यधिकरणत्वञ्चात्र फलनिष्ठाधेयतानिरूपिताधिकरणतावन्निरूपिताधेयताऽभाववत्त्वम्। आधेयता च फलतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना ग्राह्या। फलतावच्छेदकसम्बन्धनिवेशेन कालिकादिसम्बन्धमादायातिव्याप्तेरनवकाशः। एवञ्च प्रकृत-धात्वर्थ-फलतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नाधेयतानिरूपिताधिकरणतावन्निरूपिताधेयताऽभाववत्त्वं सकर्मकत्वमिति फलति। अकर्मकत्वं निरूपयति—फलसमानेति। फलसमानाधिकरणो यो व्यापारस्तद्वाचकत्वमकर्मकत्वम्। फलसामानाधिकरण्यं च—फलतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नफलनिष्ठाधेयतानिरूपिताधिकरणतावन्निरूपितफलतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नाधेयतावत्त्वम्। अतिव्याप्तिनिरासाय फलवताच्छेदकसम्बन्धनिवेशः। यद्वा—व्यापारव्यधिकरणफलवाचकत्वाभावोऽकर्मकत्वम्। स च क्वचित् सामानाधिकरण्यात् यथा—उत्तिष्ठतीत्यादौ; क्वचिच्च फलांशाभावात् तत्त्वम्। एवञ्च अस्त्यादौ केवलं सत्ताद्यर्थः। यद्धातूच्चारणे कर्माकाङ्क्षा नियता स सकर्मक इति तु न युक्तम्, गच्छ—इत्यादिषु तदाकाङ्क्षाऽभावात्, 'क्व' इत्येवाकाङ्क्षायाः दर्शनाच्च। अकर्मकभिन्नत्वं सकर्मकत्वमित्यपि न, सकर्मकाणामर्थान्तरेऽकर्मकत्वेनासम्भवापत्तेः। एतेन—सकर्मकधात्वन्यतमत्वं सकर्मकत्वमि—त्यपास्तमिति दिक्।

स्वसिद्धान्तमाह—वस्तुतस्त्विति। व्याकरणशास्त्रीयो यो कर्मसंज्ञकार्थः, तदन्वय्यर्थकत्वं सकर्मकत्वम्, तदनन्वय्यर्थकत्वम्=व्याकरणशास्त्रीयकर्मसंज्ञकार्थानन्वय्यर्थकत्वम् अकर्मकत्वमिति बोध्यम्। तेन=पूर्वोक्तव्याख्यानस्वीकारेण। भूमय इति। अध्यासिता भूमयः अत्र 'अधिशीङ्स्थासां कर्म" [पा०सू० १।४।४६] इति सूत्रेण आधारस्य भूमेः कर्मसंज्ञा विधीयते, एतदर्थेन सह धात्वर्थस्यान्वयो भवति, तेन धातोः सकर्मकत्वात् कर्मणि निष्ठाप्रत्ययो भवतीति भावः। नन्वेवं जीवतीत्यस्य प्राणान् धारयतीत्यर्थेन शब्दशास्त्रीयकर्मसंज्ञकप्राणपदार्थान्वय्यर्थकत्वात् जीवत्यादापि सकर्मकत्वातिव्याप्तिरत आह—अन्वयश्चेति। अयं भावः—पृथक्पदजन्यप्रतीतिविषययोरर्थयोः, य आकाङ्क्षाभास्यः संसर्गः स एवात्रान्वयपदेन ग्राह्यः। तत्र=जीवतीत्यादौ। पृथगबोधादिति। जीवतीत्यादौ प्राणधारणरूपकर्मणो धात्वर्थतावच्छेदकतयैवोपस्थितिः। एवञ्चान्वयितावच्छेदकरूपेण धारणस्य पृथगुपस्थित्यभावान्नात्र कोऽपि दोषः। 'सुप आत्मनः' [पा०सू० ३।१।८] इति सूत्रे भाष्ये—"अथास्य क्यजन्तस्य कानि साधनानि भवन्ति? भावः कर्ता च। अथ कर्म? नास्ति कर्म। न चायमिषिः सकर्मको यस्यायमर्थः क्यच् विधीयते? अभिहितं तत्कर्मान्तर्भूतं धात्वर्थः सम्पन्नो न चेदानीमन्यत्कर्मास्ति येन सकर्मकः स्यात्। कथं तर्हि अयं सकर्मको भवति—अपुत्रं पुत्रमिवा-

चरति पुत्रीयति माणवकमिति ? अस्त्यत्र विशेषो—द्वे ह्यत्र कर्मणी उपमानकर्मोपमेयकर्म च। उपमानकर्मान्तर्भूतम्। उपमेयेन कर्मणा सकर्मको भवतीत्युक्तम्। एवमेव जीवत्यादावपि बोध्यम्।

क्रियात्व का उपपादन

अस्, भू, वृत् तथा विद्—का अर्थ (है)–सत्ता। और वह सत्ता अनेक काल तक रहने वाली है, इसलिये काल के पौर्वापर्य से क्रम वाली है, इसलिये वह क्रिया होती है। (अर्थात् सत्ता में काल के पौर्वापर्य का आरोप करके क्रियात्व का उपपादन करना चाहिए।) यहाँ सत्ता=आत्मधारण है। (अस्ति, भवति, वर्तति, विद्यति, इन पदों में 'इक् श्तिपौ धातुनिर्देशे' नियम से श्तिप् प्रत्यय है अतः ये सभी धातुरूप के प्रतिपादक हैं।) और फल के व्यधिकरण [भिन्न अधिकरण वाले] व्यापार का वाचक होना—सकर्मक होना है। फल के समानाधिकरण [समान अधिकरणवाले] व्यापार का वाचक होना—अकर्मक होना है। किन्तु कहीं कहीं फलांश के अभाव से अकर्मक होता है। जैसे–अस्ति आदि में केवल सत्ता आदि ही अर्थ है क्योंकि सूक्ष्म दृष्टि से भी फलांश की प्रतीति नहीं [होती है]। और "अस्ति आदि [क्रिया पद] उत्पन्न द्रव्य की स्वरूप-धारणरूप सत्ता को कहते हैं," ऐसा निरुक्त में कहा गया है।

नागेशाभिमत—सकर्मकत्व एवम् अकर्मकत्व

वास्तव में व्याकरणशास्त्र की कर्मसंज्ञावाले अर्थ के साथ अन्वयी अर्थवाला होना—सकर्मक होना है। [और] उस [व्याकरणशास्त्र की कर्मसंज्ञावाले अर्थ] के साथ अन्वयरहित अर्थवाला होना—अकर्मक होना है। [अर्थात् व्याकरणशास्त्र के नियमों से जिन अर्थों की कर्मसंज्ञा होती है उनके साथ जिस धात्वर्थ का अन्वय होता है उसका वाचक धातु सकर्मक होता है और उससे भिन्न धातु अकर्मक होता है।] इससे 'अध्यासिता भूमयः' इत्यादि की सिद्धि है। और अन्वय—पृथक्-पृथक् रूप से ज्ञात पदार्थों का संसर्गरूप [होता है]। क्योंकि अन्वयपद की इसी अर्थ में व्युत्पत्ति है। इससे जीवति आदि में [प्राणान् धारयति अर्थ होने पर भी सकर्मकत्वापत्ति] दोष नहीं है। क्योंकि इसमें प्राणादिरूप कर्म का [धारणरूप] धात्वर्थ से अलग बोध नहीं होता है। यह "सुप आत्मनः क्यच्" [पा.सू. ३।१।८] इस सूत्र पर भाष्य में स्पष्ट है। "भूमयः" इस आधार की कर्मसंज्ञा "अधिशीङ्स्थाऽऽसां कर्म" (पा. सू. १।४।४६) से (होती है)।

शुचिम–जो अलग-अलग रूप से उपस्थित होने वाले दो पदार्थ हैं उनका ही संसर्ग अन्वय कहा जाता है। इसलिए 'जीवति' में सकर्मकत्व का लक्षण अतिव्याप्त नहीं होता है, क्योंकि इस धातु से—प्राणान् धारयति—यह समुदित अर्थ प्रतीत होता है,

प्राण इस कर्म का पृथक् रूप से बोध नहीं होता है। अतः अन्वय का प्रसङ्ग नहीं है।

यहाँ का पाठ अधिक है--'धारणार्थधात्वर्थात्' इसमें धारण अनावश्यक है। इसीलिये लघुमञ्जूषा में यह पाठ है--"तत्र प्राणादिरूपकर्मणो धात्वर्थात् पृथग-बोधात्।" यदि यह व्याख्या की जाय--धारणार्थश्चासौ धात्वर्थश्च--अर्थात् धारणार्थरूप जो धात्वर्थ उससे पृथक् प्राणादिरूप कर्म का बोध नहीं होता है--तो किसी प्रकार पाठ की संगति सम्भव है।

अध्यासित भूमयः—यहाँ भूमि यद्यपि आधार है परन्तु "अधिशीङ्स्थाऽऽसां कर्म" (पा०सू० १।४।४६) से उसकी कर्मसंज्ञा होती है इसके साथ धात्वर्थ का अन्वय होता है। इसलिये धातु सकर्मक होती है और कर्म में निष्ठा (क्त) प्रत्यय होकर—अध्यसिताः बनता है।

जानातेर्विषयतया ज्ञानं फलम्, आत्ममनः-संयोगो व्यापारः। अतएव मनो जानातीत्युपपद्यते। आत्माऽत्रान्तःकरणम्, मनोऽपि तद्वृत्तिविशेष-रूपम्। आत्मा आत्मानं जानातीत्यादौ अन्तःकरणावच्छिन्नः कर्ता, शरीरा-वच्छिन्नं कर्मेति "कर्मवत्" [पा० सू० ३।१।८७] सूत्रे भाष्ये स्पष्टम्।

यत्तु–आवरणभङ्गो विषयता वा फलम्, व्यापारस्तु ज्ञानमेवेति। तन्न ; कर्मस्थक्रियकत्वापत्तेः। तद्व्यवस्था चेत्थमुक्ता हरिणा—

विशेषदर्शनं यत्र क्रिया तत्र व्यवस्थिता।
क्रियाव्यवस्था त्वन्येषां शब्दैरेव प्रकल्पिता॥
[वा० प० ३।७।३६] इति।

अस्यार्थः—यत्र=कर्मणि कर्तरि वा क्रियाकृतो विशेषः कश्चिद् दृश्यते, तत्र क्रिया व्यवस्थितेत्युच्यते। नन्वेवं पच्यादिकर्तर्यपि श्रमादिरूपविशेषस्य दर्शनादिदमयुक्तम्। किञ्च, चिन्तयति-पश्यतीत्यादीनां कर्तृस्थभावकत्वानुप-पत्तिः ; कर्तरि क्रियाकृतविशेषाभावात्। अत आह-अन्येषामिति। मते—इति शेषः। यत्र कर्तृकर्मसाधारणरूपं फलं शब्देन प्रतिपाद्यते, स कर्तृस्थ-भावको यथा–पश्यति घटम्, ग्रामं गच्छति, हसतीत्यादौ। तत्र विषयता-समवायाभ्यां ज्ञानमुभयनिष्ठम्, संयोगश्चोभयनिष्ठः। एवं हासोऽपि। न हि विषयतावरणभङ्गावेवम्। यत्र कर्त्रवृत्तिकर्मस्थफलं सः कर्मस्थभावकः। यथा–भिनत्तीत्यादौ; न हि द्विधाभवनादि कथमपि कर्तृनिष्ठमिति हेलाराजः। तथा चावरणभङ्गस्य विषयतायाश्च कर्ममात्रनिष्ठत्वाज्जानातेरपि कर्मस्थ-क्रियकत्वापत्तिरित्यलम्।

अग्रे भूषणकारादिमतं निराकर्तुमाह—जानातेरिति । फलतावच्छेदकसम्बन्धमाह—विषयतयेति । तृतीयार्थोऽवच्छिन्नत्वम् । तेन विषयतासम्बन्धावच्छिन्न—ज्ञानानुकूल-व्यापारो ज्ञाधात्वर्थ इति फलति । ननु ज्ञानस्य धात्वर्थरूपफलत्वं दुर्वचम्, तस्य चैतन्यरूपत्वे जन्यत्वप्रकारकप्रतीतिविषयत्वरूपफलत्वस्य तत्रासम्भवादिति चेन्न, अभिव्यक्तिगतजन्यत्वारोपेण तस्य सुलभत्वादिति भावः । अत एव=आत्ममनः संयोगस्य व्यापारत्वादेवेत्यर्थः । मनो जानातीत्यत्र घटादिकर्मणोऽनुषङ्गस्तेन—घटनिष्ठविषयतानिरूपक—ज्ञानानुकूलः एकमनोवृत्तिः वर्तमानकालिको व्यापार इति बोधः । तद्वृत्तिविशेषरूपम्=अन्तःकरणवृत्तिविशेषरूपमित्यर्थः । तत्रोभयोरपि सावयवत्वादवच्छेदकांशसम्भवेन संयोग उपपद्यते । मनो निरवयमात्मापि ज्ञानाश्रयो निरवयव इति नयेऽत्रच्छेदकांशासम्भवेन संयोगानुपपत्तेः । आत्मानं जानातीति । अत्रावच्छेदकभेदेन कर्तृत्वं कर्मत्वञ्चोपपादनीयम् । कर्मवदिति । तत्र हि भाष्ये—"हन्त्यात्मानमिति कर्म दृश्यते कर्ता च न दृश्यते । आत्मना हन्यते इति च कर्ता दृश्यते, कर्म न दृश्यते । पदलोपश्चात्र द्रष्टव्यः—हन्त्यात्मानमात्मा,आत्मना हन्यत आत्मेति । कः पुनरात्मानं हन्ति, को वात्मना हन्यते ? द्वावात्मानौ—अन्तरात्मा शरीरात्मा च । अन्तरात्मा तत्कर्म करोति येन शरीरात्मा सुखदुःखे अनुभवति, शरीरात्मा तत्कर्म करोति येनान्तरात्मा सुखदुःखे अनुभवति ।" इति अवच्छेदकभेदेन कर्तृत्वं कर्मत्वं च स्पष्टमेव प्रतिपादितम् ।

भूषणकारादिमतं निराकर्तुं प्रदर्शयति—यत्त्विति । भूषणकारादेरयमाशयः—ज्ञानार्थकधातूनां सकर्मकत्वसिद्धये फलव्यापारोमयार्थकत्वं वक्तव्यम् । तत्र फलम्=आवरणभङ्गरूपं धातुवाच्यम् । घटादिप्रत्यक्षस्थलेऽन्तःकरणं चक्षुरादीन्द्रियमाध्यमेन घटादिविषयदेशं गत्वा तत्तद्विषयाकारेण परिणमति । अयं विषयाकारपरिणाम एव अन्तःकरणस्य वृत्तिरित्युच्यते । तया वृत्त्या चावरणभङ्गो जायते । आवरणं नाम—विषयावच्छिन्न-चैतन्याच्छादकाज्ञाननिष्ठावरकशक्तिः । अस्यावरणस्य पूर्वोक्तया ज्ञानपदव्यवहर्त्तव्यया वृत्त्या भङ्गो जायते स एव—आवरणभङ्गः फलम्, ज्ञानञ्च व्यापारः ।

एतन्मतं निराकरोति—तन्नेति । कर्मस्थक्रियकत्वापत्तेः=ज्ञायते घटः स्वयमेवेत्याद्यापत्तेरिति बोध्यम् । तद्व्यवस्था=कर्मस्थक्रियकत्वव्यवस्था कर्तृस्थक्रियकत्वव्यवस्था च । यत्र—इत्यस्यैव विवरणम् कर्मणि कर्तरि वा । तत्र=कर्मणि कर्तरि वा । यत्र कर्मणि धात्वर्थक्रियाकृतो विशेषः=भेदः, प्रभावः, दृश्यते तत्र कर्मस्थक्रियकत्वम् । यत्र कर्तरि क्रियाकृतो कश्चिद् विशेषो दृश्यते तत्र कर्तृस्थक्रियकत्वमिति पूर्वार्धस्याशयः । प्रकृते च विषयतादिरूपफलस्य कर्तृकर्मसाधारणत्वाभावात् कर्मस्थक्रियकत्वापत्तिरिति बोध्यम् । कर्मस्थक्रियया तुल्या क्रिया फलरूपा फलसमानाधि-

करणव्यापाररूपा वा यत्र तादृशः कर्ता कर्मवद् स्यादित्यर्थकेन "कर्मवत् कर्मणा तुल्यक्रियः" (पा० सू० ३।१।८७) इति सूत्रेण कर्मवद्भावे कर्मकर्तरि—ज्ञायते घटः स्वयमेवेति प्रयोगापत्तिरिति भावः। एवम्=क्रियाकृतविशेषस्य नियामकत्वस्वीकारे। अयुक्तमिति। एवञ्च कर्मस्थक्रियकत्वाभावात् पच्यते ओदनः इत्यस्यासिद्धिरिति भावः। अन्येषाम्=सिद्धान्तिनां मते इत्यर्थः। शब्देन=धातुरूपशब्देन। 'एव' इत्यनेन कर्तृकर्मवृत्तिविशेषदर्शनस्य व्यवच्छेद इति बोध्यम्। प्रतिपाद्यते=बोध्यते। ज्ञानं विषयतासम्बन्धेन कर्मनिष्ठं समवायसम्बन्धेन च कर्तृनिष्ठमिति ज्ञाधातौ कर्तृस्थभावकत्वम्; एवमेव दर्शनादावपि बोध्यमिति भावः। किन्तु विषयतारूपं फलम्, आवरणभङ्गरूपं वा फलं केवलं कर्मनिष्ठमेव न तु कर्तृनिष्ठमपि। रामः कृष्णं हसतीत्यादौ हासरूपं फलं समवायेन रामे विषयतया च कृष्णे इति कर्तृस्थभावकत्वमेव। हेलाराजः=वाक्यपदीयव्याख्याकारः। तथा च=कर्त्रवृत्तिकर्मस्थफलत्वे कर्मस्थक्रियकत्वस्वीकारे इत्यर्थः। अलमिति। एवञ्च ज्ञायते घटः—इत्याद्यापत्तिपरिहारासम्भवान्न आवरणभङ्गस्य विषयतायाश्च फलत्वमुचितमिति भावः।

ज्ञा-धात्वर्थ

ज्ञा धातु का विषयतया [विषयतासम्बन्ध से] ज्ञान फल [होता है], आत्मा और मन का संयोग व्यापार है। इसीलिए 'मनो जानाति' (मन जानता है) आदि उपपन्न होता है। यहाँ आत्मा अन्तःकरण है। मन भी उसकी वृत्ति विशेषरूप है। 'आत्मा आत्मानं जानाति' (आत्मा आत्मा को जानता है) इत्यादि में अन्तःकरण (मन, बुद्धि, अहङ्कार, चित्त) से अवच्छिन्न (विशिष्ट) आत्मा कर्ता है और शरीर से अवच्छिन्न आत्मा कर्म है। [अर्थात् अवच्छेदक के भेद से एक ही आत्मा में कर्तृत्व और कर्मत्व का उपपादन हो जाता है] यह "कर्मवत् कर्मणा तुल्यक्रियः" (पा. सू. ३।१।८७) सूत्र पर भाष्य में स्पष्ट है।

भूषणकारादि का खण्डन

(भूषणकारादि) जो यह [कहते हैं कि]—आवरणभङ्ग अथवा विषयता फल है किन्तु व्यापार तो ज्ञान ही है—वह [ठीक] नहीं [है], क्योंकि कर्मस्थक्रियक होने का दोष आता है। इस (कर्मस्थक्रियकत्व एवं कर्तृस्थक्रियकत्व) की व्यवस्था भर्तृहरि ने इस प्रकार कही है—

जहाँ [कर्ता या कर्म में] विशेष दर्शन होता है वहाँ [कर्ता या कर्म में] क्रिया स्थित [मानी जाती है]। अन्य [आचार्यों] से मत में शब्दों से ही क्रियाव्यवस्था प्रकल्पित है।

इस [कारिका] का अर्थ—जहाँ=कर्ता या कर्म में क्रिया द्वारा किया गया कोई

विशेष [=भेद, या विलक्षणता] दिखाई देता है उस (कर्ता या कर्म) में क्रिया व्यवस्थित हैं, ऐसा कहा जाता है।

विमर्श—भाव यह है कि क्रिया द्वारा होने वाला जो भेद या प्रभाव है वह यदि कर्ता में दिखाई देता है तो कर्ता में और यदि कर्म में दिखाई देता है तो कर्म में क्रिया स्थित मानी जाती है।

अनु०—ऐसा मानने पर तो पचादि (क्रिया) के कर्ता में भी श्रमादिविशेषरूप देखा जाने से यह (उक्त निर्धारण) ठीक नहीं है। और भी, चिन्तयति, पश्यति इत्यादि का कर्तृस्थभावकत्व उपपन्न नहीं होता है क्योंकि (इनमें) कर्ता में क्रियाकृत कोई विशेष (भेद, अन्तर) नहीं होता है। इसी लिये कहा है—'अन्यों के' इत्यादि। यहाँ 'मत में' यह शेष है। जहाँ कर्तृ कर्म (उभय) साधारण (अर्थात् कर्ता एवं कर्म दोनों में रहने वाला) फल उसी (धातुरूप) शब्द से प्रतिपादित होता है वह कर्तृस्थ भावक (कर्तृस्थ क्रियावाला) होता है। जैसे 'घटं पश्यति' (घट को देखता है) 'ग्रामं गच्छति' (गाँव को जाता है), 'हसति' (हँसता है) इत्यादि में है। इनमें विषयता तथा समवाय सम्बन्धों से ज्ञान (घट तथा चैत्रादि—इन कर्म तथा कर्ता) दोनों में रहने वाला (है) और संयोग (ग्राम तथा राम) दोनों में रहने वाला (है)। उसी प्रकार हास (रूप फल) भी ऐसा (कर्ता और उपहास्य पदार्थ कर्म दोनों में रहने वाला है)। किन्तु विषयता तथा आवरणभङ्ग इस प्रकार के (अर्थात् कर्तृ कर्म उभय साधारण) नहीं है जहाँ कर्ता में न रहने वाला, कर्म में रहने वाला फल है वह कर्मस्थभावक है। जैसे—भिनत्ति (फाड़ता है,) इत्यादि में द्विधाभवन (दो टुकड़ों में हो जाना) आदि (फल) किसी भी प्रकार कर्तृनिष्ठ (विदारणकर्ता में रहने वाला) नहीं है—ऐसा हेलाराज (कहते हैं)। और इस प्रकार आवरणभङ्ग तथा विषयता के केवल कर्मनिष्ठ (कर्म में रहने वाली) होने के कारण जानाति (ज्ञा धातु) भी कर्मस्थ-क्रियक होने लग जायगी। विस्तार अनावश्यक है।

विमर्श—यहाँ का रहस्य है कि सौकर्यातिशय द्योतित करने के लिए कर्तृ-व्यापार की अविवक्षा करके कर्म की ही स्वतन्त्रत्वरूप से विवक्षा कर दी जाती है उस स्थिति में घटादि कर्म ही कर्तृसंज्ञक हो जाते हैं और "कर्मवत् कर्मणा तुल्यक्रियः" (पा०सू० ३।१।८७) से उसका कर्मवद्भाव करके जैसे 'पच्यते ओदनः स्वयमेव' आदि होते है उसी प्रकार 'ज्ञायते घटः स्वयमेव' यह अनिष्ट प्रयोग भी होने लगेगा।

इच्छतेरिच्छानुकूलं ज्ञानमर्थः। अतीतानागतयोरपि बुद्ध्युपारोहात् फलशालित्वम्।

पतिर्गमिवत्सकर्मकः, नरकं पतति इत्यादिप्रयोगात्। विभागजन्य-संयोगमात्रपरत्वेऽकर्मक इति।

कृञ उत्पत्तिव्यधिकरणस्तदनुकूलो व्यापारोऽर्थः। फलमात्रार्थकत्वेऽ-कर्मकत्वापत्तिर्यतिवत्। किञ्च कर्मस्थभावकत्वाभावात् कर्मकर्तरि यगाद्य-नापत्तिः। कृतिरित्यादौ धातूनामनेकार्थत्वात् यत्नमात्रे वृत्तिः।

यद्वा यत्नकृतिशब्दयोरपि व्यापारसामान्यवाचित्वेव। अत एव "स्थालीस्थे यत्ने पचिना कथ्यमाने स्थाली पचतीति" "कारके" [पा० सू० १।४।१३] इति सूत्रे भाष्ये उक्तमित्यलम्।

इष् धात्वर्थं निरूपयति–इच्छतेरिति। अत्र ज्ञानं व्यापाररूपम्। नन्वतीत-पदार्थेषु इच्छाश्रयत्वाभावात्कर्मत्वं न स्यादत आह—अतीतेति। बुद्ध्युपारोहात्= बुद्धिविषयीकरणाद्। अन्येन सम्बन्धेनाश्रयत्वासम्भवे विषयतया तत्स्वीकारे बाधका-भाव इति बोध्यम्।

प्रयोगादिति। विभागजन्योत्तरदेशादिसंयोगानुकूलो व्यापारः पतधात्वर्थः। एवञ्च—विभागजन्याधोदेशानुयोगिक-संयोगानुकूलव्यापाररूप-पत-धात्वर्थप्रयोज्यफला-श्रयत्वेन नरकस्य कर्मसंज्ञया कर्मसंज्ञकार्थान्वयव्यर्थकत्वेन पत-धातोः सकर्मकत्वं बोध्यम्। विभागजन्येति। वृक्षमजहत्यपि भूमिं स्पृशति सति पर्णे वृक्षात् पर्णं पततीत्यप्रयोगाद् विभागजन्यत्वस्य निवेश आवश्यकः। विभागजन्यसंयोगमात्रेति। अत्र मात्रपदेन तदनुकूलव्यापारस्य व्यवच्छेदः। एवञ्च संयोग एव व्यापारो बोध्यः।

कृञ् धात्वर्थं निरूपयति—कृञ इति। उत्पत्तेः व्यधिकरणः, उत्पत्त्यनुकूलो व्यापारः कृञ् धातोरर्थः। अत्रायं परिष्कारः नैयायिकादिरीत्यैवेति बोध्यम। फल-मात्रेति। नैयायिकमते कृञ् धातोर्यत्नरूपं फलमेवार्थः न तु तदनुकूलो व्यापारः। एवञ्च यत्नार्थको यत् धातुर्यथाऽकर्मकस्तथैव कृञ् धातुरपि अकर्मकः स्यादिति बोध्यम्, तच्च नेष्टम्। दोषान्तरमाह—किञ्चेति। अयं भावः—कृञ् धातोर्यत्नमर्थः, तच्च केवलचेतनवृत्ति। अचेतने घटादावभावात् कर्तृमात्रवृत्तितया कर्मस्थक्रियकत्वाभावात् कर्मवद्भावाभावेन यगाद्यनापत्तौ कर्मकर्तरि 'क्रियते घटः स्वमेवे'ति प्रयोगो न स्यादिति भावः। नन्वेवं कृतिरित्यादौ केवलयत्नार्थप्रतीतिर्न स्यादत आह—कृतिरिति। अनेकार्थत्वादिति। अत एव 'कुर्द खुर्द गुर्द गुद क्रीडायामेव' इति धात्वर्थपाठे 'एव' शब्द-निवेशः संगच्छते। वृत्तिः=प्रयोगः शक्तिर्वा।

भाष्योक्तरीत्यापि नैयायिकमतं निराकर्तुमाह—यद्वेति। कृतिशब्दो यत्नशब्दश्च व्यापारसामान्यस्य वाचकः। अत एव=व्यापारसामान्यवाचकत्वादेव। यत्ने= व्यापारे इत्यर्थः, स्थाल्या अचेतनत्वात् तत्र यत्नस्यासम्भवात् 'व्यापार' एवार्थोऽत्र

बोध्य इति व्याख्यातारः। एवञ्च कृञ्धातोर्यत्नमात्रार्थकत्वे नैयायिकादीनां दुराग्रहो भाष्यादिविरुद्ध इति बोध्यम्।

इष्-धात्वर्थ

इष् (इच्छति) धातु का अर्थ है—इच्छानुकूल ज्ञान। अतीत एवम् अनागत (भूत एवं भविष्यत् पदार्थ) भी बुद्धि में उपारूढ (अर्थात् विषय) हो सकते हैं, अतः फलशाली (कर्म) हो सकते हैं। (ज्ञान के विषय बन सकते हैं। अतः कोई अनुपपत्ति नहीं है।)

पत्-धात्वर्थ

गम् धातु के समान पत धातु सकर्मक है क्योंकि 'नरकं पतितः' आदि प्रयोग (होते हैं)। विभागजन्य संयोगमात्र अर्थ होने पर अकर्मक है। (अतः वृक्षात् पर्णं भूमौ पतति आदि भी होता है।)

कृञ्-धात्वर्थ

उत्पत्ति का व्यधिकरण (उत्पत्ति के अधिकरण से भिन्न अधिकरण वाला), उत्पत्ति का जनक व्यापार—कृञ् धातु का अर्थ है। केवल (उत्पत्तिरूप) फल का वाचक होने पर (कृञ् धातु भी) यत् के समान अकर्मक होने लगेगी। और भी, कर्मस्थभावकत्व (केवल कर्म में रहने वाली होने) के न होने से कर्मकर्ता में (क्रियते घटः स्वयमेव आदि में) यक् आदि नहीं हो सकेगा।

विमर्श—तात्पर्य यह है कि यदि केवल यत्न अर्थ मानते हैं तो वह मानसिक सङ्कल्परूप होने से केवल चेतन पदार्थों में ही रह सकने वाला होगा अचेतन में नहीं। इस कारण कर्मस्थक्रियक न होने से 'क्रियते घटः स्वयमेव' आदि में कर्मवद्भाव नहीं होगा और यह प्रयोग नहीं हो सकेगा।

अनु०—धातुओं के अनेक अर्थ होते हैं—इस (नियम) से 'कृति' आदि शब्दों में केवल यत्न अर्थ में प्रयोग है। (यदि धातुओं के अनेक अर्थ होते हैं तो कृति=यत्न अर्थ ही मुख्य मान लिया जाय और उत्पत्त्यनुकूल व्यापार को गौण मान लिया जाय? इस प्रश्न के उत्तर में यह लिखते हैं—) अथवा यत्न और कृति शब्द भी व्यापार-सामान्य के वाचक ही हैं। इसीलिए 'स्थाली=बटलोई में स्थित यत्न के पच धातु के द्वारा कहे जाने पर 'स्थाली पचति' (बटलोई पकाती है) यह (होता है) ऐसा "कारके" (पा० सू० १।४।२३) सूत्र पर भाष्य में कहा गया है। अधिक विस्तार अनावश्यक है।

विमर्श—यदि यत्न का अर्थ केवल संकल्परूप ही होता तो चेतन में ही रहने के कारण 'स्थालीस्थे यत्ने' यह भाष्यप्रयोग उपपन्न नहीं हो सकता। अतः यत्न को भी व्यापारसामान्य का पर्याय समझना चाहिये।

यत्तु तार्किकाः—फलव्यापारौ धात्वर्थः। लकाराणां कृतावेव शक्तिर्लाघवात्; नतु कर्तरि, कृतिमतः कर्तृत्वेन तत्र शक्तौ गौरवात्। प्रथमान्तपदेनैव तल्लाभाच्च। आख्यातार्थे धात्वर्थो विशेषणम्, प्रकृत्यर्थप्रत्ययार्थयोः सहार्थत्वे प्रत्ययार्थस्यैव प्राधान्यात्; प्रथमान्तार्थे आख्यातार्थो विशेषणम्। अनुकूलत्वमाश्रयत्वञ्च संसर्गः। तथा च चैत्रः पचतीत्यादौ विक्लित्त्यनुकूलव्यापारानुकूलकृतिमांश्चैत्र इति बोधः। रथो गच्छतीत्यादौ रथस्याचेतनत्वात् यत्नशून्यत्वेन व्यापारे आश्रयत्वे वा आख्यातस्य लक्षणेत्याहुः।

तन्न। युष्मदस्मदोर्लकारेण सामानाधिकरण्याभावात् पुरुषव्यवस्थाऽनापत्तेः। पचन्तं चैत्रं पश्य, पचते देवदत्ताय देहीत्यादौ शतृशानजादीनामपि तिबादिवल्लादेशाविशेषण तेभ्यः कृतिमात्रबोधापत्तेश्च। न चेष्टापत्तिः; आश्रयाश्रयिभावेन कर्मणि सम्प्रदाने च कृतेरन्वयादिति वाच्यम्। 'नामार्थयोरभेदान्वयो व्युत्पन्न' इति व्युत्पत्तिभङ्गापत्तेः।

ननु फलमुखगौरवं न दोषायेति न्यायेन शत्रादीनां कर्तरि शक्तिः, तिबादीनां कृतावेव; इति चेत्, न। स्थान्येव वाचको लाघवात्, आदेशानां बहुत्वेन तेषां वाचकत्वे गौरवादिति हि तव मतम्। एवं च तिबादीनां शत्रादीनां च स्थानिस्मारकतया लिपिस्थानीयत्वम्, बोधकस्तु लकार एव। स च शत्राद्यन्ते कर्तरि शक्तस्तिबाद्यन्ते कथं कृतिं बोधयेत्। 'अन्यायश्चानेकार्थत्वम्' इति न्यायात्।

साम्प्रतं नैयायिकमतं निराकर्तुमनुवदति—यत्तु तार्किका इति। नव्या इति शेषः। प्राचीनास्तु केवलव्यापारमेव धात्वर्थत्वेन स्वीकुर्वन्ति। फलप्रतीतिन्तु द्वितीयादिनोपपादयन्ति। लाघवादिति। अयं भावः—कर्ता=कृतिमान्=कृत्याश्रयः, अस्मिन्नर्थे कृतिः शक्यतावच्छेदिका कर्तृभेदेन भिन्ना-भिन्ना भवतीति शक्यतावच्छेदकधर्माणामानन्त्येन उपस्थितिकृतगौरवम्। कृति-अर्थे च नानाकृतिषु अनुगतायाः एकस्याः कृतित्वजातेः शक्यतावच्छेदकत्वे उपस्थितिकृतलाघवमिति। तल्लाभात्=कृतिमतः बोधादितिभावः। एवञ्च 'अनन्यलभ्यो हि शब्दार्थः' इति न्यायेन कृतिरेवाख्यातप्रत्ययार्थः सिध्यति। आख्यातार्थं=कृतिरूपे, धात्वर्थः=फलव्यापारौ विशेषणं जनकत्वजन्यत्व-सम्बन्धाभ्यामिति शेषः। एवञ्च—अनुकूलत्व-जन्यत्वान्यतर-सम्बन्धावच्छिन्नधात्वर्थनिष्ठव्यापारत्वावच्छिन्न-प्रकारतानिरूपित-विशेष्यतासम्बन्धेन शाब्दबोधं प्रति क्रमशः कृतित्व-फलत्वान्यन्तर-धर्मविच्छिन्नविशेष्यतासम्बन्धेन लकारजन्योपस्थितिः कारणमितिकार्यकारणभावः। यत्र कर्तृप्रत्ययस्तत्र अनुकूलत्वसम्बन्धावच्छिन्ना प्रकारता कृतित्वावच्छिन्ना च विशेष्यता। यत्र कर्मप्रत्ययस्तत्र जन्यत्वसम्बन्धावच्छिन्ना प्रकारता फलत्वावच्छिन्ना च विशेष्यतेति भेदो बोध्यः। संसर्ग इति। धात्वर्थाख्यातार्थमध्ये

अनुकूलत्वम्, आख्यातार्थप्रथमान्तार्थमध्ये चाश्रयत्वं संसर्ग इति बोध्यम्। संख्याकालातिरिक्त एवाख्यातार्थो प्रथमान्तार्थे विशेषणं भवतीति ध्येयम्। अत्र च—आश्रयत्वसम्बन्धावच्छिन्न—लकारार्थ—कृति-फल-अन्यतरनिष्ठ-प्रकारतानिरूपित — विशेष्यतासंसर्गेण शब्दबोधं प्रति तिङन्तसमभिव्याहृत-प्रथमान्तसपदजन्योपस्थितिः कारणमिति कार्यकारणभावः कल्पनीयः। नन्वेवं रथो गच्छतीत्यादौ का गतिरत आह—रथ इति। तथा च—उत्तरदेशसंयोगानुकूलव्यापारवान् रथ इति बोधः। आश्रयत्वे इति। गमनानुकूलव्यापाराश्रयतावान् रथ इति बोधः। न चैवं कृतौ शक्तिः, व्यापारादौ च लक्षणा—इति गौरवमिति वाच्यम्, ईदृशगौरवस्य फलमुखत्वेनादोषत्वात्।

साम्प्रतं तार्किकमतं निराकरोति—तन्नेति। पूर्वोक्तं तार्किकमतं न समीचीनमिति भावः। सामानाधिकरण्येति। समानम् अधिकरण (द्रव्यम् अर्थः) यस्य तत्समानाधिकरणम्, समानार्थवाचकमिति यावत् तस्य भावः—सामानाधिकरण्यम्। अत्रायमाशयः—"युष्मद्युपपदे समानाधिकरणे स्थानिन्यपि" [पा० सू० १।४।१०५] इति सूत्रे युष्मदस्तिङ्सामानाधिकरण्यम्=तिङ्वाच्यकारकवाचित्वरूपं स्वीक्रियते। एवञ्च तिङ्वाच्यकारकवाचिनि युष्मदि उपपदे प्रयुज्यमानेऽप्रयुज्यमाने च मध्यमः इति सूत्रार्थः। तार्किकाणां मते लकारस्य कृतिरर्थः, कर्त्रादिनार्थः, कृतेश्च युष्मदर्थेन सामानाधिकण्याभावः, तेन तत्र मध्यमपुरुषादिव्यवस्थाऽनापत्तिरिति भावः। लादेशाविशेषेणेति। यथा लकाराणां स्थाने तिबादयो भवन्ति तेषामर्थश्च कृतिरूपो नैयायिकैः प्रतिपाद्यते तथैव "लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे" [पा०सू० ३।२।१२४] इति सूत्रेणापि लकारस्थाने एव शतृशानजादयो विधीयन्ते तेषामपि 'कृति' अर्थः स्यात्। एवञ्च 'पचन्तं चैत्रं पश्य, पचते चैत्राय देहीत्यादौ' केवलकृतेरेव बोधापत्तिः स्यात्। न चेष्टापत्तिरिति। पूर्वस्थलेषु कृतेरर्थत्वेऽपि न क्षतिः, तस्याः कृतेः आश्रयाश्रयिभावसम्बन्धेन कर्मणि चैत्रे, सम्प्रदाने देवदत्ते चान्वयो भवतीति न कापि क्षतिरिति भावः। निराकरणे हेतुमाह—नामार्थेति। अयं भावः—नामार्थयोरभेदेनैवान्वयो भवतीति व्युत्पत्तिस्वीकारः आवश्यकः। अन्यथा राजा पुरुषः, भूतलं घट इत्यादि वाक्येभ्योऽपि स्वत्वसम्बन्धेन राजविशिष्टः पुरुषः एवमेवाधेयत्वसम्बन्धेन भूतलविशिष्टो घट इति बोधापत्तिः स्यात्, न चैतादृशो बोधोऽनुभवसिद्धः; अत एतादृशबोधवारणाय प्रातिपदिकप्रयोज्यायाः अभेदातिरिक्तसम्बन्धावच्छिन्नायाः प्रत्ययनिपातान्यतरपदप्रयोज्यविशेष्यतानिरूपितत्वनियमः अङ्गीकार्यः, एतदर्थमयं कार्यकारणभावः—भेदसम्बन्धावच्छिन्ननिपातातिरिक्त-नामार्थनिष्ठप्रकारतानिरूपितविशेष्यतासम्बन्धेन शब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति विशेष्यतासम्बन्धेन विभक्तिनिपातान्यतरजन्योपस्थितिः कारणम् इति स्वीक्रियते। एतन्मूलिकेयँ व्युत्पत्तिः—नामार्थयोर्भेदेन साक्षादन्वयोऽव्युत्पन्नः।' तत्फलितमेव 'नामार्थयोरभेदान्वयो व्युत्पन्न' इति। एवञ्च पचन्तं चैत्रं पश्य, पचते चैत्राय देहीत्यादौ

चैत्रादेः विभक्तिनिपातान्यतरजन्योपस्थितिविषयता नास्ति, एवञ्च तस्मिन् चैत्रे कृतेराश्रयत्वरूपभेदसम्बन्धेनान्वयो न सम्भवति। घटो न पट इत्यादौ घटत्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकभेदस्य बोधे व्यभिचारवारणाय कारणतावच्छेदककोटौ निपातपदं देयमिति विस्तरस्तु व्युत्पत्तिवादादौ द्रष्टव्यः।

व्युत्पत्तिविरोधपरिहाराय तार्किकः शङ्कते—नन्विति। लकारादेशभूतानां शत्रादीनां कर्तरि शक्तिः, तदादेशभूतानां तिबादीनां कृतावेव शक्तिरस्तु—इति तु न वक्तुं शक्यम्, नैयायिकाः लाघवं दृष्ट्वा स्थानिनां लकाराणामेव वाचकत्वं प्रतिपादयन्ति—एवञ्च यथा लिपिभिन्ना भिन्नापि समानमेव शब्दं स्मारयति तथैव तिबादयः शत्रादयश्च लकारं स्मारयन्ति। एवं लकार एव बोधको भवति। स च लकारः 'कर्तरि कृत्' [पा०सू० ३।४।६७] इति सूत्रेण कर्तरि अर्थे प्रथमं शक्तः, स एव लकारे तिबादिप्रत्ययान्ते कृतिरूपमन्यमर्थं बोधयितुं न समर्थः—एकस्य शब्दस्यानेकार्थता नोचिता' इति न्यायविरोधात्। एवञ्च तिङन्तस्थले कृतेर्बोधोऽसम्भव इति निष्कर्षः।

नव्यनैयायिकों का धात्वर्थ-विषयक मत

नव्यनैयायिक यह जो कहते हैं—फल एवं व्यापार धातु के अर्थ हैं। लाघव के कारण लकारों की कृति=यत्न अर्थ में ही शक्ति [होती है], न कि कृतिमान्=कर्ता में, क्योंकि कृतिमान् के कर्ता होने के कारण उस (कर्ता) में शक्ति मानने में गौरव (होता है)। और प्रथमा विभक्त्यन्त पद से ही उस [कृतिमान्] का बोध हो [जाता है]।

विमर्श—नैयायिकों का आशय यह है कि कर्ता=कृतिमान् को शक्य [अर्थ] मानने पर कृति शक्यतावच्छेदिका होती है जो प्रत्येक कर्ता में अलग-अलग होती है। शक्यतावच्छेदक धर्म अनन्त हो जाने के कारण गौरव है किन्तु जब कृति अर्थ मानते हैं तो कृतित्वशक्यतावच्छेदक होता है जो जातिरूप होने से एक है। अतः लाघव है।

६. नागेश का यह कहना है—'कृति से साध्य है' यह ज्ञान तो लोक से ही हो जाता है, अन्यलभ्य है। अतः लिङ् का अर्थ नहीं मानना चाहिये। बलवान् अनिष्ट का अजनक—यह भी अर्थ नहीं है क्योंकि यह प्रतीति तो द्वेषाभाव से ही सम्भव है। अनिष्ट-जनक के प्रति द्वेष होना और अजनक के प्रति द्वेष का न होना देखा जाता है। अतः यह भी लिङ् का अर्थ नहीं मानना चाहिये। केवल इष्टसाधनत्व अर्थ ही मानना उचित है। वास्तव में यह भी नागेश का अपना सिद्धान्त नहीं है। वे तो प्रवर्तना को ही लिङ् का अर्थ मानते हैं। यहां का विवेचन वैयाकरणभूषण से प्रभावित है।

लुङादेशस्य तु भूतसामान्यमर्थः। भूतत्वं च—वर्तमानध्वंसप्रतियोगिक्रियोपलक्षितत्वम्।

लृङादेशस्य तु क्रियातिपत्तौ गम्यमानायां हेतुहेतुमद्भावे च गम्यमाने भूतत्वं भविष्यत्त्वञ्चार्थः। आपादना तु गम्यमाना। भूते—एधश्चेदलप्स्यत ओदनमपक्ष्यत्। भविष्यति — सुवृष्टिचेदभविष्यत्सुभिक्षमभविष्यदिति सङ्क्षेपः।

अथ नैयायिकानां मते सङ्क्षेपाल्लकाराणामर्थो निरूप्यते। तत्र लडादिलृङन्ता दश लकाराः। तत्र लकारस्य कर्ता, कालः सङ्ख्या चेति त्रयोऽर्थाः। तत्र कर्तेति पातञ्जलाः। 'लः कर्म्मणि च' (पा० सू० ३।४।६९) इति सूत्रे चकारेण कर्तुः परामर्शात्। कर्तृस्थाने व्यापार इति भाट्टाः। यत्न इति नैयायिकाः। युक्तं चैतत्। व्यापारताद्यपेक्षया लाघवेन यत्नत्वस्यैव शक्यतावच्छेदकत्वात्। शक्यतावच्छेदकञ्च लकारसाधारणं लत्वमेव, भवतीत्यादौ चादेशेनादेशिनो लस्यैव स्मरणादन्वयधीः। आदेशेषु बहुषु शक्तिकल्पने गौरवात्। तदस्मरणे च शक्तिभ्रमादेवान्वयधीः। 'चैत्रो गन्ता, गतो ग्रामः' इत्यादौ सामानाधिकरण्यानुरोधेन यथायथं कर्तृकर्मणी लृट्लाच्ये। नचैवं 'लटः शतृशानचौ' (पा० सू० ३।२।१२४) इत्यनेन शतृशानचोरादेशत्वात्कथं कर्त्तरि शक्तिः; आदेशिशक्त्या निर्वाह एवादेशशक्त्यकल्पनात्। चैत्रः पचन्नित्यादौ सामानाधिकरण्यानुरोधादादेशिशक्त्याऽनिर्वाहादत्रादेशेऽपि शक्तिः।

आपादनेति। आपादना=तर्कः, स च मानसत्वव्याप्यो जातिविशेषः। व्याप्यारोपेण व्यापकारोपस्तर्क इति केचित्। यथा यदि पर्वते वह्न्यभावः स्यात् तर्हि धूमाभावोऽपि स्यात्। आरोपश्च आहार्यज्ञानस्वरूपमुक्तम्। प्रकृते एधोलाभाभावश्चेत् ओदनपाकाभावः स्यादित्येवंरूपः। सूत्रे अतिपत्तिः=अनिष्पत्तिः, तया च आपादनायाः लाभ इति।

ननु लकारस्यैक्याद्दशत्वमनुपपन्नमिति चेन्न, अनुबन्धभेदेन दशत्वव्यवहारादित्याशयेनाह—दशलकारा इति। तत्र=अर्थत्रये इत्यर्थः। पातञ्जलाः=भाष्यकारपतञ्जल्यनुयायिनो वैयाकरणाः। परामर्शादिति। 'कर्तरि कृत्' [पा० सू० ३।४।६७] इति सूत्रादनुवर्तमानस्य कर्तुरिति भावः। भाट्टाः=मीमांसकैकदेशिनः। यत्न इत्यस्य कर्तृस्थाने इति भावः। वैयाकरणा आख्यातस्य कर्त्रर्थकत्वं स्वीकुर्वन्ति, भट्टानुयायिनो मीमांसकास्तस्य व्यापारार्थकत्वं नैयायिकाश्च यत्नार्थकत्वमूरीकुर्वन्तीति निष्कर्षः। लाघवेनेति। व्यापारत्वं नाम तज्जन्यत्वसमानाधिकरणतज्जन्यजनकत्वरूपम्। एतदपेक्षया कृतित्वरूपजातेर्लाघवात् तत्रैव शक्तिर्न तु व्यापारे। कृतिश्च यत्नः। कृतौ शक्तौ व्यवस्थापितायां तिप्त्वादिकं न शक्तावच्छेदकम्, गौरवात्, किन्तु सर्वलकारसाधारणं लत्वमेव, तच्च जातिरूपमित्याशयेनाह—शक्तावच्छेदकञ्चेति। ननु लत्वस्य शक्तावच्छेदकत्वे 'भवती'त्यादितः कृत्यादेर्बोधो न स्यात् तिबादेस्तत्र शक्त्यग्रहादित्यत आह—भवतीति। आदेशिनः=स्थानिनः। अन्वयधीः=शाब्दबोध इति भावः। नैयायिकाः स्थानिभूतलकारेष्वेव शक्तिं स्वीकुर्वन्ति, आदेशेषु च तां स्मृत्वार्थबोधमुपपादयन्तीति बोध्यम्। तदस्मरणे=तस्य स्थानिनो लकारस्य स्मरणाभावे च। सामानाधिकरण्यानुरोधेन=समानार्थकत्वानुरोधेन। कथमिति। नैयायिकैः स्थानिष्वेव शक्तिस्वीकारादिति भावः। आदेशिशक्त्या=स्थानिशक्त्येत्यर्थः। अत्र=शत्रादौ।

अनु०—लुङ् के आदेश [तिङ्] का तो भूतसामान्य अर्थ है। और भूतत्व-वर्तमानध्वंस की प्रतियोगिनी क्रिया से उपलक्षित [क्रिया का आश्रय काल] होना है।

लृङ् के आदेश [तिङ्] का तो—क्रिया की अतिपत्ति=असिद्धि गम्यमान होने पर और हेतुहेतुमद्भाव=कार्यकारणभाव गम्यमान होने पर—भूतत्व तथा भविष्यत्त्व [भूतकाल और भविष्यत्काल] अर्थ है। आपादना=तर्क तो गम्यमान रहती है। भूतकाल में जैसे—'लकड़ी यदि मिली होती तो चावल पका होता।' [लकड़ी न मिलना कारण है, चावल न पकना कार्य। अतः कार्यकारणभाव और क्रिया की असिद्धि गम्यमान है। लृङ् होता है।] भविष्यत् [काल]—में सुवृष्टि यदि हो जाती तो सुभिक्ष हो जाता। [यहां भविष्यत्कालिक सुवृष्टि के अभाव से भविष्यत्कालिक सुभिक्ष का अभाव प्रतीत हो रहा है। कारण के अभाव से कार्य की असिद्धि गम्य है] यह सङ्क्षेप है।

नैयायिकों का लकारार्थ-सम्बन्धी मत

अब नैयायिकों के मत में सङ्क्षेप से लकारों के अर्थ का निरूपण किया जा रहा है। यहां लट् से लेकर लृङ् तक दश लकार हैं। उनमें लकार के कर्ता, काल और संख्या—ये तीन अर्थ हैं। इन [तीनों] में 'कर्ता' यह पतञ्जलि के अनुयायी [वैयाकरण मानते हैं]। क्योंकि "लः कर्मणि' [पा० सू० ३।४।६९] इस सूत्र में चकार द्वारा कर्ता का परामर्श

[बोध] होता है। [अर्थात् "कर्तरि कृत्" [पा० सू० ३।४।६७] सूत्र में उपात्त कर्तृ का चकार से बोध होता है, अनुवृत्ति होती है।] कर्ता के स्थान पर व्यापार [भावना] अर्थ है—यह भाट्ट [मीमांसक मानते हैं]। और [कर्ता के स्थान पर] यत्न=कृति [लकार का अर्थ है]—ऐसा नैयायिक [मानते है] और यह [नैयायिकमत] ठीक भी है क्योंकि व्यापारत्व [और कर्तृत्व] आदि की अपेक्षा लघुभूत होने के कारण यत्न=कृतित्व ही शक्यता का अवच्छेदक [होता है]। और शक्तता का अवच्छेदक सभी लकारों में रहनेवाला लत्व [धर्म] ही है; भवति आदि में आदेशभूत तिप् आदि के द्वारा [स्थानिभूत] लकार के स्मरण होने से ही अन्वय का ज्ञान अर्थात् शाब्दबोध होता है।] क्योंकि बहुत से आदेशों [तिङ्] में शक्ति मानने में गौरव [होता है]। उस लकार का स्मरण न होने पर [उसके] शक्तिभ्रम से ही अन्वयबोध=शाब्दबोध होता है।

विमर्श—शक्य अर्थ में रहने वाला असाधारण धर्म जो केवल शक्य में ही रहता है, शक्यतावच्छेदक कहा जाता है। जैसे घट शब्द का शक्य अर्थ है मिट्टी का पात्र-विशेष घड़ा, उसमें रहनेवाला घटत्व धर्म शक्यतावच्छेदक होता है। शक्त का असाधारण धर्म अर्थात् केवल उसी में रहनेवाला धर्म जो कि आनुपूर्वीरूप ही होता है, शक्तावच्छेदक कहा जाता है। जैसे घट में घकारोत्तर-अकारोत्तर-टकारोत्तर अत्वरूप आनुपूर्वी शक्तता की अवच्छेदक है। प्रस्तुत स्थल में 'लत्व' ही शक्तावच्छेदक है, ल ही शक्त=शक्तिविशिष्ट है। यही मानने में लाघव है। बहुत से आदेशों=तिङ् में शक्ति मानने में गौरव होता है।

अनु०—चैत्रो गन्ता [जानेवाला चैत्र] 'गतः ग्रामः [जाया गया ग्राम] इत्यादि में [चैत्रः और गन्ता=जानेवाला इन दोनों के तथा ग्रामः और गतः=जाया हुआ—इन दोनों के] सामानाधिकरण्य [अभेदान्वय=समानार्थवाचक होने] के अनुरोध से क्रमशः कर्ता और कर्म वाच्य हैं [अर्थात् गन्ता यहां कृत् प्रत्यय तृच् कर्ता का और गतः में क्त प्रत्यय कर्म का वाचक है, कर्ता और कर्म वाच्य हैं।] ऐसा [अर्थात् स्थानी लकार को कर्ता आदि का वाचक] मानने पर "लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे" [पा० सू० ३।२।१२४] इस सूत्र द्वारा [लट् के स्थान पर] आदेश होने के कारण शतृ और शानच् की कर्ता अर्थ में शक्ति कैसे [हो सकती है]? ऐसा नहीं [कहना चाहिये], क्योंकि आदेशी=स्थानी की शक्ति से निर्वाह होने पर ही आदेश में शक्ति की कल्पना नहीं [की जाती है, किन्तु] चैत्रः पचन् [पकाता हुआ चैत्र, पाक-कर्ता चैत्र] इत्यादि में सामानाधिकरण्य [अभेदान्वय] के अनुरोध से, आदेशी=स्थानी की शक्ति से निर्वाह न होने के कारण, यहां [शतृ और शानच्] आदेश में भी शक्ति [मानी जाती है]।

इयांस्तु विशेषः—लत्वेन यत्ने शक्तिः, आत्मनेपदत्वेन फले। 'मैत्रेण गम्यते ग्रामः' इत्यादौ मैत्रवृत्तिकृतिजन्यगमनजन्यफलशाली ग्राम इत्यन्वबोधात्। कृतिश्चात्र तृतीयार्थः। जन्यत्वं सर्गः। मैत्रः कृतौ विशेषणम्, सा च गमने, तच्च फले, तच्च ग्रामे।

'ग्रामं गच्छति मैत्र' इत्यत्र तु ग्रामवृत्तिफलजनकगमनानुकूलकृतिमान्मैत्र इति बोधः। फलं च द्वितीयार्थः। जनकत्वं संसर्गः। ग्रामश्चात्र फले विशेषणम्, तद् गमने, तच्च कृतौ, सा मैत्रे इति विशेष्यविशेषणभावभेदेनैव कर्मकर्तृस्थलीयबोधयोर्विशेषः। तावन्तः पदार्थास्तूभयत्रैव तुल्याः। मैत्रेण ज्ञायते, इष्यते, क्रियते घट इत्यादौ तु वृत्तिस्तृतीयाया, विषयता त्वाख्यातस्यार्थः। मैत्रवृत्तिज्ञानविषयो घट इति बोधः। घटं जानाति मैत्र इत्यादौ तु विषयता द्वितीयायाः, आश्रयत्वं चाख्यातस्यार्थः। घटविषयकज्ञानाश्रयो मैत्र इति बोधः।

नैयायिकमते विशेषतां दर्शयति—इयानिति। आत्मनेपदप्रत्ययस्थले लत्वेन यत्नस्य बोधः, आत्मनेपदत्वेन फलस्य बोधः। गमनजन्येति। अत्र गमनपदेन संयोगाख्यफलजनको व्यापारो विवक्षितः, फलपदेन च संयोगरूपं फलमिति बोध्यम्। विशेष्यविशेषणभावेति। अयं भावः—नैयायिकमते प्रथमान्तार्थमुख्यविशेष्यकशाब्दबोधो भवति। एतदनुसारमेव विशेष्यविशेषणभावः कल्प्यते। तेन कर्तृप्रत्ययस्थले कर्मप्रत्ययस्थले च विशेष्यविशेषणभावस्य वैपरीत्यं दृश्यते।

इतना तो अन्तर है—लत्वरूप से [लत्वावच्छिन्नलकार की] यत्न=कृति अर्थ में शक्ति है [और] आत्मनेपदत्वरूप से [आत्मनेपदत्वावच्छिन्न तङ् की] फल (अर्थ) में शक्ति है। क्योंकि मैत्रेण गम्यते ग्रामः (मैत्र द्वारा गांव जाया जाता है) इत्यादि में मैत्र में रहनेवाली कृति=यत्न से जन्य गमनरूप व्यापार से जन्य संयोगरूपफल का आश्रय ग्राम—ऐसा (प्रथमान्तार्थमुख्यविशेष्यक) अन्वयबोध=शाब्दबोध होता है। यहां तृतीया का अर्थ 'कृति' है। जन्यत्व संसर्ग (आकाङ्क्षा से भासित होने वाला) है। मैत्र (तृतीयार्थ) कृति में विशेषण (होता) है, कृति=यत्न गमन (रूपी व्यापार) में (विशेषण है) वह गमनरूपी व्यापार [संयोगरूपी] फल में (विशेषण है), वह (संयोगरूपी फल) ग्राम (प्रथमान्तार्थ) में (विशेषण है)।

ग्रामं गच्छति मैत्रः (मैत्र गांव जाता है)—इत्यादि में गांव में रहने वाले (संयोग रूप) फल के जनक गमन [रूप व्यापार] की जनक कृति=यत्नवाला मैत्र—यह [प्रथमान्तार्थ-मुख्यविशेष्यक] बोध [होता है]। और [यहां] फल द्वितीया का अर्थ है। जनकत्व संसर्ग [आकाङ्क्षा से भास्य] है। गांव यहां [संयोगरूप] फल में विशेषण है, वह [संयोगरूप फल] [गमनरूप] व्यापार में, वह [गमनरूप व्यापार] कृति=यत्न में, वह कृति मैत्र में [विशेषण होती है]—इस प्रकार

विशेष्यविशेषणभाव के भेद [वैपरीत्यादि] से ही कर्मवाच्य एवं कर्तृवाच्य-स्थलीय बोध में अन्तर होता है। [अर्थात् कर्तृप्रत्ययस्थल में कर्ता प्रधान होता है अन्य सभी उसी में विशेषणतया अन्वित होते हैं और कर्मप्रत्ययस्थल में कर्म प्रधान होता है, उसी में सभी विशेषणतया अन्वित होते हैं] उतने [पूर्वोक्त] पदार्थ तो दोनों ही स्थलों पर समान रूप से ही रहते हैं। 'मैत्र द्वारा घट जाना जाता है, चाहा जाता है, बनाया जाता है' [मैत्रेण घटः ज्ञायते, इष्यते, क्रियते]–इत्यादि में तो तृतीया का अर्थ वृत्ति है, आख्यात प्रत्यय [लट्] का अर्थ विषयता है [क्योंकि ज्ञान, इच्छा एवं कृति अर्थ वाली धातु के योग में कर्म प्रत्यय का अर्थ विषयता है] 'मैत्र में रहने वाले ज्ञान का विषय घट, [मैत्र में रहने वाली इच्छा का विषय घट और मैत्र में रहने वाली कृति का विषय घट] यह बोध [होता है]। मैत्र घट को जानता है [मैत्रः घटं जानाति] –इत्यादि में तो द्वितीया का अर्थ विषयता और आख्यात=लकार का अर्थ आश्रयत्व है। घट-विषयक-ज्ञान का आश्रय मैत्र—यह बोध [होता है]।

कालश्चातीतवर्त्तमानानागतात्मा यथायथं लडादेरर्थः। लटो भवतीत्यादौ वर्त्तमानत्वं, लङ्लुङ्लिटाम् अभवत् अभूत् बभूवेत्यादौ भूतकालः, लुड्लृटोर्भविता भविष्यतोत्यादौ भविष्यत्कालः। लिङ्लोड्लेटां भवेत्, भवतु 'आग्नेयोष्टाकपालो भवतो'त्यादौ विधिः। संख्या च केवलार्थः।

लेटस्तु छन्दस्येव प्रयोगः। तत्र दीर्घत्वमपि विकल्पेन, भवति, भवातीति दर्शनात्। तत्र व्यापारादिबोधकेन लटा वर्त्तमानत्वं व्यापारादावेव बोध्यते। पचतीत्यादितो वर्त्तमानपाकानुकूलव्यापारवानिति बोधात्। एवमन्यत्रापि।

व्यापारबोधकाख्यातजन्यवर्त्तमानत्वप्रकारकबोधे आख्यातजन्यव्यापारोपस्थितेर्हेतुत्वकल्पनान्नातिप्रसङ्गः।

व्यापारबोधकज्ञाधात्वादिसमभिव्याहृताख्यातजन्यवर्त्तमानत्वप्रकारकबोधे तु तादृशधातुजन्योपस्थितिर्हेतुः। कार्यतानिरूपितावच्छेदिका च प्रत्यासत्त्या विषयतैवेति नातिप्रसङ्गः। जानाति, इच्छति, यतते इत्यादौ वर्त्तमानत्वाश्रयज्ञानाश्रयत्वादिबोधस्यवानुभविकत्वात्।

तत्र लटा शक्त्या वर्त्तमानत्वं लक्षणयाऽऽश्रयत्वं बोध्यत इति विशेषः। लटा स्वाधिकरणकालोपाधिस्पन्द एव वर्त्तमानः प्रत्याय्यते। वर्त्तमानसामीप्ये विहितेन तु स्वानधिकरणसमीपवर्त्ती तादृशकालः। तत्रापि शक्तिर्लक्षणा वेत्यन्यदेतत्।

नैयायिकमतानुसारं लडादीनामर्थानां त्रैविध्यं प्रदर्शयति—व्यापारादावेव=लडर्थे यत्न एवेत्यर्थः। यत्नव्यापारयोः पर्यायत्वमतेनेदम्। एवमन्यत्रापि=लङ्भिन्न-

लकारस्थलेऽपि कालस्याख्यातार्थ-कृतावेवान्वय इति भावः। तादृशेति। व्यापारा-बोधकज्ञादि-धातुजन्योपस्थितिः हेतुरिति भावः। नातिप्रसङ्ग इति। जानातीत्यादौ ज्ञानमात्रं धात्वर्थः। एकस्मिन् ज्ञानरूपे पदार्थे एव फलत्वं व्यापारत्वं चारोप्य विषयतारूपफलतावच्छेदकसम्बन्धेन ज्ञानरूपफलाश्रयत्वात् घटादेः कर्मत्वं सिध्यति। सम-वायरूपव्यापारतावच्छेदकसम्बन्धेन व्यापाराश्रयत्वात् चैत्रादेः कर्तृत्वमिति गौणकर्मत्वं सविषयार्थकधातूनाम्। ज्ञानानुकूलकृतेर्बाधात् आख्यातस्य न कृतौ शक्तिः किन्तु आश्रये लक्षणा। धात्वर्थज्ञाने च वर्तमानकालस्यान्वयः। विषयतासम्बन्ध एव कार्यता-कारणतावच्छेदकत्वेन स्वीक्रियते तेन कालिकादिसम्बन्धेन नातिव्याप्तिरिति भावः। जानातीति। वर्तमानकालिकज्ञानाश्रयत्ववान् चैत्र इत्यादिबोधः। एवमेवेच्छायत्ना-देरपि आश्रयत्वविशिष्टबोधः। स्वाधिकरणेति। स्वस्य=लट्प्रयोगस्य अधिकरणं कालः स उपाधिः विशेषणं यस्य स्पन्दस्य=क्रियायाः स एव वर्तमान इत्यर्थः। वर्तमान-सामीप्ये इति। "वर्तमानसमीपे वर्तमानवद् वा" (पा० सू० ३।३।१३१) इति सूत्रेण विहितेनेत्यर्थः। स्वानधिकरणेति। स्वस्य=लट्प्रयोगस्य अनधिकरणं यः कालः, तत्समोपवर्ती=भूतभविष्यद्रूपः कालः प्रत्याय्यते इति भावः। तत्रापि=तादृशार्थे-पीति भावः। विस्तरस्तु भूषणसारस्य प्रभाटीकायां लकारार्थनिर्णये द्रष्टव्य।

और अतीत, वर्तमान तथा अनागत [भविष्यद्] रूपी काल क्रमशः [यथायोग्य] लट् आदि [लकारों] का अर्थ है। भवति—इत्यादि में लट् का वर्तमानकाल, अभवत् अभूत् बभूव—इत्यादि में लङ् लुङ् लिट् का भूतकाल, भविता भविष्यति इत्यादि में लुट् लृट् का भविष्यत्काल [अर्थ होता है]। भवेत्, भवतु 'आग्नेयोऽष्टाकपालो भवति—इत्यादि में—लिङ्, लोट्, लेट्—का विधि अर्थ है। और [कारकादिरहित] केवल संख्या [भी लकारों का] अर्थ है।

लेट् का प्रयोग तो केवल वेद में ही होता है। वहां दीर्घ भी विकल्प से होता है क्योंकि भवति तथा भवाति—इत्यादि प्रयोग देखा जाता है। उसमें व्यापारादि के बोधक लट् के द्वारा व्यापारादि में ही वर्तमानकाल का बोध कराया जाता है। क्योंकि 'पचति' इत्यादि से वर्तमानपाकानुकूल [कृति=] व्यापारवान्—ऐसा बोध [होता है]। इसी प्रकार अन्य स्थलों पर भी समझना चाहिये। व्यापार के बोधक आख्यात [लकार] से जन्य वर्तमानत्वप्रकारक बोध में आख्यात [=लकार] से जन्य व्यापार की उपस्थिति की हेतुता की कल्पना के कारण अतिप्रसङ्ग नहीं होता है। [भाव यह है कि धात्वर्थ व्यापार में वर्तमानत्व का अन्वय न होने लगे इसकेलिये यह कार्यकारण-भाव मान लेना चाहिये—व्यापार के बोधक आख्यात=लकार से जन्य वर्तमानत्व-प्रकारक बोध के प्रति आख्यात=लकार से जन्य व्यापार की उपस्थिति हेतु होती है। अतः धातु से जन्य व्यापारोपस्थिति में अतिव्याप्ति नहीं होती है।] व्यापार के अबोधक

ज्ञा आदि धातुओं से समभिव्याहृत आख्यात=लकार से जन्य वर्तमानत्वप्रकारक [वर्तमानकाल है विशेषण जिसमें उस] बोध में तो वैसी धातु [अर्थात् व्यापार के अबोधक धातु] से जन्य उपस्थिति कारण होती है। कार्यतावच्छेदक एवं कारणतावच्छेदक सम्बन्ध, उपस्थित होने के कारण, विषयता [विशेष्यता] ही है। इसलिए अतिव्याप्ति नहीं है। क्योंकि—जानाति, इच्छति, यतते आदि में वर्तमानत्व के आश्रयत्व [आश्रय होना] और ज्ञानाश्रयत्व आदि का बोध ही अनुभवसिद्ध है।

विमर्श—अपने उत्पत्तिस्थल में जिस सम्बन्ध से कार्य रहता है वह सम्बन्ध कार्यतावच्छेदक होता है। और कारण जिस सम्बन्ध से कार्य के साथ रहता है वह सम्बन्ध कारणतावच्छेदक होता है। प्रस्तुत स्थल में 'वर्तमानत्व'—प्रकारक बोध रूप कार्य है वह विशेष्यता-नामक विषयता सम्बन्ध से अपने उत्पत्तिस्थल व्यापार रूप विषय में रहता है। और धातुजन्य बोध कारण है, वह विशेष्यताख्यविषयता सम्बन्ध से कार्य के साथ व्यापार में रहता है। इस प्रकार विशेष्यताख्य विषयता सम्बन्ध ही कार्यतावच्छेदक एवं कारणतावच्छेदक दोनों है। अवच्छेदक सम्बन्ध का निवेश कर देने के कारण 'घट' आदि में वैसे बोध की अतिव्याप्ति नहीं होती है क्योंकि कालिकादि सम्बन्ध यहां कारणतावच्छेदक आदि नहीं है।

अनु०—उन [पूर्वोक्त स्थलों] में लट् द्वारा शक्ति से वर्तमानत्व का और लक्षणा से आश्रयत्व का बोध कराया जाता है, यह अन्तर है। [अर्थात् लट् ही दोनों का बोधक है।] लट् द्वारा स्व=लट् के उच्चारण के अधिकरण कालरूप उपाधिवाला स्पन्द=व्यापार ही वर्तमान बोधित कराया जाता है। वर्तमानकाल के समीप अर्थ में विहित लट् द्वारा तो स्व=लट् के उच्चारण के अनधिकरण का समीपवर्ती वैसा [भूत या भविष्यत्] काल [बोधित कराया जाता है]। इसमें भी शक्ति अथवा लक्षणा है—यह पृथक् विषय है। [अर्थात् किसी को मानने का आग्रह नहीं है।]

नन्वेकपदोपस्थितयोः कृतिवर्तमानत्वयोः कथं मिथोऽन्वयः; तत्पदजन्यशाब्दबोधे पदान्तरजन्योपस्थितेर्हेतुत्वात्। कार्यतावच्छेदिका च प्रत्यासत्तिः प्रकारता। कारणतावच्छेदिका च विशेष्यतेति। अन्यथा हरिपदार्थयोः, दण्डेनेत्यादौ च करणत्वैकत्वयोर्मिथोऽन्वयापत्तेः; मैवम्। तत्तत्पदान्यत्वस्योक्तव्युत्पत्तौ प्रवेशात्। कथमन्यथैवकारार्थयोरन्ययोगव्यवच्छेदयोर्मिथोऽन्वयः।

घटो नश्यतीत्यादौ वर्त्तमानोत्पत्तिकत्वं प्रतियोगित्वं च लडर्थः। आद्यं नाशे प्रकारः द्वितीयं घटे प्रकारः। वर्त्तमानोत्पत्तिकनाशप्रतियोगी घट इति बोधस्यानुभविकत्वात्। अत्र च वृत्तिद्वयस्य युगपद्बोधकत्वं सर्वैरेषितव्यम्। तादृशोत्पत्तिकत्वप्रतियोगित्वयोरर्थयोर्युगपदेव बोधात्। न च तादृशोत्पत्ति-

कत्वमेवार्थोऽस्तु। धात्वर्थस्य नाशस्य घटे प्रातिपदिकार्थे साक्षादन्वयासम्भवात्। न च प्रतियोगित्वमेवार्थोऽस्त्विति वाच्यम्, चिरनष्टेऽपि नश्यतीति प्रसङ्गात्।

एतेनात्र वर्तमानत्वमेवार्थो नोत्पत्तिरित्यपास्तम्।

कृतिवर्तमानत्वयोरन्वयमुपपादयितुमाह—नन्विति। एकपदोपस्थितयोरिति। आख्यातप्रत्ययरूपेण एकेन पदेन उपस्थितयोरित्यर्थः। शक्तं पदमितिरीत्या प्रत्ययस्यापि पदत्वं बोध्यम्। तत्पदजन्येति। अयं भावः—तत्पदार्थनिष्ठविशेष्यतानिरूपित—प्रकारतासम्बन्धेन शाब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति विशेष्यतासम्बन्धेन पदान्तरजन्योपस्थितिः कारणमिति नियमत्वेन एकेनैव आख्यातेन उपस्थितस्य कृतित्वस्य वर्तमानत्वस्य च परस्परमन्वयो न सम्भवति। कार्यतावच्छेदिका च प्रत्यासत्तिः=सम्बन्धः प्रकारतारूपः, कारणतावच्छेदिका च प्रत्यासत्तिः=सम्बन्धः विशेष्यतारूपः। एवञ्चोभयकोटौ प्रकारताविशेष्यतयोरेव बोधात् प्रकृतेऽनुपपत्तिरिति शङ्काशयः। अन्यथा=उक्तरीत्यस्वीकारे। एकपदोपस्थितयोरपि पदार्थयोरन्वयस्वीकारे च। हरिपदार्थयोः=अश्वेन्द्रयोः आधाराधेयभावेनान्वयापत्तिः, दण्डेनेत्यत्र टा—प्रत्ययेनोपस्थितयोरेकत्वकरणत्वयोश्चान्वयापत्तिरिति भावः। समाधत्ते—मैवमिति। अयं भावः—यत्र यत्र एकपदोपस्थितयोः परस्परमन्वयोऽभीष्टस्तत्र तत्र तत्तत्पदान्यत्वविशिष्ट—पदान्तरजन्योपस्थितिः कारणमिति स्वीकार्यम्। प्रकृते च आख्यातपदभिन्न-पदजन्योपस्थितिर्नास्ति अपि तु आख्यातपदजन्यैवास्ति तेन परस्परान्वयबोधे न कापि क्षतिरित्यन्यत्र विस्तरः। कथमन्यथा=उक्तव्युत्पत्तौ तथाविधसङ्कोचास्वीकारे।

लडर्थ इति। वर्तमानत्वे शक्तिः, प्रतियोगित्वे च लटः लक्षणेति भावः। वृत्तिद्वयस्य =शक्तिलक्षणारूपस्य। एषितव्यमिति। गङ्गायां मीनघोषौ स्त इत्यादौ एककालावच्छेदेनैव जलप्रवाहरूपशक्यार्थस्य तटरूपलक्ष्यार्थस्य च बोधोपपत्तये तस्य विरोधस्यासार्वत्रिकत्वादिति भावः। असम्भवादिति। निपातिरिक्तनामार्थयोः भेदसम्बन्धेन साक्षादन्वयोऽव्युत्पन्न इति व्युत्पत्तेरिति भावः। एतेनेति। ध्वंसस्य नित्यत्वात् वर्तमानकालेऽपि सत्त्वेन चिरनष्टेऽपि नश्यतीति प्रयोगप्रसङ्गेनेत्यर्थः। अपास्तमिति। चिरनष्टेऽपि ध्वंसस्य वर्तमानत्वात् नश्यतीति प्रयोगापत्तेरिति भावः।

एक [आख्यात] पद से उपस्थित=बोधित कृति एवं वर्तमानत्व का परस्पर अन्वय कैसे होगा? [अर्थात् लट् से ही वर्तमान व्यापार और यत्न=कृति दोनों का बोध होता है इसलिए वर्तमानव्यापारानुकूलकृतिमान् यह बोध अभीष्ट है परन्तु हो नहीं सकता]। क्योंकि एक पद से जन्य शाब्दबोध में अन्य पद से जन्य उपस्थिति कारण होती है। यहां कार्यतावच्छेदक सम्बन्ध प्रकारता [विशेषणता] है और कारणतावच्छेदक सम्बन्ध विशे-

ष्यता है। अन्यथा [उक्त कार्यकारणभाव न मानने पर] हरि पद के [अश्व और इन्द्र] अर्थों में [आधाराधेयभाव से] और 'दण्डेन' इत्यादि में करणत्व और एकत्व का परस्पर अन्वय होने लगेगा? ऐसा मत [कहो], क्योंकि उक्त कार्यकारणभाव में लकार तथा एव आदि उन उन पदों से भिन्नत्व का निवेश [करने से दोष नहीं है अर्थात् एव तथा लट् आदि अभीष्ट शब्दों से भिन्न किसी पद के अर्थ में वृत्ति विशेष्यता से निरूपित दूसरे पद के अर्थ में वृत्ति प्रकारता सम्बन्ध से शाब्दबोध के प्रति पदान्तर-जन्य उपस्थिति विशेष्यतासम्बन्धेन कारण होती है। यहां लकार से ही जन्य उपस्थिति है। अतः अन्वय की अनुपपत्ति दोष नहीं आता है]; अन्यथा [उक्त तत्तत्पदान्यत्व का निवेश न स्वीकार करने पर एव के अर्थ—अन्ययोग एवं व्यवच्छेद में परस्पर अन्वय कैसे होगा।

घटो नश्यति [घड़ा नष्ट होता है] इत्यादि में वर्तमान उत्पत्तिवाला होना और प्रतियोगी होना—लट् का अर्थ है। [प्रथम अर्थ में शक्ति है और द्वितीय में लक्षणा है] प्रथम अर्थ [धात्वर्थ] नाश में प्रकार है और द्वितीय अर्थ घट में प्रकार है, क्योंकि—वर्तमान उत्पत्ति वाले नाश का प्रतियोगी [जिसका नाश होता है ऐसा] घट—यह बोध अनुभवसिद्ध है। यहां (शक्ति एवं लक्षणा इन) दो वृत्तियों का एक साथ बोधक होना सभी को इष्ट होना चाहिये, क्योंकि वैसा अर्थात् वर्तमान उत्पत्तिकत्व एवं प्रतियोगित्व इन दोनों अर्थों का एक साथ ही बोध होता है। केवल वर्तमानोत्पत्तिकत्व ही (लट् का) अर्थ हो (धात्वर्थ नाश का प्रतियोगित्व सम्बन्ध से आकाङ्क्षया प्रातिपदिकार्थ में अन्वय हो जायेगा)-ऐसा नहीं (कहा जा सकता) क्योंकि धात्वर्थ नाश का प्रातिपदिकार्थ घट में साक्षात् अन्वय सम्भव नहीं है [क्योंकि यह व्युत्पत्ति है—'नामार्थधात्वर्थयोर्भेदेन साक्षादन्वयोऽव्युत्पन्नः'। केवल प्रतियोगिकत्व ही अर्थ हो—ऐसा भी नहीं कहना चाहिये, क्योंकि बहुत पहले नष्ट हो चुके घट के विषय में भी (अर्थात् भूतकाल में भी) 'नश्यति' ऐसा प्रयोग होने लगेगा (क्योंकि नाश नित्य है अतः वर्तमानकालिक प्रयोग होने में बाधा नहीं है) इस (दोष के प्रदर्शन) से यहां केवल वर्तमानत्व अर्थ हो, उत्पत्ति नहीं—यह (कथन) निरस्त हो गया।

विमर्श—नश्यति आदि में शक्ति एवं लक्षणा दोनों का एक साथ आश्रयण करके वर्तमानोत्पत्तिकत्व और प्रतियोगित्व ये दो अर्थ मानने आवश्यक हैं। क्योंकि यदि केवल प्रथम अर्थ—वर्तमानोत्पत्तिकत्व (वर्तमान उत्पत्तिवाला होना) मानते हैं तो धात्वर्थ नाश का आकाङ्क्षाभास्य प्रतियोगित्व सम्बन्ध से घटरूप प्रातिपदिकार्थ में अन्वय करना होगा—यही दोष है क्योंकि धात्वर्थ एवं प्रातिपदिकार्थ का साक्षाद् अन्वय नहीं होता है। यदि केवल प्रतियोगित्वरूप द्वितीय अर्थ ही लट् का मानें तो बहुत पहले नष्ट हुए घट के विषय में अर्थात् भूतकाल के विषय में भी वर्तमानकालिक

'नश्यति' यह प्रयोग दुर्निवारणीय है। क्योंकि घटनाश=घटध्वंस है जो नित्य होता है। इसी अनिष्ट प्रयोग की आपत्ति के भय से केवल वर्तमानत्व अर्थ भी नहीं माना जा सकता। अतः विवश होकर शक्य और लक्ष्य दोनों एक साथ स्वीकार करने पड़ते हैं।

केचित्तु लत्वमेवात्र प्रतियोगित्वस्य वृत्त्यवच्छेदकं लट्त्वं तु तादृशोत्पत्तिकत्वस्य। एकधर्मावच्छिन्नवृत्तिद्वयस्यैव न युगपद्बोधकत्वम्। अन्यथा दण्डेनेत्यादौ करणत्वैकत्वयोर्बोधो न स्यादित्याहुः।

अन्ये तु नश्यतीत्यादौ लटा नाशसामग्र्येव बोध्यते। तेन न चिरनष्टे नश्यतीति प्रसङ्गः। अत एव विनश्यत्ता विनाशसामग्रीसान्निध्यमित्याहुः प्रामाणिकाः।

मतान्तरमाह—केचित्त्विति। वृत्त्यवच्छेदकम्=लक्षकतावच्छेदकम्, प्रतियोगित्वनिष्ठलक्ष्यतानिरूपितलक्षतावच्छेदकं लत्वम्, तादृशोत्पत्तिकत्वस्य=वर्तमानोत्पत्तिकत्वस्य। वर्तमानोत्पत्तिकत्वनिष्ठशक्यतानिरूपतशक्तावच्छेदकं लट्त्वमिति। अय भावः—अत्र लत्वं प्रतियोगित्वरूपार्थस्य लक्षतावच्छेदकम्, वर्तमानोत्पत्तिकत्वरूपार्थस्य शक्तावच्छेदकं लट्त्वम्। एवञ्च प्रतियोगित्वे लस्य लक्षणा, वर्तमानोत्पत्तिकत्वे लटः शक्तिरिति। ननु युगपद्वृत्तिद्वयविरोध अत आह—एकधर्मेति। भिन्नभिन्नधर्मावच्छिन्नस्य वृत्तिद्वयस्य युगपद्बोधे न किमपि बाधकमिति।

कुछ लोग तो यह कहते हैं कि यहाँ [घटो नश्यति आदि में] प्रतियोगित्व अर्थ की [लक्षणा] वृत्ति का अवच्छेदक लत्व ही है [अर्थात ल में लक्षणा है] और वर्तमानोत्पत्तिकत्व की [शक्ति का अवच्छेदक तो] लट्त्व है [अर्थात् लट् मे उस अर्थ की शक्ति है। एक धर्म से अवच्छिन्न दो वृत्तियां एक साथ बोधक नहीं हैं। अन्यथा [भिन्न-भिन्न धर्मों से अवच्छिन्न वृत्तियों का साथ साथ बोधकत्व न मानने पर] दण्डेन इत्यादि में करणत्व और एकत्व का एक साथ बोध नहीं हो सकता। (क्योंकि तृतीया में करणत्व एवं एकत्व अर्थों की पृथक् पृथक् दो वृत्तियां हैं।)

दूसरे प्रामाणिक (आचार्य) तो (यह कहते हैं)—नश्यति। (नष्ट होते हैं) इत्यादि में लट् से नाश की सामग्री का ही बोध होता है। इस से चिर नष्ट (घट के विषय) में नश्यति यह प्रयोग नहीं होगा। (क्योंकि वर्तमानकाल में नाश की सामग्री नहीं है। इसीलिये विनश्यत्ता (विनष्ट होना)—विनाशसामग्री का सन्निधान होना है।

आख्यातात् क्रियाविशेष्यको बोध इति वैयाकरणाः भाट्टाश्च। आद्यनये धात्वर्थः क्रिया। चैत्रस्तण्डुलं पचतीत्यादितश्चैत्रकर्तृकतण्डुलकर्मकपाक इति

धीः। अन्त्यनये भावना=क्रिया प्रत्ययार्थः। चैत्रीयपाककरणिका तण्डुल-कर्मिका भावनेति बोधः।

प्रथमान्तार्थविशेष्यक एव बोधः। ओदनकर्मकपाकानुकूलकृतिमांश्चैत्र इति बोध इति नैयायिकाः। द्वितीयाद्यर्थकर्मकरणत्वादेः क्रियायामेव सर्व-मतेऽन्वयः।

शाब्दबोधीयमुख्यविशेष्यतां निरूपयति—आख्यातादिति। भाट्टाः= मीमांसकाः। आद्यनये=वैयाकरणसिद्धान्ते। धीः=शाब्दबोधः। अन्त्यनये=मीमांसकमते। प्रत्ययार्थः=आख्यातप्रत्ययार्थः। मीमांसकाः—प्रत्ययार्थो भावना। सा द्विधा—शाब्दी भावना आर्थी भावना चेति। लिङ्घटितपदे सति सा द्विधाऽपि लिङ्त्वेन शाब्दी, आख्यातत्वेन चार्थी। शाब्दी च प्रवर्तना प्रेरणाऽपरपर्यायो लिङ्घटितपदरूपः—प्रवृत्त्य-नुकूलो व्यापारः, लिङ्श्रवणे सति 'आचार्यो मां प्रेरयतीति नियमेन प्रतीतेः। शब्दरूप-त्वात् सा शाब्दीति कथ्यते। आर्थी भावना च धात्वर्थफलानुकूलो व्यापार आख्यातमात्र-वाच्यः। लिङो भिन्नस्थले तु आख्याते आर्थी भावनैव। लिङि तु शाब्दीभावनया सहिता आर्थी। सा द्विधापि भावना त्र्यंशा—भाव्य-करण-इतिकर्तव्यताभिः। सा च भावना अंशत्रयमपेक्षते—साध्यम्, साधनम्, इतिकर्तव्यताञ्च—किं भावयेत्, केन भाव-येत्, कथंभावयेदिति। तत्र शाब्द्यां भावनायां साध्याकाङ्क्षायामंशत्रयविशिष्टाऽर्थी भावना साध्यत्वेनान्वेति, एकप्रत्ययगम्यत्वेन समानाभिधानश्रुतेः। एवं तस्याः साध्यत्वे-ऽवगते केनेतिसाधनाकाङ्क्षायां प्रवृत्त्यनुकूलव्यापारबोधकत्वेन ज्ञातलिङादिज्ञानं करण-त्वेनान्वेति। विस्तरस्तु मीमांसान्यायप्रकाशादौ द्रष्टव्यः।

आख्यात=तिङन्त से क्रियाविशेष्यक बोध होता है—यह वैयाकरण और मीमांसक (मानते हैं)। प्रथममत=वैयाकरणमत में धातु का अर्थ क्रिया=व्यापार है। 'चैत्रः तण्डुल पचति'—इत्यादि से—चैत्ररूपी कर्तावाला, तण्डुलरूपी कर्मवाला पाक—यह शाब्दबोध होता है। अन्त्यमत=मीमांसकमत में भावना=क्रिया आख्यात प्रत्यय का अर्थ है। (चैत्रः तण्डुलं पचति—इस वाक्य से) चैत्रसम्बन्धी पाकरूपी करणवाली, तण्डुलरूपी कर्मवाली भावना=क्रिया—यह शाब्दबोध होता है।

प्रथमान्तार्थमुख्यविशेष्यक ही शाब्दबोध होता है। ओदनकर्मक, पाकानुकूल-कृतिमान् चैत्र—यह बोध होता है—ऐसा नैयायिक (कहते हैं) द्वितीया आदि के अर्थ कर्मत्व एवं करणत्व आदि का सभी के मत में क्रिया में ही अन्वय (होता है)।

लङस्तु शक्यो ह्योऽनद्यतनकालः। लुङस्तु भूतसामान्यम्। भूतत्वं च वर्त्तमानध्वंसप्रतियोग्युत्पत्तिकत्वम्, न तु तादृशप्रतियोगित्वमेव। चिरोत्प-न्नेऽपि पूर्वेद्युरभवदितिप्रत्ययापत्तेः। नष्ट इत्यादौ नाशे तदन्वयासम्भ-

वाच्च । उत्पत्तेस्तु देशकालादावन्वयान्न दोषः । अभवदित्यादौ तु धातुनोत्पत्तिः प्रत्याय्यते, नष्ट इत्यादौ तादृशोत्पत्तिकत्वं प्रत्ययेनेति विशेषः । लिटस्तु भूतकाल इव परोक्षत्वमप्यर्थः । अहं चकारेत्यदिप्रयोगादर्शनात् ।

न तु चैवं 'णलुत्तमो वा' (पा० सू० ७।१।९१) इति ज्ञापकात् उत्तमपुरुषस्तत्र स्यादिति वाच्यम् । 'सुप्तोऽहं किल बिललाप' 'मत्तोऽहं किल विचचार' इत्यादौ चित्तविक्षेपादिना पारोक्ष्यमुपपाद्य तत्र सूत्रसार्थक्यसम्भवात् । तत्र परोक्षत्वेन पारोक्ष्यसादृश्ये तात्पर्यम् । 'चक्रे सुबन्धुः' इति तु न लिट्प्रयोगोऽपि तु तिङन्तप्रतिरूपको निपातः ।

वर्तमानेति । अत्र द्विविधो विग्रहः—वर्तमाने ध्वंसः वर्तमानश्चासौध्वंसः—वर्तमानध्वंसः । तेन वर्तमानक्षणवृत्तियोंध्वंसः=अतीतक्रियाध्वंसः, वर्तमानो यो ध्वंस इति वा—तत्प्रतियोगिनी या क्रिया तदुत्पत्तिकत्वं भूतकालस्येति लक्षणसमन्वयः । तादृशप्रतियोगित्वम् = वर्तमानध्वंसप्रतियोगित्वमित्यर्थः । परोक्षत्वञ्च—वक्तुः साक्षात्काराविषयत्वम् ।

लङ् का तो शक्य=अर्थ कल (बीता हुआ) अनद्यतन [भूत] काल है । लुङ् का तो भूतसामान्य अर्थ है । और भूतकाल-वर्तमानध्वंस की प्रतियोगिनी (क्रिया) की उत्पत्तिवाला होना है न कि वर्तमानध्वंस का प्रतियोगी होना । क्योंकि बहुत पहले काल में उत्पन्न (के विषय) में भी 'पूर्वेद्युः अभवत् (कल उत्पन्न हुआ) यह ज्ञान होने लगेगा । और नष्टः इत्यादि में नाश में वर्तमानध्वंसप्रतियोगित्व का अन्वय सम्भव नहीं है । उत्पत्ति का तो देशकाल आदि में अन्वय होने से दोष नहीं है ।

विमर्श—भूतकाल का लक्षण है—वर्तमानध्वंस की प्रतियोगिनी क्रिया की उत्पत्तिवाला काल । वर्तमानध्वंस में द्विविध विग्रह है—(१) वर्तमाने ध्वंसः (२) वर्तमानः चासौ ध्वंसः । इससे घटनाश के विद्यमान होने पर भी 'विनष्टः घटः' यह प्रयोग होता है क्योंकि उसकी उत्पत्ति वर्तमान नाश की प्रतियोगिनी है । लक्षण में उत्पत्ति पद न देने से चिरोत्पन्न में भी 'कल उत्पन्न हुआ' इस प्रयोग की आपत्ति आती है । नष्ट हुई उत्पत्ति का काल भूतकाल है, यह मानने से चिरोत्पन्न क्रिया की उत्पत्ति का काल गत पूर्व दिवस नहीं है, अतः भूतकाल नहीं है । इस स्थिति में उक्त प्रयोग की आपत्ति नहीं है ।

अनु०—अभवत् इत्यादि में धातु से उत्पत्ति का ज्ञान कराया जाता है । और 'नष्टः' इत्यादि में वैसी उत्पत्तिवाला होना [अर्थात् वर्तमानध्वंस-प्रतियोगि-क्रियोत्पत्तिकत्व] का ज्ञान प्रत्यय से होता है, यही अन्तर है । लिट् का तो भूतकाल के समान परोक्षत्व भी अर्थ होता है, क्योंकि 'अहं चकार' आदि प्रयोग नहीं देखा जाता है ।

ऐसा मानने पर "णलुत्तमो वा" (पा० सू० ७।१।९१) इस ज्ञापक के बल से वहां उत्तमपुरुष हो जायेगा ('णलुत्तमो वा' यह सूत्र उत्तमपुरुष णल् को विकल्प से णित् करता है। यदि परोक्षता के कारण उत्तमपुरुष का प्रयोग ही असम्भव हो तो णित्विधान व्यर्थ होता है और यह ज्ञापित करता है कि उत्तमपुरुष से भी लिट् होता है)—ऐसा नहीं कहना चाहिए क्योंकि "सोया हुआ मैं विलाप करने लगा, मत्ता मैं घूमने लगा' आदि में चित्तविक्षेप (बेहोशी) आदि से परोक्षत्व का उपपादन करके इन प्रयोगों में सूत्र की सार्थकता सम्भव है। और यहां परोक्षता का परोक्षता की समानता में तात्पर्य है। (अर्थात् वास्तव परोक्षत्व के अभाव में भी परोक्षत्व का सादृश्य है यह मान कर लिट् होता है) 'चक्रे सुबन्धुः' (मैं=सुबन्धु ने रचना की) यह तो लिट् का प्रयोग नहीं है अपितु तिङन्त प्रतिरूपक (समान) निपात है।

विमर्श—सुबन्धु स्वयं रचना करने वाले हैं। वे अपनी रचना की परोक्षता कैसे उपपादित कर सकते हैं। और ग्रन्थ की रचना चित्तविक्षेपादि से सम्भव भी नहीं है। इसलिये मञ्जूषाकार ने 'चक्रे' को लिट् का प्रयोग न मानकर तिङन्तसदृश निपात शब्द माना है जो लट् के अर्थ के सामान अर्थवाला है। इस प्रकार क्लिष्ट कल्पना की आवश्यकता नहीं है।

लुङ्लृटोस्तु भविष्यत्कालः। भविष्यत्त्वं वर्त्तमानप्रागभावप्रतियोग्युत्पत्तिकत्वम्। उत्पत्तौ च देशविशेषः कालविशेषश्चाधिकरणत्वेनान्वेति। गृहे घटो भविता, अद्य घटो भविष्यतीत्यादौ धातुनोत्पत्तिः प्रत्याय्यते, वर्तमानप्रागभावप्रतियोगित्वमाश्रयत्वं च प्रत्ययेन। गृहाधिकरणकवर्त्तमानप्रागभावप्रतियोग्युत्पत्त्याश्रयो घटः, अद्यतनप्रागभावप्रतियोग्युत्पत्त्याश्रयो घट इत्यन्वयबोधात्। वर्त्तमानप्रागभावप्रतियोगित्वमात्रस्य लुडाद्यर्थत्वे श्वो गृहे समुत्पद्य परश्वः प्राङ्गणं गमिष्यति मैत्रे परश्वः प्राङ्गणे मैत्रो भविष्यतीति प्रसङ्गः।

केचित्तु देशविशेषः कालविशेषश्च प्रागभावे प्रतियोगिनि चान्वेति। परश्वः प्राङ्गणे मैत्रो भविष्यतीत्यस्य परश्वोवृत्तिः प्राङ्गणवृत्तिर्यः प्रागभावस्तत्प्रतियोग्युत्पत्त्याश्रयः परश्वोवृत्तिः प्राङ्गणवृत्तिर्मैत्र इति बोधः। तेन नोक्तातिप्रसङ्गः। एतेन श्वोभाविनि घटे अद्य भविष्यतीति प्रसङ्गो निरस्त इत्याहुः।

नङक्ष्यतीत्यादौ वर्तमानप्रागभावप्रतियोग्युत्पत्तिकत्वं प्रतियोगित्वं च प्रत्ययार्थः। श्वो घटो नङक्षयतीत्यादौ श्वोवृत्तिः वर्त्तमानप्रागभावप्रतियोगिनी योत्पत्तिस्तदाश्रयनाशप्रतियोगी घट इत्यन्वयबोधः। यत्त्वत्र वर्त्तमानप्रागभावप्रतियोगित्वमेव प्रत्ययार्थ इति; तन्न। श्वोभाविनाशके घटे अद्य नङक्ष्यतीति प्रसङ्गात्।

पक्ष्यतीत्यादौ आद्यपाकव्यक्तिप्रागभावगर्भमेव भविष्यत्त्वम्, पक्ष्वत्रानित्यादौ चरमपाकव्यक्तिध्वंसगर्भमेव भूतत्वं भासते। तत्तत्समभिव्याहारस्य तादृशबोधे हेतुत्वात्। तेन पाकमध्ये कस्याश्चित्पाकव्यक्तेरनुत्पादेऽपि कस्याश्चिदतीतत्वेऽपि न पक्ष्यति पक्ष्वत्रानित्यादिप्रयोगः।

वर्तमानेति। वर्तमानकालिको यः प्रागभागः=भाविनीक्रियाया अभावः, तत्प्रतियोगिनी उत्पत्तिर्यस्य सः; तत्त्वम्। श्वोभावि-नाशके इति। श्वो भावी नाशः यस्य सः इति बहुव्रीहौ कप्—श्वो-भावि-नाशकः, तस्मिन्नित्यर्थः। ण्वुल् तु नात्र, अर्थासङ्गतेः। तत्तत्समभिव्याहारस्येति। अयं भावः—यथा यत्किञ्चिद् व्यापारे प्रारब्धे यत्किञ्चिद्व्यापारेऽवशिष्टे सत्यपि पचति इति प्रयोगो भवति तथैव कस्याश्चिद् पाकव्यक्तेरनुत्पादे 'पक्ष्यती'ति कस्याश्चिदतीतत्वे च पक्ष्वत्रानित्यादि प्रयोगापत्तिः। एतद्वारणाय च तत्तत्क्रियासमभिव्याहारस्यैव तादृशबोधे हेतुत्वं बोध्यम्। एवञ्च आद्यपाकप्रागभावबोधे पच्धातूत्तर-स्य-पदसमभिव्याहारज्ञानस्य चरमपाकप्रध्वंसाभावबोधे च तद्धातूत्तरक्तक्तवत्वादि समभिव्याहारज्ञानस्य कारणस्य कल्पनान्न दोष इति।

अनु०—लुट् एवं लृट् का तो भविष्यत्काल अर्थ है। और भविष्यत् वर्तमान प्रागभाव (अर्थात् भाविनी क्रिया के अभाव) की प्रतियोगिभूत उत्पत्तिवाला होना है। उत्पत्ति में देशविशेष और कालविशेष अधिकरणत्व रूप से अन्वित होते हैं। 'गृहे घटो भविता (घर में घड़ा होगा), गृहे अद्य घटो भविष्यति' (घर में आज घड़ा होगा) इत्यादि में (भू) धातु से उत्पत्ति का ज्ञान कराया जाता है और वर्तमान प्रागभाव का प्रतियोगित्व तथा आश्रयत्व (लुट् लृट्) प्रत्यय से (बोधित होता है) क्योंकि गृहरूपी अधिकरण में वर्तमान प्रागभाव की प्रतियोगिनी जो उत्पत्ति, उस (उत्पत्ति) का आश्रय घट और आज होनेवाले प्रागभाव की प्रतियोगिनी जो उत्पत्ति, उस (उत्पत्ति) का आश्रय घट—यह शाब्दबोध (होता है)। (भविष्यत् के लक्षण में उत्पत्त्याश्रय पद न रखने पर) केवल वर्तमान प्रागभाव प्रतियोगित्व लुट् आदि का अर्थ होगा उसमें 'आगामी कल गृह में उत्पन्न होकर परसों आंगन में जाने वाले मैत्र के विषय में 'परसों आंगन में मैत्र होगा'—इस प्रयोग की आपत्ति होती है।

विमर्श—भाव यह है कि भविष्यत् के लक्षण में यदि उत्पत्त्याश्रय पद नहीं रहेगा तो वर्तमान-प्रागभाव-प्रतियोगित्व यही अर्थ होगा। इससे 'श्वः गृहे समुत्पद्य परश्वः प्राङ्गणे गमिष्यति मैत्रः' इसके लिए 'परश्वः मैत्रः प्राङ्गणे भविष्यति' यह प्रयोग होने लगेगा। क्योंकि परश्वः प्राङ्गणे मैत्रो भविष्यति' इस वाक्य से परश्वोवृत्तिः प्राङ्गणवृत्तिः वर्तमानप्रागभावप्रतियोगी यो व्यापारस्तदाश्रयः मैत्र—यह बोध होता है। कल उत्पन्न होकर परसों आंगन में जाने वाले मैत्र में यह लागू होता है। क्योंकि मैत्र परसों

आंगन में रहने वाला भी है, वर्तमान प्रागभाव की प्रतियोगी उत्पत्ति का आश्रय भी है। जब उत्पत्ति का भी निवेश करते हैं तो उत्पत्ति में ही देश एवं कालरूपी अधिकरण का अन्वय होता है। अतः परसों दिन में तथा आंगन में (अर्थात् दिन कालरूप अधिकरण की आधेय तथा आंगन देशरूप अधिकरण की आधेय) जो वर्तमान प्रागभाव प्रतियोगी उत्पत्ति है, उसका आश्रय=मैत्र–यह बोध होता है। अतः कल उत्पन्न होने वाले मैत्र में इस प्रयोग की आपत्ति नहीं है।

अनु०—कुछ लोग तो यह कहते हैं कि देशविशेष और कालविशेष प्रागभाव तथा प्रतियोगी में अन्वित होता है। परश्वः प्राङ्गणे मैत्रो भविष्यति' इस से–परसों होने वाला, आंगन में रहने वाला जो प्रागभाव, उसकी प्रतियोगी उत्पत्ति का आश्रय, परसों होने वाला, आंगन में रहने वाला मैत्र–यह बोध होता है। इससे उक्त अतिप्रसङ्ग नहीं आता है। इससे (अर्थात् अधिकरण का प्रतियोगी में अन्वय होने से)—कल होने वाले घट में 'आज होगा'–यह [आपत्ति] निरस्त हो गई।

नङ्क्ष्यति [नष्ट होगा] इत्यादि में—वर्तमान प्रागभाव-प्रतियोगि-उत्पत्तिकत्व और प्रतियोगित्व प्रत्यय (लकार) का अर्थ है। श्वो घटो नङ्क्ष्यति (कल घड़ा नष्ट होगा) इत्यादि में–कल रहने वाली, वर्तमान प्रागभाव की प्रतियोगिनी जो उत्पत्ति, उसके आश्रय नाश का प्रतियोगी घट–यह शाब्दबोध होता है। जो यह–वर्तमान-प्रागभाव का प्रतियोगित्व ही प्रत्यय (लकार) का अर्थ है, ऐसा [कहते हैं]—वह [ठीक] नहीं है क्योंकि कल नष्ट होने वाले घट में 'अद्य नङ्क्ष्यति' (आज नष्ट होगा)–यह प्रयोग होने लगेगा। (क्योंकि वर्तमान प्रागभाव का प्रतियोगित्व तो आज भी है। किन्तु जब वर्तमान प्रागभाव की प्रतियोगिनी उत्पत्तिवाला—यह मानते हैं तो आज ऐसा न होने से दोष नहीं है।)

पक्ष्यति (पकायेगा) आदि में प्रथम पाक व्यक्ति के प्रागभाव को गर्भ में छिपाने वाला ही भविष्यत्त्व होता है और पक्ववान् (पकाया) इत्यादि में अन्तिम पाक (क्रिया) व्यक्ति के ध्वंस को गर्भ में छिपाने वाला ही भूतत्व है।

क्योंकि तत्तत् समभिव्याहार (अर्थात् धातु के साथ लट्, लृट, लङ् आदि का समभिव्याहार) उस प्रकार (पूर्वोक्त रूप) के बोध में हेतु होता है। इससे–पाकक्रिया के मध्य में किसी एक पाक व्यक्ति (अंश) के उत्पन्न न होने पर भी पक्ष्यति और किसी पाक व्यक्ति (अंश) के अतीत होने पर पक्ववान् इत्यादि प्रयोग नहीं होता है।

विमर्श—आशय यह है कि जैसे कुछ क्रिया हो जाने पर अवशिष्ट क्रियाओं को मान कर 'पचति' यह प्रयोग होता है उसी प्रकार कुछ क्रियांश के भविष्यत्त्व को मान कर पक्ष्यति और कुछ क्रियांश के ध्वंस को मानकर पक्ववान् ऐसे प्रयोगों की आपत्ति

होती है। अतः उसके परिहारके लिए जितने क्रियासमुदाय को मानकर भविष्यत्त्व इष्ट है उसमें प्रथम पाक क्रिया व्यक्ति (अंश) का प्रागभाव रहने तक ही 'पक्ष्यति' ऐसा भविष्यत्कालिक प्रयोग होगा,। जब प्रथम व्यक्ति का प्रागभाव न होकर ध्वंस हो गया, अर्थात् कुछ क्रियांश होने लगा तब भविष्यत्ता नहीं रहेगी। इसी प्रकार भूतत्व के लिए चरम क्रियांश का ध्वंस होना चाहिये। अतः कुछ क्रियांश के ध्वंस (सम्पन्न) हो जाने पर और कुछ के रह जाने पर पक्ववान् ऐसा भूतकालिक प्रयोग नहीं होगा।

लिङो विधिराशीश्चार्थः। यजेतेत्यादौ विधिः, आशीस्तु भूयादित्यादौ। सा च शुभाशंसनं, तदिच्छेति यावत्। लोटस्तु विधिरनुमतिर्वा। गच्छत्वित्यत्रानुमतिविषयगमनानुकूलकृतिमानिति बोधस्यानुभविकत्वात्।

विधिः प्रवर्त्तनेति भाट्टाः। लिङ्निष्ठो व्यापारः पदार्थान्तरम्, लिङ्पदज्ञानमेव वा। तस्य प्रवर्त्तनात्वेन ज्ञानं शब्दाधीनप्रवृत्तौ कारणम्। लिङ्श्रवणे आचार्यो मां प्रवर्तयतीति ज्ञानाद् गवानयनादौ प्रवृत्तेः। आचार्यनिष्ठा प्रवर्त्तना त्वभिप्रायविशेष एवेत्याहुः।

तन्न। स्तनपानादिप्रवृत्ताबिष्टसाधनताज्ञानस्य हेतुताया आवश्यकत्वात् तत एवोपपत्तौ प्रवर्त्तनाज्ञानस्य हेतुत्वे मानाभावात्। स्वर्गकामो यजेतेत्यादौ प्रवर्त्तनाविषया यागकरणिका स्वर्गकर्मिका भावनेति बोधस्य परैरभ्युपगमात् प्रवर्तनाविषयत्वमात्रज्ञानात् प्रवृत्त्यनुपपत्तेरावश्यकस्वर्गसाधनत्वादिज्ञानादेव तत्र प्रवृत्तेः।

नैयायिकमतेनाह—लिङ इति। तदिच्छा=शुभविषयिणीच्छा। भाट्टाः=मीमांसकाः। लिङ्निष्ठ इति। तेषां मते वेदापेक्षया इदम्। वेदस्यापौरुषेयत्वेन तत्राचार्याभावात् शब्दनिष्ठैव प्रवर्तना। ननु शब्दनिष्ठः प्रवर्तनापरपर्यायः कोसौ व्यापार इत्यत आह—पदार्थान्तरमिति। आर्थीभावनारूपप्रसिद्धव्यापारविलक्षणमित्यर्थः, वैलक्षण्यञ्च शब्दनिष्ठत्वात्। ननु अप्रसिद्धस्य विलक्षणव्यापारस्य कल्पने गौरवम्, लोके आचार्यादिनिष्ठा प्रवर्तनेत्यननुगमश्चेत्यत आह—लिङ्पदज्ञानमेव वेति। प्रवर्तनात्वेन=प्रवृत्तिहेतुत्वेनेत्यर्थः। अयं भावः—प्रवर्तनात्वेनैव ज्ञानस्य प्रवृत्ति प्रति कारणत्वान्न लोकवेदयोरननुगमः। लिङ्श्रवणे 'अयं मां प्रवर्तयतीतिप्रतीतिसाक्षिकस्य प्रवर्तनात्वस्य आज्ञादिष्विव शब्दव्यापारेऽपि सत्त्वादिति बोध्यम्। मीमांसकमतं निराकरोति—तन्नेति। अयं भावः—सद्योजातस्य शिशोरिदं ज्ञानं न भवति—अयं मां दुग्धपाने प्रवर्तयतीति।" एवञ्च प्रवर्तनाज्ञानाभावे प्रवृत्तिः न स्यात्, किन्तु दृश्यते च प्रवृत्तिस्तेषामपि। एवं तिरश्चामपि लिङादिश्रवणं तज्ज्ञानं च दुर्लभम्। अतः इष्टसाधनताज्ञानं प्रवृत्तौ कारणं मन्तव्यम्। तच्च फलबलात् जन्मान्तरीयमपि कल्प्यते।

एवञ्चेष्टसाधनताज्ञानेनैव निर्वाहे सम्भवे प्रवर्तनाज्ञानस्य हेतुतावच्छेदकत्वे न किमपि मानमिति ।

लिङ् का विधि [प्रेरणा] और आशीर्वाद अर्थ है । यजेत इत्यादि में विधि और भूयात् इत्यादि में आशीर्वाद अर्थ है । और वह आशी:=शुभाशंसन = शुभ की इच्छा है । **लोट्** का तो विधि अथवा अनुमति अर्थ है क्योंकि 'गच्छतु' इसमें—अनुमति= स्वीकृति के विषय गमन के जनक यत्नवाला—यह बोध अनुभवसिद्ध है ।

विधि प्रवर्त्तना है—यह भाट्ट [भट्टमत के अनुयायी] मीमांसक [मानते हैं] । [विधि] लिङ् पद में स्थित पदार्थान्तररूप व्यापार [अर्थात् प्रसिद्ध व्यापार से भिन्न व्यापार] है अथवा लिङ् पद का ज्ञान ही [विधि] है । उस लिङ् का प्रवर्तनारूपेण ज्ञान शब्दाधीन प्रवृत्ति में कारण है, क्योंकि [गाम् आनयेः इत्यादि में] लिङ् का श्रवण होने पर 'आचार्य मुझे [अमुक कार्य में] प्रवृत्त कराते हैं' इस ज्ञान से गाय के लाने में प्रवृत्ति होती है । आचार्य में रहने वाली प्रवर्त्तना [आचार्य का शिष्य को प्रवृत्त कराना] तो [आचार्य का] अभिप्रायविशेष है ।

किन्तु उक्त [कथन ठीक] नहीं है, क्योंकि [लिङादिपदज्ञान-रहित बालक की] दूध पीने की प्रवृत्ति में इष्टसाधनता के ज्ञान को हेतु होना आवश्यक है । अतः इस [इष्टसाधनताज्ञान] से ही सिद्धि हो जाने पर प्रवर्तनाज्ञान के कारण होने में कोई प्रमाण नहीं है । कारण यह है कि 'स्वर्गकामो यजेत' [स्वर्ग का अभिलाषी याग करे] इत्यादि में—प्रवर्तना की विषय, यागरूपी करणवाली; स्वर्गरूपी कर्मवाली भावना—यह बोध अन्यों [=मीमांसकों] ने स्वीकार किया है । अतः प्रवर्तना का विषय है—केवल इतने ज्ञान से प्रवृत्ति की उपपत्ति नहीं होती, क्योंकि 'स्वर्ग का साधन है' इस आवश्यक ज्ञान से ही उस [यागादि] में प्रवृत्ति होती है ।

कार्यं विधिरिति प्राभाकराः । (१) स्वर्गकामो यजेतेत्यादौ स्वर्गकामनियोज्यकं यागविषयकं कार्यमिति प्राथमिको बोधः । (२) सनियोज्यकं यागविषयकं स्थायिस्वर्गसाधनं कार्यमिति द्वितीयः । (३) स्वर्गकामनियोज्यको यागः स्वर्गकामकार्य्य इति तृतीयः । (४) स्वर्गकामो यागकर्तेति चतुर्थः । (५) अहं स्वर्गकामोऽतो यागो मत्कृतिसाध्य इति पञ्चमः । न च प्रथम एव स्वर्गकामकार्य्यो याग इति बोधोऽस्तु, तथा च कार्यत्वे एव शक्तिर्न कार्ये इति वाच्यम् । यागादिक्रियायां नियोज्यान्वयं विना कार्यत्वान्वयानुपपत्तेः । नियोज्यत्वं हि क्रियानिष्ठकाम्यसाधनताज्ञानाधीनमत्कार्यमिति बोधवत्त्वम् । तत्तु स्वर्गकामनाविशिष्टे योग्यताऽवच्छेदकतया भासते, घटेन जलमाहरेत्यत्र घटे सच्छिद्रेतरत्ववत् । न च यागे स्वर्गसाधनत्वज्ञानं विनेदृशं नियोज्यत्वं

भासितुमर्हति। न वा यागे स्वर्गसाधनत्वं प्रथममेव शक्यं ज्ञातुम्। तद्धि साक्षात् परम्परया वा। नाद्यः। आशुविनाशिनो यागस्य कालान्तरभाविनि स्वर्गरूपफले साक्षादहेतुत्वात्। नान्त्यः। परम्पराघटकापूर्वानुपस्थितेः। अतो यागविषकं कार्यमिति प्रथमबोधादपूर्वोपस्थितौ तद्द्वारा यागे स्वर्गसाधनत्वग्रहात् तत्र कार्यत्वबोध इत्युक्तम्। नियोज्यत्वं च पदानुपस्थितमपि योग्यतया शाब्दबोधे भासते द्वारमित्यत्र पिधेहीतिवत्।

प्रभाकरमतं निरूपयति—कार्यमिति। कार्यम्=कृतिसाध्यमित्यर्थः। तच्च वेदे अपूर्वरूपेण पर्यवस्यति। अत्रेदं बोध्यम्—शाब्दबुद्धौ योग्यताज्ञानस्य हेतुत्वं सर्वैरङ्गीकृतम्। अन्वयप्रयोजकधर्मवत्त्वमेव च योग्यतात्वम्। एवञ्च 'घटेन जलमाहर' इत्यादौ यथा घटे जलाहरणकरणत्वस्यान्वयाय सच्छिद्रेतरत्वरूपयोग्यताया भानं भवति तथैव 'स्वर्गकामो यजेत' इत्यत्रापि यजधातु—त-प्रत्ययवाच्य-यागकरणकभावनायां लिङ्वाच्यकृतिनिष्पाद्यत्वरूपकार्याभिदान्वयस्य—यागभावना कार्या—इत्याकारकस्य सिद्धये यागभावनायां नियोज्यान्वयरूपाया योग्यतायाः शाब्दबोधे भानमावश्यकम्। अत्र भावनायां नियोज्यान्वयश्च—'स्वर्गकामनियोज्यिका यागभावना—इत्येवंरूपः, स्वर्गकामनिष्ठं यत् नियोज्यत्वं तन्निरूपितं यन्नियोजकत्वं तद्वती यागभावना—इति। स्वर्गकामे नियोज्यत्वञ्च—क्रियानिष्ठकाम्यसाधनताज्ञानाधीन-मत्कार्यत्व-प्रकारक-ज्ञानवत्त्वम्, एतच्च स्वर्गकामपुरुषे उक्तरूपान्वयरूप-यागभावनीय-योग्यताया अवच्छेदकम्, वैयधिकरण्येऽपि तस्य सम्बन्धविशेषेण भावनानिष्ठत्वसिद्धेः। भावनायां नियोजकत्वञ्च—स्वनिष्ठकाम्यसाधनताज्ञानजन्यमत्कार्यत्व [स्वर्गकामकार्यत्व]-प्रकारकज्ञानविशेष्यत्वम्। उक्तरूपस्य भावनानुयोगिकनियोज्यान्वयस्य लिङर्थकार्यान्वयप्रयोजकरूपवत्त्वरूपयोग्यतात्वञ्च—प्रवृत्तिमात्रं प्रति मदिष्टसाधनताज्ञानजन्य-मत्कार्यत्वप्रकारकज्ञानं चिकीर्षोत्पादनद्वारा लाघवात् कारणम्—इति प्राभाकरानुभवसिद्ध-व्युत्पत्तिमूलकम्।

एवञ्च नियोज्यान्वयभानस्यावश्यकत्वे घटकतया कारणीभूतत्वेन भावनायां स्वर्गसाधनत्वज्ञानमावश्यकम्। भावनायां स्वर्गसाधनत्वज्ञानार्थञ्च कार्यत्वेन रूपेण अपूर्वनामकस्य पदार्थविशेषस्य लिङा भानमावश्यकम्। अपूर्वास्वीकारे तु तृतीयक्षणवृत्तिध्वंसप्रतियोगिन्या यागभावनायाः मरणाद्यनन्तरभाविस्वर्गं प्रति साक्षात् साधनत्वग्रहासम्भवः, कार्याव्यवहितप्राक्-क्षणावच्छेदेन कार्यव्यापकत्वरूपस्य कारणत्वस्य तत्राभावात्। 'यागभावनाविषयकम् अपूर्वात्मकं कार्यम्—इति रूपेणापूर्वस्योपस्थितौ तु तस्य स्वर्गप्राप्त्यव्यवहितप्राक्क्षणावच्छेदेन स्थायित्वात् तद्द्वारा यागभावनायां स्वर्गसाधनताज्ञानमुपपद्यते अर्थात् यागभावनाया अपूर्वोत्पत्तिः अपूर्वाच्च स्वर्गोत्पत्तिरिति परम्परया यागभावनायां स्वर्गसाधनत्वज्ञानं जायते। अपूर्वस्य भावनाविषयकत्वं च—भावनाविषयक-कृति-साध्यत्वमेव। तस्मात् कार्ये एव लिङः शक्तिर्वाच्या। कार्यञ्च कृतिसाध्यम्। मुख्यस्य तृतीयबोधस्य

सिद्धये कार्यत्वेनैव रूपेण वाच्यतावश्यिकी, तेनैव रूपेणाऽपूर्वस्याप्युपस्थितिः, तस्यापि कृतिसाध्यत्वाविशेषात् ।

अत्रायं निष्कर्षः—(१) स्वर्गकामकर्तृक–यागकरणकभावनाविषयकं कार्यम् अपूर्व-रूपम्—इति प्रथमो बोधः । अस्मिन् बोधे कार्यात्मकतयाऽपूर्वोपस्थित्यर्थमेव च कार्यत्वं विहाय कार्ये लिङः शक्तिः प्रतिपादिता । तदनन्तरम् (२) स्वर्गकामकर्तृक-यागभावनाविषयकं स्थायित्वेन स्वर्गसाधनं कार्यरूपमपूर्वम् इति द्वितीयो बोधः । ततश्च—(३) स्वर्गकामनियोज्यिका यागभावना स्वर्गकामकार्या—इति तृतीयो बोधः । प्रथमबोधादपूर्वस्योपस्थित्या यागभावनायां स्वर्गसाधनत्वग्रहात्मको द्वितीयो बोधः । द्वितीयबोधाच्च स्वर्गसाधनत्वग्रहाधीनकार्यत्वप्रकारकज्ञानात् शाब्दबोधहेतुभूतयोग्यताया नियोज्यान्वयरूपाया ग्रहणेन यागभावनायां स्वर्गकामकार्यत्वस्य ग्रहात्मकः प्रवृत्त्यौपयिकः तृतीयः शाब्दबोधः । अयमेव च मुख्यः शाब्दबोधः, प्रवृत्त्यौपयिकत्वात् । अत्र पद-निष्ठवृत्त्याऽनुपस्थितमपि नियोज्यत्वं वाक्यशक्त्योपस्थाप्यते यथा द्वारमित्युक्ते पिधेहीति । अत्र कृतिसाध्यत्वविशिष्टात्मक-लिङ्वाच्यकार्यघटक-कृतेराश्रयाकाङ्क्षापूरणार्थ-मपरोपि चतुर्थो बोधः–(४) स्वर्गकामो यागभावनाविषयककृत्याश्रयः–इत्याकारकः । एतेषां सर्वेषां निष्कर्षभूतोऽपरोऽपि पञ्चमो बोधः–(५) अहं स्वर्गकामः, अतो यागभावना मत्कृतिसाध्या—इत्याकारकः ।

अत्र च तृतीय एव मुख्यः शाब्दो बोधः । तन्त्रादिना प्रथमोपि शाब्द इति वक्तुं शक्यते । द्वितीय-चतुर्थौ तु मानसावार्थाविवेत्यन्यत्र विस्तरः ।

प्रभाकर का मत

विधि [का अर्थ] कार्य है—ऐसा प्रभाकर के अनुयायी [मानते हैं क्योंकि इनके अनुसार प्रवृत्ति के प्रति कार्यत्वज्ञान ही कारण है इसलिये] 'स्वर्गकामो यजेत' [स्वर्ग की कामनावाला याग करे] आदि में (१) 'स्वर्गकामनियोज्यक, यागविषयक कार्य [अर्थात् स्वर्ग की इच्छा रखने वाला जिसमें नियोज्य=मुझे ऐसा करना चाहिये इस ज्ञान वाला है, याग विषय है, ऐसा कार्य=अपूर्व]–यह प्रथम बोध होता है। (२) नियोज्य के सहित, यागविषयक, स्थायि, स्वर्ग का साधन कार्य=अपूर्व–यह दूसरा [ज्ञान होता] है। (३) स्वर्ग की कामनावाला जिसमें नियोज्य है ऐसा याग, स्वर्ग के इच्छुक द्वारा करने योग्य है–यह तीसरा [ज्ञान होता है]। (४) स्वर्ग का इच्छुक [व्यक्ति] याग करने वाला–यह चौथा [ज्ञान होता] है। (५) मैं स्वर्ग की कामना वाला हूँ अतः याग मेरी कृति=यत्न से साध्य है–यह पांचवाँ [ज्ञान होता है]। 'स्वर्ग की कामना वाले के द्वारा करने योग्य याग' यह पहला ही ज्ञान हो, और इस प्रकार कार्यत्व [कार्य-वृत्तिधर्म] में ही [लिङ् की] शक्ति हो न कि कार्य में—ऐसा नहीं कहना

चाहिये क्योंकि याग आदि क्रिया में नियोज्य के अन्वय के बिना कार्यत्व का अन्वय सिद्ध नहीं हो सकता है। क्योंकि नियोज्य होना–क्रिया की इष्टसाधनता के ज्ञान से उत्पन्न 'मुझे यह करना चाहिए' ऐसे बोध वाला होना–है। और वह [नियोज्यत्व] स्वर्ग की कामना से विशिष्ट व्यक्ति में योग्यता की अवच्छेदकता [परिचायकत्व] रूप से भासित होता है। 'घट से जल लाओ' यहां घट में सच्छिद्रेतरत्व [छिद्ररहित] से भिन्न होना जलाहरणयोग्यता का परिचायक होता है। इसी प्रकार स्वर्ग की कामना रखने वाले व्यक्ति में याग-सम्पादन की योग्यता का परिच्छेदक [निश्चायक] नियोज्यत्व= इष्टसाधनता-ज्ञान से जन्य कर्तव्यता का ज्ञान रहता है।] क्योंकि याग में स्वर्ग-साधनता-ज्ञान [स्वर्ग का साधन है–ऐसे ज्ञान] के बिना नियोज्यत्व भासित नहीं हो सकता। और न याग में स्वर्गसाधनता का ज्ञान पहले ही किया जा सकता है। क्योंकि वह [याग में स्वर्ग-साधनता] साक्षात् है अथवा परम्परा से [अर्थात् किसी अन्य के के माध्यम से—ये दो पक्ष हो सकते हैं] [इनमें] पहला पक्ष [अर्थात् स्वर्ग के प्रति याग की साक्षात् साधनता] नहीं [उत्पन्न होती है] क्योंकि आशुविनाशी [तृतीय क्षण-ध्वंसी] याग कालान्तर में [मृत्यु के बाद] प्राप्त होने वाले स्वर्गरूपी फल के प्रति साक्षात् हेतु नहीं होता है। [क्योंकि कार्योत्पत्ति-समकालिक कारण ही साक्षात् कारण होता है।] दूसरा पक्ष भी नहीं है क्योंकि परम्पराघटक [=अन्तर्गत] अपूर्व की उपस्थिति [ज्ञान] नहीं होती है। इसलिए 'याग-सम्बन्धी [अपूर्व रूप] कार्य' –इस प्रथम ज्ञान से अपूर्व [पुण्य] के उपस्थित [ज्ञात] होने पर इसके द्वारा याग में स्वर्ग-साधनता [याग स्वर्ग का साधन होता है—इत्याकारक] ज्ञान से उस [याग] में कार्यत्व [कृतिसाध्यत्व] का ज्ञान [होता है] —यह कहा गया है। और नियोज्यत्व, पद से उपस्थित न होता हुआ भी, योग्यतावशात् शाब्दबोध में उसी प्रकार भासित होता है जैसे 'द्वारम्' [दरवाजे को] इस [कथन] में 'पिधेहि' ['बन्द करो'] यह भासित होता है।

विमर्श–यहां का अभिप्राय इस प्रकार से समझना चाहिए। प्रभाकर के अनुयायी विद्वानों का कथन है कि प्रवृत्ति के प्रति कार्यता=कृति-साध्यता का ज्ञान कारण मानना चाहिये। यह कार्यताज्ञान दो प्रकार से होता है–१. मेरे द्वारा यह किया जा सकता है। और २. मुझे यह अवश्य करना चाहिये। इन दोनों ज्ञानों में प्रथम–पदार्थ की योग्यता से समझा जाने वाला है, अतः यह ज्ञान प्रवृत्ति के प्रति कारण नहीं माना जाता है। द्वितीय ज्ञान जो इष्टसाधनत्व आदि के ज्ञान से होने वाला है, वह चिकीर्षा (=करने की इच्छा) के माध्यम से प्रवृत्ति के प्रति कारण बनता है। इसी लिये इष्टसाधनत्व से अज्ञात मधुमिश्रित अन्न के भक्षण में और प्रबल अनिष्ट के साधनत्वरूप से ज्ञात विषमिश्रत अन्न के भक्षण में प्रवृत्ति नहीं होती है। कारण यह

है कि उपर्युक्त कार्यता=कृतिसाध्यता का ज्ञान तब तक नहीं होता है जब तक इष्ट-साधनता का ज्ञान नहीं होता। नैयायिक लोग इष्टसाधनत्व, कृतिसाध्यत्व एवं बलदनिष्टाननुबन्धि—इनको प्रवृत्ति के प्रति कारण मानते हैं परन्तु लाघव को ध्यान में रखकर केवल कृतिसाध्यता को ही चिकीर्षा के माध्यम से प्रवृत्ति का कारण मानना उचित है। यह उसी प्रकार है जैसे प्रकरणादि को हेतु मानकर होने वाले तात्पर्यज्ञान को शाब्दबोध का कारण माना जाता है। इसलिए लौकिक प्रयोगों में कार्यताज्ञान=कृतिसाध्यता का ज्ञान ही प्रवर्तक होता है, वही विधि प्रत्यय का अर्थ समझना चाहिए।

परन्तु वेद में लिङ् का अर्थ कार्य=कृतिसाध्य=अपूर्व है। इसकी उपपत्ति इस प्रकार है। शाब्दबोध में (पदार्थ की) योग्यता का ज्ञान हेतु होता है। योग्यता—अन्वय-प्रयोजकधर्मवत्त्वरूप होती है। जैसे 'घटेन जलमाहर' इत्यादि में घट में जलाहरणकरणत्व के अन्वय के लिए सच्छिद्रेतरत्व (छिद्रयुक्त से भिन्न होना) रूपी योग्यता का भान होता है। इसी प्रकार 'स्वर्गकामो यजेत' इत्यादि स्थलों में भी 'यज्' धातु एवं 'त' प्रत्ययों की वाच्य (अर्थ)—यागकरणकभावना में लिङ् के वाच्य कृति-निष्पाद्यत्वरूप कार्य का अभेदान्वय, जो 'यागभावना कार्या' इस आकारवाला है, की सिद्धि के लिए यागभावना में नियोज्यान्वयरूपी योग्यता का शाब्दबोध में भान आवश्यक है। भावना में नियोज्य का अन्वय—स्वर्गकामनियोज्यिका यागभावना (=यागकरणकभावना)—ऐसा है। अर्थात् स्वर्गकामनिष्ठनियोज्यता से निरूपित नियोजकतावाली यागभावना - ऐसा है। और स्वर्गकाम व्यक्ति में रहने वाला नियोज्यत्व—क्रियानिष्ठ-काम्य-साधनताज्ञानाधीन-मत्कार्यत्व-प्रकारकज्ञानवत्त्व है। यह (ज्ञानवत्त्व) स्वर्गकामपुरुष में उपर्युक्त रूपवाली अन्वयरूप यागभावनीय योग्यता का अवच्छेदक है। वैयधिकरण्य रहने पर भी यह सम्बन्धविशेष से भावनानिष्ठ सिद्ध हो जाता है। और भावना में नियोजकता—स्व (=भावना)-निष्ठकाम्य-साधनता-ज्ञानजन्य-मत्कार्यत्व (=स्वर्गकामकार्यत्व)-प्रकारक-ज्ञानविशेष्यत्व है। उक्त रूप वाले भावनानुयोगिक-नियोज्यान्वय का लिङर्थकार्य के अन्वयप्रयोजकरूपवत्त्वरूप योग्यतात्व—प्रवृत्तिमात्र के प्रति मदिष्टसाधनता-ज्ञानजन्य - मत्कार्यत्वप्रकारक ज्ञान चिकीर्षोत्पादन द्वारा लाघवात् कारण होता है—इस अनुभवसिद्ध व्युत्पत्ति के आधार पर है। क्योंकि नैयायिकाभिमत तीन को कारण मानने की अपेक्षा उपर्युक्त एक ज्ञान को ही कारण मानने में लाघव है।

उपर्युक्त विवेचन के अनुसार यह सिद्ध है कि नियोज्य के अन्वय का भान आवश्यक है। इसमें घटकतया कारणीभूत होने से भावना में स्वर्गसाधनता का ज्ञान आवश्यक है। अर्थात् यागभावना स्वर्ग का साधन है यह ज्ञान होना आवश्यक है। और भावना में स्वर्गसाधनताज्ञान के लिये कार्यत्वरूपेण अपूर्व नामक पदार्थविशेष का लिङ्

इति कर्तरि षष्ठी। सन्नन्ताद् आप् धातोः "मतिबुद्धिपूजार्थेभ्यश्च" [पा० सू० ३।२।१८८] इति वर्तमाने कर्मणि क्तः। मतिः = इच्छा। एवञ्च कर्त्राऽऽप्तुमिष्यमाणं कर्मेत्यर्थः। आप्तिश्चात्र सम्बन्धः, स च कर्तृपदार्थद्वारकविशेषणीभूतव्यापारद्वारक एव, उपस्थितपरित्यागेनानुपस्थितकल्पने मानाभावात्। एवञ्च कर्त्रा स्वनिष्ठव्यापार-प्रयोज्यफलेन सम्बन्धुमिष्यमाणमित्यर्थः। फलस्यापि व्यपदेशिवद्भावेन फलसम्बन्धित्वात् कर्मत्वम्, अत एव तत्समानाधिकरणे 'स्तोकं पचती'त्यादौ कर्मत्वसिद्धिः। फल-व्यापारयोः प्रकृतधात्वर्थत्वन्तु प्रत्यासत्तिलभ्यम्। तेन यदा पुष्ट्यर्थं माषभक्षणाय माषक्षेत्रे एवाश्वबन्धनं तदा 'माषेभ्यश्वं बध्नातीत्यादौ माषाणां न कर्मत्वम्, बन्धनप्रयोज्य-भक्षणफलाश्रयत्वेऽपि भक्षणस्य बध्नात्यर्थत्वाभावात्। प्रयोज्यत्वनिवेशात्—गां पयो दोग्धी-त्यादौ विभागानुकूलव्यापारानुकूलव्यापारार्थकदुहियोगे पयसः कर्मत्वसिद्धिरिति स्पष्टं भाष्ये। एतदेवाह—गां पयो दोग्धीति। विभागानुकूल-व्यापारानुकूलो व्यापारो गोवृत्तिः, एतदनुकूलश्च व्यापारो गोपवृत्तिः। ननु जन्यत्वनिवेशेनैवेष्टसिद्धौ किं प्रयोज्यत्वनिवेशेनेत्यत आह—प्रयोज्यत्वनिवेश इति। गोपव्यापारं विना पयसि व्यापार-पूर्वकविभागानुत्पत्तेः गोपव्यापारजन्यो गोव्यापारो धातुवाच्यः। तज्जन्यस्तु पयोनिष्ठव्यापारपूर्वको विभागः तत्र पयोनिष्ठव्यापारस्य विभागनान्तरीयकत्वान्न धातुवाच्यतेति न तदुल्लेखः। एवञ्च विभागरूपफलस्य गोपनिष्ठधात्वर्थप्रधान-व्यापारजन्यत्वाभावात् कर्मसंज्ञा न स्यादिति साक्षात् परम्परासाधारणं प्रयोज्यत्वं निवेशनीयमिति भावः। तन्न स्यादिति। प्रधानीभूतगोपवृत्तिव्यापारजन्यत्वस्य गोव्यापारे एव सत्त्वात् विभागे तदभावेन पयसः कर्मत्वं न स्यात्। साक्षात्-परम्परासाधारणप्रयोज्यत्वस्य निवेशे तु प्रधानव्यापार-प्रयोज्यत्वस्य विभागेऽपि सत्त्वात् तदाश्रयत्वेन पयसः कर्मत्वसिद्धिः। गोर्विभागाश्रयत्वेन तु न कर्मत्वम्, पयोनिष्ठविभागीयसम्बन्धस्यैव फलतावच्छेदकत्वात्, तत्त्वेनानुद्देश्यत्वाच्चेति भावः। फलव्यापारयोः प्रकृतधात्वर्थत्वन्तु प्रत्यासत्तिलभ्यम्। तत्फलमाह—कर्मत्ववार-णायेति। कर्तृनिष्ठपादप्रक्षेपादिरूपव्यापारेण काश्याः संयोगस्येव प्रयागात् विभाग-स्यापि जायमानत्वेन संयोगाश्रयत्वात् काश्या इव प्रयागस्यापि कर्मत्वं प्राप्तं तद्-वारणाय प्रकृतधात्वर्थफलस्येति निवेशितम्। गम्धात्वर्थश्च उत्तरदेशसंयोगानुकूल-व्यापार एव। तेनातिव्याप्तिर्न। अन्तरा = विना भवम्—इत्यर्थे 'गहादिभ्यश्च' इति तद्धितीयः छप्रत्ययः। तस्येयादेशे अन्तरीयम्। ततः स्वार्थे कः। ततो नञा सुप्सुपेति समासः—नान्तरीयकम् = अवश्यम्भाविता, तयेत्यर्थः। फलतावच्छेद-केति। फलाश्रयत्वञ्च फलतावच्छेदकसम्बन्धेनैव ग्राह्यम्। येन सम्बन्धेन फलाश्रयत्व-प्रकारिकेच्छा भवति स एव फलतावच्छेदकसम्बन्धः। स च तत्तद्धातुभेदाद्भिन्नो-भिन्नो भवति। यथा—ग्रामं गच्छतीत्यत्रानुयोगित्वविशिष्टः समवायः फलतावच्छेदक-सम्बन्धः। 'तेन सम्बन्धेन संयोगरूपफलाश्रयो ग्रामो भवतु' इत्याकारकेच्छीयफलनिष्ठ-

विषयतावच्छेदकत्वस्य समवाय एव सत्त्वेन तत्सम्बन्धेन फलाश्रयस्यैव कर्मत्वं न तु कालिकादिना फलाश्रयस्य, तस्य सम्बन्धस्य फलतावच्छेदकत्वाभावात्। एवञ्च प्रयागादेर्न कर्मत्वमित्यन्यत्र विस्तरः।

कर्मकारक का विवेचन

और प्रकृत=प्रयुक्त धातु के अर्थ=प्रधानीभूत व्यापार से प्रयोज्य [=साक्षात् अथवा परम्परया उत्पाद्य] जो प्रकृत=प्रयुक्त धातु का अर्थ फल, उस फल का आश्रय होते हुए उद्देश्य=इच्छा का विशेष्य होना—कर्मत्व है। यही [उपर्युक्त] कर्मलक्षण में ईप्सिततम होना है। [जैसे—] 'गां पयो दोग्धि=गाय से दूध दुहता है' इत्यादि में दूध में रहने वाला जो विभाग, इसका जनक व्यापार गाय में रहनेवाला, इस [गाय में रहनेवाले व्यापार] का जनक [व्यापार] गोपाल में रहने वाला है। [दुह् धातु का अर्थ है—अन्तः स्थित-द्रव-द्रव्य-विभागानुकूल-व्यापारानुकूल-व्यापार] यहां दूध का कर्मत्व सिद्ध करने के लिए [कर्मलक्षण में] प्रयोज्यत्व का निवेश किया गया है [क्योंकि प्रयोज्यत्व तो साक्षात् एवं परम्परया जन्यत्व माना जाता है।] जन्यत्व=साक्षात् उत्पाद्यत्व का निवेश करने पर [पयः का] कर्मत्व नहीं हो सकेगा। 'प्रयागात् काशीं गच्छति'=प्रयाग से काशी जाता है—यहां प्रयाग कर्म न होने लगे इसको रोकने के लिए 'प्रकृतधात्वर्थफल' यह [निविष्ट है]। क्योंकि विभाग प्रकृत धातु का अर्थ नहीं है किन्तु अनिवार्य होने से गमन होने में उत्पन्न होता है। और प्रयाग फलतावच्छेदक सम्बन्ध से फल का आश्रय होते हुए उद्देश्य=इच्छा का विशेष्य नहीं है। [अतः प्रयाग कर्म नहीं होता है।]

विमर्श—व्याकरणशास्त्र में अनेक सूत्रों द्वारा कर्मत्व का लक्षण बताया गया है। उनमें प्रमुख है 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' [पा० सू० १।४।४९] से बोधित। इसी का परिष्कृत स्वरूप यहां लिखा गया है—प्रकृतधात्वर्थ-प्रधानीभूत-व्यापार-प्रयोज्य-प्रकृत-धात्वर्थफलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्वं कर्मत्वम्। फल एवं व्यापार ये दोनों प्रकृत धातु के ही अर्थ होने चाहिए। इसीलिए 'माषेषु अश्वं बध्नाति' यहां माष=उड़द कर्म नहीं होते हैं क्योंकि वे माष भक्षणरूप फल के आश्रय हैं परन्तु यह भक्षण प्रकृत बन्ध धातु का अर्थ नहीं है। जन्यत्व का निवेश न करके प्रयोज्यत्व का निवेश किया गया है जिसके फलस्वरूप 'गां पयो दोग्धि' में पयः=दूध की कर्म संज्ञा होती है। विभागानुकूल-व्यापारानुकूल-व्यापार दुह् धात्वर्थ है। यहां पयोवृत्ति विभाग, इसका जनक गोवृत्ति व्यापार, इसका जनक गोपवृत्ति व्यापार है। गोपव्यापार के बिना पयः में व्यापारपूर्वक विभाग उत्पन्न न होने के कारण गोपव्यापार से जन्य गोव्यापार को धातु का वाच्य मानना पड़ता है। इस गोव्यापार से जन्य है पयोनिष्ठव्यापारपूर्वकविभाग। इसमें

पयोनिष्ठव्यापार विभागनान्तरीयक होने के कारण धातुवाच्य नहीं है। अतः उसे नहीं लिखा गया। इस प्रकार विभागरूप फल गोपनिष्ठधात्वर्थप्रधानव्यापार से जन्य नहीं है। अतः तदाश्रय की कर्मसंज्ञा नहीं हो पाती। इसीलिए साक्षात्परम्परासाधारण प्रयोज्यत्व का निवेश किया गया। जन्यता तो साक्षात् ही ली जाती है। उस स्थिति में यहां पय की कर्मता कठिन हो जाती। इसका विशद विवेचन संस्कृत-व्याख्या में देखें।

ननु प्रकृतधात्वर्थग्रहणेनैवात्र वारणादुद्देश्यत्वनिवेशः किमर्थः, इति चेत्; न, तस्यासाधारणं प्रयोजनं 'काशीं गच्छन् पथि मृत' इति काश्याः फलाश्रयत्वाभावेऽपि फलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्वसत्त्वात्कर्मत्वम्।

ननु काशीं गच्छति चैत्रे 'चैत्रः काशीं गच्छति न प्रयागमि'ति प्रयोगानुपपत्तिः, प्रयागस्य फलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्वाभावादिति चेत्, उच्यते। कर्मलक्षणे ईप्सिततमपदस्य स्वार्थविशिष्टयोग्यताविशेषे लक्षणा। तथा च प्रकृतधात्वर्थप्रधानीभूतव्यापारप्रयोज्यप्रकृतधात्वर्थफलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्वयोग्यताविशेषशालित्वं कर्मत्वम्। तच्च प्रयागस्याप्यस्तीति कर्मत्वं तस्य सुलभम्। एतेन कार्यान्तरं कुर्वति चैत्रे किं ग्रामं गच्छति अथवा ओदनं पचतीति प्रश्ने न ग्रामं गच्छति नौदनं पचतीत्यादिप्रयोगा व्याख्याताः।

कर्तुरीप्सिततममित्यत्र सना उद्देश्यत्वं प्रतीयते एतदभावेऽपि प्रयागात् काशीं गच्छतीत्यादौ प्रकृतधात्वर्थस्य ग्रहणादेवानिष्टनिवृत्तौ प्रकृतधात्वर्थफलाश्रयत्वपर्यन्तमेव लक्षणं कार्यम्। अत उद्देश्यग्रहणस्य प्रयोजनं साधयति—तस्यासाधारणेति। लक्षणे उद्देश्यत्वग्रहणाभावे 'काशीं गच्छन् पथि मृतः' इत्यादौ प्रकृत-गम्-धात्वर्थी-भूत-संयोग-रूपफलाश्रयत्वाभावात् काश्याः कर्मत्वं न स्यात्। उद्देश्यत्वनिवेशे च नायं दोषः। काश्याः संयोगरूपफलाश्रयत्वाभावेऽपि तद्रूपफलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्वात् तस्याः कर्मत्वसिद्धिरिति भावः।

तच्चेति। उक्तफलाश्रयत्वेनोद्देश्ययोग्यताविशेषशालित्वमित्यर्थः। सुलभमिति। अयं भावः—कर्मसंज्ञाविधायके ईप्सिततमपदस्य फलाश्रयत्वप्रकारकेच्छीयविषयतायोग्याश्रयोपलक्षकतया 'प्रकृतधात्वर्थ-प्रधानीभूतव्यापारप्रयोज्य-प्रकृतधात्वर्थफलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्वयोग्यताविशेषशालित्वं कर्मत्वम्' इति लक्षणं निष्पन्नम्। एवञ्च प्रयागगमनस्याप्युद्देश्यत्वेन किञ्चित्कारणवशात् तत्रगमनाभावेऽपि तत्र कर्मत्वसिद्धौ न किमपि बाधकमिति बोध्यम्। अन्ये तु—'काशीं गच्छति चैत्रो न प्रयागम्' इत्यत्र प्रयागे उद्देश्यत्वारोपादेव निर्वाहान्नोक्तनिवेश आवश्यक इत्याहुः। एतेन = उक्तलक्षणाङ्गीकारेण। व्याख्याता इति। अत्र ओदने तादृशफलाश्रयत्वयोग्यतासत्त्वात्

एवमेव ग्रामेऽपि तादृशयोग्यतासत्त्वात् कर्मत्वसिद्धौ न किमपि बाधकमिति भावः। उक्तनिवेशास्वीकारे तु नात्र कर्मत्वोपपत्तिरिति बोध्यम्।

'प्रकृत=प्रयुक्त धात्वर्थफल' के ग्रहण से ही यहां [=प्रयागात् काशीं गच्छति' वाक्य-घटक प्रयाग के कर्मत्व का] वारण हो जाने से [इस कर्मलक्षण में] उद्देश्यत्व का निवेश किस लिए किया गया है? ऐसा यदि [कहो तो] नहीं [कह सकते], क्योंकि उस [उद्देश्यत्वनिवेश] का असाधारण प्रयोजन 'काशी जाता हुआ मार्ग में मर गया' इसमें काशी की [संयोगरूप] फल का आश्रय न होने पर भी फलाश्रयत्वरूप से उद्देश्य न होने के कारण कर्मता होती है। [अर्थात् बीच में मर जाने के कारण वह यात्री काशी तक नहीं आ पाता है। अतः गम् धात्वर्थ संयोगरूप फल का आश्रय काशी नहीं बन पाती है। परन्तु 'संयोगरूपफलाश्रय हो' इस इच्छा का विशेष्य=उद्देश्य तो रहती ही है। अतः उसकी कर्मसंज्ञा के लिये उद्देश्यता का निवेश है।]

काशी जाते हुए चैत्र के विषय में 'चैत्र काशी जाता है प्रयाग नहीं' इस प्रयोग की उपपत्ति नहीं हो सकती, क्योंकि प्रयाग संयोगरूपफलाश्रयत्वरूप से उद्देश्य नहीं होता है—ऐसा यदि [कहते हो] तो उत्तर दिया जाता है—कर्म के लक्षण में ईप्सित-पद की स्वार्थविशिष्टयोग्यताविशेष में लक्षणा की जाती है। और इस प्रकार प्रस्तुत धातु के अर्थ प्रधानीभूत व्यापार से प्रयोज्य=साक्षात् अथवा परम्परया उत्पाद्य प्रस्तुत धात्वर्थ फल के आश्रयत्वरूप से उद्देश्यत्वयोग्यताविशेषवाला होना कर्मत्व है। और वह [प्रस्तुत योग्यताविशेषशालित्व] प्रयाग का भी है अतः उसकी कर्मता सुलभ है। [अर्थात् फलाश्रय न होने पर भी फलाश्रययोग्यता तो प्रयाग की है ही] इससे [=योग्यता-विशेषशालित्व का निवेश कर देने से]—अन्य कार्य करनेवाले चैत्र के विषय में 'क्या गांव जाता है या चावल पकाता है?' इस प्रश्न के होने पर 'न गांव जाता है न चावल पकाता है' आदि प्रयोगों का व्याख्यान [कर्मसंज्ञा की उपपत्ति] हो गया।

विमर्श—यहां कर्म का लक्षण—प्रकृतधात्वर्थप्रधानीभूत-व्यापारप्रयोज्य-प्रकृत-धात्वर्थफलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्वविशेषशालित्वं कर्मत्वम्' है। अतः प्रयाग भी गमन का उद्देश्य होता ही है किसी कारणवश प्रयाग न जा सकने पर भी उसमें तादृशयोग्यता-विशेष तो रहती है। अतः उसकी कर्मसंज्ञा होने में बाधा नहीं है। 'ग्रामं न गच्छति ओदनं न पचति' आदि में भी तादृशयोग्यताविशेष रहती ही है। अतः ग्राम एवम् ओदन की कर्म संज्ञा में बाधा नहीं है।

यत्र तु ताडनादिना पराधीनतया विषभोजनादिकं तत्र विषादि तादृश-फलाश्रयत्वेनोद्देश्यमेव। अत एव "आतश्च विषमीप्सितं यद्भक्षयति ताड-नात" [म० भा० १।४।५०] इति भाष्यं सङ्गच्छते। एतेन कशाभिहतः कारागारं गच्छतीति व्याख्यातम्। कालत्रये काशीगमनशून्ये चैत्रे काशीं

गच्छति चैत्र इति वारणाय विशेष इति। काश्याः फलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्व-योग्यतासत्त्वेऽपि तद्विशेषाभावान्न कर्मत्वम्। तद्विशेषश्च व्यापारसमकालिकस्तटस्थजनगम्यः। किञ्च ईदृशस्थले तद्विशेषवत्त्वेऽपि निषेध एवानुभवसिद्ध इति काशीं न गच्छतीति किमनुपपन्नम्।

अनीप्सितस्थलेऽपि कर्मत्वसिद्धिप्रकारं लक्षयति—यत्र त्विति। अयं भावः—विषे भक्षिते सति सद्यः पीडाकरात् ताडनादितः मुक्तिर्भविष्यतीति विचिन्त्य विषं भुंक्ते। एवञ्च विषादावपि तादृशफलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्वमक्षतमिति। अत एव=तादृशस्यापि फलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्वादेव, विषभक्षणस्योद्देश्यत्वादेव वेत्यर्थः। एतेन=ताडनादिभयात् विषभक्षणस्योद्देश्यत्वमिव अन्यत्रापि फलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्वसत्त्वेनेत्यर्थः। लक्षणे विशेषपदोपादानस्य फलं प्रदर्शयति—कालत्रय इति। तद्विशेषाभावात्=योग्यताविशेषाभावादित्यर्थः। तद्विशेषश्च=योग्यताविशेषश्चेत्यर्थः। अनुपपन्नमिति। अनुभवानुसारिबोधस्यैव स्वीकर्त्तव्यतया एतादृशस्थलेषु निषेध एव बोध्य इति भावः।

जहां पर ताडनादि के द्वारा पराधीन होने के कारण विषभोजन आदि [होता है] वहां विषादि उक्त प्रकार के फल के आश्रयत्वरूप से उद्देश्य ही है। [अतः ऐसे स्थलों के लिये योग्यताविशेष के निवेश की आवश्यकता नहीं है।] [विषभक्षण उद्देश्य होता ही है] इसीलिए "इस लिए भी विष ईप्सित [फलाश्रयत्वेन इच्छा का विशेष्य] है चूंकि ताडनादि से खा लेता है' [म० भा० १।४।५०] यह भाष्य संगत होता है। इससे [विषभक्षण की भी उद्देश्यता सिद्ध हो जाने से]—'कोंड़े से मारा गया जेल जाता है' इसकी व्याख्या हो गयी। [जिस प्रकार मार खाने की तुलना में विषभक्षण श्रेयस्कर समझकर उसे ही खा लेता है। इसी प्रकार कोंड़ों की मार खाते रहने की अपेक्षा कारागार जाना श्रेयस्कर समझता है। अतः विषभक्षण और कारागार-गमन की उद्देश्यता सुलभ है।] तीनों कालों में काशी के गमन से रहित चैत्र के विषय में 'चैत्र काशी जाता है' इस [प्रयोग] का वारण करने के लिए—'विशेष' इसका निवेश है। काशी की फलाश्रयत्वेन उद्देश्यत्व योग्यता रहने पर भी योग्यताविशेष के अभाव से कर्म संज्ञा नहीं होती है और योग्यताविशेष—व्यापार के समकालिक, तटस्थ व्यक्ति द्वारा जानने योग्य है। और भी, ऐसे स्थलों पर योग्यताविशेष के रहने पर भी निषेध ही अनुभवसिद्ध है। अतः 'काशी नहीं जाता है' यह होता है, इसमें क्या अनुपपन्न है? अनुभवानुसारी शाब्दबोध ही माना जाता है। ऐसे स्थलों पर निषेध ही सर्वानुभवसिद्ध है। अतः योग्यताविशेष का अभाव मानना आवश्यक है।]

नन्वन्नं भक्षयन् विषं भुङ्क्ते, ग्रामं गच्छंस्तृणं स्पृशतीत्यादौ विषतृणयोरुद्देश्यत्वाभावात् कथं कर्मत्वमिति चेच्छृणु। "तथायुक्तम्" [पा० सू०

१।४।५०] इति लक्षणान्तरात्। प्रकृतधात्वर्थप्रधानीभूतव्यापारप्रयोज्यप्रकृतधात्वर्थफलाश्रयत्वमनीप्सितकर्मत्वमिति तदर्थात्। प्रयागात् काशीं गच्छतीत्यत्र प्रयागस्य कर्मत्ववारणाय प्रकृतधात्वर्थफलेति। द्वेष्योदासीनकर्मसङ्ग्रहार्थमिदं लक्षणम्।

दुहादीनां व्यापारद्वयार्थकत्वपक्षे "अकथितञ्च" [पा० सू० १।४।५१] इति व्यर्थम्, पूर्वेणैवेष्टसिद्धेः। एकव्यापारबोधकत्वपक्षे तु सम्बन्धषष्ठीबाधनार्थम्। तत्पक्षे कर्मसम्बन्धित्वे सति अपादानादिविशेषाविवक्षितत्वमकथितकर्मत्वमिति तृतीयलक्षणेन 'गां पयो दोग्धि' इत्यादौ गामित्यस्य कर्मत्वसिद्धिरित्यन्यत्र विस्तरः।

"तथायुक्तं चानीप्सितम्" [पा० सू० १।४।५०] इत्यस्य लक्ष्यं निरूपयितुमुपक्रमतेनन्विति। प्रकृते च प्रकृतधातुत्वेन भक्षिधातोर्गम्धातोश्च ग्रहणम्। तथायुक्तमिति सूत्रे तथायुक्तत्वञ्च—समभिव्याहृत-धात्वर्थ-प्रधानव्यापारप्रयोज्य-तद्धात्वर्थफलाश्रयत्वरूपम्। पराधीनतया विषं भुञ्जानेऽपि भुजिक्रियाफलाश्रयत्वेनोद्देश्यत्वात् 'कर्तुरीप्सित०' इति सूत्रेणैव सिद्धम्। तदुक्तं भाष्ये—"आतश्च विषमीप्सितं यत्तद् भक्षयती'ति। तस्मात् 'चौरान् पश्यती'ति द्वेष्योदाहरणम्। विषयेन्द्रियसम्बन्धात् दृश्यमाना अपि ते न दर्शनोद्देश्याः, अपि तु अनिष्टदर्शना एवेति स्पष्टं भाष्यकैयटयोः। एवञ्च तत्र पूर्वेण सूत्रेणाप्राप्तौ वचनमिदमिति। अनीप्सितम्=अनुद्देश्यम्, तच्च द्वेष्यम्, उदासीनञ्च। अनीप्सितपदाभावे ईप्सितस्य प्रकर्षहीनस्याप्यनेन सञ्ज्ञाप्राप्तौ "वारणार्थानामीप्सित" [पा० सू० १।४।२७] इत्यनवकाशं स्यात्। प्रकृतग्रहणस्य फलमाह—प्रयागादिति। प्रयागस्य प्रकृतधात्वर्थफलाश्रयत्वाभावात् न कर्मत्वापत्तिरिति बोध्यम्। 'अपादानत्वशक्तिश्च—प्रकृतधात्वर्थ-विभागाश्रयत्वसमानाधिकरणेति—अपादानसमभिव्याहारे विभागोऽपि धात्वर्थः इति बोद्ध्यमिति शेखरोक्तदिशा तु विभागस्य फलत्वेपि फलतावच्छेदकसम्बन्धेन तदाश्रयत्वाभावान्न प्रयागस्य कर्मत्वमिति बोध्यम्।

प्रसङ्गतो निरूपयति—दुहादीनामिति। अयं भावः—'गां दोग्धि पय' इत्यादौ 'गौः पयस्त्यजति' 'देवदत्तो गवा पयस्त्याजयती' त्याद्यर्थस्यापि प्रतीत्या पयोनिष्ठविभागानुकूल-गोनिष्ठव्यापारानुकूलव्यापारादिर्दुहादिवात्वर्थः। अत्र पक्षे फलद्वयस्योपादानात् "कर्तुरीप्सिततमं कर्म" [पा० सू० १।४।४९] इत्यनैव गोः पयसश्च कर्मत्वं सिद्धम्। किन्तु यदा गोनिष्ठव्यापारादेः प्रतीत्यभावेऽपि दुहादेः प्रयोगो दृश्यते तदा पयोनिष्ठविभागानुकूलव्यापारादिरेव धात्वर्थ इत्यपि पक्षः। तथा चापादानत्वाद्यविवक्षायामन्येनासिद्धकर्मत्वार्थम् "अकथितञ्च" [पा० सू० १।४।५१] इति सूत्रमावश्यकम्। बाधनार्थमिति। प्रकृतसूत्राभावे अपादानत्वाद्यविवक्षायां सम्बन्धषष्ठी प्राप्नोति, तद्बाधनार्थमिदं सूत्रमावश्यकम्। तत्पक्षे=एकव्यापारबोधकत्वपक्षे इत्यर्थः।

तृतीयलक्षणेनेति। प्रस्तुतार्थपरक—"अकथितञ्च" [पा०सू० १।४।५१] इति सूत्रेणेत्यर्थः।

अत्रेद बोध्यम्—अन्तःस्थित-द्रवद्रव्यविभागानुकूलो व्यापारो दुहेरर्थः। अत्र गोरपादानत्वाविवक्षायामनेन कर्मत्वम्, तद्विवक्षायां पञ्चमी, गोः पयस्यन्वये षष्ठी। द्विकर्मकेषु गवादीनां कर्मत्वाविवक्षया क्रियान्वये षष्ठी न, अनभिधानात्, षष्ठ्यन्तस्य स्वान्वययोग्यनामसमभिव्याहारे तत्रैवान्वयस्योत्सर्गतो व्युत्पत्तेश्चेत्यादिकं शेखरलघु-मञ्जूषादौ द्रष्टव्यम्। तदेवाह—इत्यन्यत्रेति।

अनीप्सित कर्मत्व का उपपादन

'अन्न खाता हुआ विष खाता है,' 'गांव जाता हुआ तृण छूता है' इत्यादि में विष एवं तृण के उद्देश्य न होने के कारण कर्मत्व किस प्रकार होता है? यदि ऐसा [प्रश्न करते हो तो] सुनो, "तथायुक्तं चानीप्सितम्" [पा० सू० १।४।५०] इस दूसरे लक्षण= सूत्र से [कर्मसंज्ञा होती है]। क्योंकि—प्रस्तुत धातु के अर्थरूप प्रधान व्यापार से प्रयोज्य=साक्षात् अथवा परम्परया उत्पाद्य, प्रस्तुतधात्वर्थ फल का आश्रय होना अनीप्सित कर्म होना है—यह इस [सूत्र] का अर्थ है। [उक्त वाक्यों में विष एवं तृण क्रमशः प्रकृत धात्वर्थफल=भक्षण एवं स्पर्श के आश्रय होने से कर्म हो जाते हैं।] 'प्रयाग से काशी जाता है' इसमें प्रयाग के कर्मत्व का वारण करने के लिये—प्रकृतधात्वर्थ फल —यह निवेश है। [प्रकृत गम् धात्वर्थफल संयोग है। उसका आश्रय काशी है प्रयाग नहीं, अतः प्रयाग की कर्मसंज्ञा नहीं होती है।] द्वेष्य तथा उदासीन [पदार्थों] की कर्मसंज्ञा के सङ्ग्रह के लिये यह [प्रस्तुत सूत्र] है।

विमर्श—जहां 'कर्तुरीप्सिततमम्' [पा० सू० १।४।४९] की प्रवृत्ति नहीं होती है वहीं कर्मसंज्ञा के उपपादनार्थ द्वितीय सूत्र "तथायुक्तं चानीप्सितम्" [पा० सू० १।४।५०] है। अनीप्सित=अनुद्देश्य है। यह दो प्रकार का होता है (१) द्वेष्य और (२) उदासीन। द्वेष्य का उदाहरण है—चोरान् पश्यति। अनीप्सित का—ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति।] इसके लिये—समभिव्याहृत धात्वर्थ प्रधानव्यापार से प्रयोज्य, समभिव्याहृत उसी धात्वर्थ फल का आश्रय होना चाहिये।

अनु०—दुह् आदि धातुओं के दो व्यापार अर्थवाली होने के पक्ष में "अकथि-तञ्च" [पा० सू० १।४।५१] यह सूत्र व्यर्थ है क्योंकि पूर्वसूत्र [कर्तुरीप्सित—पा० सू० १।४।४९] से ही इष्टसिद्धि [कर्मसंज्ञा की उपपत्ति हो जाती है]। [दुह् आदि धातुओं के] एकव्यापार अर्थवाली होने के पक्ष में तो सम्बन्धषष्ठी का बाध करने के लिये [यह सूत्र है]। उस [एकव्यापार अर्थवाली होने के] पक्ष में—कर्म का सम्बन्धी होते हुए अपादान आदि विशेषरूप से अविवक्षित होना अकथित कर्म होता है। इस तीसरे लक्षण [अकथितञ्च—सूत्र] से 'गां पयो दोग्धि' [गाय से दूध दुहता है] इत्यादि में 'गाम्' इसका कर्मत्व सिद्ध होता है, इसका अन्यत्र [शेखर लघुमञ्जूषादि में] विस्तृत विवेचन है।

विमर्श—'गाय से दूध दुहता है' आदि में यह प्रतीति होती है—(१) गाय दूध छोड़ती है, (२) देवदत्त गाय द्वारा दूध छुड़वाता है। इस प्रकार दूध में होने वाले विभाग का जनक व्यापार गाय में है और गाय में होनेवाले व्यापार का जनक व्यापार देवदत्त आदि में रहनेवाला है—पयोनिष्ठविभागानुकूल-गोनिष्ठव्यापारानुकूल-देवदत्तादि-निष्ठव्यापारो दुह् धातोरर्थः। इसी प्रकार उपात्त अन्य १५ धातुओं के भी दो दो व्यापार अर्थ हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में विभागरूपी दो फलों की प्रतीति होती है जिनके आश्रय होने के कारण पयस् एवं गाय दोनों की कर्मसंज्ञा सम्भव है। इसीलिये 'अकथितञ्च' [पा० सू० १।४।५१] यह सूत्र व्यर्थ है। इसका कोई फल नहीं है।

परन्तु जब दुह् आदि धातुओं का अर्थ एक ही व्यापार होता है—पयोनिष्ठविभागानुकूल व्यापार, तब गो अपादान होती है। उसकी अविवक्षा में अन्य किसी से 'गो' की कर्मता सम्भव नहीं है। अतः "अकथितञ्च" [पा० सू० १।४।५१] यह सूत्र आवश्यक है। यदि यह सूत्र नहीं होगा तो सम्बन्ध में षष्ठी प्राप्त होगी उसे रोकने के लिये सूत्र आवश्यक है।

यहां यह ध्यान रखना चाहिये कि दुह् धातु का परिष्कृत अर्थ है—अन्तःस्थित-द्रव-द्रव्यविभागानुकूल-व्यापारानुकूल-व्यापार। इसमें गाय की अपादानत्व की अविवक्षा में प्रस्तुत सूत्र से कर्मसंज्ञा होती है। अपादानत्व की विवक्षा में पञ्चमी विभक्ति और गाय का पयस् के साथ सम्बन्ध करने पर—गोसम्बन्धी पयस्—में षष्ठी भी होती है।

यत्तु तार्किकाः—कर्मत्वं तु न करणव्यापारवत्त्वम्, तद्धि करणजन्य-व्यापारवत्त्वम्। दात्रेण धान्यं लुनातीत्यादौ हस्तादिकरणजन्यव्यापारवति दात्रादावतिव्याप्तेः। नापि क्रियाजन्यफलशालित्वं तत्। चैत्रश्चैत्रं गच्छती-त्यापत्तेः। संयोगरूपफलस्योभयकर्मकर्तृनिष्ठत्वात्। नापि परसवेत-क्रियाजन्यफलशालित्वं तत्। गमिपत्योः पूर्वस्मिन्देशे त्यजेश्चोत्तरस्मिन्देशे कर्मत्वप्रसङ्गात्। नदी वर्धत इत्यादौ अवयवोपचयरूपवृद्धिक्रियायाः तीर-प्राप्तिरूपफलाश्रये तीरे कर्मत्वापत्तेश्चेति।

अत्र ब्रूमः—धात्वर्थतावच्छेदकफलशालित्वं कर्मत्वं, तादृशफलं च गमे-स्संयोगस्त्यजेर्विभागः पतेरधोदेशसंयोगः। अधोदेशरूपकर्मणो धात्वर्थ-निविष्टत्वादकर्मकत्वेन पर्ण वृक्षाद् भूमौ पततीति। संयोगमात्रफलपक्षे वृक्षाद् भूमिं पततीति।

ननु चतुर्थलक्षणेऽपि चैत्रश्चैत्रं गच्छतीत्यापत्तिः, तत्र हि धात्वर्थतावच्छेदकफलं संयोग इति चेत्, न। लक्षणे व्यापारानधिकरणत्वे सतीति विशेषणदानादित्याहुः।

तत्र। काशीं गच्छन् पथि मृत इत्यादौ काश्याः, काशीं गच्छति न प्रयागमित्यादौ प्रयागस्य, ग्रामं न गच्छतोत्यादौ ग्रामस्य च तादृशफलशालित्वाभावादेतस्य लक्षणस्यात्र सर्वत्राव्याप्तेः।

खण्डयितुं तार्किकमतमनुवदति—यत्तिवति। करणजन्येति। करणव्यापारजन्यव्यापारवत्त्वमित्यर्थः। गच्छतीत्यापत्तेरिति। गम्धात्वर्थक्रियाजन्यफलस्य संयोगात्मकस्य कर्तरि चैत्रे कर्मणि चैत्रे च सत्त्वात्। वस्तुतस्तु नायं दोषः, ग्रामस्येव चैत्रस्यापि फलाश्रयत्वेऽपि परत्वात्तदीयकर्तृसंज्ञया कर्मसंज्ञाया बाधात्, द्वितीयोत्पत्तौ कर्मसंज्ञाया एव नियामकत्वाच्च। ननु चैत्रश्चैत्रं गच्छतीति प्रयोगवारणाय धात्वर्थक्रियायां परसमवेतत्वं विशेषणीयम्। तेन द्वितीयाप्रकृतित्वेन विवक्षितार्थभिन्नसमवेतव्यापारजन्य यत् फलं तादृशफलाश्रयस्यैव कर्मत्वं बोध्यम्। प्रकृते च द्वितीयाप्रकृतित्वेन विवक्षितचैत्रार्थप्रतियोगिकभेदस्य चैत्रेऽसत्त्वात् तत्समवेत-व्यापारजन्यसयोगरूपफलाश्रयस्य न कर्मत्वम्। ग्रामप्रतियोगिकभेदवच्चैत्र-समवेतव्यापारजन्यफलाश्रयत्वाद् ग्रामस्य कर्मत्वं सिध्यति। अत्र परत्वस्य परसमवेतत्वस्य च द्वितीयावाच्यस्य इष्टान्वयबोधायानेककार्यकारणभावाभ्युपमे गौरवान्तरमपि। तथाहि—द्वितीयाप्रकृत्यर्थनिष्ठप्रकारतानिरूपितविशेष्यतासम्बन्धेन शाब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति द्वितीयार्थपरत्वोपस्थितिः कारणमिति, द्वितीयार्थपरसमवेतत्वनिष्ठप्रकारतानिरूपितविशेष्यतासम्बन्धेन शाब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति भावनात्वावच्छिन्नविशेष्यतासम्बन्धेन धातुजन्योपस्थितिः कारणमिति कार्यकारणभावान्तरं कल्पनीयं स्यादिति बोध्यम्। कर्मत्वप्रसङ्गादिति। कर्तृव्यापारजन्यसंयोगाश्रयस्य ग्रामस्येव तादृशविभागाश्रयस्य पूर्वदेशस्यापि कर्मत्वं दुर्निवारम्। एवं त्यज्धातुयोगेऽपि व्यापारजन्यविभागाश्रयत्वात् पूर्वदेशस्येवोत्तरदेशस्यापि तज्जन्यसंयोगाश्रयत्वात् कर्मत्वं दुर्निवारमेव। नदी वर्धते इति। अत्र तीरप्राप्त्यनुकूलोऽवयवोपचयरूपो व्यापारो वृध् धात्वर्थः।

नैयायिकाः स्वसिद्धान्तमाहुः—अत्र ब्रूम इति। धात्वर्थतेति। धात्वर्थता= धातुजन्योपस्थितीयविशेष्यता, तदवच्छेदकं यत् फलं धात्वर्थविशेष्यविशेषणमिति यावत्, तच्छालित्व कर्मत्वमिति बोध्यम्। एवञ्च गमिपत्योः संयोगानुकूलव्यापारे एव शक्तिसत्त्वेन तादृशशक्तिनिरूपकार्थीभूतव्यापारनिष्ठविशेष्यतानिरूपितावच्छेदकतायाः संयोगे एव सत्त्वेन तादृशसंयोगाश्रयस्योत्तरदेशस्यैव कर्मत्वं न तु विभागाश्रयस्य पूर्वदेशस्य। विभागस्य तु नान्तरीयकत्वेन संयोगानुकूलव्यापारजन्यत्वेऽपि तत्रांशे शक्त्यभावात् प्रकृतधात्वर्थतावच्छेदकताभावेन न तदाश्रयस्य पूर्वदेशस्य कर्मत्वापत्तिः। त्यज्धातोस्तु विभागानुकूलव्यापारोऽर्थः, तत्र विभागजन्यसंयोगस्य नान्तरीयकत्वेऽपि तदंशे शक्त्यभावेन संयोगस्य प्रकृतधात्वर्थतावच्छेदकत्वाभावेन तदाश्रयस्योत्तरदेशस्य न कर्मत्वापत्तिरिति बोध्यम्। धात्वर्थनिविष्टत्वादिति।

धातोरर्थान्तरे वृत्तेर्धात्वर्थेनोपसङ्ग्रहात् ।
प्रसिद्धेरविवक्षातः कर्मणोऽकर्मिका क्रिया ॥ [वा० प० ३।७।८८]

इति हरिकारिकोक्तदिशा धात्वर्थेनोपसङ्ग्रहादकर्मकत्वं पत्धातोर्बोध्यम् । भूमिं पततीति—। अत एव पतितशब्दयोगे "द्वितीया श्रितातीतपतित०" [पा० सू० २।१।२४] इत्यादिना समासविधानं सङ्गच्छते ।

नैयायिकोक्तरीत्या (१) करणजन्यव्यापारवत्त्वं कर्मत्वमिति प्रथमलक्षणम् । (२) क्रियाजन्यफलशालित्वं कर्मत्वमिति द्वितीयलक्षणम् । (३) परसमवेत-क्रियाजन्यफलशालित्वं कर्मत्वमिति तृतीयलक्षणम् । (४) धात्वर्थतावच्छेदकफलशालित्वं कर्मत्वमिति चतुर्थं सिद्धान्तभूतं कर्मत्वलक्षणम् । अत्रापि दोषमाशङ्कते—नन्विति । अयं भावः—चैत्रश्चैत्रं गच्छतीत्यत्र धात्वर्थतावच्छेदकफलं संयोगः, तदाश्रयत्वाच्चैत्रस्य कर्मत्वापत्तिस्तदवस्थैवेति बोध्यम् । लक्षणे इति—। धात्वर्थतावच्छेदके फले 'व्यापारानधिकरणत्वे सति' इति विशेषणं योज्यम् । एवञ्च व्यापारानधिकरणत्वे सति यत् धात्वर्थतावच्छेदकफलं तच्छालित्वं कर्मत्वमिति फलितम् । चैत्रीयसंयोगस्यातथात्वान्न दोष इति बोध्यम् ।

नैयायिकमतं निराकरोति—तन्नेति । तादृशेति । धात्वर्थतावच्छेदकफलशालित्वाभावादित्यर्थः । एवञ्च नैयायिकोक्तं चतुर्थलक्षणमपि न निर्दुष्टमिति बोध्यम् ।

नैयायिक-मत

नैयायिक लोग जो यह कहते हैं कि—कर्मत्व तो करणव्यापार से युक्त होना नहीं है, क्योंकि वह [करणव्यापारवत्त्व] करण [-व्यापार से] जन्य व्यापारवाला होना है । 'दात्र=हंसिया से धान काटता है' इत्यादि में हाथ आदि करण कारक से जन्य व्यापारवाले दात्र आदि में [कर्मत्व] लक्षण की अतिव्याप्ति है । और क्रिया से जन्य फल का आश्रय होना भी वह [कर्मत्व] नहीं है क्योंकि 'चैत्र चैत्र के पास जाता है' यह होने लगेगा, क्योंकि [गम् धात्वर्थ] संयोगरूप फल [चैत्ररूप] कर्ता और [चैत्ररूप] कर्म दोनों में रहनेवाला है । [अतः दोनों के क्रियाजन्य फलशाली होने से 'चैत्रश्चैत्रं गच्छति' यह प्रयोग होने लगेगा ।] और न अन्य में समवेत [समवाय सम्बन्ध से रहने वाली] क्रिया से जन्य फलवाला होना कर्मत्व है, क्योंकि गम् तथा पत् के पूर्वदेश में तथा त्यज् के उत्तर देश में कर्मत्व का प्रसङ्ग आता है । और 'नदी बढ़ती है' इत्यादि में अवयवों की उपचयरूप वृद्धि क्रिया के तीरप्राप्तिरूपफल के आश्रय तीर=तट में कर्मत्व की आपत्ति होगी ।

विमर्श—(१) करण के व्यापार से जन्य व्यापारवाला कर्म होता है, ऐसा मान लेने पर 'दात्रेण लुनाति' आदि में दात्र भी कर्म होने लगेगा । कारण यह है कि हाथ आदि जो दूसरे करण हैं उनसे होने वाला व्यापार दात्र में रहता है । अतः करणजन्य व्यापारवत्ता के कारण कर्मत्व अतिप्रसक्त है ।

(२) क्रिया से जन्य फलवाला होना कर्मत्व है—यह भी ठीक नहीं है क्योंकि संयोगादिफल उभयनिष्ठ माने जाते हैं इसलिए ग्रामादि के समान स्वयं चैत्र में भी संयोग रहने के कारण 'चैत्रो ग्रामं गच्छति' के समान 'चैत्रः चैत्रं गच्छति' आदि प्रयोग भी होने लगेंगे।

(३) उपर्युक्त दोष से मुक्त होने के लिये क्रिया में 'परसमवेतत्व' विशेषण देना चाहिये। अतः द्वितीया के प्रकृतिरूप से विवक्षित पदार्थ से भिन्न में समवेत क्रिया से जन्य फलवाला कर्म होता है, ऐसा मान लेने से 'चैत्रः चैत्रं गच्छति' आदि प्रयोग नहीं होगा, क्योंकि यहां परसमवेत न होकर स्वसमवेत ही क्रिया है। परन्तु गम् धातु एवं पत् धातुओं के योग में जैसे उत्तरदेश फलाश्रय होने से कर्म होता है उसी प्रकार पूर्वदेश भी क्रियाजन्यविभागरूप फल का आश्रय होने से कर्म होने लगेगा। इसी प्रकार त्यज् के योग में पूर्वदेश के समान उत्तर देश भी क्रियाजन्यसंयोगरूपफलाश्रय होने से कर्म होने लगेगा। इसलिए 'चैत्र प्रयाग से काशी जाता है' यहां प्रयाग का और 'वृक्ष से पत्ता गिरता है' यहां वृक्ष का कर्मत्व प्रसक्त होता है। 'काशी के लिये प्रयाग को छोड़ता है' आदि में प्रयागरूप पूर्वदेश के समान काशीरूप उत्तर देश का भी कर्मत्व प्रसक्त होता है। 'नदी वर्धते' यहां वृध् धातु का अर्थ है—अवयवोपचयरूप वृद्धि क्रिया। इसका फल है तीरप्राप्ति। इस फल के आश्रय तीर [तट] में कर्मत्व प्रसक्त होता है।

अनु०—यहां [उपर्युक्त मतों के खण्डन के विषय में] हम तार्किक कहते हैं—धात्वर्थता के अवच्छेदक फल का आश्रय होना कर्मत्व है। और वैसा [अर्थात् धात्वर्थता का अवच्छेदक] फल गम् का संयोग, त्यज् का विभाग और पत् का अधोदेशसंयोग है। [अतः गम् में विभाग को और त्यज् में संयोग को धात्वर्थतावच्छेदक न मानने से दोष नहीं हैं।] अधोदेशरूप कर्म धात्वर्थ में निविष्ट है अतः [पत् धातु के] अकर्मक होने के कारण 'पत्ता वृक्ष से भूमि पर गिरता है' यह [प्रयोग होता है; इस में भूमि की कर्मता नहीं होती है]। [पत् धातु का] 'केवल संयोग फल है' इस पक्ष में [संयोगाश्रय होने से] 'वृक्षात् भूमिं पतति' [वृक्ष से भूमि को गिरता है] यह [होता है]।

चतुर्थ लक्षण [=धात्वर्थतावच्छेदक-फलशालित्व] में भी 'चैत्रः चैत्रं गच्छति' यह आपत्ति है ही, क्योंकि यहां धात्वर्थतावच्छेदक फल संयोग है [और यह उभयनिष्ठ होने से कर्ता एवं कर्म उभयरूपी चैत्र में रहता है]—ऐसा यदि [कहो तो] नहीं [कह सकते], क्योंकि [कर्मत्व के] लक्षण में 'व्यापार का अनधिकरण होते हुए'—यह विशेषण देना चाहिए।

विमर्श—यहां कुल मिलाकर चार लक्षण बताये गये हैं—(१) करणजन्यव्यापारवत्त्वम् (२) क्रियाजन्यफलशालित्वम् (३) परसमवेतक्रियाजन्यफलशालित्वम् (४) धात्वर्थतावच्छेदकफलशालित्वं कर्मत्वम्। तीन पक्षों में सम्भावित दोषों का निराकरण

चतुर्थलक्षण मानकर किया गया है। परन्तु इस पक्ष में भी 'चैत्रः चैत्रं गच्छति' यह दोष स्थिर ही है क्योंकि गम् धात्वर्थतावच्छेदक संयोगरूप फल कर्म एवं कर्ता चैत्र [दोनों] में रहनेवाला है। अतः उक्त अतिप्रसंग है ही। इसके लिये—व्यापार का अधिकरण न होते हुए धात्वर्थतावच्छेदक फल का आश्रय होना कर्मत्व है, ऐसा मानना चाहिये। यहां चैत्र व्यापार का भी अधिकरण है अतः उसे कर्म नहीं माना जा सकता। अतः उक्त अतिप्रसग नहीं आता है।

नैयायिक-मत का खण्डन

अनु०—वह [उपर्युक्त नैयायिक-मत ठीक] नहीं है क्योंकि 'काशी जाते हुए रास्ते में मर गया' इत्यादि में काशी, 'काशी जाता है प्रयाग नहीं' इत्यादि में प्रयाग और 'गांव नहीं जाता है' इत्यादि में ग्राम वैसे [अर्थात् धात्वर्थतावच्छेदक] फल वाले नहीं हैं अतः इस [चतुर्थ] लक्षण की सभी में अव्याप्ति है। [अतः नैयायिकोक्त लक्षण ठीक नहीं है।]

ननु वृक्षं त्यजति खग इत्यत्र वृक्षस्य विभागरूपफलाश्रयत्वेनापादानत्वमस्त्विति चेत्, न। अत्र हि विभागः प्रकृतधात्वर्थः। यत्र च विभागो न प्रकृतधात्वर्थस्तद्विभागाश्रयस्यैवापादानत्वम्, यथा वृक्षात्पततीत्यादौ। यत्र च प्रकृतधात्वर्थो विभागस्तत्रोभयप्राप्तौ 'अपादानमुत्तराणि कारकाणि बाधन्ते' (म० भा० १।४।१) इति भाष्ययुक्तेः कर्मत्वम्। अनुक्ते कर्मणि षष्ठीद्वितीये, भारतस्य श्रवणं, भारतं शृणोतीति यथा।

सकर्मकत्वं च फलव्यधिकरणव्यापारवाचकत्वम्। फलसमानाधिकरणव्यापारवाचकत्वमकर्मकत्वम्। अद्य देवदत्तो भवति=उत्पद्यत इत्यर्थः। अत्रोत्पत्तिरूपं फलं बहिर्निस्सरणं च व्यापारो देवदत्तनिष्ठ एव। व्यापारमात्रवाचकत्वं वाऽकर्मकत्वम्। अस्ति भवति विद्यते वर्तत इत्यादिधातुषु फलस्य सर्वैर्दुर्विज्ञेयत्वात्। सत्ता हि स्थितिरूपो व्यापारविशेषः। देवदत्तोऽस्तीत्यादौ देवदत्तकर्तृका सत्तेत्येव बोधाच्च। "फलव्यापारयोर्धातुर्वाचक" इति तु बाहुल्याभिप्रायेणेति दिक्।

यथाकथञ्चित् विभागाश्रयत्वमपादानत्वमित्यभिमानेन शङ्कते-नन्विति। समाधत्ते-यत्र चेति। प्रकृतधात्ववाच्यविभागाश्रयत्वमपादानत्वमिति रीत्या समाधानं बोध्यम्। यथा वृक्षात् पततीत्यादौ विभागो न प्रकृतधात्वर्थत्वेन प्रतीयते। तेन तदाश्रयस्य वृक्षस्यापादानत्वं सिद्धम्। वृक्षं त्यजतीत्यत्र तु विभागः प्रकृधात्वर्थः। तेन कर्मत्वापादानत्वयोरुभयोः प्रसङ्गे "अपादानमुत्तराणि कारकाणि बाधन्ते" [म० भा० १।४।१] इति भाष्यवचनात् कर्मत्वमेव भवतीति बोध्यम्। अनुक्ते कर्मणि विभक्तिं निर्दिशति—अनुक्ते इति। "कर्तृकर्मणोः कृति" [पा० सू० २।३।६५] इत्यनेन कृद्योगे षष्ठी,

"कर्मणि द्वितीया" [पा० सू० २।३।२] इत्यनेन द्वितीयेति भावः। ननु केवल-व्यापारार्थप्रतीतौ "फलव्यापारयोर्धातुराश्रये तु तिङः स्मृतः" (वै० भू० का० १) इतिदीक्षितकारिकाविरोध अत आह–बाहुल्येति। वस्तुतस्तु—शब्दशास्त्रीयकर्मसंज्ञकार्थान्वय्यर्थकत्वं सकर्मकत्वम्, तदनन्वय्यर्थकत्वमकर्मकत्वमिति धात्वर्थप्रकरणोक्तमेव लक्षण सिद्धान्तभूतम्। तदेवाह—दिगिति। इति कर्मकारकविचारः।

'पक्षी वृक्ष को छोड़ता है' इसमें वृक्ष विभागरूप फल का आश्रय होता है अतः अपादानत्व हो जाय—ऐसा यदि [कहो तो] नहीं [कह सकते], क्योंकि यहां विभाग प्रकृत धात्वर्थ है। और जहां विभाग प्रकृतधात्वर्थ नहीं होता है उस विभाग का आश्रय ही अपादान होता है, जैसे 'वृक्षात् पतति' [वृक्ष से गिरता है] इत्यादि में है। और जहां विभाग प्रकृत धात्वर्थ [होता है] वहां [कर्मत्व तथा अपादानत्व] दोनों की प्राप्ति में "बाद वाले कारक अपादान का बाध कर लेते हैं" इस भाष्य की युक्ति [वचन] से कर्मत्व [ही होता है]। अनुक्त कर्म में ['कर्तृकर्मणोः' पा० सू० २।३।६५ से] षष्ठी तथा ['कर्मणि द्वितीया' पा०सू० २।३।२ से] द्वितीया [होती है] जैसे–भारतस्य श्रवणम् [महाभारत का सुनना और] भारतं शृणोति [महाभारत सुनता है] इत्यादि में है।

सकर्मकत्व और अकर्मकत्व

और सकर्मकत्व—फल के व्यधिकरण [भिन्न अधिकरण में रहने वाले] व्यापार का वाचक होना है। फल के समानाधिकरण [समान ही अधिकरण में रहने वाले] व्यापार का वाचक होना अकर्मक होना है। 'आज देवदत्त होता है=उत्पन्न होता है'–यह अर्थ है। इसमें उत्पत्तिरूप फल और [गर्भ से] बाहर निकलनारूपी व्यापार [दोनों] देवदत्त में रहने वाले ही हैं। अथवा केवल व्यापार का वाचक होना अकर्मक होना है क्योंकि, 'अस्ति, भवति, विद्यते, वर्तते' [=अस्, भू, विद्, वृत्] इन धातुओं में सभी को फल का ज्ञान करना कठिन है। क्योंकि सत्ता=स्थितिरूप व्यापारविशेष है [फल नहीं है]। और क्योंकि 'देवदत्तोऽस्ति' इत्यादि में—देवदत्त-रूपी कर्तावाली सत्ता—यही बोध होता है। 'धातु फल एवं व्यापार दोनों का वाचक [होता है]'—यह [भूषणकार का] कथन तो बाहुल्य [बहुत होने] के कारण है। [अर्थात् अधिकतर धातुएं फल एवं व्यापार दोनों अर्थों की वाचक होती हैं इसी आशय से भूषणकारादि ने दोनों अर्थों का वाचक माना है।]

विमर्श—यहां सकर्मकत्व एवम् अकर्मकत्व के विषय में जो विवेचन किया है वह नागेश का सिद्धान्तभूत मत नहीं है। उनका अपना मत धात्वर्थप्रकरण में इस प्रकार प्राप्त होता है–व्याकरणशास्त्र द्वारा बोधित कर्म संज्ञावाले अर्थ के साथ अन्वयी अर्थवाला होना सकर्मक होना है। और उसके साथ अन्वयी अर्थवाला न होना अकर्मक होना है। इसीलिये 'अध्यासिताः भूमयः' आदि प्रयोगों में कर्म में क्त होता है क्योंकि 'अधि-

शीङ्स्थासां कर्म' [पा० सू० १।४।४६] से आधार=भूमि की कर्मसंज्ञा होती है उसके साथ इस धात्वर्थ का अन्वय होने से सकर्मकता होती है।

यहां यद्यपि 'अस्ति' आदि में केवल व्यापारअर्थ का प्रतिपादन किया गया है परन्तु वैयाकरणभूषणादि में इनमें भी 'सत्तारूपफलानुकूल भावना' की प्रतीति मानी गयी है। जब 'उत्पत्त्यनुकूल' व्यापार अर्थ माना जाता है तब फल एवं व्यापार दोनों की प्रतीति हो ही जाती है। जैसा कि वाल्मीकीय रामायण में प्रयोग है—

रोहितो लोहितादासीत् धुन्धुस्तस्य सुतोऽभवत्।

कर्म-कारक का विचार समाप्त हुआ।

स्वनिष्ठव्यापाराव्यवधानेन फलनिष्पादकत्वं करणत्वम्। इदमेव साधकतमत्वम्।

क्रियायाः परिनिष्पत्तियद्व्यापारादनन्तरम्।
विवक्ष्यते यदा यत्र करणं तत्तदा स्मृतम्॥

वा० प० ३।७।९०।

इति हर्युक्तेः। क्रियाया इत्यस्य फलात्मिकाया इत्यर्थः। रामेण बाणेन हतो बालीत्यादौ धनुराकर्षणादेर्व्यापारस्य बाणव्यापारात् पूर्वमपि कर्तरि सत्त्वात्। रामाभिन्नकर्तृनिष्ठव्यापारप्रयोज्यो यो बाणनिष्ठो व्यापारस्तज्जन्यं यत् प्राणवियोगरूपं फलं तदाश्रयो बालीति बोधाच्च। रामो बाणेन वालिनं हन्तीत्यादौ कर्तृप्रत्यये बाणव्यापारजन्यो यो बालिनिष्ठः प्राणवियोगस्तदनुकूलो रामकर्तृको व्यापार इति बोधः। अर्थाद् रामव्यापारप्रयोज्यो बाणव्यापार इति पर्यवसितो बोधः। कर्त्रादिपञ्चकारकाणां करणत्ववारणाय व्यापाराव्यवधानेनेति दिक्।

अवसरप्राप्तं करणकारकं निरूपयितुमारभते—स्वनिष्ठेति। यस्य करणत्वं विवक्षितं तस्य स्वपदेन ग्रहणम्। यथा रामेण बाणेन हतो बाली—इत्यत्र स्वं=बाणनिष्ठव्यापाराव्यवहितोत्तर-बालिप्राणवियोगरूप-फलनिष्पादकत्वं बाणस्यास्तीति तस्य करणत्वं सिद्धम्। स्वोक्तौ प्रमाणमुपन्यस्यति—साधकतमत्वमिति। अत्रेदं बोध्यम्—"साधकतमं करणम्" [पा०सू० १।४।४२] इति सूत्रं करणबोधकम्। अत्र तमप्-प्रत्ययार्थः प्रकर्षः, स च कारकान्तरापेक्षयैव, न तु करणान्तरापेक्षया, कारकसामान्यवाचक-साधक-शब्दात् तमपो विधानात्। तेन 'देवदत्तोऽश्वेन दीपिकया पथा गच्छतीति' प्रयोगः सङ्गच्छते, अन्यथा करणान्तरापेक्षस्यापि प्रकर्षस्य ग्रहणे तु युगपत् कस्यचिदेकस्यैव करणत्वं स्यादेकस्यैव कस्यचिद् प्रकृष्टत्वादिति। प्रकर्षश्चात्र अव्यवधानेन फलजनको यो व्यापारस्तद्वत्ता। एतच्च यद्व्यापाराव्यवधानेन फलनिष्पत्तिस्तत्त्वं करणत्वमिति फलति। तेन विवक्षया सर्वाण्यपि कारकाणि करणानि भवितुमर्हन्ति। अत्र प्रमाणत्वेन

हरिकारिकामुपन्यस्यति–क्रियाया इति। यद्व्यापाराद् अनन्तरं यत्र यदा क्रियायाः परिनिष्पत्तिः विवक्ष्यते तदा तत् करणं स्मृतमित्यन्वयः। यन्निष्ठव्यापाराव्यवहितोत्तर क्रियाफलस्य सिद्धिर्भवति तत् करणमिति भावः। ननु क्रियाशब्दस्य व्यापारार्थकत्वेन प्रसिद्धतया फलार्थप्रतिपत्तिः कथमत आह–क्रियाया इति। क्रियते या सा क्रियेति कर्मव्युत्पत्त्या फलस्यापि क्रियात्वेन व्यवहार इत्यर्थः। उदाहरणेन समर्थयते—रामेणेत्यादि। अयं भावः—'रामेण बाणेन हतो वाली'त्यत्र कर्तरि रामे धनुराकर्षणादिव्यापारे सत्त्वेऽपि न तस्य करणत्वम्, तन्निष्ठव्यापारेण प्राणवियोगरूपफलानिष्पत्तेः। एतत्फलनिष्पत्तिस्तु बाणनिष्ठव्यापाराव्यवहितोत्तरमेव भवति। एवञ्च बाणस्यैव करणत्वं बोध्यम्। कर्तृप्रत्यये इति। अत्र प्रथमान्तार्थस्य रामपदार्थस्य तिङर्थकर्तरि अभेदेनान्वयः, तिङर्थकर्तुश्च निष्ठत्वसम्बन्धेन धात्वर्थ-व्यापारेऽन्वयः, धात्वर्थफलस्यानुकूलत्वसम्बन्धेन धात्वर्थव्यापारेऽन्वयः, तृतीयान्तार्थस्य करणबाणस्य स्वव्यापारजन्यत्वसम्बन्धेन धात्वर्थफलेऽन्वयः, द्वितीयान्तार्थबालिपदार्थस्य निष्ठत्वसम्बन्धेन धात्वर्थफलेऽन्वयः। एतदेवाह—अर्थादिति। पाष्णिक इति। पृष्णि=पश्चाद् भवः पाष्णिकः=अर्थनिष्ठव्यञ्जनावृत्तिगम्य इत्यर्थः। इति करणकारकविचारः।

करण-कारक का विवेचन

अपने [करणरूप से विवक्षित पदार्थ] में स्थित व्यापार के अव्यवधान से फल का उत्पादक होना कारण होना है। यही साधकतम होना है। क्योंकि—

'जहां जब जिसके व्यापार के अनन्तर क्रिया की उत्पत्ति [वक्ता द्वारा] विवक्षित=कहने के लिए इष्ट होती है वहां उस समय वह [पदार्थ] करण कहा गया है।'

ऐसा भर्तृहरि ने कहा है। [इस कारिका में] क्रियायाः इसका अर्थ है—फलरूप क्रिया का। [अर्थात् क्रिया=फल की निष्पत्ति जिसके व्यापार के तत्काल बाद होती है उस समय वही करण कहा जाता है।] क्योंकि 'रामेण बाणेन हतो बाली' [राम ने बाण से बाली को मार डाला] इत्यादि में धनुष का खींचना आदि व्यापार, बाणनिष्ठ व्यापार [शीघ्र गमन, आघात] से पहले भी कर्ता [राम] में रहता है। [अतः राम करण नहीं होता कर्ता ही रहता है किन्तु बाण के आशुगमन शरीरप्रवेशादि व्यापार के बाद प्राणवियोगरूपी फल की उत्पत्ति होने से बाण ही करण है।] और राम से अभिन्न कर्ता में रहने वाले व्यापार से प्रयोज्य जो बाण में रहने वाला व्यापार, इससे जन्य जो प्राणवियोगरूप फल, उसका आश्रय बाली—ऐसा बोध होता है। 'रामो बाणेन बालिनं हन्ति [राम बाण से बाली को मारता है] इत्यादि में कर्तृप्रत्यय में—बाण के व्यापार से जन्य, बाली में रहने वाला जो प्राणवियोग, उसका जनक, रामरूपी कर्तावाला व्यापार—यह बोध होता हैं। अर्थात् राम के व्यापार से प्रयोज्य बाण का व्यापार—यह पष्णिक [पीछे से होने वाला] बोध है। कर्ता आदि पांच कारक करण न हों—इसके लिये 'व्यापार के अव्यवधान से' यह [कहा गया है]।

विमर्श—'साधकतमं करणम्' [पा० सू० १।४।४२] इस सूत्र से करण का ज्ञान होता है। यह सूत्र 'कारके' [पा० सू० २।४।२३] इस अधिकार सूत्र के अन्तर्गत है। अतः जो अन्य कारकों की अपेक्षा अधिक सहायक होता है अर्थात् जिसकी सहायता के तत्काल बाद क्रियाफल की निष्पत्ति होती है उसे करण कहते हैं। 'रामेण बाणेन हतो बाली' यहां राम और बाण दोनों के व्यापार से प्राणवियोगरूप फल होता है। अन्तर यह है कि बाणनिष्ठ आशुगमन शरीरप्रवेशादि बाद में होने वाला जो व्यापार है उससे ही प्राणवियोगरूपी फल सिद्ध होता है। उस बाणव्यापार के पहले धनुष खींचना आदि व्यापार राम में रहते हैं उनके तत्काल बाद बाली का प्राणवियोग नहीं होता है। अतः राम करण न होकर कर्ता ही है। इसी 'अव्यवधानेन फलनिष्पत्ति' को मानकर अन्य कारकों से भी करण का भेद सिद्ध होता है। यह करणत्व विवक्षाधीन होता है। अतः किसी कारकविशेष को ही करण नहीं कहा जा सकता।

करण-कारक का विवेचन समाप्त हुआ।

क्रियामात्रकर्मसम्बन्धाय क्रियायामुद्देश्यं यत् कारकं तत्त्वं सम्प्रदानत्वम्। यथा ब्राह्मणाय गां ददातीत्यादौ दानक्रियाकर्मीभूतगोसम्बन्धाय ब्राह्मणो दानक्रियोद्देश्यः। गोब्राह्मणयोः स्वस्वामिभावः सम्बन्धः, चैत्रो मैत्राय वार्ताः कथयतीत्यत्रा मैत्रवार्तयोर्ज्ञेयज्ञातृभावः सम्बन्धश्च।

यत्तु वृत्तिकाराः—सम्यक्प्रदीयते यस्मै तत् सम्प्रदानमित्यन्वर्थसंज्ञेयम् [काशिका १।४३२]। तथा च गोनिष्ठस्वस्वत्वनिवृत्तिसमानाधिकरणपरस्वत्वोत्पत्त्यनुकूलव्यापाररूपक्रियोद्देश्यस्य ब्राह्मणादेरेव सम्प्रदानत्वम्। पुनर्ग्रहणाय रजकस्य वस्त्रदाने रजकस्य वस्त्रं ददातीति सम्बन्धसामान्ये षष्ठ्येवेत्याहुः।

तन्न। "खण्डिकोपाध्यायः शिष्याय चपेटां ददाति" [म०भा० १।१।१] इति भाष्यविरोधात्। "कर्मणा यमभिप्रैति" [म० भा० १।४।३२] इति सूत्रव्याख्यावसरे भाष्यकृताऽन्वर्थसंज्ञाया अस्वीकाराच्च। अत एव

तस्मैचक्ष्वासुरेन्द्राय स च युक्तङ्करोतु यत्। [सप्तशती ५।१२६]

इति सप्तशतीश्लोकः सङ्गच्छते। तस्माद् रजकाय वस्त्रं ददातीत्यादि भवत्येव। अत्राधीनीकरणेऽर्थे ददातिः। चपेटां ददातीत्यत्र न्यसनेऽर्थे इति।

साम्प्रतं सम्प्रदानं लक्षयति—क्रियामात्रेति। "मात्रं कात्स्न्र्येऽवधारणे" इति कोशात् मात्रशब्दः साकल्यार्थकः। तेन सकलक्रियाकर्मसम्बन्धाय नतु दानक्रियामात्रकर्मसम्बन्धायेत्यादिरर्थो बोध्यः। एवञ्च "क्रियया यमभिप्रैति सोऽपि सम्प्रदानमि'त्यादिवार्त्तिकमपि सूत्रेणैव गतार्थमिति बोध्यम्। मात्रग्रहणस्य फलमाह—चैत्रो मैत्रायेति। अत्र कथनक्रियाकर्मीभूतवार्तासम्बन्धाय मैत्रः कथनक्रियोद्देश्यः।

खण्डयितुं काशिकादिवृत्तिकारमतमनुवदति—यत्त्विति। खण्डयति—तन्नेति। खण्डिकोपाध्यायः=क्रुद्धोपाध्यायः, बालोपाध्यायो वेत्यर्थः। लक्ष्यानुसारं दाधात्वर्थभेदं निरूपयति—अत्रेति। रजकाय वस्त्रं ददातीत्यत्र दाधात्वर्थः—अधीनीकरणम्। तच्च—प्रक्षालनेच्छाबोधानुकूलस्थित्यनुकूलो व्यापारः। तत्र 'रजको वस्त्रप्रतियोगिक-प्रक्षाल्य-प्रक्षालकभावसम्बन्धवान् जायताम्' इतीच्छोद्देश्यत्वे रजकस्य सम्प्रदानत्वम्। यदि अधीनीकरणक्रियायां सम्बन्धसामान्यविवक्षा, तदा षष्ठी साधु इति बोध्यम्। चपेटा=प्रसृतकरतलम्। न्यसनम्=कपोलानुयोगिकसंयोगानुकूलव्यापारः। एवमेव 'न शूद्राय मतिं दद्यादि' त्यादौ बोधनार्थको दाधातुः। मतिशब्देन तज्जनकं वेदादिशास्त्रमुच्यते। एवमेवान्यत्रापि बोध्यम्। केचित्तु—शिष्याय चपेटां ददातीत्यत्र विनेतुमिति 'तदा-चक्ष्वासुरेन्द्राये'ति सप्तशतीश्लोके च बोधयितुमिति तुमुन्नन्तमध्याहृत्य "क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः" [पा०सू० २।३।१४] इत्यनेन चतुर्थीत्याहुः। एवमेवान्यत्राप्यूह्यम्।

सम्प्रदान-कारक का विवेचन

क्रियामात्र [=प्रत्येक क्रिया] के कर्म के साथ सम्बन्ध करने के लिये जो कारक क्रिया में उद्देश्य होता है वह [उद्देश्य] होना सम्प्रदानत्व है। [अर्थात् किसी भी क्रिया के कर्म का सम्बन्ध करने के लिये जो इष्ट होता है उसे सम्प्रदान कहा जाता है।] जैसे—ब्राह्मणाय गां ददाति [ब्राह्मण के लिये गाय देता है] इत्यादि में दान क्रिया की कर्मीभूत गाय का सम्बन्ध करने के लिए दान क्रिया का उद्देश्य ब्राह्मण है। गाय एवं ब्राह्मण का स्वस्वामिभाव सम्बन्ध है। और 'चैत्रः मैत्राय वार्ताः कथयति' [चैत्र मैत्र के लिये वार्ता कहता है] इसमें मैत्र एवं वार्ता का ज्ञातृज्ञेयभाव सम्बन्ध है। [मैत्र ज्ञाता है, वार्ता ज्ञेय है]।

विमर्श—'कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्' [पा०सू० १।४।३२] सूत्र सम्प्रदानत्व का बोधक है। सामान्यतया दान क्रिया के कर्म का ग्रहण किया जाता है। परन्तु नागेश ने 'मात्र' का ग्रहण करके प्रत्येक क्रिया के कर्म का सम्बन्ध मानकर सम्प्रदानत्व स्वीकार किया है। इसीलिये 'मैत्राय वार्ताः कथयति' यहां भी सम्प्रदानत्व सिद्ध होता है।

काशिकादिवृत्तिकार का मत और उसका खण्डन

अनु०—[काशिका] वृत्तिकार ने जो यह कहा है—'सम्यक् रूप से प्रदान किया जाता है जिसे वह सम्प्रदान है—इस प्रकार यह अन्वर्थ [अर्थानुसारिणी] संज्ञा है। और इस प्रकार—गो में स्थित अपने अधिकार [=स्वत्व] की निवृत्ति के समानाधिकरण पर [=जिसे दिया जाय उस] के स्वत्व [=अधिकार] की उत्पत्ति के जनक व्यापाररूप क्रिया का उद्देश्य ब्राह्मण आदि ही सम्प्रदान होता है। पुनः वापस लौटाने के लिए धोबी को कपड़े देने पर 'रजकस्य वस्त्रं ददाति' यह सम्बन्धसामान्य में षष्ठी ही होती है।

वह [उपर्युक्त वृत्तिकार का मत ठीक] नहीं है क्योंकि 'खण्डिकोपाध्यायः शिष्याय चपेटां ददाति' [क्रुद्ध अथवा बाल उपाध्याय शिष्य को चपत देता है] इस भाष्य (प्रयोग) से विरोध है और "कर्मणा यमभिप्रैति" (पा० सू० १।४।३२) इस सूत्र की व्याख्या के समय भाष्यकार ने अन्वर्थ संज्ञा नहीं स्वीकार की है। [अन्वर्थ संज्ञा नहीं है] इसीलिए 'तदाचक्ष्वासुरेन्द्राय स च युक्तं करोतु तत्" 'यह बात दैत्यराज को कहो वह जो उचित हो करे' यह दुर्गा-सप्तशती (५।१२९) का श्लोक (सम्प्रदान चतुर्थी का प्रयोग) संगत होता है। अतः 'रजकाय वस्त्रं ददाति' यह (प्रयोग) होता ही है। इस स्थल में 'अधीन करना' अर्थ में दा धातु का प्रयोग है। और 'शिष्य को चपत देता है' यहां न्यसन=लगाना=रखना अर्थ में (दा धातु का प्रयोग है)।

विमर्श—काशिका वृत्तिकार आदि कुछ विद्वानों ने सम्प्रदान संज्ञा को अन्वर्थ मान लिया है। परन्तु भाष्यादिप्रमाणों से इसकी पुष्टि नहीं होती है। भाष्यकार के अनुसार क्रियामात्र के कर्म का सम्बन्ध करने के लिए जिसे चाहा जाता है वह सम्प्रदान होता है। सप्तशती का प्रयोग भी यही सिद्ध करता है। इसके अतिरिक्त दा धातु के भी अनेक अर्थ हैं जिनमें उसका प्रयोग होने पर अन्वर्थता नहीं सिद्ध की जा सकती। ऐसी स्थिति में 'रजकाय वस्त्रं ददाति' यह प्रयोग भी शुद्ध मान लेना चाहिए। सम्बन्ध-सामान्य में षष्ठी सर्वत्र जैसे होती है वैसे ही यहां भी हो सकती है। अतः 'रजकस्य वस्त्रं ददाति' यह प्रयोग भी शुद्ध है।

सम्प्रदानचतुर्थ्यर्थ उद्देश्यः। तथा च ब्राह्मणोद्देश्यकं गोकर्मकं दानमिति बोधो मैत्रोद्देश्यकं वार्ताकर्मकं कथनमिति च [बोधः]। अकर्मकक्रियोद्देश्यत्वं सम्प्रदानत्वमिति लक्षणान्तरम्। यथा पत्ये शेते इत्यादि। पत्युद्देश्यकं नायिकाकर्तृकं शयनमिति बोधः।

ननु दानादीनां तदर्थत्वात्तादर्थ्ये चतुर्थ्यैव सिद्धौ कि 'कर्मणा यम्' (पा. सू. १।४।३२) इति सम्प्रदानसंज्ञया, 'चतुर्थी सम्प्रदाने' (पा. सू. २।३।१३) इति सूत्रं तु 'रुच्यर्थानाम्' (पा.सू. १।४।४३) इति विषये चतुर्थ्यर्थमिति चेत्, न। दानकर्मणो गवादेर्ब्राह्मणार्थत्वेऽपि दानक्रियायाः परलोकार्थत्वात्। अत एव तादर्थ्यचतुर्थ्या दानकर्मणो गवादेः सम्प्रदानार्थत्वेऽपि दानक्रियायास्तदर्थत्वाभावेन चतुर्थ्यन्तार्थस्य दानक्रियायामन्वयानापत्त्या कारकत्वानापत्तिरिति हेलाराजः।

उपकार्योपकारकत्वसम्बन्धस्तादर्थ्यचतुर्थ्यर्थः, ब्राह्मणाय दधीत्यादौ ब्राह्मणोपकारकं दधीति बोधादिति दिक्।

सम्प्रदानचतुर्थ्यर्थं निरूपयति—सम्प्रदानेति। अत्रेदं बोध्यम्—"सम्प्रदाने चतुर्थी" (पा० सू० २।३।१३) इति सम्प्रदाने कारके चतुर्थी भवति। सम्प्रदानञ्च "कर्मणा

यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् (पा० सू० १।४।३२) इति सूत्रबोधितम्। अत्र सूत्रे कर्मणा=क्रियाकरणभूतेन कर्मणा, यम् अभिप्रैति=सम्बन्दधुमिच्छति तत् कारकं सम्प्रदानमिति अर्थकादुद्देश्यमिति फलति। तथा च 'क्रियाया यत् कर्म तत्सम्बन्धजन्यफलाश्रयत्वेनेच्छाविषयत्वम् उद्देश्यत्वम्'। परिष्कृत-सूत्रार्थस्तु—कर्मप्रतियोगिकसम्बन्धप्रकारककर्तृवृत्तीच्छानिरूपितविशेष्यतात्मकविशेष्यताश्रयो यः स सम्प्रदानमिति 'कर्मप्रतियोगिकसम्बन्धप्रकारिका यद्विशेष्यिकेच्छा स सम्प्रदानमिति वा बोध्यः' इत्याहुः। 'मैत्रो विप्राय गां ददाती'त्यत्र क्रिया—स्व-स्वत्व-ध्वसविशिष्ट-परस्वत्वोत्पत्त्यनुकूलेच्छारूपा, तत्कर्म स्व-स्वत्वध्वंसविशिष्टपरस्वत्वरूपफलाश्रयः गौः। कर्मणः करणत्वञ्चाभिसम्बन्धक्रियां प्रति, करणस्य च व्यापारवत्त्वनियमात् कर्मत्वप्रयोजकत्वेनोपस्थितस्य फलस्यैव व्यापारत्वं कल्प्यते। गोपदोत्तरद्वितीयाया आश्रयोऽर्थः। एवञ्च विप्रस्याभेदसम्बन्धेनोद्देश्ये, उद्देश्यस्य च स्वनिष्ठोद्देश्यतानिरूपकत्वसम्बन्धेन 'दा' धात्वर्थेच्छायामन्वयः। गोपदार्थस्य चाभेदेन द्वितीयार्थाश्रयेऽन्वयः, तस्याधेयतासम्बन्धेन स्व(=कर्तृ)-स्वत्वध्वंससमानाधिकरणपरस्वत्वरूपफले, फलस्य च विषयितारूपानुकूलत्वसम्बन्धेनेच्छायामन्वयः। एवञ्च—विप्रोद्देश्यिका गवाभिन्नाश्रयनिष्ठ-स्व-स्वत्वध्वंससमानाधिकरणपरस्वत्वोत्पत्त्यनुकूला मैत्राभिन्नाश्रयनिष्ठा वर्तमानकालावच्छिन्नेच्छेति बोधः। दानं नाम—स्व-स्वत्वनिवृत्तिसमानाधिकरणपरस्वत्वोत्पत्त्यनुकूलो व्यापारः। उपेक्षायामतिव्याप्तिवारणाय—परेति; स्वस्वत्वनिवृत्तिं विना परस्वत्वोत्पत्यसम्भवात् सापि धात्वर्थ इति। वस्तुतस्तु दानमेव स्वत्वजनकम्। प्रतिग्रहस्तु फलातिशयार्थो न स्वत्वजनको, दानेनान्यथासिद्धत्वात्। अस्वीकारश्च तदुत्पत्तिप्रतिबन्धकः, तस्मिन् सति दानेऽपि न तदुत्पत्तिः। अत एव विदेशस्थपात्रमुद्दिश्य त्यक्तधने स्वीकारमन्तरेणैव पात्रस्य मरणेऽपि उद्देश्यपुत्रादिभिरेव पितृदायत्वेन तद्धनं विभज्य गृह्यते नान्यैरिति व्यवहारः। अदृष्टार्थदत्तस्वीकार एव प्रतिग्रह इति परितोषदत्तातिलतुरगादिस्वीकारे न दोष इति लघुमञ्जूषादौ विस्तरः।

ननु "कर्मणा यमभिप्रैती'ति सूत्रे सम्प्रदानलक्षणस्य कर्मघटकतयाऽकर्मकक्रियोद्देश्यस्य सम्प्रदानत्वं न स्यादत आह—अकर्मकेति। लक्षणान्तरमिति। क्रियया यमभिप्रैति सोऽपि सम्प्रदानमिति वार्तिकरूपमित्यर्थः। अकर्मकक्रियोद्देश्यत्वञ्च—अकर्मकक्रियाप्रतियोगिकसम्बन्ध-प्रकारकेच्छाविशेष्यत्वम्। यथा प्रकृते 'पत्ये शेते' इत्यत्र शयनप्रतियोगिक-स्वप्रयोज्य-सम्भोगवत्त्वात्मकसम्बन्धप्रकारिका नायिकावृत्तिः—'पतिः मदीय-शयनप्रतियोगिक-स्वप्रयोज्यसम्भोगवत्त्वात्मकसम्बन्धवान् भवतु'—इतीच्छा, तद्विशेष्यत्वात् पतिः सम्प्रदानं भवतीति भावः।

वस्तुतस्तु प्रस्तुतवार्तिकखण्डनपरकभाष्यरीत्या कर्मशब्देन कर्मक्रिययोरुभयोर्ग्रहणात् सूत्रेणैव सिद्धौ वार्तिकं नारम्भणीयमिति। "कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्" (पा० सू० १।४।३२) इति सूत्रे भाष्ये "क्रियाग्रहणमपि कर्तव्यम् इहापि यथा स्यात्—

श्राद्धाय निगर्हते, युद्धाय सन्नह्यते, पत्ये शेते इति । तर्त्तहि वक्तव्यम् ? न वक्तव्यम् । कथम् ? क्रियां हि नाम लोके कर्मेत्युपाचरन्ति—कां क्रियां करिष्यसि ? किं कर्म करिष्यसीति ? एवमपि कर्तव्यम् । कृत्रिमाकृत्रिमयोः कृत्रिमे सम्प्रत्ययो भवति । क्रियापि कृत्रिमं कर्म । न सिध्यति, "कर्तुरीप्सिततमं कर्म" (पा० सू० १।४।४९) इत्युच्यते, कथं च नाम क्रियया क्रिया ईप्सिततमा स्यात् ? क्रियापि क्रिययेप्सिततमा भवति । कया क्रियया ? सन्दर्शनक्रियया वा, प्रार्थयतिक्रियया वाऽध्यवस्यतिक्रियया वा । इह य एष मनुष्यः प्रेक्षापूर्वकारी भवति, स बुद्ध्या तावत् किञ्चिदर्थं संपश्यति, सन्दृष्टे प्रार्थना, प्रार्थनायामध्यवसायः, अध्यवसाये आरम्भः, आरम्भे निर्वृत्तिः, निर्वृत्तौ फलावाप्तिः । एवं क्रियापि कृत्रिमं कर्मेत्युक्तम् ।"

हरिरप्याह—

सन्दर्शनं प्रार्थनायां व्यवसाये त्वनन्तरा ॥
व्यवसायस्तथारम्भे साधनत्वाय कल्पते ।
पूर्वस्मिन् या क्रिया सैव परस्मिन् साधनं मता ॥

वा० प० ३।७।१६-१७

एवञ्च पत्ये शेते इत्यत्रापि "कर्मणा यमभी०" (पा० सू० १।४।३२) ति सूत्रेणैव सम्प्रदानत्वं सिद्धम् । पतिसम्प्रदानकमारम्भकर्मभूतं पत्नीकर्तृकं शयनमिति बोध इति बोध्यम् । सम्प्रदानसञ्ज्ञाविधायकसूत्रस्य सार्थक्यमुपपादयति—नन्विति । परलोकार्थत्वादिति । गोः विप्रार्थत्वेऽपि दानक्रियाया तादर्थ्याभावेन 'तादर्थ्ये चतुर्थी' इत्यस्याप्राप्तौ सूत्रस्य सार्थक्यं स्पष्टमेव । अत एव = सम्प्रदान-संज्ञायाः सत्त्वादेवेत्यर्थः । कारकत्वानापत्तिरिति । दानक्रियायाः स्वर्गार्थत्वात् स्वर्गरूपोकारकत्वस्य दानक्रियाकर्तृगामित्वात् तद्गतफलद्वारा तज्जनकत्वरूपतादर्थ्यस्य ब्राह्मणादिनिरूपितस्य दानक्रियायामभावेन चतुर्थ्यन्तार्थस्य तत्रान्वयानापत्तिरिति भावः । किञ्च तादर्थ्ये एव चतुर्थीविधानं चेत् तदा यूपाय दारुति शब्दाद् यथा यूपार्थं दारुति बोधो भवति तथैव 'विप्राय गां ददाती'ति शब्दाद् विप्रार्थं गोकर्मकं दानमित्याद्येव बोधः स्यात् । प्रसङ्गतस्तादर्थ्यं निरूपयति—उपकार्येति । तस्मै इदं तदर्थम्, तस्य भावस्तादर्थ्यम्, तत्रेत्यर्थः । तादर्थ्यम् = उपकार्योपकारकभावरूपः सम्बन्धः । सम्प्रदानस्थलीयबोधाद् भेदं दर्शयति—ब्राह्मणोपकारकमित्यादि । किन्तु यदा तादर्थ्यस्य सम्बन्धत्वेन भानं तदा षष्ठी—गुरोरिदं गुर्वर्थमिति भाष्ये स्पष्टम् । इति सम्प्रदानकारकविचारः ।

सम्प्रदान चतुर्थी का अर्थ—उद्देश्य है । और इस प्रकार (ब्राह्मणाय गां ददाति—इस वाक्य से) 'ब्राह्मणरूपी उद्देश्यवाला, गोरूपी कर्मवाला दान, और (मैत्राय वार्ताः कथयति इससे) 'मैत्ररूपी उद्देश्यवाला वार्तारूपी कर्मवाला कथन' ऐसा (शाब्दबोध होता है ।) 'अकर्मक क्रिया का उद्देश्य होना (भी) सम्प्रदान होना है' यह दूसरा

लक्षण (वार्त्तिक) है। जैसे 'पत्ये शेते' इत्यादि है। 'पतिरूप उद्देश्यवाली, पत्नी-रूपी कर्तावाली शयन (क्रिया)—यह बोध होता है।

दान आदि के तदर्थ (=सम्प्रदान के लिये) होने के कारण 'तादर्थ्ये चतुर्थी' (उसके लिए होने पर चतुर्थी होती है—इस वार्तिक) से ही सिद्धि रहने पर 'कर्मणा यमभि०' (पा० सू० १।४।३२) इस सम्प्रदान संज्ञा से क्या लाभ? 'चतुर्थी सम्प्रदाने' (सम्प्रदान में चतुर्थी होती है। पा० सू० २।३।१३) यह सूत्र तो 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' (पा० सू० १।४।३३) इस [सूत्र] के विषय में चतुर्थी (विभक्ति करने) के लिए है—ऐसा यदि (कहते हो) तो नहीं [कह सकते] क्योंकि दान क्रिया के कर्मभूत गाय आदि पदार्थ ब्राह्मण के लिए होने पर भी दानक्रिया तो परलोक (प्राप्ति) के लिए (होती है न कि ब्राह्मण के लिए)। ('तादर्थ्ये चतुर्थी' वार्तिक से निर्वाह नहीं हो सकता है) इसीलिए तादर्थ्य चतुर्थी में दान के कर्म गाय आदि के सम्प्रदानार्थ होने पर भी दान क्रिया के तदर्थ [सम्प्रदानार्थ] न होने के कारण चतुर्थीविभक्त्यन्त पद के अर्थ का दान क्रिया में अन्वय न हो सकने के कारण कारक (विभक्ति) नहीं हो सकती—ऐसा हेलाराज (वाक्यपदीय के व्याख्याकार) ने [लिखा है]।

उपकार्य-उपकारकभाव सम्बन्ध तादर्थ्य चतुर्थी का अर्थ है क्योंकि 'ब्राह्मणाय दधि' इत्यादि में ब्राह्मण (रूपी उपकार्य) का उपकारक दही—ऐसा बोध होता है, यह दिग्दर्शन है।

